CHAMPION
PUBLICATION

हिन्दी माध्यम **1st** Edition



# UPSI दरोगा

# सामान्य हिंदी

**पिछले 10 वर्षों के प्रश्नों का चैप्टरवाइज़ संकलन विस्तृत व्याख्या सहित**

***Useful For***

SI, ASI, Constable, Jail Warden,
Radio Operator, Computer Operator

मार्गदर्शक

**गगन प्रताप सर**

लेखक एवं संपादक


**मानवेन्द्र सिंह**

## © Copyright of Publisher

No part of this publication may be re-produced, stored in a retrieval system or by any means, electronic, mechanical, photocopying, recording, scanning, web or otherwise without the written permission of the publisher.

**Champion Publication** has taken utmost precaution in publishing the book, yet if any mistake has inadvertently crept in, the publishers shall not be responsible for the same.

**Edition : 2025**




**Price** ₹ 140/-

**Cover Design :** Divesh Kumar

**Publisher & Distributor**

Jaina Extention, Dr. Mukherjee Nagar,
Delhi-110009
Contact No: +91 7351553388 (Only message)

Published by
**Champion Publication (India)**
For further information about the products

# ईश्वर को समर्पित

मेरी प्रेरणा और शक्ति के स्रोत,

मैं इस पुस्तक को हृदय से आभार के साथ समर्पित करता हूँ।

उनके अटूट मार्गदर्शन ने लेखन के प्रति मेरे जुनून को प्रोत्साहित किया है।

उनकी उपस्थिति ने मेरे साहस और स्पष्टता को प्रज्वलित किया।

आशा है कि यह कार्य मार्गदर्शन चाहने वालों के लिये ठीक वैसे ही गुणकारी होगा

जैसे उनके प्रकाश ने मेरे मार्ग को रोशन किया है।

रचनात्मकता और ज्ञान के उपहार के लिए धन्यवाद।

# Preface

The main aim of publishing this book is to spread the knowledge in the easiest way amongst learners. There are manifold purposes of writing this book on the subject. Basically, it caters to the needs of the candidates aspiring for competitive examinations, and for the beginners to understand the intricacies of the subject.

It is observed that the very name of the subject, **HINDI** evokes fear in the minds of the students. Through this book an effort has been made to dispel that fear. MCQs at the end of every unit will help the students to make a self-assessment of the knowledge assimilated by going through the Chapters. The answers have been given for MCQs along with explanations.

As a professional it is observed that the books in the market are providing useful information to the students. They provide very useful multiple choice questions with their correct answers. The inquisitive mind of the student is still left high and dry as he is at a loss to know as to why a particular answer and why not otherwise. Through this book, the author has made an effort to provide rationale for the solutions. The book, therefore, meets the expectations of the students as it answers the demand and the quest in their mind.

The book is user-friendly and provides content in a well structured manner. It provides comprehensive and critical study of the various concepts of the subject matter. A word or suggestion from your side may add another feather to the cap of the subject matter of the book. The author looks forward to the comments, suggestions and criticism from the readers. Constructive suggestions and feedback from users would be highly appreciated, gratefully acknowledged and suitably incorporated.

Striving to serve the student community and to impart quality education.

***With best wishes***
***Champion Publication***

# विषय सूची


| क्र.स. | अध्याय | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 1. | हिन्दी वर्णमाला | 1-2 |
| 2. | विराम चिन्ह | 3-4 |
| 3. | उपसर्ग एवं प्रत्यय | 5-7 |
| 4. | संधि | 8-9 |
| 5. | समास | 10-12 |
| 6. | क्रिया | 13-14 |
| 7. | विशेषण | 15-17 |
| 8. | क्रिया विशेषण | 18-19 |
| 9. | लिंग | 20-21 |
| 10. | वचन | 22-22 |
| 11. | वाक्य | 23-23 |
| 12. | वाच्य | 24-25 |
| 13. | संज्ञा | 26-26 |
| 14. | सर्वनाम | 27-29 |
| 15. | रस | 30-31 |
| 16. | छन्द | 32-33 |
| 17. | काल | 34-35 |

| क्र.स. | अध्याय | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 18. | कारक | 36-37 |
| 19. | अलंकार | 38-41 |
| 20. | अव्यय | 42-42 |
| 21. | अर्थबोध | 43-44 |
| 22. | अपभ्रंश | 45-46 |
| 23. | भाषा एवं बोली | 47-50 |
| 24. | अनेक शब्दों के लिए एक शब्द | 51-53 |
| 25. | अनेकार्थी शब्द | 54-55 |
| 26. | तत्सम एवं तद्भव | 56-58 |
| 27. | पर्यायवाची | 59-61 |
| 28. | मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ | 62-64 |
| 29. | विलोम शब्द | 65-67 |
| 30. | शुद्ध-अशुद्ध (वर्तनी) | 68-69 |
| 31. | समानार्थी शब्द | 70-70 |
| 32. | रचनाकार | 71-76 |
| 33. | गद्यांश | 77-86 |
| 34. | विविध | 87-93 |

# 01 हिन्दी वर्णमाला

1. 'ऐ' के उच्चारण में ______ और ______ की सहायता ली जाती है। रिक्त स्थान हेतु सही विकल्प चुनें। **(UPSI Batch - III 22 Dec-2017)**
(a) छंद, तालु (b) इचयश, तालु
(c) कंठ, तालु (d) दन्त, ओष्ठ

**Sol. (c)** 'ऐ' के उच्चारण में कंठ और तालु की सहायता ली जाती है। 'व' के उच्चारण में दंत, ओष्ठ की सहायता ली जाती है।

2. वर्णमाला का कौन-सा 'अक्षर' पुल्लिग नहीं है? **(UPSI Batch - III 20 Dec-2017)**
(a) ज, आ (b) च, ट
(c) इ, ई (d) अ, प

**Sol. (c)** वर्णमाला का इ, ई अक्षर पुल्लिंग नहीं होता। जैसे- सुची, मोनी, ध्वनि, आदि।

3. निम्नलिखित में से कौन-से शब्द में 'ऋ' की मात्रा का उपयोग हुआ है? **(UP Cons. 18-6-2018)**
(a) क्रिया (b) वर्षा
(c) रिपु (d) वृष्टि

**Sol. (d)** वृष्टि शब्द में 'ऋ' की मात्रा का उपयोग हुआ है।
वृष्टि → व् + ऋ + ष् + ट् + इ

4. हिंदी शब्दकोश में 'क्ष' का क्रम किस वर्ण के बाद आता है? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) क (b) त्र
(c) ज्ञ (d) ह

**Sol. (a)** क् + ष = क्ष
हिंदी वर्णमाला में **'क'** वर्ण के पश्चात् 'क्ष' आता है। यह संयुक्त अक्षर है।

5. 'प वर्ग' का उच्चारण-स्थल क्या है? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) नासिक्य (b) मूर्द्धन्य
(c) ओष्ठय (d) तालु

**Sol. (c)** क
कण्ठय – क वर्ग तालंत्य – च वर्ग
मूर्धन्य – ट वर्ग दंत्य – त वर्ग
**ओष्ठ्य** – प वर्ग
अत: प वर्ग का उच्चारण स्थल ओष्ठय होता है।

6. इनमें से 'ऋ' क्या है? **(UPSI 13-11-2021)**
(a) स्वर (b) व्यंजन
(c) संयुक्त व्यंजन (d) दोनों

**Sol. (a)** हिंदी वर्णमाला में 4 ह्रस्व स्वर व 7 दीर्घ स्वर होते हैं।
अ, इ, उ, ऋ - **ह्रस्व स्वर**
आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ- दीर्घ स्वर

7. किसका उच्चारण स्थान 'दंत' हैं? **(UPSI 13-11-2021)**
(a) च (b) प
(c) ग (d) न

**Sol. (d)** कंठ्य → 'क वर्ग' → क, ख, ग, घ, ङ
तालव्य → 'च वर्ग' → च, छ, ज, झ, ञ
मूर्धन्य → 'ट वर्ग' → ट, ठ, ड, ढ, ण
**दंत्य → 'त वर्ग' → त, थ, द, ध, न**
ओष्ठ्य → 'प वर्ग' → प, फ, ब, भ, म

8. कौन-सा वर्ण पंचमाक्षर है? **(UPSI 13-11-2021)**
(a) म (b) द
(c) ग (d) स

**Sol. (a)** ब्राह्मी लिपि या उससे व्युत्पन्न अधिकांश लिपियों की वर्णमाला के प्रत्येक वर्ण के पाँचवें वर्णों के समूह पंचमाक्षर कहते हैं। देवनागरी में ङ, ञ, ण, न तथा **म** पंचमाक्षर है।

9. निम्नलिखित में कौन-सा ऊष्म व्यंजन है? **(UPSI 13-11-2021)**
(a) फ (b) ह
(c) भ (d) ढ

**Sol. (b)** ऊष्म व्यंजनों से आशय उन व्यंजनों से है जिनका उच्चारण रगड़ या घर्षण से उत्पन्न ऊष्म वायु से होता है। हिंदी भाषा में चार ऊष्म व्यंजन है- श, ष, स, **ह**

10. निम्नलिखित में से किस व्यंजन का उच्चारण तालू से होता है? **(UPSI 13-11-2021)**
(a) ग (b) म
(c) ज (d) ट

**Sol. (c)** क वर्ग - कंठ्य
च वर्ग - तालव्य (च, छ, ज, झ, ञ)
ट वर्ग - मूर्धन्य
त वर्ग- दंत्य
प वर्ग- ओष्ठ्य
स्पष्ट है कि **'ज'** वर्ण का उच्चारण तालव्य/ तालू से होता है।

11. इनमें से किसका उच्चारण-स्थान 'कंठ' है? **(UPSI 14-11-2021)**
(a) ग (b) च
(c) प (d) त

**Sol. (a)** 'क वर्ग' (क, ख, **ग**, घ, ङ) के सभी वर्गो का उच्चारण स्थान कंठ है।

12. इनमें से किसके बिना कोई व्यंजन उच्चारित नहीं किया जा सकता? **(UPSI 14-11-2021)**
(a) उपसर्ग के बिना (b) अनुस्वार के बिना
(c) स्वर के बिना (d) विसग्र के बिना

**Sol. (c)** व्यंजन ध्वनियों के लिए किसी अन्य ध्वनि (स्वर) की सहायता लेनी पड़ती है। **स्वर के बिना** व्यंजन उच्चरित नहीं किए जा सकते।

13. प्रयत्न के आधार पर 'ल' किस प्रकार की ध्वनि है? **(UPSI 14-11-2021)**
(a) उत्क्षिप्त (b) प्रकम्पित
(c) पार्श्विक (d) संघर्षहीन

**Sol. (c)** य, र, ल, व अंतस्थ व्यंजन हैं।
य एवं व अर्धस्वर हैं।
र - लुंठित ध्वनि
ल - **पार्श्विक ध्वनि**

14. घ, ग, ड्, ठ्, त्- इनमें कितने अघोष व्यंजन हैं? **(UPSI 20-11-2021)**
(a) 1 (b) 4
(c) 2 (d) 3

**Sol. (c)** त्, ठ् अघोष व्यंजन है।
अघोष व्यंजन में स्वर तंत्री के कम कंपन के कारण आवाज अधिक भारी नहीं होती है। हिंदी व्यंजनमाला में वर्गीय व्यंजनों में पहले **दो** व्यंजन अघोष व अंतिम तीन सघोष होते हैं।
अघोष व्यंजन- क/ख, च/छ, त/थ, ट/ठ, प/फ अघोष है।

15. तालव्य महाप्राण घोष वर्ण का उदाहरण कौन-सा है? **(UPSI 20-11-2021)**
(a) झ् (b) छ्
(c) घ् (d) ञ्

**Sol. (a)** **तालव्य**:- तालव्य व्यंजन वे व्यंजन होते है, जिनके उच्चारण में जीभ के पिछले भाग को तालू से संघर्ष करना पड़ता है। (इ, ई, च, छ, ज, झ, ञ, य, श)
**महाप्राण** व्यंजन वह व्यंजन होते है जिन्हें मुख से वायु प्रवाह के साथ बोला जाता है। व्यंजन वर्ग के दूसरे और चौथे वर्ण महाप्राण होते है।
(ख, घ, छ, ञ, झ, ठ, ढ़, भ, ध, फ, भ)
**घोष** वह ध्वनियाँ होती है जिनके उच्चारण से स्वर रज्जु में कम्पन होता है। देवनागरी के हर नियमित वर्ग में पहले दो वर्ण अघोष और तीसरा, चौथा और पाँचवा वर्ण घोष होते हैं।
अत: तालव्य महाप्राण घोष वर्ण का उदाहरण **'झ्'** है।

16. मूर्धन्य अल्पप्राण अघोष वर्ण का उदाहरण कौन-सा है? **(UPSI 21-11-2021)**
(a) ट् (b) ढ्
(c) च् (d) ठ्

**Sol. (a)** मुख के भीतर तालू और ओष्ठ के बीच का कठोर भाग मूर्धा कहलाता है। यहाँ से ट, ठ, ड इत्यादि का उच्चारण होता है।
वो व्यंजन जिनका उच्चारण करते समय स्वर यंत्री में कम्पन्न ना हो, अघोष व्यंजन कहलाते है।
प्रत्येक व्यंजन वर्ग का पहला एवं दूसरा व्यंजन अघोष होता है।
अल्पप्राण व्यंजनों को बहुत कम वायु प्रवाह से बोला जाता है। प्रत्येक व्यंजन वर्ग का पहला, तीसरा एवं पाँचवा व्यंजन अल्पप्राण होता है।
अत: मूर्धन्य अल्पप्राण अघोष वर्ण का उदाहरण 'ट्' है।

**17.** मूर्धन्य अल्पप्राण घोष व्यंजन वर्ण का उदाहरण कौन-सा है? **(UPSI 22-11-2021)**

(a) ठ्  (b) ड्
(c) भ्  (d) ध्

**Sol. (b)** मूर्धन्य → यह व्यंजन तालु के ऊपरी भाग (मूर्धा) से उच्चारित होते हैं। ट, ठ, ड, ढ, ण, र और ष मूर्धन्य व्यंजन है।
अल्पप्राण → अल्पप्राण वर्णों के उच्चारण में कम हवा निकलती है। क, ख, ड़, च, ज, ञ, ट, ड, ण, त, द, न, प, ब, म अल्पप्राण व्यंजन है।
घोष → प्रत्येक वर्ग का तीसरा, चौथा व पांचवा वर्ण घोष वर्ण होता है।
अत: **'ड्'** मूर्धन्य अल्पप्राण घोष व्यंजन वर्ण है।

**18.** कंठय महाप्राण घोष व्यंजन वर्ण का उदाहरण कौन-सा है? **(UPSI 22-11-2021)**

(a) ख्  (b) क्
(c) ङ्  (d) ह्

**Sol. (d)** कंठय- क वर्ग - क, ख, ग, घ, ड़
महाप्राण- प्रत्येक वर्ग के द्वितीय व चतुर्थ वर्ण + उष्म व्यंजन (श्, ष्, स्, ह्)
क वर्ग- ख, घ  च वर्ग- छ, झ
ट वर्ग- ठ, ढ  त वर्ग- थ, ध
प वर्ग- फ, भ
घोष- प्रत्येक वर्ग के तृतीय, चतुर्थ, पंचम वर्ण
क वर्ग - ग, घ, ड.  च वर्ग - ज, झ, ञ
ट वर्ग - ड, ढ, ण  त वर्ग - द, ध, न
प वर्ग - ब, भ, म
+ अंतस्थ व्यंजन- य, र, ल, व + ह
अत: दिए गए विकल्पों के अनुसार कंठय महाप्राण घोष व्यंजन- **ह** होगा।

**19.** मूर्धन्य महाप्राण अघोष व्यंजन वर्ण का उदाहरण कौन-सा है? **(UPSI 23-11-2021)**

(a) छ्  (b) ठ्
(c) ध्  (d) भ्

**Sol. (b)** मूर्धन्य व्यंजन - ट वर्ग के वर्ण- ट, **ठ**, ड, ढ, ण
महाप्राण व्यंजन - प्रत्येक वर्ग के द्वितीय व चतुर्थ वर्ण
ट वर्ग के महाप्राण व्यंजन - ठ, ढ
अघोष व्यंजन - प्रत्येक वर्ग के प्रथम व द्वितीय वर्ण
ट वर्ग के अघोष व्यंजन - ट, ठ
अत: मूर्धन्य महाप्राण अघोष व्यंजन - ठ है।

**20.** कंठोष्ठय दीर्घ स्वर वर्ण का उदाहरण कौन-सा है? **(UPSI 23-11-2021)**

(a) ऋ  (b) औ
(c) ऊ  (d) ए

**Sol. (b)** कंठोष्ठय दीर्घ स्वर वर्ण- ओ, **औ** हैं।

**21.** इनमें से किस शब्द में 'ऋ' की मात्रा का उपयोग हुआ है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) वृष्टि  (b) रिपु
(c) क्रिया  (d) वर्षा

**Sol. (a) "वृष्टि"** शब्दों में 'ऋ' का प्रयोग किया जाता है। ऋ की मात्रा से बने अन्य शब्द-
पितृ + ऋण = पितृण
मातृ + ऋण = मातृण
होतृ + ऋकार = होतृकार

**22.** कंठय अल्पप्राण व्यंजन वर्ण का उदाहरण कौन-सा है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) ग्  (b) फ्
(c) थ्  (d) घ्

**Sol. (a)** कंठ्य व्यंजन - क वर्ण के व्यंजन - क, ख, ग, घ, ड़
अल्प प्राण - प्रत्येक वर्ग के प्रथम, तृतीय व पंचम वर्ण- क, ग, ड़
अत: कंठ्य अल्पप्राण व्यंजन- क,ग,ड़ होंगे

**23.** ओष्ठय अल्पप्राण घोष व्यंजन वर्ण का उदाहरण कौन-सा है? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) फ्  (b) ब्
(c) प्  (d) व्

**Sol. (b)** ओष्ठ्य व्यंजन- प, फ, **ब**, भ, म
अल्प प्राण- प्रत्येक वर्ग के I, III व V वर्ण
प वर्ग के अल्प प्राण व्यंजन- प, ब, म
घोष व्यंजन- प्रत्येक वर्ण का III और IV, V वर्ण
प वर्ग के घोष व्यंजन- ब, भ, म
∴ ओष्ठ्य अल्प प्राण घोष व्यंजन- "ब"

**24.** 'श' का उच्चारण स्थान इसमें से कौन-सा है? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) दंत  (b) मूर्धा
(c) कंठ  (d) तालु

**Sol. (d) तालव्य व्यंजन**- च वर्ग के व्यंजन + अन्त:स्थ व्यंजन (य) + ऊष्म व्यंजन- श
च, छ, ज, झ, म + य + श
दन्त्य व्यंजन- त वर्ग के व्यंजन- त, थ, द, ध, न
मूर्धन्य व्यंजन- ट वर्ग के व्यंजन + उत्क्षिप्त व्यंजन + ऊष्म व्यंजन
ट, ठ, ड, ढ, ण + ड़, ढ़ + ष
कंठ्य व्यंजन - क वर्ग के व्यंजन - क, ख, ग, घ, ड़

**25.** इनमें से कौन-सा व्यंजन 'ऊष्म व्यंजन' है? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) ह  (b) ड
(c) ट  (d) त

**Sol. (a)** हिंदी वर्णमाला में 4 ऊष्म व्यंजन हैं- स, श, ष, **ह**

**26.** ग्, ज्, छ्, च्, द्- इनमें तालव्य महाप्राण घोष वर्ण कितने हैं? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) 0  (b) 3
(c) 1  (d) 2

**Sol. (a)** ग्, ज्, छ्, च्, ट्- इनमें तालव्य महाप्राण घोष वर्ण **0** है।

**27.** दंत्य-वत्स्र्य महाप्राण घोष व्यंजन वर्ण का उदाहरण कौन-सा है? **(UPSI 28-11-2021)**

(a) छ्  (b) ध्
(c) थ्  (d) द्

**Sol. (b)** दंत्य- वत्सर्य महाप्राण घोष व्यंजन वर्ण का उदाहरण **'ध'** है।

**28.** ओष्ठ्य दीर्घ स्वर का उदाहरण कौन-सा है? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) उ  (b) इ
(c) ऋ  (d) ऊ

**Sol. (d)** ओष्ठ्य दीर्घ स्वर का उदाहरण- **ऊ**, ओ, औ हैं

**29.** इनमें से कौन-सा व्यंजन 'दन्त्य ध्वनि' है? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) छ  (b) त
(c) प  (d) क

**Sol. (b) "त वर्ग"** में आने वाले सभी व्यंजन- "दन्त्य ध्वनि" के अंतर्गत आते हैं।
त वर्ग- त, थ, द, ध, न

**30.** कौन-सा वर्ण उच्चारण की दृष्टि से दंत्य नहीं है? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) न  (b) त
(c) ट  (d) द

**Sol. (c) दंत्य** वर्ग के व्यंजन - हिंदी में "त वर्ग" के वर्ण दत्य वर्ग में आते है। त वर्ग - त, थ, द, ध, न
अत: **'ट'** वर्ग दंत्य नहीं है

**31.** य, र, ल, व- किस वर्ग के व्यंजन हैं? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) अन्त:स्थ  (b) ऊष्म
(c) तालव्य  (d) ओष्ठय

**Sol. (a)** य, व, र, ल- **अन्त:स्थ** व्यंजन हैं।

**32.** इनमें विकारी शब्द का उदाहरण कौन-सा है?

(a) यथा  (b) आज
(c) लड़का  (d) परन्तु

**Sol. (c)** विकारी शब्द - **लड़का**
↓
जिन शब्दों का रूप - परिवर्तन होता रहता है वे विकारी शब्द होते है।
उदाहरण-
कुत्ता- कुत्तों
लड़की- लड़कियों
लड़का- लड़कों

**33.** ओष्ठय अल्पप्राण घोष वर्ण का उदाहरण कौन-सा है? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) भ्  (b) ब्
(c) प्  (d) फ्

**Sol. (b)** ओष्ठय अल्पप्राण घोष वर्ण- **ब** है।
ओष्ठ्य व्यंजन - प वर्ग - प, फ, ब, भ, म
अल्प प्राण - प्रत्येक वर्ग के- 1, 3, 5 वर्ण-
प वर्ग के वर्ण जो अल्प प्राण हैं- प, ब, म
घोष व्यंजन- प्रत्येक वर्ग के - 3, 4, 5 वर्ण-
प वर्ग के वर्ण जो घोष व्यंजन है- ब, भ, म
अत: तीनों (ओष्ठ्य व्यंजन + अल्प प्राण व्यंजन + घोष व्यंजन) में common ब है।
अत: ब ओष्ठय अल्प प्राण घोष वर्ण है।

# 02 विराम चिन्ह

**1.** "काक पद" का उपयोग कब होता है?
**(UPSI Batch - I 22 Dec-2017)**
(a) बार-बार एक ही बात के लिए
(b) छूटे हुए अंश के लिए
(c) वाक्य के बीच विराम लेने पर
(d) शोक प्रकट करने पर

**Sol. (b)** 'काक पद' का उपयोग छूटे हुए अंश पद के लिए होता है।

**2.** इनमें से किस चिन्ह का अर्थ है आधा रूकना?
**(UP Cons. 27/01/2019 Shift II)**
(a) , (b) ;
(c) । (d) !

**Sol. (b)**

| **चिन्ह** | **नाम** |
|---|---|
| (,) | अल्प विराम (थोड़ा रूकना) |
| (;) | अर्ध विराम (आधा रूकना) |
| (।) | पूर्ण विराम (पूरा रूकना) |
| (!) | विस्मयादिबोधक (भाव का द्योतक) |

**3.** निम्नलिखित कौन-सा विकल्प विराम - भेद और उसके चिह्न को सुमेलित नहीं करता?
**(UPP Jail Warden/Fireman Exam Date 20/12/2020 Shift & II)**
(a) पूर्ण विराम : ।
(b) अल्पविराम : ,
(c) योजक चिह्न : ०
(d) उद्धरण चिह्न : " "

**Sol. (c)** विकल्प (c) विराम चिन्ह को सुमेलित नहीं करता। **योजक चिन्ह को (–)** द्वारा प्रदर्शित किया जाता है और लाघव चिन्ह को (०) द्वारा प्रदर्शित किया जाता है।

**4.** 'उपविराम' का प्रयोग इनमें से किस वाक्य में हुआ है? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) मिश्रबन्धु तीन हैं- गणेश बिहारी, श्याम बिहारी, शुकदेव बिहारी
(b) मिश्रबन्धु तीन हैं: गणेश बिहारी, श्याम बिहारी, शुकदेव बिहारी
(c) मिश्रबन्धु तीन हैं; गणेश बिहारी, श्याम बिहारी, शुकदेव बिहारी
(d) मिश्रबन्धु तीन हैं:- गणेश बिहारी, श्याम बिहारी, शुकदेव बिहारी

**Sol. (b)** (:) उपविराम चिन्ह है जो विकल्प (c) में दिया गया है।
(;) – अर्द्धविराम
(,) – अल्पविराम
(।) – पूर्णविराम
(:-) – विवरण चिन्ह

**5.** मिश्रित तथा संयुक्त वाक्यों में विरोध का भाव प्रकट करने के लिए किस विराम चिन्ह का प्रयोग किया जाता है? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) अर्ध विराम (b) योजक चिन्ह
(c) कोष्ठक (d) उपविराम

**Sol. (a)** मिश्रित तथा संयुक्त वाक्यों में विरोध का भाव प्रकट करने के लिए **अर्धविराम चिन्ह** (;) का प्रयोग होता है।

**6.** निम्नलिखित में से अर्धविराम का चिन्ह कौन-सा है? **(UPSI 13-11-2021)**
(a) – (b) ;
(c) :– (d) -

**Sol. (b)** अर्धविराम चिह्न है।
पाद चिह्न- (–)
विवरण चिह्न - (:-)
संयोजन चिह्न- (-)
उप विराम - (:)
लाघव चिह्न (०)
लोपचिह्न (...)
पुनरुक्ति (")
हंसपद- (^)

**7.** जब किसी पद की व्याख्या करनी हो या उसके संबंध में विस्तार से कुछ कहना हो तो इनमें से किस विराम-चिह्न का उपयोग किया जायेगा?
**(UPSI 14-11-2021)**
(a) : (b) =
(c) , (d) :-

**Sol. (d)** विवरण चिह्न (:-) का प्रयोग किसी पद की व्याख्या या विस्तार के लिए किया जाता है।

**8.** इनमें से विस्मयादिबोधक चिह्न कौन-सा है?
**(UPSI 15-11-2021)**
(a) ? (b) ।
(c) ; (d) !

**Sol. (d) विस्मयादिबोधक चिह्न (!)**
प्रश्नवाचक चिह्न (?)
पूर्ण विराम (।)
अर्द्धविराम (;)

**9.** निम्नलिखित में 'योजक चिन्ह' कौन-सा है?
**(UPSI 15-11-2021)**
(a) , (b) ?
(c) :– (d) -

**Sol. (d) योजक चिह्न (–)**
लोप चिह्न (...)
प्रश्नवाचक (?)
निर्देशक चिह्न (–)

**10.** निम्नलिखित में निर्देशक चिन्ह कौन-सा है?
**(UPSI 16-11-2021)**
(a) " (b) ^
(c) - (d) !

**Sol. (c)** पुनरुक्ति चिह्न (")
- हंसपद (^)
- संयोजन चिह्न/**निर्देशक चिह्न** (-)
- विस्मयादिबोधक चिह्न (!)

**11.** 'रामू जो बड़ा खिलाड़ी है कल उसकी टांग टूट गयी' इस वाक्य में उचित विराम चिह्न कौन-सा होगा? **(UPSI 17-11-2021)**
(a) अल्प विराम (b) अर्द्ध विराम
(c) लाघव विराम (d) विवरण चिह्न

**Sol. (a)** 'रामू' के बाद **अल्पविराम चिह्न** (,) लगेगा।

**12.** जब वाक्य में एक समान अधिकरण का प्रयोग होता है तो किस विराम चिह्न का प्रयोग होता है? **(UPSI 17-11-2021)**
(a) अल्प विराम (b) लाघव चिह्न
(c) अर्ध विराम (d) संकेत चिह्न

**Sol. (c)** जब वाक्य में एक समान अधिकरण का प्रयोग होता है तब **अर्ध विराम (;)** का प्रयोग किया जाता है।

**13.** विस्मयादिबोधक चिह्न कौन-सा है?
**(UPSI 20-11-2021)**
(a) : (b) !
(c) ? (d) ।

**Sol. (b) विस्मयादिबोधक चिह्न (!)**
- उपविराम (:)
- पूर्णविराम (।)

**14.** प्रश्नवाचक और विस्मयादिबोधक को छोड़कर सभी वाक्यों कें अंत में क्या प्रयुक्त होता है?
**(UPSI 21-11-2021)**
(a) कॉमा चिन्ह (b) पूर्ण विराम
(c) योजक चिन्ह (d) अल्प विराम

**Sol. (b)** प्रश्नवाचक व विस्मयादिबोधक को छोड़कर **पूर्ण विराम** सभी वाक्यों के अंत में प्रयुक्त होता है।

**15.** 'अहा तुम्हें पाकर कितना आनंद आ रहा है' इस वाक्य में उचित विराम चिह्न कौन-सा होगा? **(UPSI 21-11-2021)**

(a) पूर्ण विराम
(b) प्रश्नवाचक चिह्न
(c) उपविराम
(d) विस्मयादि बोधक चिह्न

**Sol. (d)** "अहा! तुम्हे पाकर कितना आनंद आ रहा है।" इस वाक्य में 'अहा' के पश्चात् **विस्मयादिबोधक चिह्न** लगेगा। हर्ष, शोक, विस्मय, ग्लानि आदि का बोध होने पर इस चिह्न का उपयोग होता है।

**16.** इनमें से किस वाक्य में उचित विराम-चिह्न का प्रयोग हुआ है? **(UPSI 22-11-2021)**

(a) एम ए बी.एड. (b) एम ए, बी.एड.
(c) एम.ए., बी.एड. (d) एम.ए.बी.एड.

**Sol. (c) एम.ए., बी.एड.**- शब्द में उचित विराम चिह्न का प्रयोग हुआ है।

**17.** वाक्य में जहाँ पूर्ण विराम की तुलना में कम रुकना होता है, वहाँ किस चिह्न का प्रयोग किया जाता है? **(UPSI 22-11-2021)**

(a) निर्देशक (b) कोष्ठक
(c) उद्धरण चिह्न (d) अर्ध विराम

**Sol. (d)** वाक्य में जहाँ पूर्ण विराम की तुलना में कम रूकना होता है, वहाँ पर **अर्धविराम चिह्न (;)** (semi colon) का प्रयोग किया जाता है।

- निर्देशक चिह्न (-) → इसका प्रयोग दो सहचर अथवा विपरीतार्थक शब्दों के मध्य यह चिह्न प्रयोग किया जाता है।
  आचार- विचार
  आना-जाना

**18.** निम्नलिखित में समानता सूचक चिह्न कौन-सा है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) = (b) ,
(c) " (d) :-

**Sol. (a)**

| चिह्न | नाम |
|---|---|
| **(=)** | **समानता सूचक चिह्न** |
| (:-) | विवरण चिह्न |
| (" ") | उद्धरण चिह्न |
| (,) | अल्प विराम |

**19.** अल्पविराम का प्रयोग इनमें से कहाँ किया जाता है? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) वाक्य के अंत में
(b) कहीं भी
(c) वाक्य के शुरू में
(d) वाक्य में मध्य में, जहाँ बहुत कम ठहराव हो

**Sol. (d)** अल्प विराम (,) इसका प्रयोग **वाक्य के मध्य में, जहाँ पर बहुत कम ठहराव हो,** प्रयोग किया जाता है।

**20.** अर्द्ध विराम चिह्न कौन-सा है? **(UPSI 28-11-2021)**

(a) ; (b) !
(c) ? (d) ।

**Sol. (a) अर्द्ध विराम चिन्ह - ( ; )**
विस्मयादि बोधक चिन्ह- (!)
पूर्ण विराम - (।)
प्रश्न चिन्ह - (?)

**21.** किसी कठिन शब्द को स्पष्ट करने के लिए किस विराम चिह्न का प्रयोग होता है? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) निर्देशक (b) उप विराम
(c) कोष्ठक (d) विवरण चिह्न

**Sol. (c)** किसी कठिन शब्द को स्पष्ट करने के लिए- **"कोष्ठक" ( )** का प्रयोग किया जाता है। यह 3 प्रकार के होते हैं।
1. छोटा कोष्ठक ( )
2. वर्गाकार कोष्ठक [ ]
3. सर्पिलाकार कोष्ठक { }

**22.** इस चिह्न (;) को क्या कहा जाता है? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) पूर्ण विराम (b) अर्द्ध विराम
(c) निर्देशक (d) अल्प विराम

**Sol. (b)**

| चिह्न | नाम |
|---|---|
| (;) | **अर्द्धविराम** |
| (।) | पूर्णविराम |
| (,) | अल्पविराम |
| (-) | निर्देशक (Dash) |

CHAMPION PUBLICATION
Gagan Pratap Sir

# 03 उपसर्ग एवं प्रत्यय

## उपसर्ग

**1.** संगम, संवाद, संतोष, संस्कार, संयुक्त आदि शब्दों में ______ उपसर्ग है।
**(UPSI Batch - II 20 Dec-2017)**
(a) सम् (b) सन
(c) सत्र (d) सण

**Sol. (a)** दिए गए शब्दों में 'सम्' उपसर्ग है। जो शब्दाश शब्दों के आदि में जुड़ कर उनके अर्थ में कुछ विशेषता उत्पन्न करते है वे 'उपसर्ग' कहलाते है। सम् एक संस्कृत उपसर्ग है। जिसका अर्थ पूर्णता तथा संयोग है।

**2.** निम्नलिखित में से कौन-सा उपसर्ग उर्दू का नहीं है? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) खुश (b) उन
(c) गैर (d) कम

**Sol. (b)** '**उन उपसर्ग**' संस्कृत हिंदी वर्ग का उपसर्ग है। हिंदी, उर्दू व संस्कृत वर्ग के उपसर्ग क्रमश: 10, 19 व 22 हैं।

**3.** किस शब्द में उपसर्ग नहीं है?
**(UPSI 12-11-2021)**
(a) व्यापार (b) विकल
(c) विरासत (d) वीक्षक

**Sol. (c) विरासत** शब्द में उपसर्ग नहीं है।

**4.** इनमें से उर्दू का उपसर्ग कौन-सा है?
**(UPSI 14-11-2021)**
(a) अल (b) भर
(c) अन (d) उप

**Sol. (a)** '**अल**' उर्दू का उपसर्ग है।
'भर' और 'अन' हिन्दी के उपसर्ग है।
'उप' संस्कृत का उपसर्ग है।

**5.** हिंदी में विदेशी भाषाओं से आए उपसर्ग क्या कहलाते हैं? **(UPSI 15-11-2021)**
(a) अव्यय (b) आगत उपसर्ग
(c) निपात (d) प्रत्यय

**Sol. (b)** हिंदी में विदेशी भाषाओं से आए उपसर्ग को **आगत उपसर्ग** कहते है। जैसे-
अरबी शब्द - अदालत, हाकिम
फारसी शब्द - समोसा, नमक
पुर्तगाली - कप्तान, तौलिया
अंग्रेजी - डॉक्टर, अफसर
तुर्की - कैंची, बेगम।

**6.** किस शब्द में 'अन्' उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है? **(UPSI 15-11-2021)**
(a) अनुपम (b) अनुगमन
(c) अनुचित (d) अनिच्छा

**Sol. (b) अनुगमन में** 'अनु' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है
अन् + उपम - अनुपम
अन् + उचित - अनुचित
अन + इच्छा - अनिच्छा

**7.** 'आजीवन' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?
**(UPSI 16-11-2021)**
(a) आजी (b) वन
(c) आ (d) जीवन

**Sol. (c) आ** + जीवन = आजीवन
↓
उपसर्ग

**8.** 'अधिष्ठाता' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?
**(UPSI 17-11-2021)**
(a) अधि (b) अ
(c) अय (d) अधिक

**Sol. (a) अधि** + स्थाता - अधिष्ठता
↓
उपसर्ग

**9.** 'आच्छादन' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?
**(UPSI 17-11-2021)**
(a) आछ् (b) अ
(c) आ (d) आ:

**Sol. (c)** "आच्छादन" में '**आ**' उपसर्ग का प्रयोग हुआ है।

**10.** निम्न में से कौन-सा शब्द 'अन्' उपसर्ग के योग से बना है? **(UPSI 17-11-2021)**
(a) अनेक (b) अन्याय
(c) अनार (d) अनहद

**Sol. (a)** अन + एक = **अनेक**
अ + नि + आय = अन्याय
अन + हद = अनहद

**11.** 'बिनपढ़ा' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?
**(UPSI 20-11-2021)**
(a) पढ़ा (b) बिनप
(c) बिन (d) बि

**Sol. (c) बिन** + पढ़ा = बिनपढ़ा

**12.** 'प्रतिवाद' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?
**(UPSI 21-11-2021)**
(a) द (b) प्रति
(c) वाद (d) प्रतिवा

**Sol. (b) प्रति** + वाद = प्रतिवाद
↓
उपसर्ग

**13.** निम्न में से कौन-सा शब्द 'क' उपसर्ग से बना है? **(UPSI 21-11-2021)**
(a) कलाई (b) कलाधर
(c) कपूत (d) कमबख्त

**Sol. (c)** क + पूत = **कपूत**
↓
उपसर्ग

**14.** 'अहिंसा' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?
**(UPSI 22-11-2021)**
(a) हिंसा (b) अहिं
(c) अ (d) सा

**Sol. (c) अ** + हिंसा = अहिंसा
↓
उपसर्ग

**15.** 'परिवाद' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?
**(UPSI 23-11-2021)**
(a) परि (b) परा
(c) पर (d) वाद

**Sol. (a)** "परिवाद" शब्द में **"परि"** उपसर्ग का प्रयोग किया गया है। उपसर्ग- जो किसी शब्द के पहले आकर उस शब्द के अर्थ में परिवर्तन लाते हैं, उपसर्ग कहलाते हैं।
"परि" उपसर्ग से बनने वाले अन्य शब्द- परिजन, परिश्रम, परिणाम, .....

**16.** इनमें से 'सम' उपसर्ग से निर्मित शब्द-रूप कौन-सा है? **(UPSI 24-11-2021)**
(a) संस्कृत (b) सम्मेलन
(c) संस्कार (d) उपरोक्त सभी

**Sol. (d)** सभी शब्द 'सम्' उपसर्ग से निर्मित हैं।
संस्कृति - सम् + कृत
संस्कार - सम् + कार → सम् उपसर्ग
सम्मेलन - सम + मिलन

**17.** 'अत्युक्ति' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?
**(UPSI 24-11-2021)**
(a) अत्यु (b) अति
(c) उक्ति (d) क्ति

**Sol. (b)** "अत्युक्ति" शब्द में **अति** उपसर्ग का प्रयोग किया गया है।
अति + युक्ति = अत्युक्ति

**18.** 'अभिमान' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?
**(UPSI 25-11-2021)**
(a) मान (b) अ
(c) अभि (d) अभ

**Sol. (c)** "अभिमान" शब्द में **"अभि"** उपसर्ग का प्रयोग किया गया है। अभि उपसर्ग से बने अन्य शब्द- अभि + यान = अभियान
अभि + मुख = अभिमुख
अभि + आगत = अभ्यागत

**19.** 'प्राक्कथन' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?
**(UPSI 27-11-2021)**
(a) प्रा (b) कथन
(c) प्र (d) प्राक्

**Sol. (d)** "प्राक्कथन" शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग **प्राक्** है।
प्राक् + कथन = प्राक्कथन
प्राक् उपसर्ग से बने अन्य शब्द-
प्राक् + कर्म = प्राक्कर्म
प्राक् + कलन = प्राक्कलन

**20.** 'प्रात: काल' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) प्रात: (b) अहकाल
(c) प्रात (d) काल

**Sol. (a)** "प्रात: काल" शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग- **प्रात:** है।
उपसर्ग- ये वे शब्दांश होते हैं जो किसी शब्द से पहले आकर उसके अर्थ में नवीनता व परिवर्तन लाते हैं।

**21.** इनमें से कौन-सा उपसर्ग अरबी/फारसी का है? **(UPSI 28-11-2021)**

(a) उप (b) कु
(c) ना (d) पर

**Sol. (c) ना** - उपसर्ग अरबी/फारसी का है।
ना- नादान, नापसंद, नासमझ
उप- उपसर्ग संस्कृत का है।
उप- उपदेश, उपभोग, उपमंत्री
कु- हिंदी का उपसर्ग
कु- कुख्यात, कुसंगत
पर- हिंदी का उपसर्ग
पर- परलोक, परोपकार, परसर्ग

**22.** 'परिपूर्ण' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है? **(UPSI 28-11-2021)**

(a) परि (b) प
(c) पूर्ण (d) पर

**Sol. (a)** परिपूर्ण में - **"परि"** उपसर्ग है। उपसर्ग जो शब्द पहले आकर उसके अर्थ में नवीनता, परिवर्तनशीलता ला देते है।

**23.** इनमें से कौन-सा शब्द उर्दू के उपसर्ग से नहीं बना है? **(UPSI 28-11-2021)**

(a) नाराज (b) लाचार
(c) दुबला (d) बेवकूफ

**Sol. (c) दुबला** - उर्दू के उपसर्ग से नहीं बना है। दु हिंदी का उपसर्ग है- जबकि ना, बे, ला उर्दू के उपसर्ग है।

**24.** 'ऐनवक्त' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) ऐनव (b) वक्त
(c) ऐ (d) ऐन

**Sol. (d)** ऐनवक्त में प्रयुक्त उपसर्ग **ऐन** है।

**25.** इनमें से कौन-सा उपसर्ग अरबी/फ़ारसी का है? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) भर (b) गैर
(c) उप (d) कु

**Sol. (b) गैर**-उपसर्ग अरबी/फारसी का है। उदाहरण गैर हाजिर, गैर कानूनी, गैर सरकारी
भर-उपसर्ग हिंदी का है। - भरपेट, भरपूर, भरसक
उप- उपसर्ग संस्कृत का है। - उपदेश, उपभोग, उपमंत्री, उपहार
कु- हिंदी का उपसर्ग है। - कुकर्म, कुपुत्र, कुरंग, कुचैला

**26.** किस शब्द में 'उपसर्ग' नहीं है? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) अपवाद (b) प्रभाव
(c) ओढ़ना (d) पराजय

**Sol. (c) "ओढ़ना"** में कोई उपसर्ग प्रयुक्त नहीं हुआ है। जबकि अपवाद में "अप", प्रभाव में - "प्र" तथा पराजय में "पर" उपसर्ग का प्रयोग किया गया है।

**27.** 'उपदेश' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) श (b) देश
(c) उप (d) उ

**Sol. (c)** उपदेश शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग- **उप** है।
उपसर्ग वे शब्दांश हैं जो किसी शब्द के पहले आकर उसके अर्थ में नवीनता देते हैं।
उदाहरण- देश → वि + देश - विदेश

**28.** 'प्रत्युत्पन्नमति' शब्द में कौन-सा उपसर्ग प्रयुक्त है? **(UPSI 02-12-2021)**

(a) प्रत्युत (b) प्रति
(c) प्रत्यु (d) प्र

**Sol. (b)** "प्रत्युत्पन्नमति" - प्रयुक्त उपसर्ग- **प्रति** है।

**29.** अधिकतर भारतीय भाषाओं का विकास किस लिपि से हुआ? **(UPSI 02-12-2021)**

(a) ब्राह्मी (b) खरोष्ठी लिपि
(c) कुटिल लिपि (d) शारदा लिपि

**Sol. (a)** अधिकतर भारतीय भाषाओं का विकास- **ब्राह्मी लिपि** से हुआ है।

## प्रत्यय

**30.** 'खिलौना' शब्द का मूलशब्द है ______ और प्रत्यय ______ है।
रिक्त स्थान हेतु सही विकल्प चुनें। **(UPSI Batch - III 22 Dec-2017)**

(a) खेलना + औना (b) खेल + औना
(c) चिल + औना (d) चिलना + औना

**Sol. (b)** खिलौना शब्द का मूलशब्द हैं **'खेल'** और प्रत्यय है **'औना'**। औना प्रत्यय से अन्य शब्द - बिछौना, उढ़ौना आदि।

**31.** 'अल्पायु' में कौन-सा प्रत्यय है? **(UPSI 12-11-2021)**

(a) वायु (b) यु
(c) अल्प (d) आयु

**Sol. (d)** अल्प + **आयु** → अल्पायु
↓
प्रत्यय

प्रत्यय शब्दांश होते हैं जो शब्द के अंत में जुड़कर शब्द के अर्थ में बदलाव लाते हैं।

**32.** इनमें से 'पांडित्य' में प्रयुक्त प्रत्यय कौन-सा है? **(UPSI 12-11-2021)**

(a) ईया (b) य
(c) तय (d) इय

**Sol. (b)** 'पांडित्य' में **'य'** प्रत्यय का प्रयोग हुआ है।
पंडित + य = पांडित्य

**33.** इनमें से 'लड़ाई' में प्रयुक्त प्रत्यय कौन-सा है? **(UPSI 13-11-2021)**

(a) आई (b) ई
(c) अइ (d) इ

**Sol. (a)** लड़ + **आई** - लड़ाई

**34.** इनमें से 'तंद्रालु' में प्रत्यय कौन-सा है? **(UPSI 14-11-2021)**

(a) लु (b) अलू
(c) आलू (d) अल

**Sol. (a)** तन्द्रा + **लु** - तंद्रालु

**35.** 'कृत' और 'तद्धित' इनमें से किसके भेद हैं? **(UPSI 15-11-2021)**

(a) अव्यय (b) उपसर्ग
(c) सर्वनाम (d) प्रत्यय

**Sol. (d)** 'कृत' और 'तद्धित' **प्रत्यय** के भेद हैं। 'कृत प्रत्यय' धातु या क्रिया के अंत में जुड़कर नया शब्द बनाते हैं। जबकि संज्ञा, सर्वनाम व विशेषण के अंत में जुड़कर नया शब्द बनाने वाले प्रत्यय 'तद्धित प्रत्यय' कहलाता है।
जैसे- लड़ + आकू → लड़ाकू
↓ ↓
(धातु) कृत प्रत्यय
दूध + वाला → दूधवाला
↓ ↓
(संज्ञा) तद्धित प्रत्यय

**36.** ''भावना'' में कौन-सा प्रत्यय है? **(UPSI 15-11-2021)**

(a) वना (b) अक
(c) अना (d) इक

**Sol. (c)** भौ + **अना** = भावना
↓
प्रत्यय

**37.** 'नशीला' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है? **(UPSI 16-11-2021)**

(a) ईला (b) नशा
(c) ला (d) शीला

**Sol. (a)** नशा + **ईला** = नशीला
↓
प्रत्यय

**38.** 'चतुराई' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है? **(UPSI 20-11-2021)**

(a) आई (b) चतुर
(c) च (d) राई

**Sol. (a)** चतुर + **आई** = चतुराई

**39.** 'करुणामय' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है? **(UPSI 20-11-2021)**

(a) मय (b) णामय
(c) य (d) करुणा

**Sol. (a)** करूणामय शब्द में **मय** प्रत्यय है।

**40.** 'पूजा' में कौन-सा प्रत्यय है? **(UPSI 21-11-2021)**

(a) आ (b) पूज्
(c) पूज (d) पू

**Sol. (a)** पूज + **आ** = पूजा
↓
प्रत्यय

**41.** 'बहाव' शब्द में कौन-सा प्रत्यय प्रयुक्त हुआ है? **(UPSI 21-11-2021)**
(a) बह (b) आव
(c) हाव (d) आवा

**Sol. (b)** बह + **आव** - बहाव
↓
प्रत्यय

**42.** 'सनसनाहट' शब्द में कौन-सा प्रत्यय प्रयुक्त है? **(UPSI 22-11-2021)**
(a) सन (b) सनसन
(c) हट (d) आहट

**Sol. (d)** "सनसनाहट" में **"आहट"** प्रत्यय का प्रयोग किया गया है।

**43.** 'आध्यात्मिक शब्द' में कौन-सा प्रत्यय है? **(UPSI 23-11-2021)**
(a) अध्यात्म (b) क
(c) आत्मिक (d) इक

**Sol. (d)** "आध्यात्मिक" शब्द में- "इक" प्रत्यय का प्रयोग हुआ है।
आध्यात्म + **इक** - आध्यात्मिक

**43.** 'कुलीन' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है? **(UPSI 23-11-2021)**
(a) ईन (b) न
(c) कुल (d) लीन

**Sol. (a)** "कुलीन" शब्द में **'ईन'** प्रत्यय का प्रयोग किया गया है। कुल + ईन = कुलीन
प्रत्यय - वे शब्दांश जो किसी शब्दों या धातुओं के अंत में जुड़कर उनके अर्थ एवं स्वरूप में परिवर्तन या विशेषता अथवा पूरी तरह बदलाव ला देते हैं।
उदाहरण- शौक + ईन = शौकीन
रंग + ईन = रंगीन
नमक + ईन = नमकीन
संग + ईन = संगीन

**44.** 'प्रादेशिक' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है? **(UPSI 23-11-2021)**
(a) प्रा (b) इक
(c) क (d) देशिक

**Sol. (b)** "प्रादेशिक" शब्द में **"इक"** प्रत्यय का प्रयोग किया गया।
प्रादेश + इक = प्रादेशिक

**45.** इनमें से कौन-सा शब्द 'एला' प्रत्यय से निर्मित नहीं है? **(UPSI 24-11-2021)**
(a) अधेला (b) अकेला
(c) मटैला (d) बघेला

**Sol. (c)** 'एला' प्रत्यय से निर्मित शब्द
अकेला- एक + एला (प्रत्यय)
बघेला - बघ + एला (प्रत्यय)
अधेला - अधा + एला (प्रत्यय)
अतः दिए गए विकल्पों में 'एला' प्रत्यय से- **मटैला** शब्द निर्मित नहीं है।

**46.** 'राष्ट्रीय' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है? **(UPSI 24-11-2021)**
(a) रा (b) ष्ट्रीय
(c) ईय (d) राष्ट्र

**Sol. (c)** "राष्ट्रीय" शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय- **ईय** है।
भारत + ईय = भारतीय
राष्ट्र + ईय = राष्ट्रीय
देश + ईय = देशीय
संपादक + ईय = संपादकीय

**47.** 'नवीन' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है? **(UPSI 25-11-2021)**
(a) ईन (b) वीन
(c) नव (d) न

**Sol. (a)** "नवीन" शब्द में **"ईन"** प्रत्यय है। प्रत्यय - प्रत्यय वे शब्दांश हैं जो किसी शब्द के बाद (पीछे) प्रयुक्त होते हैं और उस शब्द में परिवर्तन और नवीनता लाते हैं।
ईन प्रत्यय से बने अन्य शब्द-
प्राची + ईन = प्राचीन
कुल + ईन = कुलीन
नव + ईन = नवीन

**48.** 'बुद्धिमान' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है? **(UPSI 27-11-2021)**
(a) बुद्धि (b) न
(c) आन (d) मान

**Sol. (d)** "बुद्धिमान" शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय **"मान"** है। मान प्रत्यय से बने अन्य शब्द-
सम + मान = सम्मान
अप + मान = अपमान
अव + मान = अवमान

**49.** 'लड़ाकू' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है? **(UPSI 28-11-2021)**
(a) आकू (b) कू
(c) लड़ (d) डाकू

**Sol. (a)** लड़ाकू में प्रत्यय- **आकू**
आकू प्रत्यय से बने अन्य शब्द- पढ़ाकू, उड़ाकू, मजाकू

**50.** इनमें से 'कनिष्ठ' शब्द में कौन-सा प्रत्यय प्रयुक्त हुआ है? **(UPSI 28-11-2021)**
(a) इस्ट (b) इष्ट
(c) इष्ठ (d) इश्त

**Sol. (c)** कनिष्ठ में प्रयुक्त प्रत्यय- **इष्ठ**

**51.** 'नैतिक' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है? **(UPSI 29-11-2021)**
(a) तिक (b) क
(c) नै (d) इक

**Sol. (d)** नैतिक में- **'इक'** प्रत्यय का प्रयोग किया गया है।

**52.** सहानुभूति शब्द में मूलशब्द, प्रत्यय का सही विकल्प क्या है? **(UPSI 29-11-2021)**
(a) सहान, भूति (b) सहन, भूति
(c) सह, अनुभूति (d) सहा, अनुभूति

**Sol. (c)** सहानुभूति शब्द में
मूलशब्द + प्रत्यय
**सह** + **अनुभूति** - सहानुभूति

**53.** इनमें से कौन-सा शब्द प्रत्यय से बना है? **(UPSI 30-11-2021)**
(a) अभियोग (b) व्यायाम
(c) अपमान (d) इनमें से कोई नहीं

**Sol. (d)** निम्न में कोई शब्द प्रत्यय से नहीं बना है। अभियोग में- "अभि" उपसर्ग का प्रयोग हुआ है।
अभ्यागत में - अभि उपसर्ग का प्रयोग हुआ है।
अपमान में - अप उपसर्ग का प्रयोग हुआ है।

**54.** इनमें से कौन-सा प्रत्यय 'लेखक' शब्द के अंत में प्रयुक्त हुआ है? **(UPSI 01-12-2021)**
(a) क (b) आक
(c) इक (d) अक

**Sol. (d)** लेखक में प्रत्युक्त प्रत्यय - **अक** है।
लेख + अक - लेखक

**55.** 'कथनीय' शब्द में कौन-सा प्रत्यय? **(UPSI 01-12-2021)**
(a) अनीय (b) ईय
(c) नीय (d) कथ

**Sol. (b)** कथनीय में प्रयुक्त प्रत्यय- **ईय** है।
कथन + ईय = कथनीय

# 04 संधि

**1.** इनमें से कौन-सा विकल्प असंगत है? **(UPSI Batch - II 19 Dec-2001)**
(a) हरि + वाली (b) अभि + यान
(c) उप + हार (d) पत्थर + ईला

**Sol. (a) विकल्प (a)** असंगत है। अन्य विकल्प अभि+यान = अभियान, उप+हार = उपहार, पत्थर+ईला = पथरीला सही शब्द है।

**2.** 'उद्घाटन' का संधि विच्छेद है- **(UPP Jail Warden/Fireman Exam Date 19/12/2020 Shift-I)**
(a) उद् + घाटन (b) उत् + घाटन
(c) उ + घाटन (d) उत + घाटन

**Sol. (b) उत्+घाटन** = उद्घाटन यह व्यंजन संधि का एक उदाहरण है जहाँ 'त्' के बाद 'घ', आने पर 'त्' का द् हो जाता है।

**3.** निरीह का संधि विच्छेद इनमें से क्या है? **(UPSI 13-11-2021)**
(a) निः + रीह (b) निर + ईह
(c) निः + ईह (d) निरि + ईह

**Sol. (c) निः + ईह** → निरीह

**4.** 'मात्राज्ञा' का सही संधि-विच्छेद कौन-सा है? **(UPSI 16-11-2021)**
(a) मातृ+आज्ञा (b) मात्रा+ज्ञा
(c) मात्रा+आज्ञा (d) मात्र+आज्ञा

**Sol. (a) मातृ + आज्ञा** = मात्राज्ञा

**5.** 'नयनाभिराम' का सही संधि-विच्छेद कौन-सा है? **(UPSI 20-11-2021)**
(a) नयना + अभिराम
(b) नयन + अभिराम
(c) नय + नाभिराम
(d) नयना + भिराम

**Sol. (b)** नयनाभिराम का संधि विच्छेद
↓
**नयन + अभिराम**
(अ+अ = आ) यह संधि विच्छेद **दीर्घ संधि** का उदाहरण है।

**6.** 'स्थानापन्न' का सही संधि-विच्छेद कौन-सा है? **(UPSI 21-11-2021)**
(a) स्थाना + पन्न
(b) स्थान + पन्न
(c) स्थानापन + न
(d) स्थान + आपन्न

**Sol. (d) स्थान + आपन्न** = स्थानापन्न
(अ + अ = आ)
यह दीर्घ संधि का उदाहरण है।

**7.** 'निष्फल' का सही संधि-विच्छेद कौन-सा है? **(UPSI 22-11-2021)**
(a) निष + फल (b) नी + फल
(c) निः + फल (d) नि + ष्फल

**Sol. (c)** निष्फल का संधि विच्छेद- **निः + फल**
दी गई संधि विसर्ग संधि का उदाहरण है। यदि विसर्ग (:) के पहले 'इ' या 'उ' हो और बाद में क, ख, प, फ हो तो विसर्ग (:) ष् में बदल जाता है। उदाहरण- इ या उ (:) + क, ख, प, फ ⇒ (ष्)
निः + कपट ⇒ निष्कपट
दुः + कर्म ⇒ दुष्कर्म
निः + फल ⇒ निष्फल

**8.** 'जितेंद्रिय' का सही संधि-विच्छेद कौन-सा है? **(UPSI 23-11-2021)**
(a) जितें + द्रिय (b) जित + इंद्रिय
(c) जिति + इंद्रिय (d) जीत + इंद्रिय

**Sol. (b)** जितेन्द्रिय का संधि विच्छेद- **जित + इंद्रिय**
जितेन्द्रिय में गुण संधि है-
अ/आ + इ/ई → ए
अ/आ + उ/ऊ → ओ गुण संधि
आ/आ + ऋ → अर्

**9.** इनमें से अभ्युदय शब्द का सही संधि विच्छेद कौन-सा है? **(UPSI 23-11-2021)**
(a) अभ्यु + उदय (b) अभि + उदय
(c) अभी + उदय (d) आभ + उदय

**Sol. (b)** 'अभ्युदय' शब्द का संधि विच्छेद- **अभि + उदय**। अभ्युदय में- यण संधि है।
यण संधि- यदि इ/ई, उ/ऊ, ऋ तथा लृ के बाद कोई असमान स्वर आए तो- इ/ई का य्, उ/ऊ का व् ऋ का र् तथा लृ का ल् हो जाता है।

**10.** 'निष्करुण' का सही संधि विच्छेद कौन-सा है? **(UPSI 24-11-2021)**
(a) निष + करुण (b) निः + करुण
(c) निः + कोण (d) निष्क + रुण

**Sol. (b)** निष्करुण का संधि विच्छेद = **निः + करुण**
↓
इसमें विसर्ग संधि है।
विसर्ग संधि: विसर्ग(:) के साथ स्वर या व्यंजन के मेल से जो विकार अथवा परिवर्तन होता है, उसे विसर्ग संधि कहते हैं।
उदाहरण- मनः + अभिलाषा = मनोभिलाषा
अधः + हस्ताक्षरी = अधोहस्ताक्षरी

**11.** 'शुभेच्छा' का सही संधि-विच्छेद कौन-सा है? **(UPSI 25-11-2021)**
(a) सु + इच्छा (b) शुभ + इच्छा
(c) शु + भेच्छा (d) शुभा + इच्छा

**Sol. (b)** "शुभेच्छा" शब्द का संधि विच्छेद- **शुभ + इच्छा**
इसमें गुण स्वर संधि है। गुण स्वर संधि
अ/आ + इ/ई – ए
अ/आ + उ/ऊ – ओ
अ/आ + ऋ – अर्

**12.** 'नवोन्मेष' का सही संधि-विच्छेद कौन-सा है? **(UPSI 27-11-2021)**
(a) नवो + नमेष (b) नव + उन्मेष
(c) नवा + उन्मेष (d) नवो + उन्मेष

**Sol. (b)** नवोन्मेष का संधि विच्छेद **नव + उन्मेष**
इसमें गुण संधि है।
गुण संधि – अ/आ + इ/ई = ए
अ/आ + उ/ऊ = ओ
अ/आ + ऋ = अर्

**13.** 'आग्नेयास्त्र' का सही संधि-विच्छेद कौन-सा है? **(UPSI 27-11-2021)**
(a) आग्नेय + अस्त्र (b) आग्नेयास + त्र
(c) आग्ने + यास्त्र (d) आग + नेयास्त्र

**Sol. (a)** आग्नेयास्त्र का संधि विच्छेद- **आग्नेय + अस्त्र**

**14.** इनमें से 'विसर्ग संधि' का उदाहरण कौन-सा हैं? **(UPSI 28-11-2021)**
(a) निरंतर (b) दिग्गज
(c) महीश (d) जगदीश

**Sol. (a)** विसर्ग संधि- विसर्ग(:) के साथ स्वर या व्यंजन के मेल से जो विकार अथवा परिवर्तन उत्पन्न होता है। उसे विसर्ग संधि कहते है।
उदाहरण: **निरंतर** → निः + अंतर

**15.** 'तत्पुरुष' का सही संधि-विच्छेद कौन-सा है? **(UPSI 29-11-2021)**
(a) तत्+पुरुष (b) तद्+पुरुष
(c) तत्य+पुरुष (d) तदा+पुरुष

**Sol. (b)** तत्पुरुष का संधि विच्छेद- **तद् + पुरुष**

**16.** 'स्वागत' शब्द में कौन-सी संधि है? **(UPSI 30-11-2021)**
(a) तत्पुरुष (b) द्वंद्व
(c) यण (d) द्विगु

**Sol. (c)** "स्वागत" का संधि विच्छेद- सु + आगत। यह **यण संधि** का उदाहरण है। जो कि स्वर संधि का एक भेद है। यदि इ, ई, उ, ऊ, ऋ तथा लृ के बाद कोई असमान स्वर आता है तो इ/ई → य → उ/ऊ → व्, ऋ → र् तथा लृ का ल् हो जाता है।
उदाहरणतः अधि + अक्ष → अध्यक्ष

**17.** 'इत्यादि' शब्द में कौन–सी संधि है? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) दीर्घ (b) यण
(c) वृद्धि (d) गुण

**Sol. (b)** "इत्यादि" का संधि–विच्छेद
इति + आदि
↓
इ + आ = य् + आ अत: यहाँ पर **यण स्वर संधि** होगी।

**18.** 'परोपकार' शब्द में कौन–सी संधि प्रयुक्त है? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) व्यंजन (b) स्वर
(c) दीर्घ (d) गुण

**Sol. (d)** परोपकार में – **गुण संधि** का प्रयोग किया गया है। इसका संधि विच्छेद होगा।
परोपकार – पर + उपकार
↓ ↓
अ + उ = ओ – गुण संधि

**19.** 'अतएव' शब्द का संधि विच्छेद क्या होगा? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) अत:+एव (b) अति+एव
(c) अत+एव (d) अती+एव

**Sol. (a)** अतएव का संधि विच्छेद– **अत:** + **एव** – दी गई संधि विसर्ग संधि का उदाहरण है।

**20.** 'जगन्नाथ' शब्द में कौन–सी संधि है? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) स्वर (b) विसर्ग
(c) व्यंजन (d) इनमें से कोई नहीं

**Sol. (c)** "जगन्नाथ" शब्द में– **"व्यंजन संधि"** है। इसका संधि विच्छेद– जगन्नाथ– जगत् + नाथ। व्यंजन संधि– किसी व्यंजन का व्यंजन से अथवा किसी स्वर से मेल होने पर जो परिवर्तन होता है उसे व्यंजन संधि कहते हैं।
उदाहरण– उल्लास – उत् + उल्लास
दिग्गज – दिक् + गज

**21.** 'सत्यार्थी' का सही संधि–विच्छेद कौन–सा है? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) सत्य+अस्त्री (b) सत्या+आर्थी
(c) सत्य+यात्री (d) सत्य+अर्थी

**Sol. (d)** सत्यार्थी का संधि विच्छेद– **सत्य** + **अर्थी**। इसमें दीर्घ संधि का प्रयोग हुआ है।

**22.** 'यशोदा' शब्द में कौन–सी संधि प्रयुक्त है? **(UPSI 02-12-2021)**

(a) स्वर (b) विसर्ग
(c) व्यंजन (d) दीर्घ

**Sol. (b)** "यशोदा" शब्द में **विसर्ग संधि** का प्रयोग किया गया है।
यशोदा – यश: + दा

**23.** सूर्योदय शब्द में कौन–सी संधि प्रयुक्त है? **(UPSI 02-12-2021)**

(a) दीर्घ संधि (b) वृद्धि संधि
(c) गुण संधि (d) यण संधि

**Sol. (c)** सूर्योदय में प्रयुक्त संधि–**गुण संधि** है।
सूर्योदय = सूर्य + उदय
सदाचार = सत् + आचार

**24.** 'मनोहर' शब्द में कौन–सी संधि प्रयुक्त है? **(UPSI 02-12-2021)**

(a) व्यंजन (b) विसर्ग
(c) यण (d) स्वर

**Sol. (b)** मनोहर शब्द में प्रयुक्त संधि– **विसर्ग संधि**
मनोहर का संधि विच्छेद– मन: + हर

CHAMPION PUBLICATION Gagan Pratap Sir

# 05 समास

**1.** 'सद्भावना' शब्द में समास है–
**(UP Cons. 18/06/2018)**
(a) अव्ययीभाव (b) तत्पुरुष
(c) कर्मधारय (d) द्विगु

**Sol. (c)** 'सद्भावना = सच्ची भावना' में विशेषण – विशेष्य का संबंध है। अत: यह **कर्मधारय समास** है।

**2.** 'कनफटा' इस समास-भेद का उदाहरण है–
**(UPP Jail Warden/Fireman Exam Date 19/12/2020 Shift-I)**
(a) बहुव्रीहि (b) द्वंद्व
(c) अव्ययीभव (d) कर्मधारय

**Sol. (a)** 'कनफटा' **बहुव्रीहि समास** का उदाहरण है। कनफटा → जिसके कान फटे हुए हों अर्थात् नाथों का एक विशेष सम्प्रदाय।

**3.** "तुलसीकृत" शब्द का समास विग्रह करने पर करण कारक की कौन-सी विभक्ति मिलती है?
**(UPP Jail Warden/Fireman Exam Date 20/12/2020 Shift-II)**
(a) द्वारा (b) का
(c) में (d) पर

**Sol. (a)** तुलसीकृत तुलसी के द्वारा कृत जो तत्पुरूष समास के करण कारक की विभवित है।

**4.** 'मातृहंता' में कौन-सा समास है?
**(UPSI 12-11-2021)**
(a) बहुव्रीहि समास
(b) द्विगु समास
(c) कर्मधारय समास
(d) तत्पुरूष समास

**Sol. (d)** मातृहंता का समास विग्रह → माता को हनन करने वाला।
मातृहंता में **तत्पुरुष समास** है।
तत्पुरुष समास में द्वितीय पद प्रधान होता है।
मूर्तिकार, शाकाहारी, जलमग्न आदि में तत्पुरुष समास है।

**5.** 'घासफूस' में कौन-सा समास है?
**(UPSI 12-11-2021)**
(a) द्वंद्व समास
(b) द्विगु समास
(c) बहुव्रीहि समास
(d) अव्ययीभाव समास

**Sol. (a)** 'घासफूस' में **द्वंद्व समास** है।
द्वंद्व समास में दोनों पद प्रधान होते है।
शब्द के विग्रह करने पर और/अथवा/या शब्द मध्य में आते हैं।
उदाहरणत: माता-पिता – माता और पिता
लाल-पीला – लाला और पीला

**6.** 'जिस समास में दोनों पद प्रधान होते हैं तथा जिसमें समुच्चयबोधक अव्यय का लोप कर दिया जाता है', उसे क्या कहा जाता है?
**(UPSI 12-11-2021)**
(a) द्विगु समास (b) बहुव्रीहि समास
(c) कर्मधारय समास (d) द्वंद्व समास

**Sol. (d) द्वंद्व समास** में दोनों पद प्रधान होते हैं तथा इसमें समुच्चयबोधक अव्यय का लोप कर दिया जाता है। इसमें शब्दों का विग्रह करने पर उनके मध्य या, अथवा और शब्द आते हैं।
उदाहरणत: राम – लक्ष्मण – राम और लक्ष्मण
लाल-पीला – लाल और पीला

**7.** 'यथाशक्ति' में इनमें से कौन-सा समास है?
**(UPSI 13-11-2021)**
(a) अव्ययीभाव (b) कर्मधारय
(c) कर्म तत्पुरूष (d) संबंध तत्पुरूष

**Sol. (a)** यथा + शक्ति
यहाँ पूर्व पद अव्यय है अत: यथा शक्ति में **अव्ययी भाव** समास है।

**8.** 'थोड़ा-बहुत' में इनमें से कौन-सा समास है?
**(UPSI 13-11-2021)**
(a) समाहार द्वंद्व (b) इतरेतर द्वंद्व
(c) वैकल्पिक द्वंद्व (d) अव्ययीभाव

**Sol. (c) वैकल्पिक द्वन्द्व** समास में दो विरोधी शब्दों का प्रयोग होता है और पदों के बीच या/अथवा का लोप होता है।
उदाहरणत: थोड़ा- बहुत, ऊँच-नीच
आजकल
**समाहार द्वंद्व** – पदों में समान प्रकार का अर्थ है। जैसे- रुपया- पैसा, घर- द्वार
**इतरेतर द्वंद्व समास** – दोनों पद प्रधान होते है तथा अलग-अलग महत्त्व होता है। इनके मध्य और शब्द का लोप होता हैं जैसे-
तेरह → दस और तीन
माता-पिता → माता और पिता

**9.** 'यथासंभव' में इनमें से कौन-सा समास है?
**(UPSI 14-11-2021)**
(a) बहुव्रीहि (b) कर्मधारम
(c) तत्पुरुष (d) अव्ययीभाव

**Sol. (d)** 'यथासंभव' में **अव्ययी भाव** समास है। इस समास में प्रथम पद अव्यय और दूसरा पद संज्ञा होता है।

**10.** 'त्रिलोचन' में इनमें से कौन-सा समास है?
**(UPSI 14-11-2021)**
(a) कर्मधारय (b) बहुव्रीहि
(c) द्विगु (d) अव्ययीभाव

**Sol. (b)** त्रिलोचन (तीन नेत्रों वाले) भगवान शिव को कहा जाता है। इसमें **बहुव्रीहि** समास होगा क्योंकि इस समास में कोई तीसरा पद प्रधान होता है जबकि प्रथम व द्वितीय पद अप्रधान होते हैं।

**11.** पवनाशन में कौन सा समास है?
**(UPSI 15-11-2021)**
(a) कर्मधारय समास (b) द्वंद्व समास
(c) अव्यीभाव समास (d) बहुव्रीहि समास

**Sol. (d)** पवनाशन अर्थात् पवन है जिसका आशन। इसमें **बहुव्रीहि समास** होगा। बहुव्रीहि समास में दोनों पद गौण होते है तथा किसी तीसरे पद की प्रधानता होती है। जैसे- नीलकंठ- नीला है कंठ जिसका अर्थात शिव

**12.** 'अठकोना' में कौन सा समास है?
**(UPSI 15-11-2021)**
(a) तत्पुरूष समास (b) द्विगु समास
(c) बहुव्रीहि समास (d) द्वंद्व समास

**Sol. (b) द्विगु समास** का पहला पद संख्यावाचक विशेषण होता है तथा संपूर्ण पद किसी समूह का बोध कराता है। उदाहरण अठकोना, चौराहा, नवग्रह आदि।

**13.** समास के सन्दर्भ में इनमें से कौन-सा कथन गलत है? **(UPSI 16-11-2021)**
(a) बहुव्रीहि सामस में दोनों पद गौण होते हैं
(b) अव्ययीभाव में पूर्वपद की प्रधानता होती है और समास पद अव्यय होते हैं।
(c) तत्पुरूष समास में अंतिम पद गौण होता है
(d) इनमें से कोई नहीं

**Sol. (c) तत्पुरुष समास में पूर्वपद अप्रधान व उत्तर पद प्रधान होता है** तथा दोनों के मध्य कारक का लोप होता है। उदाहरण- रसोईघर अर्थात रसोई के लिए घर; तुलसीकृत।

**14.** 'नीलकंठ' में कौन-सा समास हैं?
**(UPSI 17-11-2021)**
(a) द्वंद्व समास
(b) बहुव्रीहि समास
(c) अव्ययीभाव समास
(d) द्विगु समास

**Sol. (b)** 'नीलकंठ' अर्थात नीला है कंठ जिनका अर्थात 'शिव'। यहाँ कोई भी पद प्रधान नहीं है तथा दोनों पद किसी तीसरे पद की विशेषता बता रहे हैं। अत: इनमें **बहुव्रीहि समास** होगा।

**15.** 'स्वर्गप्राप्त' में कौन-सा समास है?
**(UPSI 17-11-2021)**
(a) अव्ययीभाव समास
(b) द्विगु समास
(c) बहुव्रीहि समास
(d) तत्पुरुष समास

**Sol. (d)** स्वर्गप्राप्त में **तत्पुरूष समास** है।
स्वर्गप्राप्त- स्वर्ग को प्राप्त
तत्पुरुष समास में विभक्ति का लोप हो जाता है।

**16.** 'तिरंगा' शब्द में कौन-सा समास है?
**(UPSI 20-11-2021)**
(a) द्विगु समास
(b) कर्मधारय समास
(c) बहुव्रीहि समास
(d) अव्ययीभाव समास

**Sol. (a)** तिरंगा में द्विगु समास है। **द्विगु समास** में पहला शब्द संख्यावाचक विशेषण होता है। उदाहरण चौराहा, नवग्रह

**17.** 'नीलकंठ' शब्द में कौन-सा समास है?
**(UPSI 20-11-2021)**
(a) कर्मधारय समास
(b) बहुव्रीहि समास
(c) अव्ययीभाव समास
(d) द्विगु समास

**Sol. (b)** **बुहव्रीहि समास** में कोई भी पद प्रधान नहीं होता तथा दोनों पद मिलकर किसी अन्य पद की ओर इशारा कर रहे हो,
नीलकंठ- नीला है कंठ जिसका अर्थात् शिव

**18.** किस समास का समस्त पद वाक्य में क्रियाविशेषण का काम करता है?
**(UPSI 21-11-2021)**
(a) द्वंद्व समास
(b) द्विगु समास
(c) अव्ययीभाव समास
(d) बहुव्रीहि समास

**Sol. (c)** **अव्ययी भाव समास** में पूर्व पद प्रधान होता है तथा समस्त पद क्रिया विशेषण का कार्य करता है। इसमें प्रथम पद अव्यय व दूसरा पद संज्ञा होता है।
उदाहरण- भरपेट ('भर' अव्यय 'पेट' संज्ञा)
यथाशक्ति ('यथा' अव्यय 'शक्ति' संज्ञा)

**19.** 'दीर्घबाहु' में कौन-सा समास है?
**(UPSI 21-11-2021)**
(a) द्वंद्व समास
(b) द्विगु समास
(c) बहुव्रीहि समास
(d) अव्ययीभाव समास

**Sol. (c)** **बहुव्रीहि समास** में दोनों पद अप्रधान होते है तथा संपूर्ण पद में किसी अन्य की प्रधानता होती है।
दीर्घ बाहु अर्थात लंबी/दीर्घ हैं जिसकी बाँहे अर्थात विष्णु द्वंद्व समास में दोनों पद प्रधान होते हैं तथा उनके मध्य या/अगवा/और आदि शब्द आते हैं।
उदाहरण- राम-लक्ष्मण (राम और लक्ष्मण)
द्विगु समास में पूर्वपद संख्यावाचक होता है।
उदाहरण- नवग्रह, चौराहा

**20.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द द्विगु समास का उदाहरण है? **(UPSI 22-11-2021)**
(a) दशानन (b) सन्मार्ग
(c) नीला-पीला (d) तिमाही

**Sol. (d)** द्विगु समास- जिस समास का पूर्व पद एक संख्यावाचक विशेषण हो तथा किसी समुदाय या समूह का बोधक हो तथा उत्तर पद प्रधान हो, उसे द्विगु समास कहते है।
उदाहरण- पंचवटी- पाँच वट (वृक्षों) वाला स्थान
**तिमाही**- तीन माह (महीना) का समूह
अन्य दिए गए शब्दों में समास-
दशानन- बहुव्रीहि समास
सन्मार्ग- तत्पुरुष समास
नीला-पीला- द्वंद्व समास

**21.** जिस समास में पूर्व पद और उत्तर पद दोनों ही प्रधान हो, तो वह किस प्रकार का समास कहलाता है? **(UPSI 23-11-2021)**
(a) तत्पुरुष समास (b) बहुव्रीहि समास
(c) द्वंद्व समास (d) द्विगु समास

**Sol. (c)** **द्वंद्व समास** - इसमें दोनों पद (पूर्व व उत्तर पद) प्रधान होते हैं। उदाहरण- भाई-बहन, राम-लक्ष्मण, राम-सीता
**बहुव्रीहि समास** - इसमें कोई पद प्रधान नहीं होता बल्कि ये दोनों पद मिलकर कोई अन्य अर्थ देते है। उदाहरण- दशानन, नीलकंठ, पशुपति, पंचानन
**द्विगु समास** - इस समास में प्रथम पद संख्यावाचक विशेषण होता है और द्वितीय पद प्रधान पद होता है। उदाहरण- चौराहा, तिराहा, पंचवटी, त्रिभुवन
**तत्पुरुष समास** - इस समास में अन्तर पद प्रधान होता है तथा प्रथम पद विशेषण तथा उत्तर पद विशेष्य होता है। उदाहरण- राजकीय, पवनपुत्र, गगनचुम्बी

**22.** 'हररोज' में कौन-सा समास है?
**(UPSI 24-11-2021)**
(a) अव्ययीभाव (b) तत्पुरुष
(c) द्वंद्व (d) बहुव्रीहि

**Sol. (a)** "हररोज" शब्द में प्रयुक्त समास- **अव्ययीभाव** है। अव्ययीभाव समास- इस समास का प्रथम पद (पूर्वपद) अव्यय होने के कारण प्रधान व उत्तरपद (द्वितीय पद) गौण होता है।
उदाहरण- प्रतिदिन, यथाशक्ति, आजीन, प्रत्येक, आजन्म, यथाक्रम, भरपेट, रातोंरात, प्रत्यक्ष, यथाशीघ्र, प्रतिकूल इत्यादि।

**23.** "धर्माधर्म" में कौन-सा समास है?
**(UPSI 25-11-2021)**
(a) द्विगु समास
(b) द्वंद्व समास
(c) अव्ययीभाव समास
(d) कर्मधारय समास

**Sol. (b)** "धर्माधर्म"- इसमें **द्वंद्व समास** है।
धर्माधम → धर्म और धर्म
द्वंद्व समास- इसमें दोनों पद प्रधान होते हैं। तथा विग्रह करने पर 'और', 'अथवा', 'या', 'एवं' शब्दों को प्रयोग किया जाता है।
**उदाहरण :** भाई-बहन → भाई और बहिन
गंगा-यमुना → गंगा और यमुना

**24.** 'मीनाक्षी' में इनमें से कौन-सा समास है?
**(UPSI 25-11-2021)**
(a) अव्ययीभाव (b) तत्पुरुष
(c) कर्मधारय (d) बहुव्रीहि

**Sol. (c)** "मीनाक्षी" में **कर्मधारय** समास है।
कर्मधारय समास- जिस समास का उत्तर पद प्रधान होता है तथा पूर्व पद व अंतर पद में विशेषण-विशेष्य तथा उपमेय-उपमान का संबंध होता है उसे कर्मधारय समास कहते हैं।
उदाहरण- मीनाक्षी- मछली जैसे आँखो वाली
कमलनयन - कमल के समान नयन

**25.** 'यथासमय' शब्द में कौन-सा समास है?
**(UPSI 27-11-2021)**
(a) कर्मधारय समास
(b) बहुव्रीहि समास
(c) द्विगु समास
(d) अव्ययीभाव समास

**Sol. (d)** "यथासमय"- इसमें **अव्ययीभाव समास** है।
**अव्ययीभाव समास**- इसका पूर्वपद (प्रथम पद) अव्यय होने के कारण प्रधान होता है और उत्तर पद (दूसरा पद) गौण होता है। उसे अव्ययीभाव समास कहते हैं। उदाहरण- यथाशक्ति, यथाक्रम, आजीवन

**26.** 'प्रतिक्षण' शब्द में कौन सा समास है?
**(UPSI 28-11-2021)**
(a) बहुव्रीहि समास
(b) अव्ययीभाव समास
(c) कर्मधारय समास
(d) द्विगु समास

**Sol. (b)** प्रतिक्षण (प्रत्येक क्षण) – **अव्ययीभाव समास** है।

इसमें प्रथम पद प्रधान तथा द्वितीय पद गौण होता है।

उदाहरणत: – यथाशक्ति, प्रतिकूल, प्रत्येक, प्रत्यक्ष

**27.** 'गिरधर' शब्द में कौन-सा समास है?
**(UPSI 29-11-2021)**

(a) द्विग समास (b) द्वंद्व समास
(c) तत्पुरुष समास (d) बहुब्रीहि समास

**Sol. (d)** गिरधर- **बहुब्रीहि समास**

↓

इसमें दोनों पद प्रधान नहीं होते है बल्कि दोनों पद मिलकर अपने सामान्य अर्थ को छोड़कर अन्य विशिष्ट अर्थ का बोध कराते हैं।

उदाहरणत: गिरिधर- गिरि को धारण करने वाला अर्थात् भगवान कृष्ण

**28.** 'नीलकमल' शब्द में कौन-सा समास है?
**(UPSI 29-11-2021)**

(a) द्विग समास
(b) बहुब्रीहि समास
(c) अव्ययीभाव समास
(d) कर्मधारय समास

**Sol. (d)** नीलकमल – नीले है जो कमल

**कर्मधारय समास** है- जिसका उत्तर पद प्रधान हो और पूर्वपद का उत्तर पद में विशेषण-विशेष्य का संबंध हो।

**29.** 'रसोईघर' में कौन-सा समास है?
**(UPSI 29-11-2021)**

(a) द्विगु समास (b) अव्ययीभाव समास
(c) तत्पुरुष समास (d) बहुब्रीहि समास

**Sol. (c)** "रसोई घर" में समास- **तत्पुरुष समास** है।

↓

इसमें उत्तर पद (अंतिम या दूसरा पद) प्रधान होता है और प्रथम पद विशेषण तथा द्वितीय पद विशेष्य होता है।

उदाहरण राज कन्या – राजा की कन्या

पवन पुत्र – पवन के पुत्र

**30.** 'नवरत्न' शब्द में कौन-सा समास है?
**(UPSI 01-12-2021)**

(a) द्विगु समास
(b) अव्ययीभाव समास
(c) कर्मधारय समास
(d) बहुब्रीहि समास

**Sol. (a)** "नवरत्न"- नौ रत्नों का समूह इस शब्द में **द्विगु समास** का प्रयोग हुआ है। इस समास में प्रथम पद संख्यावाचक विशेषण होता है। तथा दूसरा पद प्रधान पद होता है तथा इस समास से समूह अथवा समाहार का बोध होता है।

उदाहरण- पंचवटी- पाँच वट (वृक्षों) वाला स्थान

**31.** 'नेत्रहीन' शब्द में कौन-सा समास है?
**(UPSI 01-12-2021)**

(a) द्वंद्व (b) तत्पुरुष
(c) बहुब्रीही (d) अव्ययीभाव

**Sol. (b)** "नेत्रहीन" शब्द में **तत्पुरुष समास** है।

तत्पुरुष समास में उत्तर पद प्रधान होता है तथा इसमें प्रथम पद विशेषण तथा उत्तर पद विशेष्य होता है तथा दोनों पदो के मध्य का कारक चिह्न लुप्त हो जाता है।

उदाहरण- विद्याहीन- विद्या से हीन

नेत्रहीन- नेत्र से हीन

**32.** 'पुत्रशोक' में कौन-सा समास है?
**(UPSI 02-12-2021)**

(a) द्वंद्व समास
(b) कर्मधारय समास
(c) अव्ययीभाव समास
(d) तत्पुरुष समास

**Sol. (d)** "पुत्रशोक" उक्त शब्द में **तत्पुरुष समास** है

तत्पुरुष समास में उत्तर पद प्रधान होता है और पूर्वपद एक विशेषण का कार्य करता है। इसमें विभक्ति का लोप हो जाता है।

उदाहरण- राजपुत्र – राजा का पुत्र

पुत्रशोक- पुत्र का शोक

**33.** 'यथारुचि' में कौन-सा समास है?
**(UPSI 02-12-2021)**

(a) अव्ययीभाव (b) तत्पुरुष
(c) बहुब्रीहि (d) द्वंद्व

**Sol. (a)** "यथारूचि" में **अव्ययीभाव समास** है। इस समास में पूर्वपद प्रधान होता है तथा उत्तर पद गौण होता है।

CHAMPION PUBLICATION Gagan Pratap Sir

# 06 क्रिया

**1.** 'जागना' मूल रूप क्रिया का प्रथम प्रेरणार्थक रूप क्या होगा? **(UP Cons. 19/06/2018)**
(a) जगाना (b) जगवाना
(c) जागवाना (d) जाग

**Sol. (a)** 'जागना' मूल रूप क्रिया का प्रथम प्रेरणार्थक रूप **'जगाना'** होगा तथा 'जगवाना' द्वितीय प्रेरणार्थक रूप होगा।

**2.** जो क्रिया संज्ञा या विशेषण से बनती है उसे क्या कहते हैं? **(UPSI 28/11/2021 Shift-II)**
(a) मूल धातु (b) नाम धातु
(c) संयुक्त क्रिया (d) द्विकर्मक धातु

**Sol. (b)** जो क्रिया संज्ञा या विशेषण से बनती है। उसे **नाम धातु** कहते है।
जैसे → निराश होना → (विशेषण + क्रिया)
लाठी मारना → (संज्ञा + क्रिया)

**3.** मूल अकर्मक धातुओं के साथ प्रत्यय जोड़कर बनाई गई क्रिया कौन-सी धातुएँ कहलाती हैं? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) साधित सकर्मक धातु
(b) द्विकर्मक धातु
(c) संयुक्त धातु
(d) समस्त धातु

**Sol. (a)** मूल अकर्मक धातुओं के साथ प्रत्यय जोड़कर बनाई गई क्रिया **साधित सकर्मक धातु** कहलाती है।
सकर्मक क्रियाओं में कर्म का होना आवश्यक होता है जिसका प्रभाव दूसरे पर पड़ता है।
उदाहरणत: मोहन पुस्तक पढ़ता है।
यहाँ पढ़ने का प्रभाव पुस्तक पर पड़ रहा है अत: यहाँ पढ़ना सकर्मक क्रिया है।
'मोहन चलता है।' अकर्मक क्रिया का उदाहरण है।

**4.** क्रिया के सन्दर्भ में इनमें से कौन-सा कथन सत्य है? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) क्रिया के साथ क्रिया जोड़ने से जो संयुक्त क्रिया बनती है उसे नाम बोधक क्रिया कहते हैं
(b) जब कर्म संज्ञा की तरह व्यवहार में आए तब वह क्रियार्थक संज्ञा कहलाती है।
(c) जब कर्ता एक क्रिया समाप्त कर उसी क्षण दूसरी क्रिया में प्रवृत्त होता है तब पहली क्रिया 'पूर्वकालिक' कहलाती है।
(d) उपरोक्त सभी

**Sol. (c)** जब कर्ता एक कार्य समाप्त कर तुरंत दूसरे कार्य में लग जाता है तब जो क्रिया पहले समाप्त होती है उसे **पूर्वकालिक क्रिया** कहते हैं।

**5.** इनमें से कौन-सा वाक्य अकर्मक क्रिया का उदाहरण नहीं है? **(UPSI 14-11-2021)**
(a) सीता गाती है
(b) मोहन सोता है
(c) राम क्रिकेट खेलता है
(d) राम खेलता है

**Sol. (c)** अकर्मक क्रिया में किए गए कार्य का फल कर्ता पर पड़ता है। सीता गाती है, मोहन सोता है या राम खेलता है में गाना, सोना व खेलने का प्रभाव कर्ता पर पड़ रहा है। जबकि **'राम क्रिकेट खेलता है'** में कार्य का प्रभाव कर्म (क्रिकेट) पर पड़ रहा है अत: यह सकर्मक क्रिया का उदाहरण है।

**6.** जिस क्रिया का फल कर्ता पर न पड़कर कर्म पर पड़े, उसे कौन-सी क्रिया कहते हैं? **(UPSI 14-11-2021)**
(a) अकर्मक क्रिया
(b) प्रेरणार्थक क्रिया
(c) सकर्मक क्रिया
(d) पूर्वकालिक क्रिया

**Sol. (c)** अकर्मक क्रिया - राम सो रहा है।
**सकर्मक क्रिया** - राम आम खा रहा है।
प्रेरणार्थक क्रिया- अध्यापक ने राम से पत्र लिखवाया।

**7.** चोर उठ भागा- यह वाक्य किस क्रिया का उदाहरण है? **(UPSI 15-11-2021)**
(a) संयुक्त क्रिया
(b) अकर्मक क्रिया
(c) प्ररणार्थक क्रिया
(d) पूर्वकालिक क्रिया

**Sol. (d)** जब कर्ता एक कार्य पूर्णकर तत्काल दूसरे कार्य में लग जाता है तो पहले समाप्त हुई क्रिया **पूर्वकालिक क्रिया** कहलाती है। 'चोर उठ भागा' में पहले उठना फिर भागना क्रिया है।

**8.** अकर्मक क्रिया में इनमें से किसका प्रभाव पड़ता है? **(UPSI 15-11-2021)**
(a) धातु (b) कर्ता पर
(c) कर्म पर (d) क्रिया पर

**Sol. (b)** अकर्मक क्रिया में क्रिया के व्यापार का फल **कर्ता पर** पड़ता है। उदाहरण राम सोता है। यहाँ सोने का प्रभाव राम पर पड़ रहा है अत: अकर्मक क्रिया है।

**9.** इनमें से सकर्मक क्रिया का उदाहरण कौन-सा है? **(UPSI 16-11-2021)**
(a) मोहन खाता है
(b) राम तेज़ दौड़ता है
(c) सोहन केला खाता है
(d) श्याम बहुत तेज़ दौड़ता है

**Sol. (c)** सकर्मक क्रिया में क्रिया के व्यापार का फल कर्म पर पड़ता है। **'सोहन केला खाता है'**। वाक्य में खाना का प्रभाव केला पर पड़ रहा है। अत: सकर्मक क्रिया होगी।
अन्य तीनों वाक्य अकर्मक क्रिया के उदाहरण है।

**10.** 'राम श्याम की किताब पढ़ता है।' इस वाक्य में क्रिया का कौन-सा प्रकार है? **(UPSI 17-11-2021)**
(a) अकर्मक क्रिया
(b) अनेकार्थक क्रिया
(c) पूर्वकालिक क्रिया
(d) सकर्मक क्रिया

**Sol. (d) सकर्मक क्रिया** में क्रिया के व्यापार का फल कर्म पर पड़ता है। यहाँ पर क्रिया का प्रभाव किताब पर पड़ेगा। अत: यह **सकर्मक क्रिया** का उदाहरण है।

**11.** 'मोहन बाजार पहुँच गया।' इस वाक्य में क्रिया का कौन-सा प्रकार है? **(UPSI 17-11-2021)**
(a) अनेकार्थक क्रिया
(b) पूर्वकालिक क्रिया
(c) अकर्मक क्रिया
(d) सकर्मक क्रिया

**Sol. (d)** "मोहन बाजार पहुँच गया।" इस वाक्य में **सकर्मक क्रिया** है।
सकर्मक क्रिया में व्यापार का फल कर्म पर पड़ता है।
जैसे- राम आम खा रहा है। यहाँ खाने का प्रभाव आम पर होगा।

**12.** जब कर्ता एक काम समाप्त कर उसी क्षण दूसरी क्रिया में प्रवृत्त हो जाए तो उस पहली क्रिया को क्या कहते हैं? **(UPSI 21-11-2021)**
(a) संयुक्त क्रिया
(b) सहायक क्रिया
(c) पूर्वकालिक क्रिया
(d) इनमें से कोई नहीं

**Sol. (c)** जब कर्ता एक कार्य समाप्त कर उसी क्षण दूसरी क्रिया में प्रवृत्त हो जाए, तो पहली क्रिया **पूर्वकालिक क्रिया** कहलाती है।
उदाहरण- वह खाना खाकर स्कूल गया।
यहाँ 'खाना खाकर' पूर्वकालिक क्रिया है।

**13.** "सैनिक दिन-रात युद्ध कर रहे हैं।"- इस वाक्य में 'दिन-रात' किस प्रकार का क्रियाविशेषण है **(UPSI 23-11-2021)**

(a) कालवाचक क्रियाविशेषण
(b) रीतिवाचक क्रियाविशेषण
(c) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण
(d) स्थानवाचक क्रियाविशेषण

**Sol. (a)** "सैनिक दिन-रात युद्ध कर रहे हैं।"- इस वाक्य में प्रत्युक्त शब्द दिन-रात **कालवाचक क्रिया विशेषण** द्योतक है।

**कालवाचक क्रिया विशेषण-** जिस शब्द से क्रिया के होने का समय ज्ञात हो, उसे कालवाचक क्रिया विशेषण कहते हैं।

जैसे- अब, कब, आज, कल, अभी, दिनभर, दिन-रात इत्यादि

→ विक्रम प्रतिदिन स्नान करता है- यहाँ प्रतिदिन कालवाचक क्रियाविशेषण है।

**14.** इनमें से सकर्मक क्रिया का वाक्य कौन-सा है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) बालक खिलौना पाकर हँसता है।
(b) बालिका निबंध लिख रही है।
(c) मंदाकिनी सोती है।
(d) पक्षी आकाश में उड़ते हैं।

**Sol. (b)** दिए गए वाक्यों मे सकर्मक क्रिया का वाक्य- **बालिका निबंध लिख रही है।** अन्य सभी वाक्य अकर्मक क्रिया के उदाहरण हैं।

सकर्मक क्रिया- जिस क्रिया का फल कर्म पर पड़ता है उसे सकर्मक क्रिया कहते हैं।

उदाहरण- रीता रोटी खाती है। देवेश पुस्तक पढ़ता है।

**15.** क्रिया के 'पद-परिचय' में इनमें से क्या-क्या होता है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) क्रिया का प्रकार, वाच्य, पुरुष
(b) लिंग, वचन, काल
(c) वह शब्द जिससे क्रिया का संबंध है
(d) उपरोक्त सभी

**Sol. (d)** क्रिया के 'पद परिचय' में क्रिया के प्रकार, वाच्य, पुरुष, लिंग, वचन, काल और वह शब्द जिससे क्रिया का संबंध है पद परिचय कहलाता है। अतः **उपरोक्त सभी**

**16.** इनमें से किस वाक्य में 'सजातीय क्रिया' का प्रयोग है? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) जीना एक कला है
(b) पक्षी डाल पर चहचहाते हैं
(c) वह अनेक बोलियाँ बोलता है
(d) राम खेलकर चला गया

**Sol. (c) वह अनेक बोलियाँ बोलता है** - इस वाक्य में सजातीय क्रिया का प्रयोग हुआ है।

सजातीय क्रिया- यदि किसी वाक्य में प्रयुक्त कर्म और क्रिया पद एक ही धातु से बने हों तो उसे सजातीय क्रिया कहते हैं।

उदाहरण- मोहन ने पढ़ाई पढ़ी।

भारतीय सेना ने लड़ाई लड़ी।

वह अनेक बोलियाँ बोलता है।

इन तीनों वाक्यों में कर्म और क्रिया क्रमशः पढ़ना, लड़ना व बोलना धातु से बनी हैं। अतः सजातीय क्रिया है।

**17.** 'अब पढ़कर क्या होगा'- इस वाक्य में कौन-सी क्रिया है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) पूर्वकालिक क्रिया
(b) संयुक्त क्रिया
(c) द्विकर्मक क्रिया
(d) प्रेरणार्थक क्रिया

**Sol. (a)** "अब पढ़कर क्या होगा"- इस वाक्य में **पूर्वकालिक क्रिया** का प्रयोग हुआ है।

पूर्वकालिक क्रिया- जब कर्ता एक क्रिया समाप्त करते ही उसी क्षण दूसरी क्रिया में प्रवृत्त हो तो पहली क्रिया को पूर्वकालिक क्रिया कहते है। उदाहरण- उसने नहाकर खाना खाया। इस वाक्य में 'नहाकर' पूर्वकालिक क्रिया है क्योंकि नहाने की क्रिया की समाप्ति के साथ ही भोजन करने की क्रिया का बोध होता है।

**18.** जो क्रिया, संज्ञा या विशेषण से बनती है उसे क्या कहते हैं? **(UPSI 28-11-2021)**

(a) मूल धातु (b) नाम धातु
(c) संयुक्त क्रिया (d) द्विकर्मक धातु

**Sol. (b) नाम धातु क्रिया** - इस क्रिया का निर्माण संज्ञा या विशेषण के द्वारा होता है।

उदाहरणतः लिख + ना = लिखना

पढ़ + ना = पढ़ना

घा + ना = घाना

**19.** 'श्याम बाजार जा रहा है।' इस वाक्य में क्रिया का कौन-सा प्रकार है? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) पूर्वकालिक क्रिया
(b) अकर्मक क्रिया
(c) सकर्मक क्रिया
(d) अनेकार्थक क्रिया

**Sol. (c)** श्याम बाजार जा रहा है। इस वाक्य में **सकर्मक क्रिया** का प्रयोग हुआ है।

सकर्मक क्रिया- इसमें कर्म का होना आवश्यक होता है तथा क्रिया का प्रभाव (फल) कर्म पर पड़ता है।

उदाहरण- दादा जी अखबार पढ़ते हैं।

**20.** राम लक्ष्मण से पत्र लिखवाता है- इस वाक्य में क्रिया का कौन-सा रूप है? **(UPSI 02-12-2021)**

(a) संयुक्त क्रिया
(b) पूर्णकालिक क्रिया
(c) अपूर्ण क्रिया
(d) प्रेरणार्थक क्रिया

**Sol. (d)** राम लक्ष्मण से पत्र लिखवाता है- इस वाक्य में **प्रेरणार्थक क्रिया** का प्रयोग किया गया है।

प्रेरणार्थक क्रिया- ऐसी क्रियाएँ जिसमें कर्त्ता स्वयं कार्य न करके किसी दूसरे से कार्य करवाता है अथवा कार्य करने के लिए प्रेरित करता है उसे प्रेरणार्थक क्रिया कहते हैं।

जैसा कि उक्त वाक्य में किया गया है- इसमें राम स्वयं पत्र न लिखकर लक्ष्मण से पत्र लिखवाता है।

# 07 विशेषण

**1.** "बैताल पचीसी" किस विशेषण का उदाहरण है? **(UPSI Batch & III 19 Dec-2017)**

(a) अपूर्ण संख्या वाचक
(b) पूर्ण संख्या वाचक
(c) क्रम वाचक
(d) समुदाय वाचक

**Sol. (d)** 'बैताल पचीसी' शब्द में पचीसी (पच्चीस) एक संख्या है जो एक समूह या समुदाय का बोध कराती है। इसलिए यह **समुदाय वाचक विशेषण** है।

**2.** "मोहन तुमसे चौगुना काम करता है", इस वाक्य में विशेषण पहचानिए। **(UPSI Batch & I 15 Dec-2017)**

(a) आवृत्ति वाचक (b) परिमाण वाचक
(c) संकेत वाचक (d) सार्वनामिक

**Sol. (a)** दिए गए वाक्य में **आवृत्ति वाचक विशेषण** प्रयुक्त हुआ है। आवृत्ति वाचक विशेषण है → दोगुना, तिगुना, चौगुना, आदि।

**3.** "आटे में थोड़ा नमक डालें" वाक्य में प्रयुक्त व्याकरण पहचानें। **(UPSI Batch - III 19 Dec-2017)**

(a) संकेत वाचक
(b) पूर्ण संख्या वाचक
(c) प्रत्येक बोध वाचक
(d) अनिश्चित परिमाण वाचक

**Sol. (d)** दिए गए वाक्य में **अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण** प्रयुक्त हुआ है। यह परिमाणवाचक विशेषण का एक उपभेद है। थोड़ा बहुत, सब, पूरा इत्यादि अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण है।

**4.** "भारत की सबसे चौड़ी नदी ब्रह्मपुत्र तथा सबसे लंबी नदी गंगा है।" वाक्य में प्रयुक्त शब्द "सबसे" क्या है? **(UPSI Batch & I 22 Dec-2017)**

(a) क्रिया विशेषण (b) विशेषण
(c) विशेष्य (d) प्रविशेषण

**Sol. (d)** दिए गए वाक्य में प्रयुक्त शब्द 'सबसे' **प्रविशेषण** है। हिन्दी में कुछ विशेषणों के भी विशेषण होते है जिन्हे प्रविशेषण कहते है।

**5.** 'राम बहुत बहादुर है।' इस वाक्य में कौन-सा शब्द विशेष्य है? **(UPSI 12-11-2021)**

(a) है (b) राम
(c) बहुत (d) बहादुर

**Sol. (b)** 'राम बहुत बहादुर है।' वाक्य में **'राम' विशेष्य,** 'बहादुर' विशेषण व बहुत 'प्रविशेषण' है। वस्तुत: जिस वस्तु की विशेषता बताई जाए वह शब्द विशेष्य होता है।

**6.** इनमें से यौगिक सार्वनामिक विशेषण का कौन-सा उदाहरण सही है? **(UPSI 13-11-2021)**

(a) वह किताब फटी है।
(b) कोई आदमी रो रहा है।
(c) यह घर मेरा है।
(d) ऐसा आदमी नहीं देखा।

**Sol. (d)** सार्वनामिक विशेषण का वह रूप जो मूल सर्वनाम में प्रत्यय के जुड़ जाने से विशेषण के रूप में प्रयुक्त होता है। यौगिक सार्वनामिक विशेषण कहलाता है। उदाहरण- ऐसा, कितने, इतना, उतना

**7.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'भाषण' के लिए उपयुक्त विशेषण होगा? **(UPSI 13-11-2021)**

(a) तेज (b) कड़कड़ाती
(c) तेजस्वी (d) ओजस्वी

**Sol. (d)** भाषण के लिए उपयुक्त विशेषण **ओजस्वी** है।

**8.** क्रमवाचक विशेषण का उदाहरण कौन-सा है? **(UPSI 14-11-2021)**

(a) दो (b) तीन
(c) चौगुना (d) दूसरा

**Sol. (d)** क्रमवाचक विशेषण- पहला, **दूसरा**
पूर्णांक बोधक विशेषण- एक, दो, तीन
आवृत्तिवाचक विशेषण- दोगुना, चौगुना

**9.** इनमें से 'विधेय-विशेषण' का उदाहरण कौन-सा है? **(UPSI 14-11-2021)**

(a) मेरा लड़का आलसी है।
(b) मेरा घोड़ा काला है।
(c) वैरागियों का यह संसार मिथ्या प्रतीत होता है।
(d) उपरोक्त सभी

**Sol. (d)** मेरा लड़का <u>आलसी</u> है।
मेरा घोड़ा <u>काला</u> है।
वैरागियों का यह संसार <u>मिथ्या</u> प्रतीत होता है।
यहाँ आलसी , काला , मिथ्या विधेय विशेषण है जो लड़का , घोड़ा , संसार की विशेषता बता रहा है और 'है, है, होता है' संयोजक क्रिया से जुड़ा है।

**10.** ''क्षणभंगुर'' किस प्रकार का विशेषण है? **(UPSI 14-11-2021)**

(a) कालबोधक (b) स्वादबोधक
(c) दशाबोधक (d) गुणबोधक

**Sol. (a)** 'क्षणभंगुर' अर्थात् क्षणिक **'कालबोधक'** विशेषण है।
खट्टा, मीठा - स्वादबोधक विशेषण
सूखा, गीला - दशाबोधक विशेषण
मोटा, काला - गुणवाचक विशेषण

**11.** विशेषण किसकी विशेषता बतलाता है? **(UPSI 15-11-2021)**

(a) वाक्य की
(b) संज्ञा की
(c) सर्वनाम की
(d) संज्ञा और सर्वनाम दोनों की

**Sol. (d)** संज्ञा अथवा सर्वनाम शब्दों की विशेषता (गुण, दोष, संख्या, परिमाण आदि) बताने वाले शब्द **विशेषण** कहलाते है।
जैसे- **अच्छी** पुस्तक, **सुंदर** लड़की

**12.** इनमें से गुणवाचक विशेषण कौन-सा है? **(UPSI 16-11-2021)**

(a) गरीब (b) सूखा
(c) पीला-सा (d) उपरोक्त सभी

**Sol. (d)** गुणवाचक विशेषण से पदार्थ के गुण, आकार, रंग, दशा रूप आदि को बोध होता है। **गरीब, सूखा व पीला-सा** आदि गुणवाचक विशेषण है।

**13.** 'मुझे छोटी बच्ची के लिए कुछ नए कपड़े खरीदने हैं' वाक्य में कितने विशेषण शब्द हैं? **(UPSI 20-11-2021)**

(a) 3 (b) 2
(c) 5 (d) 4

**Sol. (a)** मुझे छोटी बच्ची के लिए कुछ नए कपड़े खरीदने है। अत: इसमें **तीन** विशेषण हैं।

**14.** 'वह मेरा पड़ोसी है'। इस वाक्य में 'वह' किस प्रकार का विशेषण है? **(UPSI 20-11-2021)**

(a) परिमाणवाचक विशेषण
(b) संख्यावाचक विशेषण
(c) सार्वनामिक विशेषण
(d) गुणवाचक विशेषण

**Sol. (c)** 'वह' **सार्वनामिक विशेषण** है। ये शब्द संज्ञा के पहले लगकर उस संज्ञा की विशेषता बताते हैं। जैसे- <u>यह</u> पुस्तक, <u>वह</u> कार।

**15.** ''आज मुझे बहुत काम है।''- इस वाक्य में 'बहुत' किस प्रकार का विशेषण है? **(UPSI 21-11-2021)**

(a) सार्वनामिक विशेषण
(b) गुणवाचक विशेषण
(c) संख्यावाचक विशेषण
(d) परिमाणवाचक विशेषण

**Sol. (d)** बहुत, कम, थोड़ा, कम से कम, एक ग्राम आदि **परिमाण वाचक क्रिया विशेषण** के उदाहरण है। इस विशेषण द्वारा माप-तौल का बोध होता है।

**16.** "दूध मीठा है।"- इस वाक्य में 'मीठा' किस प्रकार का विशेषण है? **(UPSI 22-11-2021)**

(a) संख्यावाचक विशेषण

(b) गुणवाचक विशेषण

(c) सार्वनामिक विशेषण

(d) परिमाणवाचक विशेषण

**Sol. (b)**"दूध मीठा है" इस वाक्य में 'मीठा' **गुणवाचक विशेषण** है।

**17.** "चाय फीकी है।"- इस वाक्य में 'फीकी' किस प्रकार का विशेषण है? **(UPSI 22-11-2021)**

(a) परिमाणवाचक विशेषण

(b) सार्वनामिक विशेषण

(c) गुणवाचक विशेषण

(d) संख्यावाचक विशेषण

**Sol. (c)**"चाय फीकी है।"- इस वाक्य में "फीकी" शब्द **गुणवाचक विशेषण** का द्योतक है।

गुणवाचक विशेषण- जिस विशेषण शब्द से संज्ञा या सर्वनाम के गुण, दशा, स्वभाव, स्थिति, रूप-रंग, आकार, दिशा, भाव आदि लक्षित होते है।

उदाहरण- श्यामा ने लाल सूट पहना है। (रंग)

ममता बहुत पतली है। (दशा)

**18.** 'नौ रस हैं'। इस वाक्य में 'नौ' किस प्रकार का विशेषण है? **(UPSI 23-11-2021)**

(a) सार्वनामिक विशेषण

(b) परिमाणवाचक विशेषण

(c) गुणवाचक विशेषण

(d) संख्यावाचक विशेषण

**Sol. (d)**"नौ रस हैं।" इस वाक्य में प्रयुक्त शब्द "नौ" **संख्यावाचक विशेषण** है।

सार्वनामिक विशेषण- जो सर्वनाम शब्द विशेषण के रूप में संज्ञा या सर्वनाम से पहले लगकर उनकी विशेषता का बोध कराते हैं। उदाहरण-

(i) यह महल किसका है?

(ii) ऐसी साड़ी हम भी खरीदेंगे।

परिमाणवाचक विशेषण- जो विशेषण शब्द किसी संज्ञा या सर्वनाम की मात्रा या नाप-तौल (परिमाण) का ज्ञान कराते हैं।

उदाहरण- दस किलो गेहूँ खरीद लिया है।

गुणवाचक विशेषण- जिस विशेषण शब्द से संज्ञा या सर्वनाम के गुण, दशा स्वभाव, स्थिति, रूप-रंग, आकार, दिशा, भाषा आदि लक्षित हो।

उदाहरण- राधा बहुत सुंदर लड़की है। (गुण)

मीरा बहुत दुबली है। (दशा)

**19.** इनमें से 'संस्कृति' का विशेषण क्या होगा? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) संस्कृत (b) संसकृति

(c) संस्कृतिक (d) सांस्कृतिक

**Sol. (d)**दिए गए विकल्पों में "संस्कृति" शब्द का विशेषण- **सांस्कृतिक** होगा।

**20.** 'पहली पुस्तक वापस करो' में 'पहली' में कौन-सा विशेषण है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) गणना वाचक विशेषण

(b) क्रमवाचक विशेषण

(c) आवृतिवाचक विशेषण

(d) गुणवाचक विशेषण

**Sol. (b)**"पहली पुस्तक वापस करो"- इस वाक्य में **क्रमवाचक विशेषण** का प्रयोग किया गया है।

क्रमवाचक विशेषण- ऐसे विशेषण शब्द जिससे संज्ञा व सर्वनाम के क्रम का ज्ञान हो उसे क्रमवाचक विशेषण कहते हैं। उदाहरण- पहला, दूसरा, तीसरा .....

**21.** "काढ़ा कड़ुवा है।"- इस वाक्य में 'कड़ुवा' किस प्रकार का विशेषण है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) गुणवाचक विशेषण

(b) परिमाणवाचक विशेषण

(c) सार्वनामिक विशेषण

(d) संख्यावाचक विशेषण

**Sol. (a)**"काढा कड़ुवा है"- इस वाक्य में प्रयुक्त "कड़ुवा" शब्द **गुणवाचक विशेषण** है।

गुणवाचक विशेषण- जिस विशेषण शब्द से संज्ञा या सर्वनाम के गुण, दशा, स्वभाव, स्थिति, रूप-रंग, आकार, दिशा, भाव आदि लक्षित हो, उसे गुणवाचक विशेषण कहते हैं। उदाहरण- राम मेधावी छात्र है।

**22.** 'उर्वशी अत्यंत सुंदर है।' इसमें कौन-सा शब्द प्रविशेषण है? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) है (b) सुंदर

(c) अत्यंत (d) उर्वशी

**Sol. (c)**उर्वशी अत्यन्त सुंदर है:- इस वाक्य में प्रयुक्त शब्द **अत्यंत** प्रविशेषण है।

प्रविशेषण- ऐसे शब्द जो विशेषण से पहले आकर उनकी विशेषता बताते हैं, उन्हें प्रविशेषण कहते हैं।

उदाहरण- (i) बहुत काली रात थी।

(ii) मेरा सबसे बड़ा भाई डॉक्टर है।

इन दोनों वाक्यों में प्रयुक्त शब्द- 'बहुत' व 'सबसे' प्रविशेषण के उदाहरण हैं।

**23.** "आज मुझे थोड़ी-सी फुरसत मिली है।"- इस वाक्य में 'थोड़ी-सी' किस प्रकार का विशेषण है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) संख्यावाचक विशेषण

(b) गुणवाचक विशेषण

(c) सार्वनामिक विशेषण

(d) परिमाणवाचक विशेषण

**Sol. (d)**"आज मुझे थोड़ी-सी फुरसत मिली"- इस वाक्य में प्रयुक्त शब्द "थोड़ी-सी" **परिमाणवाचक विशेषण** है।

परिमाणवाचक विशेषण- ऐसे विशेषण शब्द जिनसे संज्ञा या सर्वनाम के नाप तौल (परिमाण) या मात्रा का ज्ञान हो, उसे परिमाण वाचक विशेषण कहते हैं।

उदाहरण- थोड़ा-सा/सी, सब, कुछ, कम, दो दर्जन, दस किलो, दो मीटर इत्यादि।

**24.** "मुझे दस दिन की छुट्टी चाहिए।"- इस वाक्य में 'दस' किस प्रकार का विशेषण है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) संख्यावाचक विशेषण

(b) सार्वनामिक विशेषण

(c) परिमाणवाचक विशेषण

(d) गुणवाचक विशेषण

**Sol. (a)**"मुझे दस दिन की छुट्टी चाहिए।" इस वाक्य में प्रयुक्त दस शब्द **संख्यावाचक विशेषण** है।

संख्यावाचक विशेषण- जिस विशेषण शब्द से संज्ञा या सर्वनाम की संख्या का बोध होता है। उसे **संख्यावाचक विशेषण** कहते हैं।

उदाहरण- एक, दो, तीन, चार ....

**25.** "शायद आज आप ज्यादा खाना खाए हैं।" इस वाक्य में 'ज्यादा किस प्रकार का विशेषण है? **(UPSI 28-11-2021)**

(a) संख्यावाचक विशेषण

(b) परिमाणवाचक विशेषण

(c) सार्वनामिक विशेषण

(d) सार्वनामिक विशेषण

**Sol. (b)**'शायद आज आप ज्यादा खाना खाए है' इस वाक्य में प्रयुक्त 'ज्यादा' शब्द **परिमाणवाचक विशेषण** है। जिस शब्द में किसी संज्ञा या सर्वनाम की मात्रा या नाप तौल (परिमाण) का बोध होता है।

उदाहरण- थोड़ा पानी लाओ

इस साल कम उपज हुई

दोनों वाक्यों में प्रयुक्त थोड़ा, कम, परिमाणवाचक विशेषण है।

**26.** 'संस्कृति' का विशेषण कौन-सा है? **(UPSI 28-11-2021)**

(a) सांस्कृति (b) सांस्कृतिक

(c) संस्कृत (d) संस्कृतिक

**Sol. (b)**संस्कृति का विशेषण शब्द- **सांस्कृतिक** होगा।

**27.** 'सभा में पचासों लोग थे' वाक्य में विशेषण का कौन-सा भेद है? **(UPSI 28-11-2021)**

(a) निश्चित संख्यावाचक

(b) समुदायवाचक

(c) अनिश्चित संख्यावाचक

(d) परिमाणवाचक

**Sol. (c)** सभा में पचासों लोग थे।– इस वाक्य में **अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण** का प्रयोग हुआ है। संख्यावाचक विशेषण के दो भेद होते हैं। निश्चित और अनिश्चित संख्या वाचक विशेषण। जिससे निश्चित संख्या का बोध होता है वह निश्चित संख्यावाचक और जिससे अनिश्चित संख्यावाचक का बोध होता है वह अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण कहलाते है।

उदाहरण– (i) कई, बहुत से, हजारों, लाखों, पचासों– अनिश्चित संख्या वाचक विशेषण

(ii) सौ, दो सौ, लाख, दस, बीस– निश्चित संख्यावाचक विशेषण

**28.** "रामायण सुंदर रचना है।"– इस वाक्य में 'सुंदर' किस प्रकार का विशेषण है? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) सार्वनामिक विशेषण
(b) परिमाणवाचक विशेषण
(c) संख्यावाचक विशेषण
(d) गुणवाचक विशेषण

**Sol. (d)** रामायण सुंदर रचना है– इस वाक्य में प्रयुक्त "सुंदर" शब्द **गुणवाचक विशेषण** है। गुणवाचक विशेषण 7 प्रकार के होते हैं।

**29.** "अध्यापक ने मुझे चार पुस्तकें दी।"– इस वाक्य में 'चार' किस प्रकार का विशेषण है? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) परिमाणवाचक विशेषण
(b) संख्यावाचक विशेषण
(c) गुणवाचक विशेषण
(d) सार्वनामिक विशेषण

**Sol. (b)** "अध्यापक ने मुझे 4 पुस्तकें दी।"– इस वाक्य में 4 **संख्यावाचक विशेषण** है। जिन विशेषण शब्दों से संज्ञा या सर्वनाम की संख्या का बोध होता हैं उन्हें संख्यावाचक विशेषण कहते है। यह दो प्रकार के होते है– निश्चित, अनिश्चित

**30.** 'काँटा' का विशेषण कौन–सा होगा? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) कंटीला (b) काँट
(c) कंटकीर्ण (d) कंटक

**Sol. (a)** काँटा का विशेषण– **कंटीला**
कंटक का विशेषण– कंटकाकीण

**31.** 'अग्नि' का विशेषण कौन–सा होगा? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) आग्नेय (b) आग
(c) अग्नी (d) हुताशन

**Sol. (a)** अग्नि का विशेषण – **आग्नेय**

**32.** इनमें से कौन–सा शब्द 'विशेषण' नहीं है? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) काला (b) तुम
(c) शांत (d) आगामी

**Sol. (b)** **"तुम"** विशेषण नहीं है बल्कि यह पुरुषवाचक सर्वनाम है। बाकी अन्य शब्द– काला, शांत, आगामी विशेषण हैं।

**33.** "राजू ने मुझे दो पुस्तकें दीं"– इस वाक्य में 'दो' किस प्रकार का विशेषण है? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) परिमाणवाचक विशेषण
(b) गुणवाचक विशेषण
(c) संख्यावाचक विशेषण
(d) सार्वनामिक विशेषण

**Sol. (c)** "राजू ने मुझे दो पुस्तक दी।"– इस वाक्य में **संख्यावाचक विशेषण** का प्रयोग हुआ है। इस वाक्य में प्रयुक्त दो शब्द पुस्तक की संख्या का बोध कर रहा है। अत: संख्या वाचक विशेषण है।

**34.** इनमें से गणनावाचक विशेषण का उदाहरण कौन–सा है? **(UPSI 02-12-2021)**

(a) तीन (b) तीसरा
(c) तिगुना (d) तीनों

**Sol. (a)** **"तीन"** – गणनावाचक विशेषण का उदाहरण है। जिस विशेषण से गणना का भाव व्यक्त हो वह गणनावाचक विशेषण होता है। यह संख्या वाचक विशेषण का एक प्रकार है। उदाहरण– एक, दो, तीन, चार .....

# 08 क्रिया विशेषण

**2.** "रात को अचानक वर्षा होने लगी" में क्रिया विशेषण का कौन-सा भेद है?
**(UPSI Batch - III 20 Dec-2017)**
(a) परिमाणवाचक क्रिया विशेषण
(b) स्थानवाचक क्रिया विशेषण
(c) कालवाचक क्रिया विशेषण
(d) रीतिवाचक क्रिया विशेषण

**Sol. (d)** दिए गए वाक्य में **रीति वाचक क्रिया विशेषण** होगा।

**4.** ''गीता जल्दी-जल्दी मुँह मे लड्डू ठूसने लगी।''- इस वाक्य में 'जल्दी-जल्दी' किस प्रकार का क्रियाविशेषण है? **(UPSI 14-11-2021)**
(a) कालवाचक क्रियाविशेषण
(b) स्थानवाचक क्रियाविशेषण
(c) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण
(d) रीतिवाचक क्रियाविशेषण

**Sol. (d)** वाक्य में जल्दी-जल्दी **रीतिवाचक क्रिया विशेषण हैं।** इस विशेषण में क्रिया के संपन्न होने की रीति का बोध होता है।

परिमाणवाचक क्रिया विशेषण- बहुत, पूर्णतया, थोड़ा, तिल-तिल

कालवाचक क्रिया विशेषण - आज, कल, परसो; दोपहर

**6.** ''उन्होंने पूर्णतया समर्थन किया है।''- इस वाक्य में किस प्रकार के क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है? **(UPSI 16-11-2021)**
(a) कालवाचक (b) परिमाणवाचक
(c) स्थानवाचक (d) रीतिवाचक

**Sol. (b)** 'पूर्णतया' आधिक्यबोधक **परिमाणवाचक क्रिया विशेषण** है।

स्थानवाचक क्रिया विशेषण- पास, दूर, ऊपर, पीछे आदि।

**8.** 'आजकल वह दिल्ली में रहता है'। इस वाक्य में 'आजकल' किस प्रकार का क्रियाविशेषण है? **(UPSI 20-11-2021)**
(a) कालवाचक क्रियाविशेषण
(b) स्थानवाचक क्रियाविशेषण
(c) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण
(d) रीतिवाचक क्रियाविशेषण

**Sol. (a)** दिए गए वाक्य में 'आजकल' **कालवाचक क्रिया विशेषण** का उदाहरण है।

- काल वाचक क्रिया विशेषण से क्रिया के होने के समय का पता चलता है। उदाहरण- कब, अभी, परसों, पहले आदि।

**10.** ''तारे आकाश में चमक रहे हैं।'' इस वाक्य में 'आकाश में' किस प्रकार का क्रियाविशेषण है? **(UPSI 20-11-2021)**
(a) कालवाचक क्रियाविशेषण
(b) स्थानवाचक क्रियाविशेषण
(c) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण
(d) रीतिवाचक क्रियाविशेषण

**Sol. (b)** दिए गए वाक्य में 'आकाश में' शब्द स्थान का बोध करा रहे हैं। अत: इसमें **स्थानवाचक क्रिया विशेषण** होगा।

रीतिवाचक क्रियाविशेषण- धीरे-धीरे, जल्दी-जल्दी

**12.** ''रमेश वहाँ कुर्सी पर बैठा था।''- इस वाक्य में वहाँ किस प्रकार का क्रियाविशेषण है? **(UPSI 21-11-2021)**
(a) रीतिवाचक क्रियाविशेषण
(b) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण
(c) स्थानवाचक क्रियाविशेषण
(d) कालवाचक क्रियाविशेषण

**Sol. (c)** वहाँ, यहाँ, अंदर, बाहर आदि **स्थानवाचक क्रिया विशेषण** के उदाहरण है।

**14.** "ईश्वर सर्वव्यापक है।"- इस वाक्य में किस प्रकार के क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है? **(UPSI 22-11-2021)**
(a) कालवाचक (b) रीतिवाचक
(c) परिमाणवाचक (d) स्थानवाचक

**Sol. (d)** "ईश्वर सर्वव्यापक है।"- इस वाक्य में **स्थानवाचक क्रिया विशेषण** का प्रयोग किया गया है।

स्थानवाचक क्रिया विशेषण- जिस शब्द से क्रिया के स्थान का बोध हो उसे स्थानवाचक क्रियाविशेषण कहते हैं।

**16.** "लड़का धीरे-धीरे चल रहा है।" इस वाक्य में 'धीरे-धीरे' किस प्रकार का क्रियाविशेषण है? **(UPSI 23-11-2021)**
(a) रीतिवाचक क्रियाविशेषण
(b) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण
(c) स्थानवाचक क्रियाविशेषण
(d) कालवाचक क्रियाविशेषण

**Sol. (a)** "लड़का धीरे-धीरे चल रहा है।"- इस वाक्य में प्रयुक्त धीरे-धीरे शब्द **रीतिवाचक क्रिया विशेषण** है।

**18.** "देशभर में कोरोना का प्रकोप जारी है।" इस वाक्य में किस प्रकार के क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है? **(UPSI 23-11-2021)**
(a) रीतिवाचक (b) स्थानवाचक
(c) कालवाचक (d) परिमाणवाचक

**Sol. (b)** देशभर में कोरोना का प्रकोप जारी है। इस वाक्य में **स्थानवाचक क्रिया विशेषण** का प्रयोग हुआ है।

**20.** "जिले भर में डेंग्यू का प्रकोप जारी है।" इस वाक्य में किस प्रकार के क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है? **(UPSI 23-11-2021)**
(a) रीतिवाचक (b) परिमाणवाचक
(c) स्थानवाचक (d) कालवाचक

**Sol. (c)** जिले भर में डेंग्यू का प्रकोप जारी है- इस वाक्य में **स्थानवाचक क्रिया विशेषण** का प्रयोग हुआ है।

स्थानवाचक क्रिया विशेषण- जिस शब्द से क्रिया के होने के स्थान का बोध हो।

उदाहरण- राम कमरे के भीतर सो रहा था।

**22.** "सरकार ने अंशत: प्रतिपूर्ति की है।"- इस वाक्य में किस प्रकार के क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है? **(UPSI 24-11-2021)**
(a) रीतिवाचक (b) कालवाचक
(c) परिमाणवाचक (d) स्थानवाचक

**Sol. (c)** "सरकार ने अंशत: प्रतिपूर्ति की है।" इस वाक्य में परिमाण वाचक क्रिया विशेषण का प्रयोग किया गया है।

**परिमाणवाचक क्रिया विशेषण**- जिस शब्द से क्रिया के नाप तौल (परिमाण) या मात्रा का बोध हो उसे परिमाणवाचक क्रिया विशेषण कहते हैं।

उदाहरण- कुछ, सब, 1 किलो, 2 मीटर

**24.** "वह आज ही जाने की तैयारी में है।"- इस वाक्य में 'आज' किस प्रकार का क्रियाविशेषण है? **(UPSI 25-11-2021)**
(a) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण
(b) कालवाचक क्रियाविशेषण
(c) स्थानवाचक क्रियाविशेषण
(d) रीतिवाचक क्रियाविशेषण

**Sol. (b)** "वह आज ही जाने की तैयारी में है।"- इस वाक्य में **कालवाचक क्रिया विशेषण** का प्रयोग हुआ है। कालवाचक क्रियाविशेषण- जिस शब्द से क्रिया के होने का समय ज्ञात हो, उसे कालवाचक क्रिया विशेषण कहते हैं।

उदाहरण- अब, कब, आज, कभी, कल, दिनभर, प्राय: आदि।

**26.** "चोर वहाँ दीवार के पास खड़ा था।"- इस वाक्य में 'वहाँ' किस प्रकार का क्रियाविशेषण है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) कालवाचक क्रियाविशेषण
(b) रीतिवाचक क्रियाविशेषण
(c) स्थानवाचक क्रियाविशेषण
(d) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण

**Sol. (c)** "चोर वहाँ दीवार के पास खड़ा था।" इस वाक्य में प्रयुक्त "वहाँ" शब्द **स्थानवाचक क्रिया विशेषण** है।

स्थानवाचक क्रिया विशेषण- जिस शब्द से क्रिया के होने के स्थान का बोध हो, उसे स्थान वाचक विशेषण कहते हैं। उदाहरण- रामसनेही यहाँ पार्क की सफाई कर रहा है।

**28.** "कभी-कभी मेरे दिल में ख्याल आता है।"- इस वाक्य में 'कभी-कभी' किस प्रकार का क्रियाविशेषण है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) कालवाचक क्रियाविशेषण
(b) रीतिवाचक क्रियाविशेषण
(c) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण
(d) स्थानवाचक क्रियाविशेषण

**Sol. (a)** कभी-कभी मेरे दिल में ख्याल आता है- इस वाक्य में प्रयुक्त शब्द "कभी-कभी" **कालवाचक क्रिया विशेषण** है।

**30.** 'मैं आपके विचारों से अंशत: सहमत हूँ।"- इस वाक्य में किस प्रकार के क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है? **(UPSI 28-11-2021)**

(a) कालवाचक (b) रीतिवाचक
(c) स्थानवाचक (d) परिमाणवाचक

**Sol. (d)** मैं आपके विचारों से अंशत: सहमत हूँ। इसमें **परिमाणवाचक क्रिया विशेषण** का प्रयोग हुआ है क्योंकि अंशत: शब्द क्रिया परिमाण के नापतौल को बता रहा है।

**32.** "वह सालभर अनुपस्थित रहा।"- इस वाक्य में किस प्रकार के क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) कालवाचक (b) परिमाणवाच
(c) रीतिवाचक (d) स्थानवाचक

**Sol. (a)** "वह सालभर अनुपस्थित रहा"- उक्त वाक्य में **कालवाचक क्रिया विशेषण** का प्रयोग हुआ है। जिस शब्द से क्रिया के होने का समय ज्ञात हो उसे काल वाचक क्रिया विशेषण कहते हैं।

उदाहरण- कब, अब, आज, अभी, कल, दिनभर, सालभर, प्राय: आदि।

**34.** "वह अचानक बोल पड़ा।"- इस वाक्य में 'अचानक' किस प्रकार का क्रियाविशेषण है? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) कालवाचक क्रियाविशेषण
(b) रीतिवाचक क्रियाविशेषण
(c) स्थानवाचक क्रियाविशेषण
(d) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण

**Sol. (b)** "वह अचानक बोल पड़ा"- उक्त वाक्य में "अचानक" **रीतिवाचक क्रिया विशेषण** है। जिस शब्द से क्रिया के होने की रीति या विधि का पता चलता है उसे रीति वाचक क्रिया विशेषण कहते हैं, इसके लिए प्रयुक्त होने वाले शब्द- जैसे, वैसे, ऐसे, शीघ्र, तीव्र, मत, रातों-रात इत्यादि हैं।

**36.** "आप क्यों हर बात पर शर्मिंदा हो रहे हैं?"- इस वाक्य में किस प्रकार के क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) स्थानवाचक (b) रीतिवाचक
(c) कालवाचक (d) परिमाणवाचक

**Sol. (b)** आप क्यों हर बात पर शर्मिंदा हो रहे हैं?

↓

इस वाक्य में **रीतिवाचक क्रिया विशेषण** का प्रयोग हुआ है।

ऐसे शब्द जो क्रिया की होने की रीति या विधि को बताते हैं।

**38.** इनमें से कौन-सा शब्द क्रिया विशेषण है? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) बुद्धिमान (b) पहला
(c) मीठा (d) तेज़

**Sol. (d)** क्रियाविशेषण शब्द- **तेज**

**40.** "कोरोना अचानक फैल गया।"-इस वाक्य में 'अचानक' किस प्रकार का क्रियाविशेषण है? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) कालवाचक क्रियाविशेषण
(b) स्थानवाचक क्रियाविशेषण
(c) रीतिवाचक क्रियाविशेषण
(d) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण

**Sol. (c)** कोरोना अचानक फैल गया- इस वाक्य में भी **रीतिवाचक क्रिया विशेषण** का प्रयोग हुआ है।

**42.** "गणेश चतुर्थी से पूर्व शिल्पकार गणेश की मूर्तियाँ बनाने के लिए दिन-रात काम करते हैं।"- इस वाक्य में 'दिन-रात' किस प्रकार का क्रियाविशेषण है? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) स्थानवाचक क्रियाविशेषण
(b) रीतिवाचक क्रियाविशेषण
(c) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण
(d) कालवाचक क्रियाविशेषण

**Sol. (d)** उपर्युक्त वाक्य में प्रयुक्त "दिन-रात" शब्द **कालवाचक क्रिया-विशेषण का** उदाहरण है।

कालवाचक क्रिया विशेषण से क्रिया के होने का समय ज्ञात होता है।

उदाहरण- अब, कब, आज, अभी, कल, दिन-भर, प्राय:।

# 09 लिंग

**1.** दिए विकल्पों में से पुल्लिंग शब्द कौन-सा है? **(UPSI Batch - I 22 Dec-2017)**
(a) वृष्टि (b) नृप
(c) घाघरा (d) रात्रि

**Sol. (b)** दिये गए विकल्पों में '**नृप**' पुल्लिंग शब्द है। अन्य शब्द वृष्टि, घाघरा तथा रात्रि स्त्रीलिंग शब्द है।

**2.** पुल्लिंग परिवर्तन का सही विकल्प चुनिए। **(UPSI Batch & II 19 Dec-2017)**
(a) साम्राज्ञी-सम्राट (b) रानी-राज
(c) कवयित्री-कवी (d) ठकुराइन-ठकुर

**Sol. (a)** दिये गए विकल्पों में पुल्लिंग परिवर्तन का सही विकल्प है- '**साम्राज्ञी-सम्राट**' साम्राज्ञी स्त्रीलिंग है व 'सम्राट' पुल्लिंग शब्द है। राजा का स्त्रीलिंग 'रानी', कवि का स्त्रीलिंग कवयित्री है तथा ठाकुर का स्त्रीलिंग ठकुराइन है।

**3.** ऐसे कौन-से शब्द हैं, जिनका प्रयोग स्त्रीलिंग और पुल्लिंग दोनों रूपों में होता है? **(UPSI Batch & III 15 Dec-2017)**
(a) अशोक, आम
(b) हिमालय, विंध्याचल
(c) राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री
(d) रविवार, सोमवार

**Sol. (c)** दिया गया है विकल्प (c) '**राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री**' शब्दों का प्रयोग स्त्रीलिंग और पुल्लिंग दोनों रूपों में होता है। अन्य सभी विकल्प पुल्लिंग है।

**4.** 'कहार' का लिंग बदलें। **(UPSI Batch - I 15 Dec-2017)**
(a) कहार (b) काहूराइन
(c) कहारिइन (d) कहारिन

**Sol. (d)** कहार में 'इन' प्रत्यय के प्रयोग से इसका स्त्रीलिंग रूप **कहारिन** बनेगा।

**5.** ______ स्त्रीलिंग शब्द होते हैं। **(UPSI Batch - II 20 Dec-2017)**
(a) वृक्षों के नाम (b) नक्षत्रों के नाम
(c) देशों के नाम (d) पर्वतों के नाम

**Sol. (b)** **नक्षत्रों के नाम** प्राय: स्त्रीलिंग होते है। 'अभिजीत' नक्षत्र अपवाद स्वरूप पुल्लिंग होता है। शेष तीनों विकल्प पुल्लिंग की श्रेणी में आते है।

**6.** निम्न में से 'गुरू' शब्द का स्त्रीलिंग कौन सा है? **(UPSI Batch - III 22 Dec-2017)**
(a) गुरूनी (b) गुरूणी
(c) गुरूआनी (d) गुरूवती

**Sol. (b)** गुरू शब्द का स्त्रीलिंग **गुरूणी** होता है।

**7.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग है? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) स्पर्श (b) लेख
(c) गरिमा (d) दु:ख

**Sol. (c)** '**गरिमा**' स्त्रीलिंग शब्द है।

**8.** इनमें से कौन-सा शब्द 'स्त्रीलिंग' है? **(UPSI 13-11-2021)**
(a) अजवायन (b) टोप
(c) रसगुल्ला (d) पराठा

**Sol. (a)** **अजवायन** स्त्रीलिंग शब्द है। सामान्यत: मसालों के नाम स्त्रीलिंग होते है। किसी शब्द को वाक्य में प्रयोग करके भी लिंग ज्ञात कर सकते हैं।

उदाहरणत: पराठे में अजवायन पड़ी है/डाली है पराठे में आलू पड़ा है/डाला है।

**9.** इनमें से कौन-सा शब्द 'वीरांगना' का पुल्लिंग रूप है? **(UPSI 14-11-2021)**
(a) वीर
(b) वीरांगन
(c) इनमें से कोई नहीं
(d) वीरता

**Sol. (a)** वीरागंना का अर्थ वीर नारी होता है। इसका पुल्लिंग '**वीर**' होगा।

**10.** इनमें स्त्रीलिंग शब्द कौन-सा है? **(UPSI 14-11-2021)**
(a) वांग्मय (b) व्याख्या
(c) संस्मरण (d) साहित्य

**Sol. (b)** '**व्याख्या**' स्त्रीलिंग शब्द है। वाक्य प्रयोग कर आसानी से स्त्रीलिंग शब्द की पहचान की जा सकती है।

इस पुस्तक की व्याख्या अच्छी है।

**11.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग है? **(UPSI 15-11-2021)**
(a) नगर (b) द्वीप
(c) देश (d) झील

**Sol. (d)** '**झील**' स्त्रीलिंग शब्द है। गहरी झील, ऊँची झील आदि वाक्य प्रयोग से लिंग ज्ञात किया जा सकता है।

**12.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग नहीं है? **(UPSI 16-11-2021)**
(a) इच्छा (b) निराशा
(c) झुरमुट (d) अंत्येष्टि

**Sol. (c)** **झुरमुट** पुल्लिंग शब्द है। स्त्रीलिंग शब्द को शब्द प्रयोग द्वारा आसानी से ज्ञात कर सकते है-
- खाने **की** इच्छा
- निराशा **छाई** है
- अंत्येष्टि हो **गई** है।
- झुरमुट कट **गया** है।

**13.** कवि का स्त्रीलिंग शब्द क्या है? **(UPSI 17-11-2021)**
(a) कवयित्री (b) कवियित्रि
(c) कवियत्री (d) कवित्री

**Sol. (a)** कवि का स्त्रीलिंग **कवयित्री** होता है।

**14.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग है? **(UPSI 17-11-2021)**
(a) सभा (b) गृह
(c) चंदन (d) पता

**Sol. (a)** '**सभा**' स्त्रीलिंग शब्द है।

**15.** इनमें से क्रिया के किस रूप में कर्ता के अनुसार लिंग परिवर्तन नहीं होता? **(UPSI 17-11-2021)**
(a) भविष्यकालिक रूप में
(b) भूतकालिक रूप में
(c) आज्ञार्थक रूप में
(d) वर्तमानकालिक रूप में

**Sol. (b)** **भूत-कालिक रूप** में वाक्य की क्रिया कर्म के लिंग, वचन व पुरुष के अनुसार होती है।

उदाहरण- राम ने खाना खाया।

सीता ने खाना खाया।

यहाँ कर्ता के अनुसार क्रिया नहीं आई है।

**16.** इनमें स्त्रीलिंग शब्द कौन-सा है? **(UPSI 20-11-2021)**
(a) बोध (b) अनुभव
(c) ज्ञान (d) चेतना

**Sol. (d)** **चेतना** स्त्रीलिंग शब्द है।

कुछ अन्य उदाहरण- मंजिल, सड़क, टोपी, भीड़ आदि।

शब्द प्रयोग- **उसकी** चेतना जाग **गई**।

बोध **हो** गया।

परीक्षा देने से अनुभव **होता** है।

सभी व्यक्तियों को ज्ञान प्राप्त करना चाहिए।

**17.** भाषा-भाव-बोली- शब्द इन चारों में से कितने स्त्रीलिंग शब्द हैं? **(UPSI 20-11-2021)**
(a) 0 (b) 1
(c) 3 (d) 2

**Sol. (d)** **बोली व भाषा** स्त्रीलिंग शब्द हैं जबकि भाव व शब्द पुल्लिंग है।

शब्द प्रयोग–

**अच्छी** भाषा, **अच्छी** बोली

**अच्छे** भाव, **अच्छे** शब्द

**18.** इनमें कौन–सा शब्द स्त्रीलिंग नहीं है? **(UPSI 21-11-2021)**

(a) अपेक्षा (b) आत्मा

(c) स्वर (d) गति

**Sol. (c)** शब्द प्रयोग द्वारा लिंग पहचान–

- किसी से अपेक्षा नहीं करनी चाहिए।
- आत्मा की शुद्धि कर्मों से होती है।
- अच्छी गति के लिए रेसर बाइक खरीदें।
- अच्छा स्वर भगवान की देन है।

अत: **स्वर** शब्द स्त्रीलिंग नहीं है।

**19.** निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द पुल्लिंग है? **(UPSI 21-11-2021)**

(a) घटना (b) रीति

(c) क्षेत्र (d) क्षमा

**Sol. (c)** शब्द प्रयोग द्वारा लिंग की पहचान–

- अच्छी घटनाएं जीवन की राह सुखद बनाती हैं।
- अच्छी रीति का पालन करना चाहिए।
- पुलिस ने क्षेत्र का दौरा किया।
- छोटों के प्रति क्षमा की नीति अपनानी चाहिए।

अत: **'क्षेत्र'** पुल्लिंग शब्द है।

**20.** इनमें से पुल्लिंग शब्द कौन–सा है? **(UPSI 22-11-2021)**

(a) उन्नति (b) विकास

(c) वृद्धि (d) प्रगति

**Sol. (b)** शब्द प्रयोग द्वारा लिंग की पहचान:–

- भारत देश का **विकास** बढ़ रहा है।
- शिक्षा से समाज की उन्नति हो सकती है।
- पेड़ की वृद्धि अच्छी है।
- सभ्यता की प्रगति जारी है।

**21.** भाषा–बोली–विचार–राय इन चारों में से कितने स्त्रीलिंग शब्द हैं? **(UPSI 23-11-2021)**

(a) 4 (b) 1

(c) 3 (d) 2

**Sol. (c)** दिए गए शब्दों में– **भाषा, बोली, राय** स्त्रीलिंग शब्द हैं जबकि विचार शब्द पुल्लिंग है।

**22.** इनमें स्त्रीलिंग शब्द कौन–सा है? **(UPSI 23-11-2021)**

(a) सहयोग (b) भूमिका

(c) संस्कार (d) योगदान

**Sol. (b)** दिए गए विकल्पों में– **"भूमिका"** स्त्रीलिंग शब्द है। शेष शब्द, सहयोग, संस्कार, योगदान पुल्लिंग शब्द हैं।

हिंदी में लिंग– दो तरह के होते हैं–

(1) स्त्रीलिंग– जिससे स्त्री जाति का बोध हो।

(2) पुल्लिंग– जिससे पुरुष जाति का बोध हो।

**23.** शीर्षक–अध्याय–इकाई–पाठ इन चारों में से कितने स्त्रीलिंग शब्द हैं? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) 4 (b) 2

(c) 1 (d) 0

**24. (c)** दिए गए शब्द– शीर्षक, अध्याय, पाठ ये तीनों शब्द पुल्लिंग हैं। जबकि मात्र **एक** शब्द 'इकाई' स्त्रीलिंग है।

**25.** इनमें से कौन–सा शब्द 'पुल्लिंग' है? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) पूड़ी (b) खीर

(c) रोटी (d) धनिया

**Sol. (d)** दिए गए शब्दों में **धनिया** पुल्लिंग शब्द है जबकि अन्य शब्द– पूडी, खीर, रोटी स्त्रीलिंग हैं।

**26.** इनमें स्त्रीलिंग शब्द कौन–सा है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) रचना (b) सृजन

(c) संपादन (d) समायोजन

**Sol. (a)** दिए गए शब्दों में स्त्रीलिंग शब्द– **"रचना"** है जबकि दिए गए अन्य शब्द– सृजन, संपादन, समायोजन पुल्लिंग शब्द हैं।

लिंग– हिन्दी व्याकरण में दो लिंग स्वीकार किए गए हैं।

(i) स्त्रीलिंग– जिससे स्त्री जाति का बोध हो। उदाहरण– घड़ी, मेज

(ii) पुल्लिंग– जिससे पुरुष जाति का बोध हो। उदाहरण– पंखा, मोबाइल

**27.** इनमें स्त्रीलिंग शब्द कौन–सा है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) कष्ट (b) श्रम

(c) कृषि (d) कार्य

**Sol. (c)** **'कृषि'** शब्द स्त्रीलिंग शब्द है। जिन शब्दों में स्त्री जाति का बोध होता है उसे स्त्रीलिंग कहते है। उदाहरणत:– मेज़, कुर्सी, चारपाई इत्यादि।

**28.** 'शक्तिमान' का स्त्रीलिंग क्या है? **(UPSI 28-11-2021)**

(a) शक्तिमानी (b) शक्तिमती

(c) शक्तिमाती (d) इनमें से कोई नहीं

**Sol. (b)** शक्तिमान का स्त्रीलिंग – **शक्तिमती**

**29.** इनमें कौन–सा शब्द स्त्रीलिंग नहीं है? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) दवात (b) दवान

(c) दवाई (d) दवार

**Sol. (d)** दवात, दवान, दवाई– तीनों शब्द स्त्रीलिंग है जबकि **दवार** शब्द पुल्लिंग है।

**30.** निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द पुल्लिंग है? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) प्लेट (b) तलवार

(c) पायल (d) कैमरा

**Sol. (d)** **"कैमरा"** – पुल्लिंग शब्द है जबकि दिए गए अन्य शब्द– प्लेट, तलवार, पायल स्त्रीलिंग है।

**31.** किनके नाम अधिकतर पुल्लिंग होते हैं? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) तिथियों के (b) भाषाओं के

(c) नदियों के (d) दिनों के

**Sol. (d)** **"दिनों" के नाम** अधिकतर पुल्लिंग होते हैं। बाकी अन्य नाम– तिथियों के नाम, भाषाओं के नाम, नदियों के नाम स्त्रीलिंग होते हैं।

तिथियों के नाम– एक, दो, तीन तारीख ...

भाषाओं के नाम– हिंदी, अंग्रेजी, फारसी ...

नदियों के नाम– गंगा, यमुना, कावेरी ...

**32.** इनमें कौन–सा शब्द स्त्रीलिंग नहीं है? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) कविता (b) कहानी

(c) उपन्यास (d) जीवनी

**Sol. (c)** **"उपन्यास"** पुल्लिंग शब्द है जबकि कविता, कहानी, जीवनी स्त्रीलिंग शब्द है।

**33.** इनमें से कौन–सा शब्द पुल्लिंग है? **(UPSI 02-12-2021)**

(a) मुर्खता (b) कपट

(c) निद्रा (d) सुंदरता

**Sol. (b)** **"कपट"** शब्द – पुल्लिंग है। बाकी शब्द– मूर्खता, निद्रा तथा सुंदरता स्त्रीलिंग शब्द हैं।

**34.** 'कवि' शब्द का स्त्रीलिंग कौन–सा होगा? **(UPSI 02-12-2021)**

(a) कवीत्री (b) लेखिका

(c) कवयित्री (d) कवित्री

**Sol. (c)** कवि शब्द का स्त्रीलिंग शब्द– **कवयित्री** होगा। लेखिका का पुल्लिंग शब्द– लेखक होगा।

# 10 वचन

**1.** आदर देने एवं बड़प्पन हेतु किस वचन का प्रयोग होता है? **(UPSI Batch & III 20 Dec-2001)**
(a) बहुवचन (b) एकवचन
(c) सदा बहुवचन (d) सदा एकवचन

**Sol. (a)** आदर देने एवं बड़प्पन हेतु सदा **बहुवचन** का प्रयोग होता है। आदर या सम्मानसूचक शब्दों का प्रयोग बहुवचन शब्द के रूप में करते है। जैसे- गाँधी जी चंपारण आए थे।

**2.** किन शब्दों से वचन की पहचान नहीं होती है? **(UPSI Batch - I 19 Dec-2017)**
(a) संज्ञा (b) क्रिया
(c) क्रिया विशेषण (d) विशेषण

**Sol. (c) क्रिया-विशेषण** शब्दों से वचन की पहचान नहीं होती।

**3.** प्रयुक्त शब्दों में से कौनसा शब्द एकवचन नहीं है? **(UPSI Batch - III 22 Dec-2017)**
(a) सत्य (b) दर्शन
(c) व्यथा (d) वर्षा

**Sol. (b) दर्शन** शब्द सदैव बहुवचन में प्रयुक्त होता है।

**4.** सदा एकवचन में प्रयुक्त होने वाले शब्दों को चुनिये। **(UPSI Batch - III 20 Dec-2017)**
(a) होश, लोग (b) प्राण, बाल
(c) हस्ताक्षर, जनता (d) चर्चा, जनता

**Sol. (d)** सदा एकवचन में प्रयुक्त होने वाले शब्द **चर्चा**, **जनता** है। होश, लोग, प्राण, बाल, हस्ताक्षर शब्द सदैव बहुवचन में प्रयुक्त होते है।

**5.** दिए गए वाक्यों/विकल्पों में से रेखांकित शब्द जो प्राय: एकवचन में ही प्रयुक्त होता है, उसका चयन कीजिए। **(UPSI Batch - II 15 Dec-2017)**
(a) इस वर्ष उड़ीसा में बहुत कम <u>वर्षा</u> हुई है।
(b) आपके <u>दर्शन</u> से मैं बड़ा लाभान्वित हुआ।
(c) मैं आपके <u>अक्षत</u> को पूजार्थ ले जा रहा हूँ।
(d) आपके <u>होंठ</u> तो बड़े आकर्षक हैं।

**Sol. (a)** रेखांकित शब्द **'वर्षा'** प्राय: एकवचन में प्रयुक्त होता है। शेष अन्य रेखांकित शब्द दर्शन, अक्षत, होंठ बहुवचन में प्रयोग किए जाते है।

**6.** 'कवि' शब्द किस शब्द का एकवचन है? **(UPSI Batch - II 13 Dec-2017)**
(a) कविवृंद (b) कवि लोग
(c) कवि समूह (d) कवि दल

**Sol. (a)** 'कवि' शब्द का बहुवचन **कविवृंद** है जिसका अर्थ है। कवियों का समूह। इसलिए 'कवि' शब्द 'कविवृंद' का एकवचन है।

**7.** "गौ से" का सामान्य बहुवचन दिए गए विकल्पों में से कौन सा है? **(UPSI Batch & III 19 Dec-2017)**
(a) गौआओं से (b) गौ से
(c) गायों से (d) गौओं से

**Sol. (d)** 'गौ से' का बहुवचन **'गौओं से'** होगा।

**8.** आदरणीय व्यक्तियों के लिए हमेशा किस वचन का प्रयोग होता है? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) एकवचन (b) बहुवचन
(c) दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

**Sol. (b)** आदरणीय व्यक्तियों के लिए हमेशा **बहुवचन** का प्रयोग किया जाता है।
उदाहरणत: वे मेरे पूज्य पिता हैं।
गांधी जी भारत के राष्ट्रपिता थे।

**9.** इनमें से कौन-सा शब्द बहुवचन है? **(UPSI 13-11-2021)**
(a) लड़का (b) प्राण
(c) किताब (d) माता

**Sol. (b) 'प्राण'** एक बहुवचन शब्द है। शब्द के जिस रूप से अनेकता का बोध हो उसे बहुवचन कहते हैं।

**10.** निम्न वाक्यों में से कौन-सा वाक्य एकवचन है? **(UPSI 14-11-2021)**
(a) भय से उसके तो प्राण ही गए
(b) कल बहुत वर्षा हुई थी
(c) महात्मा बुद्ध महान थे
(d) अध्यापकगण यहाँ बैठें

**Sol. (b) 'कल बहुत वर्षा हुई थी'** एकवचन है।

**11.** इनमें से 'वस्तु' का बहुवचन क्या होगा? **(UPSI 14-11-2021)**
(a) सारी वस्तु (b) वस्तुओं
(c) वस्तुएँ (d) इनमें से कोई नहीं

**Sol. (c)** वस्तु का बहुवचन **वस्तुएँ** होगा।

**12.** निम्नलिखित में से एकवचन शब्द कौन सा है?
(a) घरों (b) लताओं
(c) नदी (d) दर्शन

**Sol. (c) नदी** शब्द एकवचन है।

**13.** किसका प्रयोग सदैव बहुवचन में होता है? **(UPSI 17-11-2021)**
(a) दर्शन (b) लता
(c) नारी (d) गाय

**Sol. (a) दर्शन** शब्द सदैव बहुवचन में प्रयोग होता है।

| **शब्द** | **बहुवचन** |
|---|---|
| लता | लताएँ |
| नारी | नारियाँ |
| गाय | गायें |

**14.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द बहुवचन है? **(UPSI 21-11-2021)**
(a) प्राण (b) लड़का
(c) पुस्तक (d) पौधा

**Sol. (a) प्राण**, आँसू, दर्शन, दाम, अक्षत, लोग आदि सदैव बहुवचन में प्रयुक्त होते हैं।

**15.** इनमें से 'एक' का बहुवचन क्या है? **(UPSI 27-11-2021)**
(a) अनेकों (b) अनेक
(c) एकैक (d) इनमें से कोई नहीं

**Sol. (b)** दिए गए विकल्पों में 'एक' का बहुवचन- **'अनेक'** होगा। हिंदी व्याकरण में वचन- दो स्वीकार किए गए हैं।
(1) एकवचन (2) बहुवचन

**16.** इनमें से किस शब्द के रूप एकवचन और बहुवचन में समान नहीं पाए जाते है? **(UPSI 25-11-2021)**
(a) पानी (b) प्रेम
(c) वर्षा (d) इनमें से कोई नहीं

**Sol. (d)** दिए गए शब्दों- पानी, प्रेम, वर्षा के एकवचन एवं बहुवचन रूप समान पाए जाते है।

**17.** 'घर' का बहुवचन रूप क्या है? **(UPSI 28-11-2021)**
(a) घर (b) घरों
(c) घराओं (d) घरें

**Sol. (b)** घर का बहुवचन - **घरों**

CHAMPION PUBLICATION Gagan Pratap Sir

# 11 वाक्य

1. "सर्वत्र बाध्यता और विवशता ही दिखाई देती है।" वाक्य का भेद बताएँ। (UPSI Batch - II 12 Dec-2017)
(a) मिश्र वाक्य (b) सरल वाक्य
(c) संयुक्त वाक्य (d) आश्रित उपवाक्य

**Sol. (c) संयुक्त वाक्य** किसी संयोजक शब्द से जुड़े होते हैं तथा दोनों वाक्य स्वतंत्र अर्थ देते है। प्रश्नगत वाक्य में 'और' संयोजक शब्द है।

2. दिए विकल्पों में से सही विकल्पों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति करें:
"रामायण और महाभारत काल में विमान होते थे, ऐसा हमने अपने _______ से सुना है और हिन्दू धर्मग्रंथों में भी इसका _______ किया गया है।" (UPSI Batch - I 22 Dec-2017)
(a) पूर्वजों, लेख (b) बड़ों, वर्णन
(c) कानों, खुलासा (d) शास्त्रों, जिक्र

**Sol. (b)** दिए गए विकल्पों के आधार पर प्रश्नगत रिक्त स्थानों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द '**बड़ो, वर्णन**' है।

3. "अहा! हिमालय की प्रकृति कितनी मनमोहक है।"– यह किस प्रकार का वाक्य है? (UPSI 16-11-2021)
(a) प्रश्नवाचक वाक्य
(b) संकेतवाचक वाक्य
(c) विस्मयवाचक वाक्य
(d) विधानवाचक वाक्य

**Sol. (c)** वाक्य में **विस्मयाधिबोधक चिह्न** (!) का प्रयोग हुआ है। इस प्रकार के वाक्यों में हर्ष, आश्चर्य, शोक आदि भाव व्यक्त होते हैं।

4. वाक्य में प्रयुक्त शब्द को क्या कहते हैं?
(a) पदबंध (b) पद
(c) शब्दकोश (d) उपवाक्य

**Sol. (b)** वाक्य में प्रयुक्त शब्द को '**पद**' कहते हैं। पद बंध– जब एक या अधिक पद मिलकर एक इकाई बनाते हैं तो उसे 'पदबंध' कहते है।

5. "आपकी यात्रा सुखद हो।" – यह किस प्रकार का वाक्य है? (UPSI 20-11-2021)
(a) प्रश्नवाचक वाक्य
(b) निषेधवाचक वाक्य
(c) संकेतवाचक वाक्य
(d) इच्छावाचक वाक्य

**Sol. (d) इच्छावाचक** वाक्यों में इच्छा, शुभकामना, आदि का बोध होता है।
उदाहरण– प्रभु आपको उन्नति दे। आपकी यात्रा मंगलमय हो।

6. "क्या आप हिंदी जानते हैं?"– यह किस प्रकार का वाक्य है? (UPSI 22-11-2021)
(a) प्रश्नवाचक वाक्य
(b) संकेतवाचक वाक्य
(c) निषेधवाचक वाक्य
(d) विधानवाचक वाक्य

**Sol. (a)** "क्या आप हिन्दी जानते है?" यह **प्रश्नवाचक वाक्य** है।

7. 'मैं लड़के को वेद पढ़ाता हूँ' इस वाक्य में कितने कर्म हैं? (UPSI 22-11-2021)
(a) एक (b) तीन
(c) दो (d) पाँच

**Sol. (c)** मैं लड़के को वेद पढ़ाता हूँ– इस वाक्य में **दो** कर्म है।
(i) लड़का (ii) वेद

8. "इस चित्र को छूना मना है।" यह किस प्रकार का वाक्य है? (UPSI 23-11-2021)
(a) प्रश्नवाचक वाक्य
(b) निषेधवाचक वाक्य
(c) विधानवाचक वाक्य
(d) संकेतवाचक वाक्य

**Sol. (b)** "इस चित्र को छूना मना है"– **निषेधवाचक वाक्य** है। निषेधवाचक वाक्य– जिस वाक्य से किसी काम के न करने या होने का बोध होता है। उदाहरण– मैं स्कूल नहीं गया।

9. "चारमीनार कहाँ है?" यह किस प्रकार का वाक्य है? (UPSI 23-11-2021)
(a) प्रश्नवाचक वाक्य
(b) निषेधवाचक वाक्य
(c) विधानवाचक वाक्य
(d) संकेतवाचक वाक्य

**Sol. (a)** चार मीनार कहाँ है?– यह वाक्य **प्रश्नवाचक वाक्य** है।
प्रश्नवाचक वाक्य– जिस वाक्य से प्रश्न किए जाने का बोध हो। उदाहरण– राम ने क्या खाया?
विधान वाचक वाक्य– जिस वाक्य से क्रिया के करने या होने की सूचना प्राप्त हो। उदाहरण– राधा ने खाना खाया।

10. "क्या इस निरीह की रक्षा करने वाला कोई वीर बचा है?"– यह किस प्रकार का वाक्य है? (UPSI 27-11-2021)
(a) संकेताचक वाक्य
(b) विधानवाचक वाक्य
(c) प्रश्नवाचक वाक्य
(d) निषेधवाचक वाक्य

**Sol. (c)** "क्या इस निरीह की रक्षा करने वाला कोई वीर बचा है?" यह वाक्य **प्रश्नाचक वाक्य** का उदाहरण है।
प्रश्नवाचक वाक्य – जिन वाक्यों से प्रश्न किए जाने का बोध हो।
उदाहरण – क्या सीता राम मैदान में खेल रहा है?
निषेधवाचक वाक्य – जिस वाक्य से किसी काम के करने या न होने का बोध हो, उसे निषेधवाचक वाक्य कहते हैं।
उदाहरण – सीता रमण स्कूल नहीं जाता है।
विधानवाचक वाक्य – जिस वाक्य की क्रिया से करने या होने की सूचना प्राप्त होती है।
उदाहरण – पीयूष क्रिकेट खेल रहा है।

11. "आपका सेवा-निवृत्त जीवन आनंदमय हो।"– यह किस प्रकार का वाक्य है? (UPSI 27-11-2021)
(a) संकेतवाचक वाक्य
(b) इच्छावाचक वाक्य
(c) विधानवाचक वाक्य
(d) निषेधवाचक वाक्य

**Sol. (b)** 'आपका सेवा-निवृत्त जीवन आनंदमय हो' – **इच्छा वाचक वाक्य** है
↓
जिन वाक्यों से वक्ता की इच्छा, कामना तथा आशीर्वाद आदि का बोध होता है। उसे इच्छावाचक वाक्य कहते हैं।
उदाहरण तुम अपने कार्य में सफल रहो।

12. "हैदराबाद किस राज्य में है?"– यह किसी प्रकार का वाक्य है? (UPSI 27-11-2021)
(a) प्रश्नवाचक वाक्य
(b) संकेतवाचक वाक्य
(c) निषेधवाचक वाक्य
(d) निषेधवाचक वाक्य

**Sol. (a)** हैदराबाद किस राज्य में है? – उक्त वाक्य **प्रश्नवाचक** है।

13. "मैं चाहता हूँ कि तुम्हारे साथ खेलूँ।"– यह किस प्रकार का वाक्य है? (UPSI 29-11-2021)
(a) निषेध वाक्य (b) संयुक्त वाक्य
(c) मिश्र वाक्य (d) सरल वाक्य

**Sol. (c)** "मैं चाहता हूँ कि तुम्हारे साथ खेलूँ" – उक्त वाक्य **मिश्र वाक्य** का उदाहरण है।

14. "आपकी विदेश-यात्रा मंगलमय हो।"– यह किस प्रकार का वाक्य है? (UPSI 29-11-2021)
(a) इच्छावाचक वाक्य
(b) संकेतवाचक वाक्य
(c) निषेधवाचक वाक्य
(d) विधानवाचक वाक्य

**Sol. (a)** "आपकी विदेश यात्रा मंगलमय हो"– उक्त वाक्य **इच्छा वाचक वाक्य** है।

15. 'मुझे छोटी बच्ची के लिए कुछ नए कपड़े खरीदने हैं' वाक्य में कौन-सा शब्द कर्ता है? (UPSI 01-12-2021)
(a) कपड़े (b) कुछ नए
(c) छोटी बच्ची (d) मुझे

**Sol. (d) मुझे** छोटी बच्ची के लिए कुछ नए कपड़े खरीदने हैं– वाक्य में कर्ता शब्द **मुझे** है।

# 12 वाच्य

**1.** पंछी पानी पीते हैं, इसका कर्मवाच्य रूप है– **(उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित, 2016)**
(a) पानी पंछियों से पिये जाते हैं।
(b) पानी पंछी से पिया जाता है
(c) पंछियों से पानी पिया जाता है।
(d) पंछियों से पानी पी जाती है।

**Sol. (c)** दिए गए वाक्य में कर्मवाच्य रूप → **पंछियों से पानी पिया जाता है।**
कर्मवाच्य में कर्म की प्रधानता होती है।

**2.** निम्नलिखित में से 'भाववाच्य' का उदाहरण कौन-सा है? **(UP Cons. 18/06-2018)**
(a) अब चला जाए
(b) रवि आम चूसता है
(c) मोहिनी पत्र लिखती है
(d) शीला से खाया नहीं जाता

**Sol. (d)** भाववाच्य केवल **विकल्प (d)** में है। क्रिया के जिस रूपातंरण से वाक्य में क्रिया अथवा भाव की प्रधानता का ज्ञान हो उसे भाववाच्य कहते है।

**3.** वाच्य कितने प्रकार के होते हैं? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) दो (b) तीन
(c) चार (d) पांच

**Sol. (b)** वाच्य के **तीन** प्रकार होते है–
कर्तृवाच्य, कर्मवाच्य, भाववाच्य

**4.** निम्नलिखित में से किस वाक्य में 'कर्मवाच्य' नहीं है? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) उससे खाना नहीं खाया गया।
(b) बालक खिलखिलाकर हँस रहा था।
(c) दोषी व्यक्ति द्वारा क्षमा याचना की गयी।
(d) छात्र द्वारा पुस्तक पढ़ी गयी।

**Sol. (b)** कर्मवाच्य में क्रिया का प्रभाव कर्ता पर न पड़कर कर्म पर पड़ता है। **विकल्प (b)** में हँसने का प्रभाव कर्ता पर पड़ रहा है।

**5.** किस वाच्य में क्रियाएँ सदैव एकवचन, पुल्लिंग तथा अन्य पुरुष में होती हैं? **(UPSI 14-11-2021)**
(a) कर्मवाच्य (b) कर्तृवाच्य
(c) भाववाच्य (d) सभी में

**Sol. (c) भाववाच्य** में क्रियाएँ सदैव एकवचन, पुल्लिंग तथा अन्य पुरुष में होती हैं।
कर्मवाच्य में क्रिया का प्रयोग कर्म के अनुसार होता है तथा कर्म के अनुरूप ही लिंग, वचन व पुरुष होता है।

**6.** भाववाच्य में किस प्रकार की क्रिया का प्रयोग किया जाता है? **(UPSI 15-11-2021)**
(a) सकर्मक (b) अकर्मक
(c) द्विकर्मक क्रिया (d) संयुक्त क्रिया

**Sol. (b)** भाववाच्य वाक्य में क्रिया या भाव की प्रधानता होती है। इसमें कर्ता या कर्म की प्रधानता नहीं होती। भाववाच्य **अकर्मक क्रिया** में होता है। उदाहरण- हिरण से दौड़ा नहीं जाता।

**7.** निम्नलिखित में से किस वाक्य में भाववाच्य का प्रयोग हुआ है? **(UPSI 15-11-2021)**
(a) मोहन ने खाना नहीं खाया।
(b) मैने दरवाजा नहीं खोला।
(c) कुलियों ने सामान नहीं उठाया।
(d) दादी से चला नहीं जाता।

**Sol. (d)** दादी से चला **नहीं** जाता। वाक्य भाववाच्य का एक उदाहरण है। इसमें कर्ता या कर्म की प्रधानता नहीं है, बल्कि क्रिया का भाव चलने में असमर्थता - प्रधान है।

- जब वाक्य में न तो कर्ता की प्रधानता होती है और न कर्म की, बल्कि क्रिया का भाव प्रधान होता है, उसे भाववाच्य कहते है।

**8.** निम्नलिखित में से भाववाच्य वाक्य का चयन कीजिए। **(UPSI 16-11-2021)**
(a) मैं उठ नहीं सकता।
(b) उसके द्वारा भोजन पकाया गया।
(c) मेरे भाई से लड़ा नहीं जा सका।
(d) हमारे द्वारा रास्ता आसानी से पार किया गया।

**Sol. (c)** भाववाच्य वाक्य में कर्ता या कर्म की बजाए भाव की प्रधानता होती है।
**'मेरे भाई से लड़ा नहीं जा सका'**
वाक्य में न लड़ पाने का भाव है।

**9.** 'उसके द्वारा लिखा नहीं जा सकेगा।' इस वाक्य में वाच्य का कौन-सा प्रकार है? **(UPSI 16-11-2021)**
(a) कर्तृ वाच्य (b) कर्म वाच्य
(c) भाव वाच्य (d) इनमें से कोई नहीं

**Sol. (c)** वाक्य में न लिख पाने का भाव दिया है अत: यहाँ **भाववाच्य** होगा।

**10.** निम्नलिखित में से किस वाक्य में 'कर्तृवाच्य' का प्रयोग हुआ है? **(UPSI 17-11-2021)**
(a) मजदूर से दर्द के कारण उठा नहीं गया।
(b) छात्रों द्वारा सजावट की गई।
(c) आज नागरिकों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया
(d) मोहन पुस्तक पढ़ रहा है।

**Sol. (d) "मोहन पुस्तक पढ़ रहा है।"** में कर्तृवाच्य का प्रयोग हुआ है।
कर्तृवाच्य में वाक्य का उद्देश्य क्रिया का कर्ता है; अर्थात् क्रिया में कर्त्ता की प्रधानता है।

**11.** 'उससे दो पत्र लिखे जाएंगे।' इस वाक्य का कर्तृवाच्य लिखिए। **(UPSI 17-11-2021)**
(a) वह दो पत्र लिखेगा।
(b) वह दो पत्र लिखता है।
(c) उसने दो पत्र लिखे।
(d) उसने दो पत्र लिखा।

**Sol. (a)** कर्तृवाच्य में कर्ता की प्रधानता होती है। अत: दिए गए वाक्य का कर्तृवाच्य **'वह दो पत्र लिखेगा'** होगा।

**12.** ''रोगी चल नहीं सकता'' का भाववाच्य मे रूपांतरण क्या होगा? **(UPSI 21-11-2021)**
(a) रोगी चल नहीं पा रहा है
(b) रोगी नहीं चलेगा
(c) रोगी चल नहीं पाएगा
(d) रोगी से चला नहीं जाता

**Sol. (d) "रोगी से चला नहीं जाता।"**
यहाँ 'न चल पाना' भाव को व्यक्त कर रहा है जबकि 'रोगी चल नहीं सकता' कर्तृवाच्य का उदाहरण है जिसमें कर्ता का प्रधानता है। कर्तृवाच्य को भाव वाच्य में बदलने के लिए कर्ता को करण कारक में लिखकर अकर्मक क्रिया में लिखा जाता है।
अत: भाववाच्य :- 'रोगी से चला नहीं जाता'।

**13.** निम्नलिखित में से किस वाक्य में 'भाववाच्य' है? **(UPSI 21-11-2021)**
(a) लोग खुलकर हँस रहे थे।
(b) "रामचरितमानस" ग्रंथ तुलसी द्वारा लिखा गया।
(c) वृद्ध आराम से बैठ नहीं सकता।
(d) सर्दियों में रोज नहाया नहीं जाता।

**Sol. (d) "सर्दियों में रोज नहाया नहीं जाता"** वाक्य भाव-वाच्य का उदाहरण है। भाव-वाच्य मे कर्ता या कर्म की प्रधानता न होकर भाव की प्रधानता होती है। भाववाच्य की क्रिया अकर्मक होती है।

**14.** 'सीता नहीं पढ़ती है।' इस वाक्य में वाच्य का कौन-सा प्रकार है? **(UPSI 21-11-2021)**

(a) भाव वाच्य (b) इनमें से कोई नहीं
(c) कर्तृ वाच्य (d) कर्म वाच्य

**Sol. (c)** "सीता नहीं पढ़ती है।" में **कर्तृवाच्य** होगा। क्योंकि इसमें कर्ता की प्रधानता का बोध हो रहा है तथा कर्ता के अनुरूप ही लिंग व वचन आए हैं।

**15.** कर्ता और कर्म यदि परसर्ग-युक्त हों तो ऐसा वाच्य क्या कहलाता है? **(UPSI 22-11-2021)**

(a) कर्मवाच्य (b) भाववाच्य
(c) कर्तृवाच्य (d) ये सभी

**Sol. (a)** कर्ता और कर्म यदि परसर्ग युक्त हो तो ऐसा वाच्य **कर्मवाच्य** कहलाता है।

कर्तृवाच्य- कर्ता के साथ विभक्ति नहीं होती है, यदि होगी भी तो 'ने' होगी।

**16.** कर्मवाच्य में किस प्रकार की क्रिया का प्रयोग होता है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) संयुक्त क्रिया (b) अकर्मक क्रिया
(c) सकर्मक क्रिया (d) इनमें से कोई नहीं

**Sol. (c)** कर्मवाच्य- क्रिया के जिस रूप में कर्म प्रधान हो, इसमें केवल **सकर्मक क्रिया** के वाक्य होते हैं उसे कर्मवाच्य कहते हैं। उदाहरण- कवियों द्वारा कविताएँ लिखी गई। उक्त वाक्य में कर्म प्रधान है तथा उन्हीं के लिए 'लिखी गई' क्रिया का विधान हुआ है। अत: यहाँ कर्मवाच्य है।

**17.** "राम से पत्र लिखे गए।" यह किस वाच्य का उदाहरण है? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) कर्मवाच्य
(b) कर्तृवाच्य
(c) कर्तृकर्मवाच्य
(d) भाववाच्य

**Sol. (a)** "राम से पत्र लिखे गए।"- इस वाक्य में **कर्मवाच्य** का प्रयोग हुआ है।

कर्मवाच्य- इसमें कर्म की प्रधानता होती है तथा क्रिया का रूप कर्म के अनुसार परिवर्तित होता है। कर्मवाच्य में 'से' या 'के द्वारा' का प्रयोग होता है तथा इसमें हमेशा 'सकर्मक क्रिया' का प्रयोग किया जाता है।

उदाहरण- कपड़े धोबी द्वारा धोए जाते हैं।

**18.** जब वाक्य की क्रिया के लिंग, वचन और पुरुष, कर्ता अथवा कर्म के लिंग, वचन और पुरुष के अनुसार न होकर एकवचन, पुल्लिंग तथा अन्य पुरुष हों तब वाक्य में कौन-सा वाच्य होता है? **(UPSI 28-11-2021)**

(a) कर्मवाच्य (b) कर्तृवाच्य
(c) भाव वाच्य (d) इनमें से कोई नहीं

**Sol. (c) भाव वाच्य**- जिस वाक्य में कर्ता तथा कर्म की प्रधानता न होकर क्रिया या भाव की प्रधानता होती है। अर्थात्

- क्रिया के पुरुष, वचन और लिंग कर्ता अथवा कर्म के अनुसार न होकर सदैव अन्य पुरुष पुल्लिंग व एकवचन में ही रहते हैं।
- प्राय: निषेधार्थक वाक्य ही भाव वाच्य कहलाते हैं तथा क्रिया अकर्मक होती है।

उदाहरणत:

(i) राम पर खेला नहीं जाता।

(ii) राधा पर चला नहीं जाता।

**19.** 'आज प्राचार्य द्वारा मधुर गीत गाया गया।' इस वाक्य का कर्तृवाच्य में परिवर्तित रूप है- **(UPSI 29-11-2021)**

(a) आज प्राचार्य गीत को गायेंगे।
(b) प्राचार्य द्वारा आज गया गीत मधुर गीत था।
(c) आज प्राचार्य ने मधुर गीत गाया।
(d) आज प्राचार्य मधुर गीत गायेंगे।

**Sol. (c)** आज प्राचार्य द्वारा मधुर गीत गाया गया।

↓

कर्तृवाच्य में परिवर्तन

↓

**आज प्राचार्य ने मधुर गीत गाया**

कर्मवाच्य से कर्तृवाच्य में परिवर्तन के समय कर्मवाच्य से करण कारक की विभक्ति 'से', 'के द्वारा को हटा देते है।

CHAMPION PUBLICATION
Gagan Pratap Sir

# 13 संज्ञा

**1.** "गाँधी को राष्ट्रपिता कहा गया है।" वाक्य में संज्ञा किस से किस रूप में परिवर्तित हो रही है? **(UPSI Batch - I 14 Dec-2001)**
(a) जातिवाचक से व्यक्तिवाचक
(b) व्यक्तिवाचक से जातिवाचक
(c) व्यक्तिवाचक से भाववाचक
(d) भाववाचक से जातिवाचक

**Sol. (b)** 'गाँधी को राष्ट्रपिता कहा गया है।' इस वाक्य में संज्ञा **व्यक्तिवाचक से जातिवाचक** में परिवर्तित हुई है।

**2.** 'संज्ञा' का भेद नहीं होता– **(UP Cons. 18/06/2018)**
(a) व्यक्तिवाचक (b) जातिवाचक
(c) निजवाचक (d) भाववाचक

**Sol. (c)** अर्थ की दृष्टि से संज्ञा के पाँच भेद है – व्यक्तिवाचक, जातिवाचक, भाववाचक, द्रव्यवाचक, समूहवाचक। निजवाचक संज्ञा का भेद नहीं है। बल्कि यह सर्वनाम का भेद है।

**3.** 'शिक्षक' संज्ञा का कौन-सा प्रकार है? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) समूहवाचक संज्ञा
(b) जातिवाचक संज्ञा
(c) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(d) भाववाचक संज्ञा

**Sol. (b)** 'शिक्षक' **जातिवाचक संज्ञा** का उदाहरण है।
शिक्षक/शिक्षिका– जातिवाचक संज्ञा
सेना/पुलिस – समूहवाचक संज्ञा
महात्मा गाँधी, रामायण – व्यक्तिवाचक संज्ञा
दया, बुढ़ापा, थकावट – भाववाचक संज्ञा

**4.** इनमें से कौन-सा शब्द जातिवाचक संज्ञा है? **(UPSI 13-11-2021)**
(a) कृष्ण (b) परिवार
(c) मनुष्य (d) मोहन

**Sol. (c)** **मनुष्य** जाति वाचक संज्ञा है क्योंकि इससे समस्त जाति का बोध हो रहा है।
मोहन/कृष्ण – व्यक्तिवाचक
कक्षा/परिवार – समूहवाचक

**5.** 'राम' संज्ञा का कौन सा प्रकार है? **(UPSI 15-11-2021)**
(a) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(b) भाववाचक संज्ञा
(c) समूहवाचक संज्ञा
(d) जातिवाचक संज्ञा

**Sol. (a)** 'राम' **व्यक्तिवाचक संज्ञा** का उदाहरण है।
भाववाचक संज्ञा– घृणा, प्रेम
समूह वाचक संज्ञा– सेना, भीड़
जातिवाचक संज्ञा– किसान, सैनिक

**6.** 'बचपन' संज्ञा का कौन-सा प्रकार है? **(UPSI 16-11-2021)**
(a) भाववाचक संज्ञा
(b) जातिवाचक संज्ञा
(c) समूहवााचक संज्ञा
(d) व्यक्तिवाचक संज्ञा

**Sol. (a)** **भाववाचक संज्ञा** में व्यक्ति/वस्तु की अवस्था, गुण, धर्म, भाव आदि का बोध होता है।
◆ बचपन, घृणा, ईर्ष्या, ईमानदारी, प्रेम आदि भाववाचक संज्ञा है।

**7.** 'परिवार' संज्ञा का कौन-सा प्रकार है? **(UPSI 17-11-2021)**
(a) समूहवाचक संज्ञा
(b) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(c) जातिवाचक संज्ञा
(d) भाववाचक संज्ञा

**Sol. (a)** परिवार, सभा, भीड़, सेना आदि **समूह वाचक संज्ञा** के उदाहरण है।
◆ जातिवाचक संज्ञा– पहाड़, नदी, घोड़ा
◆ भाववाचक संज्ञा– मिठास, बचपन

**8.** 'शहर' संज्ञा का कौन-सा प्रकार है? **(UPSI 17-11-2021)**
(a) जातिवाचक संज्ञा
(b) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(c) समूहवाचक संज्ञा
(d) भाववाचक संज्ञा

**Sol. (a)** 'शहर' **जातिवाचक संज्ञा** है।

**9.** 'लेखक' संज्ञा का कौन-सा प्रकार है? **(UPSI 21-11-2021)**
(a) भाववाचक संज्ञा
(b) समूहवाचक संज्ञा
(c) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(d) जातिवाचक संज्ञा

**Sol. (d)** 'लेखक' **जातिवाचक संज्ञा** है। जातिवाचक संज्ञा से किसी प्राणी/वस्तु की समस्त जाति का बोध होता है। उदाहरण– पहाड़, नदी, मनुष्य, औरत समूहवाचक संज्ञा से किसी व्यक्ति/वस्तु के समूह का बोध होता है।

**10.** "लोभ", यह संज्ञा का कौन-सा प्रकार है? **(UPSI 29-11-2021)**
(a) भाववाचक संज्ञा
(b) व्यक्तिवाचक संज्ञा
(c) जातिवाचक संज्ञा
(d) समूहवाचक संज्ञा

**Sol. (a)** "लोभ" **भाववाचक संज्ञा** है। जिस संज्ञा शब्द से किसी वस्तु या पदार्थ के गुण या धर्म, दोष, रंग, दशा, भाव, आकार आदि का बोध होता है। ईमानदारी सबसे श्रेष्ठ नीति है।

**11.** 'राष्ट्र' शब्द की भाववाचक संज्ञा कौन-सी होगी? **(UPSI 30-11-2021)**
(a) राष्ट्रीय (b) राष्ट्री
(c) सौराष्ट्र (d) राष्ट्रीयता

**Sol. (d)** "राष्ट्र" - शब्द की भाववाचक संज्ञा - **राष्ट्रीयता** होगी।
भाववाचक संज्ञाओं का निर्माण जातिवाचक संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया और अव्यय शब्दों के अंत में 'पन', 'ता', 'त्वा', 'ई' आदि प्रत्ययों को लगाकर किया जाता है।
उदाहरणः बूढ़ा– बुढ़ापा, अपना– अपनापन, चतुर– चतुराई

**12.** इनमें से कौन-सा शब्द संज्ञा है? **(UPSI 02-12-2021)**
(a) क्रोधित (b) क्रोधी
(c) क्रुद्ध (d) क्रोध

**Sol. (d)** दिए गए शब्दों में संज्ञा शब्द– **क्रोध** है।

**13.** व्याकरण की दृष्टि से 'प्रेम' शब्द क्या है? **(UPSI 02-12-2021)**
(a) क्रिया
(b) भाववाचक संज्ञा
(c) विशेषण
(d) अव्यय

**Sol. (b)** "प्रेम" शब्द **भाववाचक संज्ञा** है।

# 14 सर्वनाम

**1.** इनमें से सर्वनाम शब्द कौन-सा है? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) कौन (b) रोग
(c) सफाई (d) नींद

**Sol. (a) 'कौन'** प्रश्नवाचक सर्वनाम है।

**3.** सर्वनाम का भेद इनमें से कौन-सा नहीं है? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) निजवाचक
(b) प्रश्नवाचक
(c) गुणवाचक
(d) संबंधवाचक

**Sol. (c) गुणवाचक विशेषण** होता है सर्वनाम नहीं। अन्य सभी सर्वनाम के भेद है।
सर्वनाम के 6 प्रकार व सर्वनाम की संख्या 11 होती है।
उदाहरणत: यह, वह, वे, मैं, आप, कौन, क्या कोई आदि।

**5.** इनमें से 'निजवाचक सर्वनाम' का प्रयोग किस वाक्य में हुआ है? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) अपनों से क्या छिपाना
(b) यह समस्या मैं आप ही हल कर लूंगा
(c) यह मेरी निजी पुस्तक है
(d) आज अपनापन कहाँ है

**Sol. (b)** जो सर्वनाम कर्ता के लिए प्रयुक्त होते है उसे निजवाचक सर्वनाम कहते है।
उदाहरणत: आप, स्वयं इत्यादि
**यह समस्या मैं आप ही हल कर लूंगा।**

**7.** 'कोई आ रहा है'- वाक्य में कौन-सा सर्वनाम है? **(UPSI 13-11-2021)**
(a) निजवाचक
(b) अनिश्चयवाचक
(c) संबंधवाचक
(d) निश्चयवाचक

**Sol. (b)** 'कोई' **अनिश्चियवाचक सर्वनाम** है। अर्थात् जिस सर्वनाम से निश्चितता का बोध न हो, उसे अनिश्चियवाचक सर्वनाम कहा जाता है। उदाहरण कोई, कुछ, किसी आदि।

**9.** इनमें से सर्वनाम की उपयुक्त परिभाषा कौन-सी है? **(UPSI 14-11-2021)**
(a) विशेषण के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द
(b) क्रिया के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द
(c) संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द
(d) क्रिया विशेषण के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द

**Sol. (c) संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द सर्वनाम होते है।**
उदाहरण- <u>राम</u> अच्छा लड़का है
संज्ञा
तथा <u>वह</u> होशियार भी है।
सर्वनाम

**11.** 'हम ताजमहल देखने जाएंगे।' इसमें कौन-सा सर्वनाम है? **(UPSI 15-11-2021)**
(a) पुरूषवाचक सर्वनाम
(b) निजवाचक सर्वनाम
(c) निश्चयवाचक सर्वनाम
(d) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

**Sol. (a)** वाक्य में प्रयुक्त 'हम' **पुरुषवाचक सर्वनाम** है। इसे व्यक्तिवाचक सर्वनाम भी कहा जाता है। उदाहरण- मैं, हम, तुम, तू।
आप, स्वयं, खुद निज वाचक सर्वनाम है।

**13.** 'आप भला तो जग भला' इस वाक्य में रेखांकित शब्द कौन-सा सर्वनाम है? **(UPSI 15-11-2021)**
(a) अनिश्चयवाचक (b) निश्चयवाचक
(c) निजवाचक (d) पुरूषवाचक

**Sol. (c)** 'आप' **निजवाचक सर्वनाम** है।
अनिश्चयवाचक सर्वनाम- कोई, कुछ आदि।
निश्चयवाचक सर्वनाम- वह, यह, वे, उस आदि।
पुरुषवाचक सर्वनाम- मैं, हम, तुम आदि

**15.** 'आपके घर मैं <u>स्वयं</u> आया था। 'इस वाक्य में अधोरेखित शब्दों का सर्वनाम का प्रकार लिखिए। **(UPSI 16-11-2021)**
(a) अश्चियवाचक सर्वनाम
(b) संबंधवाचक सर्वनाम
(c) निश्चयवाचक सर्वनाम
(d) निजवाचक सर्वनाम

**Sol. (d)** 'स्वयं' **निजवाचक सर्वनाम** है। खुद, अपने आप, आदि निजवाचक सर्वनाम होते है।

**17.** 'मै अपना काम <u>आप</u> करूँगा।' इस वाक्य में अधोरेखित शब्द के सर्वनाम का प्राकर लिखिए। **(UPSI 16-11-2021)**
(a) संबंधवाचक सर्वनाम
(b) निजवाचक सर्वनाम
(c) निश्चयवाचक सर्वनाम
(d) पुरूषवाचक सर्वनाम

**Sol. (b)** स्वयं **निजवाचक सर्वनाम** है।

**19.** 'वह दूसरों को नहीं बल्कि <u>अपने-आप</u> को सुधार रहा है' इस वाक्य में अधोरेखित शब्दों का सर्वनाम का प्रकार लिखिए। **(UPSI 17-11-2021)**
(a) निजवाचक सर्वनाम
(b) पुरूषवाचक सर्वनाम
(c) निश्चयवाचक सर्वनाम
(d) संबंधवाचक सर्वनाम

**Sol. (a)** अपने → **निजवाचक सर्वनाम**

**21.** निम्नलिखित में कौन-सा अनिश्चयवाचक सर्वनाम नहीं है? **(UPSI 17-11-2021)**
(a) जो, वह (b) कुछ-न-कुछ
(c) कुछ भी (d) सब कुछ

**Sol. (a)** जिस सर्वनाम से किसी वस्तु का निश्चित बोध नहीं होता, उसे **अनिश्चयवाचक सर्वनाम** कहते है। जैसे- कुछ भी, सब कुछ, किसी, कुछ, कुछ न कुछ।

**23.** इनमें से कौन-सा शब्द पुरुषवाचक सर्वनाम से संबंधित नहीं है? **(UPSI 17-11-2021)**
(a) हम (b) तू
(c) कोई (d) मैं

**Sol. (c)** मैं, हम, तू, तुम, वह आदि पुरुषवाचक सर्वनाम हैं। जबकि **'कोई'** प्रश्नवाचक सर्वनाम है।

**25.** 'मैं अपने-आप वस्त्र साफ कर लेता हूँ। इस वाक्य में कौन-सा सर्वनाम है?
(a) निश्चयवाचक (b) पुरुषवाचक
(c) निजवाचक (d) अनिश्चयवाचक

**Sol. (c)** अपने आप, स्वयं, खुद, निज आदि **निजवाचक सर्वनाम** हैं।

**27.** 'हम ताजमहल देखने जाएंगे।' इस वाक्य में 'हम' सर्वनाम का कौन-सा प्रकार है?
(a) निजवाचक (b) निश्चयवाचक
(c) संबंधवाचक (d) पुरुषवाचक

**Sol. (d)** हम, मैं, तुम, तुम्हारा, उसका आदि पुरुषवाचक सर्वनाम है।

**29.** 'कोई आ रहा है' वाक्य में 'कोई' किस प्रकार का सर्वनाम है? **(UPSI 21-11-2021)**
(a) निजवाचक (b) संबंधवाचक
(c) अनिश्चयवाचक (d) निश्चयवाचक

**Sol. (c)** 'कोई', 'कुछ' किसी आदि **अनिश्चय वाचक सर्वनाम** है। इससे किसी वस्तु/व्यक्ति/घटना की अनिश्चितता का बोध होता है।

**31.** इनमें से संबंधवाचक सर्वनाम क्या है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) कुछ (b) वह
(c) जो (d) इनमें से कोई नहीं

**Sol. (c)** संबंध वाचक सर्वनाम: जो सर्वनाम दो वस्तुओं या व्यक्तियों का परस्पर संबंध प्रकट करते हैं, उसे संबंध वाचक सर्वनाम कहते हैं उदाहरण- **जैसी-वैसी, जहाँ-वहाँ, जो-सो, जो-वह**, जिसकी-उतनी, जितना-उतना आदि।

उदाहरण- वह नौकर कौन है जो मेरी बात नहीं सुनता है।

**33.** इनमें से संबंधवाचक सर्वनाम का प्रयोग किस वाक्य/किन वाक्यों में हुआ है? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) जो सोता है सो खोता है
(b) जिसने परिश्रम किया वह सफल हो गया
(c) जैसी करनी वैसी भरनी
(d) उपरोक्त सभी

**Sol. (d)** संबंध वाचक सर्वनाम: जिस सर्वनाम से वाक्य के किसी दूसरे संज्ञा या सर्वनाम से संबंध स्थापित किया जाता है अर्थात जो सर्वनाम दो वस्तुओं या व्यक्तियों का पारस्परिक संबंध प्रकट करते हैं, उन्हें संबंध वाचक सर्वनाम कहते हैं।

उदाहरण- जैसी-वैसी, जहाँ-वहाँ, जो-सो, जो-वह, जिसकी-उसकी, जितना-उतना।

उदाहरण- (i) जो सोता है सो खोता है।

(ii) जिसने परिश्रम किया वह सफल हो गया।

(iii) जैसे करनी वैसी भरनी।

संबंध वाचक सर्वनाम (जो..सो, जिसने.. वह, जैसी-वैसी) का प्रयोग हुआ है।

**35.** इनमें से अनिश्चयवाचक सर्वनाम कौन-सा है? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) कुछ (b) सो
(c) वह (d) यह

**Sol. (a)** अनिश्चय वाचक सर्वनाम - जिस सर्वनाम से किसी निश्चित व्यक्ति, वस्तु या स्थान का बोध न हो, उसे अनिश्चिय वाचक सर्वनाम कहते हैं। **कोई, कुछ अनिश्चय वाचक सर्वनाम हैं।**

उदाहरण- तुम्हारे घर कोई आया हैं

दूध में कुछ पड़ा है।

**37.** 'आपके घर में <u>इतने</u> मेहमान आए हैं, कुछ मेहमान हमारे यहाँ भेज दीजिये।' इस वाक्य में अधोरेखित शब्दों का सर्वनाम का प्रकार लिखिए। **(UPSI 29-11-2021)**

(a) संबंधवाचक सर्वनाम
(b) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(c) निश्चयवाचक सर्वनाम
(d) निजवाचक सर्वनाम

**Sol. (b)** अधोरेखित शब्दों में **अनिश्चयवाचक सर्वनाम** का प्रयोग किया गया है। अनिश्चयवाचक सर्वनाम जिससे किसी निश्चित व्यक्ति, वस्तु या स्थान का बोध न हो।

**39.** 'किसी को बुलाओं' वाक्य में 'किसी' इनमें से क्या है? **(UPSI 02-12-2021)**

(a) संयुक्त सर्वनाम
(b) सार्वनामिक विशेषण
(c) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(d) यौगिक सार्वनामिक विशेषण

**Sol. (c)** "किसी को बुलाओ"

↓

अनिश्चिय वाचक सर्वनाम का प्रयोग किया गया है। जिस सर्वनाम से किसी अनिश्चित व्यक्ति, वस्तु या स्थान का बोध हो, उसे **अनिश्चिय वाचक सर्वनाम** कहते है।

उदाहरण- कोई, कुछ

तुम्हारे घर कोई आया है।

दूध में कुछ पड़ा है।

CHAMPION PUBLICATION Gagan Pratap Sir


About Gagan Sir
An enthusiastic and dynamic teacher with an experience over 7 year and counting. Aced SSC CGL Mains twice with top score. His unique way of teaching in simplified way makes maths fun and easy.
Gagan Pratap Sir
We are now AVAILABLE on Playstore
Champion Publication App
Google Play
Your one-stop solution for all government exam with access to
Free test series
24/7 doubts solver
Free interactive book practice
Free book pdf
Free Quiz
Daily targets
Available on
amazon
Flipkart
CHAMPION PUBLICATION
₹ 150/-
For Suggestions Whatsapp
7351553388
Bilingual
Calculation King
Gagan Pratap Sir
CHAMPION PUBLICATION
Bilingual
Calculation King
30 Days Calculation Mastery
Fast calculation Methods
Real exam approach
PYQ & MCQ Practice set
Chapter wise calculation Tricks
Useful For
SSC-CGL (Tier-I & II), CHSL(Tier-I & II), CPO, MTS, CDS, GD, Selection Post & other Competitive Exams
Gagan Pratap Sir

# 15 रस

**1.** "हिमाद्रि तुंग शृंग से, प्रबुद्ध शुद्ध भारती।
स्वयं प्रभा समुज्ज्वला, स्वतंत्रता पुकारती।।"
उक्त पंक्ति में कौन-सा रस है? **(UPSI 2001)**
(a) शृंगार (b) वीर
(c) हास्य (d) भयानक

**Sol. (b)** उपयुक्त पंक्तियों में **वीर रस** हैं जिस काव्य को पढ़ने से मन में 'उत्साह' नामक स्थायी भाव की जागृति होती है, उसे वीर रस कहते है। इसका स्थायी भाव 'उत्साह' है।

**2.** "श्रीकृष्ण के सुन वचन अर्जुन क्रोध से जलने लगे। सब शोक अपना भूलकर करतल युगल मलने लगे। "संसार देखे अब हमारे शत्रु रण में मृत पड़े।" करते हुए यह घोषणा वे हो गए उठ कर खड़े।" प्रस्तुत पंक्तियों में कौन-सा रस है?
**UPP Jail Warden/Fireman Exam Date 20/12/2020 Shift&II**
(a) रौद्र (b) वीर
(c) भयानक (d) वीभत्स

**Sol. (a)** उक्त पंक्तियों में **रौद्र रस** है। जिस काव्य को पढ़ने या सुनने से क्रोध की अनुभूति होती है वहाँ रौद्र रस होता है। रौद्र रस का स्थायी भाव 'क्रोध' होता है।

**3.** कबीर की उलटबाँसियों में कौन-सा रस प्रमुख है? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) बीभत्स रस (b) अद्‌भुत रस
(c) करूण रस (d) शांत रस

**Sol. (b)** कबीर की उलट बाँसियो में **अद्‌भुत रस** प्रमुख है। अद्‌भुत रस का स्थायी भाव आश्चर्य होता है।

**4.** वियोग के अन्तर्गत कितनी कामदशाएँ मानी गयी हैं? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) 8 (b) 11
(c) 9 (d) 10

**Sol. (d)** शृंगार रस में वियोग से संबंधित कुल **10** काम दशाएँ मानी गई है- अभिलाषा, चिंता, ग्रण कथन, उद्वेग, प्रलाप, उन्माद, व्याधि, जड़ता मृति/मरण

**5.** वीर रस में इनमें से कौन-से गुण की प्रधानता रहती है? **(UPSI 13-11-2021)**
(a) ओज (b) प्रसाद
(c) माधुर्य (d) ये सभी

**Sol. (a)** वीर रस में **'ओज'** गुण की प्रधानता होती है। 'ओज' कविता का वह गुण है जिससे सुनने वाले चित्त में आवेश उत्पन्न होता है।

**6.** इनमें से किसे उज्जवल रस या मधुर रस भी कहते हैं? **(UPSI 14-11-2021)**
(a) हास्य (b) भक्ति
(c) शृंगार (d) वत्सल

**Sol. (c) शृंगार रस** को ही उज्जवल रस या मधुर रस भी कहते हैं।

**7.** रस के कितने अवयव है? **(UPSI 15-11-2021)**
(a) चार (b) तीन
(c) छह (d) पांच

**Sol. (a)** रस के **चार** अवयव होते है-
(i) स्थायीभाव
(ii) संचारीभाव
(iii) विभाव
(iv) अनुभाव
(i) जो भाव मानव हृदय में स्थायी रूप से रहता है उन्हें स्थायी भाव कहते हैं। प्रत्येक रस का एक स्थायी भाव होता है। उदाहरण- रति, उत्साह
(ii) संचारी भाव, स्थायी भावों को पुष्ट करने में सहायक होते हैं। इसकी संख्या 33 होती है।
(iii) स्थायी भाव को जाग्रत करने वाले कारक विभाव कहलाते है। आलम्बन और उद्दीपन इसके दो भेद हैं।
(iv) आश्रय की चेष्टाएँ अनुभाव कहलाती है।

**8.** 'अद्‌भुत-रस' के देवता इनमें से किसे माना जाता है? **(UPSI 15-11-2021)**
(a) काम (b) गंधर्व
(c) विष्णु (d) शिव

**Sol. (b)**

| **रस** | **देवता** |
|---|---|
| अद्‌भुत रस | **गंधर्व** |
| शृंगार रस | विष्णु |
| रौद्र रस | शिव/रुद्र |
| करुण रस | यम |
| हास्य रस | प्रमथ |
| वीर रस | महेंद्र |

**9.** करूण रस का स्थायीभाव क्या होता है? **(UPSI 16-11-2021)**
(a) रति (b) निर्वेद
(c) भय (d) शोक

**Sol. (d)** करूण रस का स्थायीभाव **'शोक'** होता है।
- शृंगार रस - रति
- हास्य रस - हास
- वीभत्स - घृणा/जुगुप्सा
- भयानक - भय
- शांति - निर्वेद

**10.** रस के अवयवों की संख्या कितनी है? **(UPSI 17-11-2021)**
(a) सात (b) आठ
(c) चार (d) नौ

**Sol. (c)** रस के अवयवों की संख्या 4 है।
1. स्थायी भाव
2. संचारी भाव या व्याभिचारी भाव
3. विभाव
4. अनुभाव

**11.** हास्य रस का स्थायीभाव क्या होता है? **(UPSI 20-11-2021)**
(a) हास (b) शोक
(c) निर्वेद (d) रति

**Sol. (a)** हास्य रस का स्थायी भाव **हास** होता है।

| **रस** | **स्थायी भाव** |
|---|---|
| श्रृंगार रस | रति |
| करुण रस | शोक |
| वीर | उत्साह |
| भयानक | भय |
| रौद्र | क्रोध |
| अद्‌भुत | आश्चर्य |
| शांत | निर्वेद |

**12.** माधुर्य गुण किस रस में प्रयुक्त होता है? **(UPSI 21-11-2021)**
(a) रौद्र (b) श्रृंगार
(c) वीर (d) शांत

**Sol. (b)** माधुर्य गुण **शृंगार रस** में प्रयुक्त होता है। इसके अतिरिक्त यह गुण शांत व करुण रस में भी पाया जाता है।

**13.** रौद्र रस का स्थायीभाव क्या होता है? **(UPSI 23-11-2021)**
(a) भय (b) क्रोध
(c) रति (d) शोक

**Sol. (b)**

| **रस** | **स्थायी भाव** |
|---|---|
| रौद्र रस | **क्रोध** |
| शृंगार रस | रति |
| भयानक | भय |
| करुण | शोक |

**14.** जिन पंक्तियों में नायक-नायिका का मिलन होता है, वहाँ रस की दृष्टि से कौन-सा शृंगार होता है? **(UPSI 23-11-2021)**
(a) अद्‌भुत (b) संयोग
(c) वियोग (d) हास्य

**Sol. (b) संयोग** शृंगार रस- जहाँ नायक-नायिका का मिलन होता है। वहाँ रस की दृष्टि से संयोग शृंगार रस होता है।
उदाहरण- बतरस लालच लाल की मुरली धरी लुकाय।
सौंह करैं भौंहनु हँसै दैन कहै नटि जाय।।

**15.** जिन पंक्तियों में नायक-नायिका के वियोग का वर्णन होता है, वहाँ रस की दृष्टि से कौन-सा शृंगार होता है? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) हास्य (b) संयोग
(c) अद्भुत (d) विप्रलंभ

**Sol. (d) विप्रलंभ** (वियोग) शृंगार रस- जब नायक- नायिका किसी कारण से एक-दूसरे से दूर हो जाते हैं या बिछुड़ जाते हैं अर्थात् जिस स्थान पर नायक-नायिका के विरह या वियोगावस्था का वर्णन होता है, वहाँ वियोग या विप्रलंभ शृंगार रस होता है।
उदाहरण- निसदिन बरसत नैन हमारे।
सदा रहति पावस ऋतु हम पै जब ते स्याम सिधारे।।

**16.** भयानक रस का स्थायीभाव क्या होता है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) रति (b) शोक
(c) भय (d) निर्वेद

**Sol. (c)**

| **रस** | **स्थायी भाव** |
|---|---|
| भयानक | **भय** |
| शृंगार | रति |
| करूण | शोक |
| शांत | निर्वेद |

**17.** हास्य रस का स्थायीभाव कौन-सा होता है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) रति (b) निर्वेद
(c) हास्य (d) शोक

**Sol. (c)** हास्य रस का स्थायी भाव - **हास्य**
शृंगार रस का स्थायी भाव - रति
शांत रस का स्थायी भाव - निर्वेद
करुण रस का स्थायी भाव - शोक

**18.** 'शृंगार' शब्द का तद्भव रूप कौन-सा है? **(UPSI 28-11-2021)**

(a) सिंगार (b) सिकड़ी
(c) शोभन (d) सिंघाड़ा

**Sol. (a)** शृंगार का तद्भव रूप- **सिंगार** है।
श्रृंगाटक - सिंघाड़ा
शोभांजन - शोभन

**19.** हृदय में मूलरूप से विद्यमान रहने वाले भावों को क्या संज्ञा दी जाती है? **(UPSI 28-11-2021)**

(a) अनुभाव (b) विभाव
(c) स्थायी भाव (d) संचारी भाव

**Sol. (c)** हृदय में मूलरूप से विद्यमान रहने वाले भावों को- **स्थायी भाव** कहते है। इनकी संख्या 9 है।

| **रस का नाम** | **स्थायी भाव** |
|---|---|
| शृंगार रस | रति |
| वीर | उत्साह |
| रौद्र | क्रोध |
| वीभत्स | जुगुप्सा |
| शांत | निर्वेद |
| भयानक | भय |
| अद्भुत | विस्मय |
| हास्य | हास |
| करूण | शोक |

**20.** वीर रस से युक्त काव्य में किस गुण की प्रधानता रहती है? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) माधुर्य (b) प्रसाद
(c) ओज (d) इनमें से कोई नहीं

**Sol. (c)** वीर रस से युक्त काव्य में- **ओज गुण** की प्रधानता होती है।

**21.** हिंदी साहित्य का नौवाँ रस इनमें से कौन-सा है? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) भक्ति (b) शांत
(c) वात्सल्य (d) करुण

**Sol. (b)** हिंदी साहित्य का नौवां रस-**शांत रस** है। जिसका स्थायी भाव निर्वेद होता है।

**22.** विस्मय स्थायी भाव किस रस में होता है? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) शांत (b) अद्भुत
(c) हास्य (d) वीर

**Sol. (b)**

| **रस** | **स्थायी भाव** |
|---|---|
| शांत रस | निर्वेद (वैराग्य) |
| **अद्भुत रस** | विस्मय |
| हास्य रस | हास्य |
| वीर रस | उत्साह |

**23.** वीर रस का स्थायीभाव कौन-सा होता है? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) उत्साह (b) रति
(c) हास (d) क्रोध

**Sol. (a)**

| **रस** | **स्थायी भाव** |
|---|---|
| वीर रस | **उत्साह** |
| शृंगार रस | रति |
| हास्य रस | हास |
| रौद्र रस | क्रोध |

**24.** स्थायी भावों की संख्या कितनी है? **(UPSI 02-12-2021)**

(a) 10 (b) 11
(c) 12 (d) 9

**Sol. (d)** स्थायी भावों की संख्या **9** मानी गई है।

| **रस** | **स्थायी भाव** |
|---|---|
| शृंगार रस | रति |
| हास्य रस | हास्य |
| करुण रस | शोक |
| वीर रस | उत्साह |
| रौद्र रस | क्रोध |
| भयानक रस | भय |
| वीभत्स रस | जुगुप्सा (घृणा) |
| अद्भुत रस | विस्मय |
| शांत | निर्वेद (वैराग्य) |

**25.** 'शांत रस' का स्थायी भाव कौन-सा है? **(UPSI 02-12-2021)**

(a) शृंगार (b) निर्वेद
(c) रति (d) ग्लानि

**Sol. (b)** शांत रस का स्थायी भाव - **निर्वेद**
शृंगार रस का स्थायी भाव - रति

CHAMPION PUBLICATION Gagan Pratap Sir

# 16 छन्द

**1.** शिल्पगत आधार पर दोहे से उल्टा छंद है- **(UPSI-2001)**

(a) बरवै (b) सोरठा
(c) चौपाई (d) रोला

**Sol. (b)** शिल्पगत आधार पर दोहे से उल्टा छन्द **'सोरठा'** है अर्थात् दोहे के सम चरणों (द्वितीय और चतुर्थ) में 11 – 11 मात्राएँ और विषम चरणों (प्रथम और तृतीया) में 13 – 13 मात्राएँ होती है, जबकि इसके विपरीत सोरठा के विषम चरणों में 11 – 11 मात्राएँ तथा सम चरणों में 13 – 13 मात्राएँ होती है।

**2.** जो सममात्रिक छंद है। प्रत्येक चरण में 16 मात्राएँ होती है उसे कहते हैं: **(UP Cons. 19/06/2018)**

(a) चौपाई (b) दोहा
(c) सोरठा (d) रोला

**Sol. (a) 'चौपाई'** एक सम मात्रिक छंद है जिसमें चार चरण तथा प्रत्येक चरण में 16 मात्राएँ होती है।

रोला → सममात्रिक छंद, 24 मात्राएँ (प्रत्येक चरण में)

दोहा → अर्द्धसम मात्रिक छंद, 13-11-13-11 मात्राएँ

सोरठा → अर्द्धसम मात्रिक छंद 11-13-11-13 मात्राएँ

**3.** कुंडलिया छंद में कितने चरण होते हैं? **(UP Cons. 25/10/2018)**

(a) दस (b) छह
(c) तीन (d) चार

**Sol. (b)** कुंडलिया छंद में **छः** चरण होते है तथा प्रत्येक चरण में 24 मात्राएँ होती है। इसे यूँ भी कहते है कि कुंडलिया के पहले दो चरण दोहा तथा शेष चार चरण रोला से बने होते है। दोहा के प्रथम एवं तृतीया चरण में 13 –13 मात्राएँ तथा दूसरे और चौथे चरण में 11–11 मात्राएँ होती है।

**4.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो बताता है कि- जहाँ छंद में सभी चरण समान होते है, उसे क्या कहा जाता है? **(UP Cons. 28/01/2019)**

(a) विषममात्रिक छंद
(b) अर्धमात्रिक छंद
(c) सममात्रिक छंद
(d) मात्रिक छंद

**Sol. (c)** जिन छंदों के चारों चरणों में मात्राएँ और वर्ण एक समान होते है, उन्हें **सममात्रिक छंद** कहते है। उदाहरण के लिए चौपाई एक सममात्रिक छंद है जिसके प्रत्येक चरण में 16–16 मात्राँए होती है।

**5.** 'अवधि शिला का उस पर, था गुरू भार। तिल तिल काट रही थी, दृग जल धार।।' में कौन-सा छन्द है? **(UPSI 12-11-2021)**

(a) बरवै (b) रोला
(c) तोटक (d) वंशस्थ

**Sol. (a)** अवधि शिला का उस पर, था गुरु भार

।।। ।ऽ ऽ ।। ।।, ऽ ।। ऽ।

तिल तिल काट रही थी, दृग जल धार

।। ।। ऽ। ।ऽ ऽ, ।। ।। ऽ।

12 7

12 + 7 = 19

इसमें एक पंक्ति में कुल 19 मात्राएँ हैं। यह **बरवै छंद** का उदाहरण है। इस छंद में चार चरण होते हैं इसके पहले व तीसरे चरण में 12–12 मात्राएँ और दूसरे व चौथे चरण में 7–7 मात्राएँ होती हैं।

**6.** कुण्डलिया छंद में चरणों की संख्या कितनी होती है? **(UPSI 13-11-2021)**

(a) दो (b) आठ
(c) छह (d) चार

**Sol. (c)** कुंडलिया छंद दोहा व रोला के संयोग से बनता है। इस छंद के **6 चरणों** में से प्रत्येक में 24 मात्राएँ होती है।

**10.** कुण्डलिया छंद किन दो छंदों के योग से बनता है? **(UPSI 13-11-2021)**

(a) दोहा-रोला (b) रोला-उल्लाला
(c) दोहा-उल्लाला (d) दोहा-सोरठा

**Sol. (a)** कुंडलिया **दोहा व रोला** के संयोग से बना छंद है। इस छंद के 6 चरण होते हैं तथा प्रत्येक चरण में 24 मात्राएँ होती है।

रोला + उल्लाला → छप्पय छंद

**7.** इनमें से सोलह मात्राओं वाला छंद कौन-सा है? **(UPSI 14-11-2021)**

(a) घनाक्षरी (b) चौपाई
(c) दोहा (d) रोला

**Sol. (b) चौपाई सम मात्रिक** छन्द का एक भेद है। इसमें चार चरण होते हैं तथा प्रत्येक चरण में 16-16 मात्राएँ होती है।

घनाक्षरी- इसमें 31 या 32 या 33 मात्राएँ होती है। पहले तीन चरणों में 8-8 व चौथे चरण में या 8 या 9 वर्ण होते हैं।

दोहा- इसमें 4 चरणों में क्रमशः 11, 13, 11, 13 मात्राएँ होती है। (प्रत्येक चरण में 24 मात्राएँ)

रोला- इसमें चार चरण होते है जिसमें क्रमशः 13, 11, 13, 11 मात्राएँ होती है। (प्रत्येक चरण में 24 मात्राएँ)

**8.** रोला और उल्लाला से मिलकर कौन-सा छंद बनता है? **(UPSI 15-11-2021)**

(a) कुण्डलिया (b) छप्पय
(c) भुजंगी (d) कवित्त

**Sol. (b)** रोला और उल्लाला छंद को मिलाकर **छप्पय छंद** बनता है। इसमें पहले चार चरण रोला के होते हैं और अंतिम दो चरण उल्लाला के होते हैं।

**9.** आल्हा द्वंद में कितनी मात्राएं होती हैं? **(UPSI 15-11-2021)**

(a) 29 (b) 30
(c) 31 (d) 27

**Sol. (c)** आल्हा छंद में कुल चार चरण होते है। इसके विषम चरणों में 16 मात्राएँ जबकि सम चरणों में 15 मात्राएँ होती है। अतः **कुल 31 मात्राएँ** होती है।

**10.** 'वसंततिलका' का दूसरा नाम क्या है? **(UPSI 16-11-2021)**

(a) चंद्रमुखी (b) सुंदरी
(c) चंद्रकला (d) सिंहोत्रता

**Sol. (d)** वसन्ततिलका छन्द सम वर्णवृत्त छन्द है। यह 34 वर्णों वाला छन्द है। इसका दूसरा नाम **सिंहोत्रता** है।

**11.** ''बात बड़ी सरस थे कहते बिहारी, छोटे बड़े सकल का हित चाहते थे। अत्यंत प्यार सँग थे मिलते सबों से, वे थे सहायक बड़े दु:ख के दिनों के।'' में कौन-सा छन्द है? **(UPSI 16-11-2021)**

(a) बरवै (b) वसंततिलका
(c) मंदाक्रांता (d) सवैया

**Sol. (b)** बात बड़ी सरस थे कहते बिहारी

छोटे बड़े सकल का हित चाहते थे।

दिया गया छन्द **वसंततिलका छंद** है। 'तगण', भगण, जगण और अंत में दो गुरुओं के क्रम से इसका प्रत्येक चरण बनता है। वसंततिलका में प्रत्येक चरण मे 14 वर्ण होते है।

**12.** ''दिनान्त था, थे दिनाथ डूबते, सधेनु आते गृह ग्वाल बाल थे। दिगंत में गो रज थी समुत्थिता, विषाणु नाना बजते सवेणु थे।'' में कौन सा छन्द है? **(UPSI 17-11-2021)**

(a) वंशस्थ (b) भुजंगप्रयात
(c) दोहा (d) सोरठा

**Sol. (a)** दी गई पंक्तियों में **वंशस्थ छंद** है। इसके प्रत्येक चरण में जतौ अर्थात जगत व तगण तथा उसे बाद जरौ अर्थात जगण व रगण होते हैं। अर्थात इसके प्रत्येक चरण में क्रमश: जगण, तगण, जगण व रगण होते हैं।

**13.** "बंदऊँ गुरु पद पदुम परागा। सुरुचि सुबास सरस अनुरागा।। अमिअ मूरियम चूरन चारू। समन सकल भव रुज परिवारू।।" में कौन-सा छन्द है? **(UPSI 17-11-2021)**

(a) तोटक (b) छप्पय
(c) कुण्डलिया (d) चौपाई

**Sol. (d)** दिया गया छन्द **चौपाई** का उदाहरण है। चौपाई सममात्रिक छन्द है। इसमें प्रत्येक चरण में 16–16 मात्राएँ होती हैं।

बदऊँ गुरु पद पदम परागा
।।ऽ ।। ।। ।।। ।ऽऽ (16)
सुरुचि सुबास सरस अनुरागा
।।। ।ऽ। ।।। ।।ऽऽ (16)

**14.** "मैं जो नया ग्रंथ विलोकता हूँ। भाता मुझे सो नव मित्र सा है।। देखूँ उसे मैं नित सार बाला। मानो मिला मित्र पुराना।" में कौन-सा छन्द है? **(UPSI 21-11-2021)**

(a) इंद्रवज्रा (b) बरवै
(c) हरिगीतिका (d) कुण्डलिया

**Sol. (a)** दी गई पंक्तियों में **इंद्रवज्रा छंद** है। इसके प्रत्येक चरण में दो तगण, एक जगण व दो गुरू होते हैं। साथ ही प्रत्येक चरण में 11-11 वर्ण होते हैं। यह सममात्रिक छंद होता है।

- बरवै छन्द – यह अर्द्धसममात्रिक छंद है। इसके चार चरणों में प्रथम व तृतीय चरण में 12-12 मात्राएं जबकि द्वितीय व चतुर्थ चरणों में 7-7 मात्राएं होती है।
- हरिगीतिका- यह भी सममात्रिक छंद है। इसके प्रत्येक चरण में 28 मात्राएं (16, 12) होती हैं तथा अंत लघु और गुरू होता है।
- कुण्डलिया- यह दोहा व रोला दो संयोग से बना छंद है। इसके 6 चरण होते हैं तथा प्रत्येक चरण में 24 मात्राएं होती है। पहले दो दोहा व अंतिम चार चरण रोला के होते हैं।

**15.** हरिगीतिका छंद में कितनी मात्राएँ होती हैं? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) 27 (b) 24
(c) 28 (d) 30

**Sol. (c)** हरिगीतिका – एक सममात्रिक छंद है।

- इसमें 4 चरण होते हैं। तथा मात्राओं की संख्या **28** होती है।
- यति- 16 व 12 मात्राओं पर होती है।
- I & III पंक्ति में- 16 मात्राएँ तथा II & IV पंक्ति में 12 मात्राएँ होती है।

उदाहरण-

कहती हुई यों उत्तरा के नेत्र जल से भर गए।
।।ऽ ।ऽ ऽ ।ऽऽ ऽ, ऽऽ ।। ऽ ।। ।।
हिम के कणों के पूर्ण मानों, हो गए पंकज नए।।
।। ऽ ।ऽ ऽ ऽ। ऽऽ, ऽ ।ऽ ऽ।। ।ऽ

हरिगीतिका छंद में 28 मात्राएँ होती हैं।

**16.** इनमें से अर्धसम मात्रिक जाति का छंद कौन-सा है? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) कुण्डलिया (b) दोहा
(c) रोला (d) चौपाई

**Sol. (b)** अर्धसम मात्रिक जाति का छंद- **दोहा एक** अर्धसम मात्रिक जाति का छन्द है।

जिन छंदों का प्रथम पाद (चरण) तथा तृतीय पाद (चरण) समान हों और द्वितीय पाद (चरण) तथा चतुर्थ पाद (चरण) समान हो अर्ध सम मात्रिक छंद कहते हैं।

उदाहरण- दोहा, सोरठा

दोहा- यह अर्द्धसम मात्रिक छंद है। इसके प्रथम एवं तृतीय चरण में 13-13 मात्राएँ तथा द्वितीय और चतुर्थ चरण में 11-11 मात्राएँ होती है।

# 17 काल

**1.** "प्रेम अनदेखी राहों की तरह ही आकर्षक होता है।" वाक्य का काल पहचानिए।
**UPSI Batch - II 20 Dec-2017**
(a) सामान्य भूतकाल
(b) पूर्ण वर्तमान काल
(c) सामान्य वर्तमान काल
(d) अपूर्ण वर्तमान काल

**Sol. (c)** इस वाक्य में **सामान्य वर्तमान काल** है।

**2.** "मैंने आम खा लिया है" वाक्य में प्रयुक्त काल पहचानें। **UPSI Batch - III 19 Dec-2017**
(a) अपूर्ण भूतकाल (b) हेतुहेतुमद भूतकाल
(c) आसन्न भूत (d) पूर्ण भूतकाल

**Sol. (c)** दिए गए वाक्य में आसन्न भूत है। आसन्न भूत से क्रिया की समाप्ति निकट भूत में या तत्काल ही सूचित होती है।

**3.** 'यदि बारिश होती तो सूखा न पड़ता' काल का कौन सा रूप है? इस वाक्य में
**UPSI Batch - III 15 Dec-2017**
(a) संदिग्ध भूतकाल (b) हेतुहेतुमद भविष्य
(c) संभाव्य भविष्य (d) हेतुहेतुमद भूतकाल

**Sol. (d) हेतुहेतुमद् भूतकाल** → इससे यह पता चलता है कि क्रिया भूतकाल में होने वाली थी, पर किसी कारण न हो सकी।

**4.** 'प्रधानमंत्री बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करेंगे' वाक्य में कौन-सा काल है?
**UPSI Batch - I 16 Dec-2017**
(a) सामान्य भविष्यकाल
(b) सामान्य भूतकाल
(c) संभाव्य भविष्यकाल
(d) सामान्य वर्तमानकाल

**Sol. (a)** दिए गए वाक्य में **सामान्य भविष्यकाल** है। क्रिया के जिस रूप से भविष्य में क्रिया के सामान्यत: घटित होने का बोध हो, वह सामान्य भविष्य काल कहलाता है।

**5.** निम्नलिखित वाक्यों में से पूर्ण वर्तमान काल को स्पष्ट कीजिए।
**UP Const. 19-6-2018 (Shift-2)**
(a) अब हमारे पढ़ने का समय हो गया है।
(b) वह घूमने जा रही है।
(c) वह पढ़ रहा था।
(d) मैं बाहर जाऊँगी।

**Sol. (a)** (i) **अब हमारे पढ़ने का समय हो गया है।** → पूर्ण वर्तमान काल
(ii) वह घूमने जा रही है → तात्कालिक वर्तमान काल
(iii) वह पढ़ रहा था → अपूर्ण भूतकाल
(iv) मैं बाहर जाऊँगी → सामान्य भविष्य काल

**6.** ''मैं खाना खा चुका था'' इस वाक्य में कौन-सा भूतकालिक भेद है? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) पूर्ण भूत (b) आसन्न भूत
(c) सामान्य भूत (d) संदिग्ध भूत

**Sol. (a)** "मैं खाना खा चुका था" इसमें **पूर्ण भूतकालिक** भेद है क्योंकि खाना काफी समय पूर्व खाया जा चुका है।
आसन्नभूत - मैंने अभी खाना खाया हैं
संदिग्ध भूत - उसने खाना खा लिया होगा।
सामान्य भूत - उसने खाना खाया था।

**7.** 'गीता ने पुस्तक पढ़ी है।' इस वाक्य में कौन-सा काल है? **(UPSI 13-11-2021)**
(a) तात्कालिक वर्तमान
(b) अपूर्ण वर्तमान
(c) पूर्ण वर्तमान
(d) सामान्य वर्तमान काल

**Sol. (c)** गीता ने पुस्तक पढ़ी है- **पूर्ण वर्तमान**, गीता पुस्तक पढ़ रही है- तात्कालिक वर्तमान
गीता पुस्तक पढ़ती है- सामान्य वर्तमान काल

**8.** 'वह रोज देर से उठता है।' इस वाक्य में किस काल का उदाहरण है? **(UPSI 14-11-2021)**
(a) तात्कालिक वर्तमान
(b) संदिग्ध वर्तमान
(c) सामान्य वर्तमान
(d) इनमें से कोइ नहीं

**Sol. (c)** 'वह रोज देर से उठता है।' **सामान्य वर्तमान काल** का उदाहरण है। सामान्य वर्तमान काल में क्रिया का सामान्य रूप से होना पाया जाता है। इसके अंत में ता है, ती है, ता हूँ, ती हूँ आदि आते हैं।

**9.** ''संभव है कि कल हमारा परिणाम निकलेगा।'' - इस वाक्य में क्रिया किस काल का बोध करा रही है? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) संभाव्य भविष्यत्
(b) अपूर्ण वर्तमान
(c) सामान्य भविष्यत्
(d) सामान्य भूत

**Sol. (a)** वाक्य में 'संभव' शब्द से स्पष्ट है कि क्रिया भविष्य में होगी। अत: क्रिया **संभाव्य भविष्य काल** का बोध करा रही है।

**10.** 'गायक गीत गा रहा है' - यह किस काल का उदाहरण है? **(UPSI 15-11-2021)**
(a) संदिग्ध वर्तमान
(b) सामान्य वर्तमान
(c) तात्कालिक वर्तमान
(d) इनमें से कोई नहीं

**Sol. (c)** जब क्रिया के वर्तमान में होने का बोध हो तो उसे **तात्कालिक वर्तमान** कहते हैं। 'गायक गीत गा रहा है।' में क्रिया के वर्तमान में होने का बोध हो रहा हैं

**11.** 'मैंने आम खाया है' वाक्य इनमें से किसका उदाहरण है? **(UPSI 16-11-2021)**
(a) अपूर्ण भूत का
(b) सामान्य भूत का
(c) आसन्न भूत का
(d) संदिग्ध भूत का

**Sol. (c)** "मैंने आम खाया है" वाक्य में आम खाने की क्रिया निकटभूत में पूर्ण हुई प्रतीत हो रही है अत: वाक्य में **आसन्न भूतकाल** है।

**12.** 'वह खा रहा था' में 'खा रहा था' कौन-सा काल है? **(UPSI 17-11-2021)**
(a) अपूर्ण भूत (b) सामान्य भूत
(c) पूर्ण भूत (d) संदिग्ध भूत

**Sol. (a)** 'वह खा रहा था' वाक्य में खाने की क्रिया के भूतकाल में आरंभ होने का बोध तो हो रहा है परंतु समाप्ति का बोध नहीं हो रहा। अत: वाक्य में **अपूर्णभूत काल** होगा।

**13.** ''आप गाएँ तो मैं नाचूँ।'' - इस वाक्य में क्रिया किस काल का बोध करा रही है?
**(UPSI 20-11-2021)**
(a) सामान्य वर्तमान
(b) अपूर्ण वर्तमान
(c) हेतुहेतुमद् भविष्यत्
(d) हेतुहेतुमद्भूत

**Sol. (c)** **हेतुहेतुमद भविष्य काल में** एक क्रिया का होना, दूसरी क्रिया पर निर्भर करता है।
उदाहरण- आप आएं तो मैं जाऊं।
वह किताब लाए तब मैं पढ़ूँ।

**14.** इनमें से कौन-सा शब्द 'काल' शब्द का अर्थ नहीं है? **(UPSI 21-11-2021)**
(a) समय (b) आने वाला कल
(c) शत्रु (d) यमराज

**Sol. (b) आने वाला कल** 'काल' शब्द का अर्थ नहीं है।

**15.** "अध्यापिका नृत्य सिखांएगी।" इस वाक्य में क्रिया किस काल का बोध करा रही है?
**(UPSI 22-11-2021)**
(a) सामान्य भविष्यत् (b) सामान्य वर्तमान
(c) अपूर्ण वर्तमान (d) सामान्य भूत

**Sol. (a)** "अध्यापिका नृत्य सिखांएगी"– इस वाक्य में **सामान्य भविष्यत् काल** का बोध हो रहा है।

**16.** "बिल्ली खेल रही है।"– इस वाक्य में क्रिया किस काल का बोध करा रही है?
**(UPSI 22-11-2021)**
(a) अपूर्ण वर्तमान (b) सामान्य भविष्यत्
(c) अपूर्ण भूत (d) सामान्य भूत

**Sol. (a)** बिल्ली खेल रही है– इस वाक्य में **अपूर्ण वर्तमान काल** का प्रयोग किया गया है।

अपूर्ण वर्तमान काल– क्रिया के जिस रूप से यह पता चले कि कार्य वर्तमान काल में शुरू हो गया है और अभी भी चल रहा है। अपूर्ण वर्तमान काल कहते हैं। उदाहरण– मछली पानी में तैर रही है।

**17.** "छात्र पढ़ते होंगे।" इस वाक्य में क्रिया किस काल का बोध करा रही है? **(UPSI 23-11-2021)**
(a) अपूर्ण भूत (b) अपूर्ण वर्तमान
(c) संदिग्ध वर्तमान (d) संदिग्ध भूत

**Sol. (c)** "छात्र पढ़ते होंगे।"– इस वाक्य में प्रयुक्त क्रिया **संदिग्ध वर्तमान काल की** है।

संदिग्ध वर्तमान काल– क्रिया का वह रूप जिससे चल रहे समय में किसी कार्य के होने में संदेह प्रकट हो। उदाहरण– समुद्र में ऊँची लहरें उठ रही होंगी।

**18.** "लता गीत गा रही थी" इनमें से किसका उदाहरण है? **(UPSI 24-11-2021)**
(a) पूर्व भूत का (b) संदिग्ध भूत का
(c) सामान्य भूत का (d) अपूर्णभूत का

**Sol. (d)** "लता गीत गा रही थी।" यह वाक्य **अपूर्ण भूत का** उदाहरण है। अपूर्णभूत काल– क्रिया के जिस रूप से यह पता चले कि कार्य भूतकाल में प्रारंभ हो चुका था, लेकिन अभी पूर्ण नहीं हुआ है, उसे अपूर्ण भूतकाल कहते हैं।

उदाहरण– माताजी खाना बना रही थी।

भोलानाथ फुटबॉल खेल रहा था।

**19.** वर्तमान काल के कितने भेद हैं?
**(UPSI 25-11-2021)**
(a) सात (b) पाँच
(c) छह (d) आठ

**Sol. (b)** वर्तमान काल के **5 भेद** होते है।
(i) सामान्य वर्तमान काल
(ii) तात्कालिक वर्तमान/अपूर्ण वर्तमान काल
(iii) पूर्ण वर्तमान काल
(iv) संदिग्ध वर्तमान काल
(v) संभाव्य वर्तमान काल

**20. (d)** "लड़का आया।"– इस वाक्य में क्रिया **सामान्य भूत** की प्रयोग की गई है।

**सामान्य भूत काल** – क्रिया के जिस रूप से बीते हुए समय में सामान्य रूप से किसी कार्य का होना पाया जाता है, उसे सामान्य भूत काल कहते हैं।

उदाहरण– (i) उसने पुस्तक पढ़ी।
(ii) लड़का आया।

**Sol.** "लड़का आया।"– इस वाक्य में क्रिया किस काल का बोध करा रही है? **(UPSI 27-11-2021)**
(a) सामान्य वर्तमान (b) सामान्य भविष्यत्
(c) अपूर्ण वर्तमान (d) सामान्य भूत

**21.** "आप पढ़ें तो मैं लिखूँ।"– इस वाक्य में क्रिया किस काल का बोध करा रही है?
**(UPSI 27-11-2021)**
(a) हेतुहेतुमद् भविष्यत्
(b) हेतुहेतुमद्भूत
(c) सामान्य वर्तमान
(d) अपूर्ण वर्तमान

**Sol. (a)** "आप पढ़ें तो मैं लिखूँ" – इस वाक्य में क्रिया **हेतुहेतुमद् भविष्यत काल का है।**

**22.** "वह कविता गायन करती है।" इस वाक्य में क्रिया किस काल का बोध करा रही है?
**(UPSI 29-11-2021)**
(a) सामान्य भूत (b) सामान्य भविष्यत्
(c) अपूर्ण वर्तमान (d) सामान्य वर्तमान

**Sol. (d)** वह कविता गायन करती है– इस वाक्य में क्रिया **सामान्य वर्तमान** है।

**23.** "बारिश हो रही थी।" – इस वाक्य में क्रिया किस काल का बोध करा रही है?
**(UPSI 01-12-2021)**
(a) हेतुहेतुमद् भविष्यत्
(b) संदिग्धभूत
(c) अपूर्ण भूत
(d) हेतुहेतुमद्भूत

**Sol. (c)** "बारिश हो रही थी"– इस वाक्य में **अपूर्ण भूत काल का** प्रयोग हुआ है। इस काल में कार्य भूतकाल में प्रारंभ हो चुका रहता है लेकिन अभी तक पूर्ण नहीं हुआ होता।

**24.** "गुरुजी योग सिखाएंगे।"– इस वाक्य में क्रिया किस काल का बोध करा रही है?
**(UPSI 02-12-2021)**
(a) अपूर्ण वर्तमान (b) सामान्य भविष्यत्
(c) सामान्य वर्तमान (d) सामान्य भूत

**Sol. (b)** गुरु जी योग सिखांएगे– इस वाक्य में क्रिया **सामान्य भविष्यत् काल का बोध** कराती है।

सामान्य भविष्यत् काल क्रिया के जिस रूप से यह ज्ञात हो कि कार्य आने वाले समय में होगा या किया जाएगा उसे सामान्य भविष्यत काल कहते हैं। जैसा कि उपर्युक्त वाक्य में दिखाई दे रहा है।

CHAMPION PUBLICATION
Gagan Pratap Sir

# 18 कारक

1. 'अरी गुलाबो! झाड़ू ठीक से लगा' में कौन-सा कारक है? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) कर्म कारक (b) सम्प्रदान कारक
(c) करण कारक (d) संबोधन कारक

**Sol. (d)** 'अरी गुलाबो! ...... में पुकारने का बोध होता है अत: यह संबोधन कारक का उदाहरण है।
कर्ता कारक – काम करने वाला (ने)
कर्म कारक – जिस पर काम का (को) प्रभाव पड़े
करण कारक – जिसके द्वारा कर्ता काम (से, द्वारा) करे
संप्रदान कारक – को, के लिए
अपादान कारक – से (अलग होना)
संबंध कारक – अन्य पदों से (का/की/के, रा/री/रे) संबंध (ना/नी/ने)
अधिकरण कारक – क्रिया के आधार (में, पर) का बोध
संबोधन कारक – पुकारने का बोध (हे! अरे रे! हाय!)

2. 'श्याम पेन्सिल से लिखता है' इसमें कौन-सा कारक है? **(UPSI 13-11-2021)**
(a) कर्म कारक (b) अपादान कारक
(c) सम्प्रदान कारक (d) करण कारक

**Sol. (d)** श्याम पेंसिल से लिखता है इसमें 'से' विभक्ति है अर्थात् इसमें **करण कारक** है।

| **कारक** | **विभक्ति** |
|---|---|
| कर्ता | ने |
| कर्म | को |
| करण | से, द्वारा |
| संप्रदान | को, के लिए |
| अपादान | से (अलगाव) |
| संबंध | का, की, के, रा, री, रे |
| अधिकरण | में, पर |

3. 'गरीबों को वस्त्र दो' वाक्य में कौन-सा कारक है? **(UPSI 16-11-2021)**
(a) सम्प्रदान कारक (b) करण कारक
(c) अधिकरण कारक (d) अपादान कारक

**Sol. (a)** संप्रदान का अर्थ 'देना' होता है। **संप्रदान कारक** की विभक्ति 'के लिए', 'को' होती है। 'गरीबों को वस्त्र दो' में संप्रदान कारक है।

| **कारक** | **विभक्ति चिह्न** |
|---|---|
| कर्ता | ने |
| कर्म | को |
| करण | से, के द्वारा |
| अपादान | से (अलगाव) |
| संबंध | का, की, के, रा, री, रे |
| अधिकरण | में, पर |

4. "हे नारायण! बचाओ।"- इस वाक्य में कौन-सा कारक है?
(a) अधिकरण कारक (b) अपादान कारक
(c) संबोधन कारक (d) संप्रदान कारक

**Sol. (c)** वाक्य में 'हे' शब्द **संबोधन कारक** है।

5. ''भाइयो और बहनो! नोट के लिए किसी को वोट मत दो।''- इस वाक्य में कौन-सा कारक है? **(UPSI 20-11-2021)**
(a) संबंध कारक (b) संबोधन कारक
(c) कर्म कारक (d) अधिकरण कारक

**Sol. (b)** दिए गए वाक्य में जनता से अपील की गई है अत: यह **संबोधन कारक** का उदाहरण है। इस कारक में किसी को बुलाने, पुकारने या बोलने का बोध होता है।

6. "मेरे हाथ में कलम है।"- इस वाक्य में कौन-सा कारक है? **(UPSI 22-11-2021)**
(a) अधिकरण कारक (b) अपादान कारक
(c) संप्रदान कारक (d) संबंध कारक

**Sol. (a)** "मेरे हाथ में कलम है।" इस वाक्य में **अधिकरण कारक** है।

7. "मेरे दोस्त के लिए चाय लाइए।"- इस वाक्य में कौन-सा कारक है? **(UPSI 23-11-2021)**
(a) अधिकरण कारक (b) अपादान कारक
(c) संबंध कारक (d) संप्रदान कारक

**Sol. (d)** "मेरे दोस्त के लिए चाय लाइए।"- इस वाक्य में **संप्रदान कारक** का प्रयोग किया गया है।
संप्रदान कारक- जहाँ कोई वस्तु एक व्यक्ति द्वारा दूसरे व्यक्ति को दी जाती है वहाँ संप्रदान कारक होता है।

| **कारक** | **कारक चिह्न** |
|---|---|
| अधिकरण कारक | में, पर |
| अपादान कारक | से (अलगाव) |
| संबंध कारक | का, की, के, रा, री, रे |
| संप्रदान कारक | के लिए, के निमित्त, के हेतु |

8. "साथियो! हार्दिक स्वागत।"- इस वाक्य में कौन-सा कारक है? **(UPSI 23-11-2021)**
(a) संबोधन कारक (b) अपादान कारक
(c) संबंध कारक (d) अधिकरण कारक

**Sol. (a)** "साथियो! हार्दिक स्वागत है।" वाक्य में **संबोधन कारक** का प्रयोग किया गया है।
संबोधन कारक- संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से आश्चर्य प्रकट करने, किसी को पुकारने तथा संकेत करने का बोध होता है। उदाहरण – हे!, ओ!, अरे!, हाय! ...... उदाहरण- हाय! वह मर गया।

9. "हे राम! मेरी रक्षा करो।"- इस वाक्य में कौन-सा कारक है? **(UPSI 24-11-2021)**
(a) अपादान कारक (b) संप्रदान कारक
(c) अधिकरण कारक (d) संबोधन कारक

**Sol. (d)** "हे राम! मेरी रक्षा करो।"- इस वाक्य में प्रयुक्त कारक **संबोधन कारक** है।
संबोधन कारक- संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप में आश्चर्य प्रकट करने, किसी के पुकारने या संकेत करने का बोध होता है, उसे संबोधन कारक कहते हैं इसके कारक चिह्न- हे! ओ! अरे! हाय! अरी! हो! रे! आदि हैं।
अत: दिए गए वाक्य में संबोधन कारक का प्रयोग हुआ है।

10. इनमें से संबंध कारक का चिह्न कौन-सा है? **(UPSI 25-11-2021)**
(a) की (b) हे
(c) से (d) को

**Sol. (a)** संबंध कारक का चिह्न – का, **की**, के, रा, री, रे
संबोधन कारक का चिह्न – हे! ओ! अरे!
अपादन कारक का चिह्न – से (अलगाव)
कर्म कारक का चिह्न – को

11. "राम का भाई भरत है।"- इस वाक्य में कौन-सा कारक है? **(UPSI 27-11-2021)**
(a) अपादन कारक (b) संबंध कारक
(c) संप्रदान कारक (d) अधिकरण कारक

**Sol. (b)** "राम का भाई भरत है।"- इस वाक्य में **संबंध कारक** का प्रयोग किया गया है।
संबंध कारक का कारक चिह्न – का, की, के, रा, री, रे
अपादान कारक का कारक चिह्न – से (अलगाव)
संप्रदान कारक का कारक चिह्न – के लिए
अधिकरण कारक का कारक चिह्न – में, पर

**12.** "लव कुश का भाई है।"- इस वाक्य में कौन-सा कारक हैं? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) संप्रदान कारक (b) अधिकरण कारक

(c) संबंध कारक (d) अपादान कारक

**Sol. (c)** लव कुश का भाई है- उक्त वाक्य में **"संबंध कारक"** का प्रयोग किया गया है। इनका विभक्ति चिह्न - का, की, के, रा, री, रे है।

संप्रदान कारक का विभक्ति चिह्न - के लिए, के वास्ते, के निमित्त

अधिकरण कारक - में, पर

अपादान कारक - से (अलगाव)

**13.** "मजदूर को मजदूरी दीजिए।"- इस वाक्य में कौन-सा कारक है? **(UPSI 35-11-2021)**

(a) कर्म कारक (b) संबंध कारक

(c) संबोधन कारक (d) अधिकरण कारक

**Sol. (a)** मज़दूर को मज़दूरी दीजिए- **कर्म कारक** का प्रयोग किया है। इसका विभक्ति चिन्ह को है।

| कारक का नाम | कारक चिह्न |
|---|---|
| कर्त्ता | ने |
| कर्म | को |
| करण | से, के द्वारा |
| संप्रदान | के लिए |
| अपादान | से (अलग होने के अर्थ में) |
| संबंध | का, की, के, रा, री, रे |
| अधिकरण | में, पर |
| संबोधन | हे! ओ! अरे! हाय! |

**14.** "रोगी के लिए दवा लाइए।"- इस वाक्य में कौन-सा कारक है? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) संबंध कारक (b) अपादन कारक

(c) अधिकारण कारक (d) संप्रदान कारक

**Sol. (d)** "रोगी के लिए दवा लाइए"

इसमें **संप्रदान कारक** का प्रयोग हुआ है। जिसका कारक चिह्न "के लिए" होता है।

**15.** निम्न वाक्य 'गरीबों को दान दो' में 'गरीब' किस कारक का उदाहरण है? **(UPSI 02-12-2021)**

(a) कर्म (b) संप्रदान

(c) अपादान (d) करण

**Sol. (b)** "गरीबों" को दान दो- गरीब **संप्रदान कारक** का उदाहरण है।

CHAMPION PUBLICATION Gagan Pratap Sir

# 19 अलंकार

**1.** उपमेय और उपमान के बीच समानता बताने वाले शब्द को ................ कहते हैं।
**(UPSI Batch - I 19 Dec-2016)**

(a) रूपक (b) वाचक
(c) उपमान (d) उपमा

**Sol. (d)** उपमेय एवं उपमान के बीच समानता बताने वाले शब्द को अथवा तुलना प्रकट करने वाले शब्द को **'उपमा'** कहते हैं, जबकि 'रुपक' में अति समानता के कारण उपमेय में उपमान का अभेद (भेद रहित) आरोप कर दिया जाता है।

**2.** "जो घनी भूत पीड़ा थी मस्तक में स्मृति सी छाई। दुर्दिन में आँसू बनकर वह आज बरसने आई।।" उक्त पंक्ति में कौन सा अलंकार है?
**(उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित, 2016)**

(a) श्लेष (b) वक्रोक्ति
(c) यमक (d) अनुप्रास

**Sol. (a)** यहाँ 'घनीभूत' शब्द के दो अर्थ है पहला अर्थ है 'मनुष्य' के मन में कुछ समय से इकट्ठी पीड़ा तथा दूसरा अर्थ 'बादलों' से संबंधित हैं। अत: यहाँ **श्लेष अलंकार** है।

**3.** "फूलसी सुकोमल मृदु भावमयी देवयानी; कच के बिना न जी सकेगी, यह निश्चित है।" उक्ति पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?
**(उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित, 2016)**

(a) उपमा (b) रूपक
(c) उत्प्रेक्षा (d) अतिशयोक्ति

**Sol. (a)** दी गई पंक्ति में 'उपमा अंलकार' है। किसी समानता वाचक पद के द्वारा जहाँ उपमेय का उपमान के साथ समान धर्म का प्रतिपादन हो, वहाँ **उपमा अलंकार** होता है।

**4.** "सागर-सा गंभीर हृदय हो, गिरी-सा ऊँचा हो जिसका मन" प्रस्तुत पंक्ति में साधारण धर्म कौन-सा है?
**(UPSI Batch - II 14 Dec- 2017)**

(a) मन (b) हृदय
(c) सागर और गिरि (d) गंभीर और ऊँचा

**Sol. (d)** प्रस्तुत पंक्ति में उपमा अलंकार है, इसमें 'सागर और गिरि' उपमान 'मन और हृदय' उपमेय **'गंभीर और ऊँचा'**

साधारण धर्म तथा 'सा' वाचक शब्द है।

**5.** "मैया मोरि मैं नहीं माखन खायो" पंक्ति में "म" व्यंजन की आवृत्ति हुई है। वर्ण की आवृत्ति किस अलंकार में होती है?
**(UPSI Batch & II 15 Dec-2017)**

(a) श्लेष (b) यमक
(c) अनुप्रास (d) अतिशयोक्ति

**Sol. (c)** 'मैया मोरि मैं नहीं माखन खायो' पंक्ति में 'म' व्यंजन की आवृत्ति हुई है। वर्ण की आवृत्ति **'अनुप्रास अलंकार'** में होती है।

**6.** 'तीन बेर खाती थी वे तीन बेर खाती है' में कौन-सा अलंकार है?
**(UPSI 12/12/2017 (Batch-III))**

(a) अन्योक्ति (b) श्लेष
(c) यमक (d) अनुप्रास

**Sol. (c)** यहाँ पर बेर शब्द के दो अर्थ हैं। एक बार 'समय' तथा दूसरी बार 'फल' के अर्थ में है। अत: यहाँ **यमक अलंकार** है।

**7.** "तुलसी मन-मंदिर में बिहरैं", यह पंक्ति किस अलंकार से अलंकृत की गई है?
**(UPSI Batch & I 21 Dec-2017)**

(a) मानवीकरण (b) रूपक
(c) पुनरुक्ति प्रकाश (d) उपमा

**Sol. (b)** यहाँ पर **रूपक अलंकार** है। यहाँ पर (प्रस्तुत) उपमेय और (अप्रस्तुत) उपमान दोनों का साथ-साथ वर्णन हुआ है।

**8.** "नाक का मोती अधर की कान्ति से, बीज दाड़िम का समझकर भ्रान्ति से।
देखकर सहसा हुआ शुक मौन है, सोचता है अन्य शुक यह कौन है?" इस पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार कौन सा है?
**(UPSI Batch - II 22 Dec-2017)**

(a) भ्रांतिमान अलंकार
(b) अन्योक्ति अलंकार
(c) दृष्टांत अलंकार
(d) प्रतीप अलंकार

**Sol. (a)** रंग, रूप, कर्म आदि की समानता के कारण जहाँ एक वस्तु में अन्य किसी वस्तु की चमत्कारपूर्ण भ्रांति कल्पित हो जाये, वहाँ **'भ्रांतिमान अलंकार'** होता है। प्रश्नगत पंक्तियों में 'नाक में तोते का' और 'नाक के मोती में अनार के दाने का' भ्रम हुआ है, इसलिए यहाँ भ्रांतिमान अंलकार है।

**9.** "जाग पड़ता नेत्र देख बड़े-बड़े हीरकों में गोल नीलम हैं जड़े।" इसमें कौन सा अलंकार है?
**(UPSI 28/11/2021 (Shift-II))**

(a) वस्तूत्प्रेक्षा (b) हेतूत्प्रेक्षा
(c) संदेह (d) फलोत्प्रेक्षा

**Sol. (a)** उक्त पंक्तियों में **'वस्तूत्प्रेक्षा अलंकार'** है। जहाँ उपमेय रुप वस्तु में उपमान रूपी वस्तु संभावना की जाय, वहाँ वस्तूत्प्रेक्षा अलंकार होता है।

**10.** विरोधाभास अलंकार निम्नलिखित में से किस अलंकार की श्रेणी में आता है? **(UPSI 12-11-2021)**

(a) अर्थालंकार
(b) शब्दालंकार
(c) a और b दोनों
(d) दोनों में से कोई भी नहीं

**Sol. (a)** जहाँ विरोध न होते हुए भी विरोध का आभास हो, वहाँ विरोधाभास अलंकार होता है। यदि ज़हर को मीठा बताया जाए तो यहाँ विरोधाभास अलंकार होगा। यह **अर्थालंकार** की श्रेणी में आता हैं।

**11.** उपमा अलंकार के सर्वाधिक प्रयोग के लिए इनमें से कौन-से कवि अधिक प्रसिद्ध हैं?
**(UPSI 12-11-2021)**

(a) माघ (b) कालिदास
(c) भास (d) वाल्मीकि

**Sol. (b)** उपमा अलंकार के सर्वाधिक प्रयोग के लिए **कालिदास** सर्वाधिक प्रसिद्ध हैं। इनकी उपमाएँ जगत प्रसिद्ध हैं। उनको 'उपमा कालिदासस्य" की उपाधि प्राप्त हुई है।

**12.** 'बांधा था विधु को किसने, इन काली जंजीरों से, मणिवाले फणियों का मुख, क्यों भरा हुआ हीरों से।' इसमें कौन-सा अलंकार है?
**(UPSI 13-11-2021)**

(a) श्लेष (b) विरोधाभास
(c) उत्प्रेक्षा (d) अतिश्योक्ति

**Sol. (d)** 'बांधा था विधु को किसने, इन काली जंजीरों से, मणिवाले फणियों का मुख, क्यों भरा हुआ हीरों से।'

इन पंक्तियों में अतिश्योक्ति पूर्ण वर्णन किया गया है, जैसे चाँद का मुख से, बालों का काली जंजीर से इत्यादि। अत: इसमें **अतिश्योक्ति अलंकार** है।

**13.** शब्दों की आवृति इनमें से किस अंलकार में होती है? **(UPSI 14-11-2021)**

(a) रूपक (b) श्लेष
(c) अनुप्रास (d) वक्रकोक्ति

**Sol. (c)** अनुप्रास का अर्थ है दोहराना अर्थात् जहाँ शब्द या वर्ण बार-बार आए वहाँ **अनुप्रास अलंकार** होता है।

उदाहरणत- चारू चंद्र की चंचल किरणें खेल रही थीं जल थल में

यमक अलंकार में एक शब्द दो बार आता है तथा दोनों बार उसके अर्थ भिन्न होते हैं।

उदाहरणत– कनक-कनक ते सौगुनी गुनी मादकता अधिकाय, या खाए पगलाए जग या पाए पगलाए।

**14.** जिन पंक्तियों में समानार्थक शब्दों या वाक्यांशों की आवृत्ति हो परंतु अन्वय करने पर अर्थ में अंतर हो तो वहाँ कौन-सा अलंकार होता है? **(UPSI 14-11-2021)**

(a) लाटानुप्रास अलंकार
(b) छेकानुप्रास अलंकार
(c) श्रुत्यनुप्रास अलंकार
(d) वृत्यानुप्रास अलंकार

**Sol. (a) लाटानुप्रास** अलंकार में शब्दों की आवृत्ति तो समान होती हैं परंतु उनका भाव भिन्न होता है।

तेगबहादुर, हाँ वे ही थे, गुरु पदवी के पात्र समर्थ,

तेगबहादुर, हाँ वे ही थे गुरु पदवी थी जिनके अर्थ।

**15.** 'प्रतीत' अलंकार इनमें से किसके संबंधित है? **(UPSI 15-11-2021)**

(a) रूपक (b) उपमा
(c) श्लेष (d) यमक

**Sol. (b)** प्रतीत का अर्थ है उल्टा। जहाँ उपमेय का कथन उपमान के रूप में और उपमान का उपमेय के रूप में व्यक्त किया जाए, वहाँ प्रतीत अलंकार होता है। स्पष्ट है कि **उपमा** के अंगों को पलटने से प्रतीत अलंकार बनता है।

**16.** ''बीती विभावरी जाग री। अम्बर-पनघट में डुबो रही तारा-घट उषा-नागरि।'' में कौन-सा अलंकार है? **(UPSI 15-11-2021)**

(a) श्लेष (b) रूपक
(c) उपमा (d) अनुप्रास

**Sol. (b)** प्रश्न में दी गई पंक्तियों में **रूपक अलंकार** है। क्योंकि इन पंक्तियों में प्रकृति का मानवीकरण किया गया है। अम्बर में पनघट का, तारों में घड़ों का और ऊषा में स्त्री का आरोप किया गया है।

**17.** ''देख लौ साकेत नगरी है यही, स्वर्ग से मिलने गगन जा रही है।'' में कौन-सा अलंकार है? **(UPSI 16-11-2021)**

(a) अतिशयोक्ति (b) उपमा
(c) श्लेष (d) रूपक

**Sol. (a)** कथन में अतिशयोक्ति पूर्ण बात कही गई है अर्थात् बात को बढ़ा-चढ़ा कर कहा गया है। अत: इसमें **अतिशयोक्ति अलंकार** है।

**18.** जिन पंक्तियों में एक या अनेक वर्णों की एक ही क्रम में एक बार आवृति हो तो वहाँ कौन-सा अलंकार होता है? **(UPSI 17-11-2021)**

(a) छेकानुप्रास अलंकार
(b) श्रुत्यनुप्रास अलंकार
(c) लाटानुप्रास अलंकार
(d) वृत्यानुप्रास अलंकार

**Sol. (a)** जब किसी वाक्यांश में अनुक्रमिक रूप से अनेक व्यंजनों की आवृत्ति एक बार होती है, तो उसे **छेकानुप्रकास अलंकार** कहते हैं।

उदाहरण- रीझि-रीझि, रहसि-रहसि हँसि-हँसि उठै। साँसे भरि आँसू भरि कहत दई दई।

लाटानुप्रास में एक शब्द या वाक्य खंड की आवृत्ति उसी अर्थ में हो परंतु तात्पर्य अलग होता है।

वृत्यानुप्रास में एक व्यंजन की आवृत्ति एक या अनेक बार होती है।

**19.** "माया महाठगिनी हम जानि। तिरगुन फाँस लिए कर डोलै बोलै मधुरे बानी।" में कौन-सा अलंकार है? **(UPSI 17-11-2021)**

(a) यमक (b) उत्प्रेक्षा
(c) श्लेष (d) रूपक

**Sol. (c)** "माया महा ठगनी हम जानि।"

तिरगुन फाँस लिए कर डोलै बोलै मधुरे बानी।।

उपर्युक्त पंक्ति में **श्लेष अलंकार** है।

- **श्लेष अलंकार** में एक ही शब्द के अनेक अर्थ होते हैं। जैसे उपर्युक्त पंक्ति में माया को "महाठगिनी" और "मधुर" वाणी बोलने वाले के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

**20.** "मो सम कौन कुटिल खल कामी।" में कौन-सा अलंकार है? **(UPSI 17-11-2021)**

(a) उत्प्रेक्षा (b) विभावना
(c) वक्रोक्ति (d) उपमा

**Sol. (c)** दी गई पंक्तियों में **वक्रोक्ति अलंकार** है। इस अलंकार में कोई बात किसी अन्य आशय से कही जाती है जबकि श्रोता उसे भिन्न अर्थ में समझता है।

**21.** ''कंकन, किंकिनि, नूपुर, धुनि, सुनि'' - इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है? **(UPSI 20-11-2021)**

(a) लाटानुप्रास अलंकार
(b) अंत्यनुप्रास अलंकार
(c) श्रुत्यनुप्रास अलंकार
(d) वृत्यानुप्रास अलंकार

**Sol. (d)** दी गई पंक्तियों में **वृत्यानुप्रास अलंकार** है। इस अलंकार में एक व्यंजन की आवृत्ति अनेक बार होती है। कंकन, किंकिनि, नुपुर ....

**22.** नहीं पराग नहीं मधुर मधु, नहीं विकास इहिकाल। अली कली ही सौं बंध्यों, आगे कौन हवाल।। इसमें कौन-सा अलंकार है? **(UPSI 21-11-2021)**

(a) अन्योक्ति (b) अतिशयोक्ति
(c) संदेही (d) रूपक

**Sol. (a)** जब किसी अन्य को कहने वाली बात किसी अन्य के माध्यम से कही जाए तो **अन्योक्ति अलंकार** होता है। अर्थात् इसमें बात को प्रत्यक्ष न कहकर अप्रत्यक्ष रूप से कहा जाता है। "कही पर निगाहें, कहीं पर निशाना" इसके लिए सही उक्ति है।

**23.** 'नकान्तामपिनिर्भूषंविभातिवनितामुखम्' अलंकार के संबंध में यह कथन किस आचार्य का है?

(a) भामह (b) दंडी
(c) जयदेव (d) वामन

**Sol. (a)** "नकान्तामपिनिर्भूषंविभातिवनितामुखम"- यह कथन अलंकार के संबंध में आचार्य भामह का है।

**24.** जिस पंक्ति या जिन पंक्तियों में समानार्थक शब्दों या वाक्यांशों की आवृत्ति हो परंतु अर्थ में अंतर हो तो वहाँ कौन-सा अलंकार होता है? **(UPSI 23-11-2021)**

(a) छेकानुप्रास अलंकार
(b) श्रुत्यनुप्रास अलंकार
(c) लाटानुप्रास अलंकार
(d) वृत्यानुप्रास अलंकार

**Sol. (c) लाटानुप्रास अलंकार**- जहाँ पर एक ही अर्थ वाले शब्दों की आवृत्ति होती है, किंतु अन्वय (शब्दों का तर्कपूर्ण, क्रम) की भिन्नता से अर्थ परिवर्तित हो जाता है, वहाँ लाटानुप्रास अलंकार होता है।

उदाहरण- पूत सपूत तो क्यों धन संचै।

पूत कपूत तो क्यों धन संचै।।

अर्थात् इस उदाहरण में पूत शब्द दो बार आया है किंतु अन्वय के कारण अर्थ बदल रहा है। यदि पुत्र सपूत है तो धन संचय की आवश्यकता नहीं, वह स्वयं कमा लेगा और यदि पुत्र कपूत है तो भी धन संचय की आवश्यकता नहीं वह सारा धन नष्ट (खर्च) कर देगा।

**25.** जिस पंक्ति या जिन पंक्तियों में एक ही शब्द के अनेक अर्थ निकलते हैं, तो वहाँ कौन-सा अलंकार होता है? **(UPSI 23-11-2021)**

(a) वक्रोक्ति अलंकार
(b) अनुप्रास अलंकार
(c) यमक अलंकार
(d) श्लेष अलंकार

**Sol. (d) श्लेष अलंकार**- जहाँ पर कोई शब्द एक ही बार आए किंतु उसके अर्थ एक से अधिक हों, वहाँ श्लेष अलंकार होता है। उदाहरण- चरन धरत चिंता करत, चितवत चारहुँ ओर।

सुवरन के खोजत फिरत कवि, व्याभिचारी, चोर।।

यहाँ पर "सुवरन" शब्द एक ही बार आया है लेकिन यहाँ पर इसके 3 अर्थ हैं कवि के लिए- सुंदर अक्षर, व्यभिचारी के लिए- सुंदर स्त्री तथा चोर के लिए सोना है। अत: श्लेष अलंकार है।

**26.** पानी परात को हाथ छुयो नहीं, नैनन के जल सो पग धोये। इसमें कौन-सा अलंकार है? **(UPSI 23-11-2021)**

(a) अतिशयोक्ति (b) उपमा
(c) रूपक (d) उत्प्रेक्षा

**Sol. (a)** पानी परात को हाथ छुयो नहीं, नैनन के जल सो पग धोये।

इन पंक्तियों में **अतिशयोक्ति अलंकार** का प्रयोग किया गया है।

अतिशयोक्ति अलंकार- जहाँ पर कोई बात बहुत बढ़ा-चढ़ाकर कही जाती है अर्थात् लोक सीमा का उल्लंघन करके प्रस्तुत वस्तु के उत्कर्ष का वर्णन किया जाता है।

उदाहरण- हनुमान की पूँछ में लगन न पाई आग।

लंका सिगरी जरि गई, गए निसाचर भाग।।

**27.** "देख लो साकेत नगरी है यही। स्वर्ग से गगन में मिलने जा रही।।" **(UPSI 24-11-2021)**

उपर्युक्त पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

(a) अतिश्योक्ति (b) व्यतिरेक
(c) संदेह (d) अन्योक्ति

**Sol. (a)** "देख लो साकेत नगरी है यही। स्वर्ग से गगन में मिलने जा रही"। इन पंक्तियों में **अतिश्योक्ति अलंकार** का प्रयोग हुआ है। यहाँ पर साकेत नगरी की ऊँची इमारतों का अतिश्योक्ति पूर्ण वर्णन किया गया है।

अतिश्योक्ति अलंकार- जहाँ कोई वस्तु बहुत चढ़ा बढ़ाकर वर्णित या प्रस्तुत की जाती है, वहाँ अतिश्योक्ति अलंकार होता है।

**28.** जिस पंक्ति या जिन पंक्तियों में एक शब्द या शब्द अनेक बार आए किंतु उनका अर्थ प्रत्येक बार भिन्न हो तो वहाँ कौन-सा अलंकार होता है? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) श्लेष अलंकार (b) अनुप्रास अलंकार
(c) यमक अलंकार (d) वक्रोक्ति अलंकार

**Sol. (c) यमक अलंकार**- जहाँ कोई शब्द एक से अधिक बार आए और उनके अर्थ अलग-अलग हों यमक अलंकार कहलाता है।

उदाहरण- "सजना है मुझे सजना के लिए"- यहाँ पर सजना शब्द दो बार आया है पहले सजना का अर्थ- श्रृंगार करना तथा दूसरे सजना का अर्थ है- नायक (पति) के लिए है। अत: यहाँ पर **यमक** अलंकार होगा।

**29.** जिस पंक्ति या जिन पंक्तियों में एक ही शब्द के अनेक अर्थ निकलते हैं, तो वहाँ कौन-सा अलंकार होता है? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) वक्रोक्ति अलंकार
(b) अनुप्रास अलंकार
(c) यमक अलंकार
(d) श्लेष अलंकार

**Sol. (d)** श्लेष अलंकार- जहाँ पर कोई शब्द एक ही बार आए किंतु उसके अर्थ एक से अधिक हों, वहाँ श्लेष अलंकार होता है। उदाहरण- चरन **धरत** चिंता करत, चितवत चारहुँ ओर।

सुवरन के खोजत फिरत कवि, व्यभिचारी, चोर।।

यहाँ पर "सुवरन" शब्द एक ही बार आया है लेकिन यहाँ पर इसके 3 अर्थ हैं कवि के लिए- सुंदर अक्षर, व्यभिचारी के लिए- सुंदर स्त्री तथा चोर के लिए सोना है। अत: श्लेष अलंकार है।

**30.** इनमें से कौन-सा कथन सही है? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) कारण के अभाव में कार्य की उत्पत्ति का वर्णन विभावना अलंकार है।
(b) प्रस्तुत और अप्रस्तुत दोनों का एक धर्म से संबंध दीपक अलंकार है।
(c) उपमेय में उपमान की संभावना उत्प्रेक्षा अलंकार है।
(d) सभी

**Sol. (d)** दिए गए सभी कथन सत्य हैं।

विभावना अलंकार- जहाँ कारण के अभाव होने पर कार्य हो रहा हो। उदाहरण- "बिनु पद चलै सुनै बिनु काना"।

यहाँ वह (भगवान) बिना पैरों के चल रहे हैं और बिना कानों के सुन रहे हैं। अत: यहाँ कार्य बिना कारण के हो रहा है। अत: विभावना अलंकार होगा।

**उत्प्रेक्षा** अलंकार- जहाँ पर गुण-धर्म की अत्यंत समानता होने के कारण उपमेय में उपमान की कल्पना अथवा संभावना प्रकट की जाय, वहाँ **उत्प्रेक्षा** अलंकार होगा।

इस अलंकार को पहचानने वाले शब्द- मनु मानो, जनु जानो, मानहुँ, जानहुँ, इव आदि हैं।

उदाहरण- सोहत ओढे पीत पट, श्याम सलौने गात।

मनो नीलमणि सैल पर, आतप पर्यो प्रभात।।

**31.** "पूत सपूत, तो क्यों धन संचय? पूत कपूत, तो क्यों धन संचय"- इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) अंत्यनुप्रास अलंकार
(b) श्रुत्यनुप्रास अलंकार
(c) वृत्यानुप्रास अलंकार
(d) लाटानुप्रास अलंकार

**Sol. (d)** "पूत सपूत, तो क्यों धन संचय?
पूत कपूत, तो क्यों धन संचय"?

इन पंक्तियों में **लाटानुप्रास अलंकार** का प्रयोग किया गया है।

यहाँ एक ही अर्थ वाले शब्द 'पूत' की आवृत्ति हो रही है किंतु अन्वय के कारण अर्थ बदल रहा है जैसे- पुत्र यदि सपूत है तो धन संचय की क्या आश्यकता है, वह खुद धन कमा लेगा और यदि पुत्र यदि कपूत है तो भी धन संचय की क्या आवश्यकता है, क्योंकि वह सारा धन नष्ट कर देगा।

लाटानुप्रास अलंकार- जहाँ एक ही अर्थ वाले शब्दों की आवृत्ति होती है, किंतु अन्वय (शब्दों का तर्क पूर्ण क्रम) की भिन्नता से अर्थ परिवर्तित हो जाता है, वहाँ लाटानुप्रास अलंकार होता है।

**32.** एक या अनेक वर्णों के पास-पास तथा क्रमानुसार आवृत्ति को कौन-सा अलंकार माना जाता है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) अनुप्रास अलंकार (b) मानवीकरण अलंकार
(c) वक्रोक्ति अलंकार (d) श्लेष अलंकार

**Sol. (a) अनुप्रास अलंकार**- जहाँ पर एक या एक से अधिक वर्णों की आवृत्ति एक से अधिक बार क्रमश: होती हो, वहाँ अनुप्रास अलंकार होता है। उदाहरण- तरनि तनूजा तट तमाल तरुवर बहु छाये"।

**33.** "जाग पड़ता नेत्र देख बड़े-बड़े हीरकों में गोल नीलम हैं जड़े।" इसमें कौन-सा अलंकार है? **(UPSI 28-11-2021)**

(a) वस्तूत्प्रेक्षा (b) हेतूत्प्रेक्षा
(c) संदेह (d) फलोत्प्रेक्षा

**Sol. (a)** "जाग पड़ता नेत्र देख बड़े-बड़े, हीरकों में गोल नीलम से जड़े।"- इन पंक्तियों में **वस्तूत्प्रेक्षा अलंकार** का प्रयोग किया गया है। यह उत्प्रेक्षा अलंकार का एक भेद है।

यहाँ उपमेय (नेत्र) में उपमान (हीरों में जड़े नीलम) की संभावना प्रकट की गई है।

जहाँ पर गुण-धर्म की अत्यंत समानता होने के कारण उपमेय में उपमान की कल्पना या संभावना प्रकट की जाए, उसे वस्तूत्प्रेक्षा अलंकार कहते है।

**34.** 'चरण कमल बंदौ हरि राई' में कौन-सा अलंकार है? **(UPSI 28-11-2021)**

(a) उपमा (b) यमक
(c) रूपक (d) श्लेष

**Sol. (c)** 'चरण कमल बंदौ हरि राई' - इसमें **रूपक अलंकार** का प्रयोग किया गया है।

रूपक अलंकार- जहाँ उपमेय को उपमान मान लिया जाता है। यहाँ पर चरण को कमल के समान मान लिया गया है। अत: रूपक अलंकार होगा।

**35.** "के वह टूटी-सी छानी हती, कहँ कंचन के अब धाम सुहावत।" में कौन-सा अलंकार है? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) यमक (b) उपमा
(c) रूपक (d) श्लेष

**Sol. (b)** उपर्युक्त पंक्ति में **"उपमा अलंकार"** का प्रयोग किया गया है। जहाँ पर दो वस्तुओं में गुण, धर्म या क्रिया के आधार पर समानता की जाए। वहाँ उपमा अलंकार होता हैं।

**36.** जहाँ एक ही शब्द के अनेक अर्थ व्यंजित हों वह कौन-सा अलंकार कहलाता है? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) यमक (b) रुपक
(c) वक्रोक्ति (d) श्लेष

**Sol. (d)** **श्लेष अलंकार**- जहाँ पर कोई शब्द एक ही बार आए किंतु अर्थ एक से अधिक हों।

उदाहरण- रहिमन पानी रखिए, बिन पानी सब सून।

पानी गए न ऊबरै, मोती मानष, चून।

**37.** "काली घटा का घमंड घटा" पंक्ति में कौन-सा अलंकार है? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) यमक (b) उत्प्रेक्षा
(c) रूपक (d) उपमा

**Sol. (a)** काली घटा का घमण्ड घटा- **यमक अलंकार** का प्रयोग हुआ है।

जहाँ पर एक ही शब्द दो बार आए लेकिन दोनों बार अर्थ अलग-अलग हो। जैसा कि उपर्युक्त प्रश्न में दिया गया है।

**38.** 'तीन बेर खाती थी वे तीन बेर खाती है' में कौन-सा अलंकार है? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) अन्योक्ति (b) श्लेष
(c) यमक (d) अनुप्रास

**Sol. (c)** तीन बेर खाती थी वे तीन बेर खाती है- उपर्युक्त पंक्ति में **यमक अलंकार** का प्रयोग हुआ है। क्योंकि यमक अलंकार में कोई शब्द एक से अधिक बार आता है और उसका अर्थ अलग-अलग होता है। इसमें एक तीन बेर का अर्थ- 3 बार तथा दूसरे तीन बेर का अर्थ- 3 बेर (फल) है।

**39.** "रहिमन पानी राखिए बिन पानी सूब सून। पानी गए न ऊबरै, मोती मानुष चून।।" **(UPSI 01-12-2021)**

(a) उपमा अलंकार (b) वक्रोक्ति अलंकार
(c) अनुप्रास अलंकार (d) श्लेष अलंकार

**Sol. (d)** उक्त पंक्तियों में **"श्लेष अलंकार"** का प्रयोग हुआ है। श्लेष अलंकार की विशेषता यह है कि इसमें शब्द एक बार आता है लेकिन उसके अर्थ एक से अधिक होते हैं- यहाँ पानी के 3 अर्थ बताए गए हैं- कान्ति, आत्मसम्मान तथा जल जबकि पानी शब्द एक बार ही आया है।

**40.** राम रमापति कर धनु लेहू-यहाँ कौन-सा अलंकार है? **(UPSI 02-12-2021)**

(a) यमक (b) श्लेष
(c) अनुप्रास (d) वक्रोक्ति

**Sol. (c)** राम रमापति कर धन लेहू - **अनुप्रास अलंकार** का प्रयोग किया गया है।

अनुप्रास अलंकार - जहाँ एक या एक से अधिक वर्णों की आवृत्ति एक से अधिक बार हो। उपर्युक्त वाक्य में "र" व "य" वर्ण की आवृत्ति हुई है।

CHAMPION PUBLICATION Gagan Pratap Sir

# 20 अव्यय

**1.** वह काम नहीं करता। वाक्य में अव्यय पद है– **(UPSI 12-11-2017)**

(a) वह (b) काम
(c) नहीं (d) करता

**Sol. (c)** दिए गए वाक्य में **'नहीं'** शब्द पर लिंग, वचन कारक आदि का कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा हैं। अत: 'नहीं' अव्यय शब्द है।

**2.** इनमें से विस्मयादिबोधक अव्यय का उदाहरण कौन-सा है? **(UPSI 12-11-2021)**

(a) वहाँ (b) यहाँ-वहाँ
(c) जहाँ-जहाँ (d) धन्य-धन्य

**Sol. (d) धन्य-धन्य** विस्मयबोधक अव्यय का उदाहरण है। जिन वाक्यों में हर्ष, आश्चर्य

(1) शोक, घृणा आदि भावों को प्रकट करने वाले अव्यय हो तो उन्हें विस्मय बोधक अव्यय कहते हैं। इन शब्दों के अंत में विस्मय बोधक चिन्ह (!) लगाया जाता है। उदाहरणत: अरे!, ओह!, हे राम! हाँ-हाँ रे!, क्या!, वाह-वाह! धन्य-धन्य!

**3.** इनमें से संबंध सूचक अव्यय का उदाहरण कौन-सा है? **(UPSI 13-11-2021)**

(a) धन के बिना किसी का काम नहीं चलता है।
(b) उसने परिश्रम किया इसलिए वह सफल हुआ।
(c) मैं घर जा रहा हूं ताकि वहाँ आराम कर सकूं।
(d) उपरोक्त सभी।

**Sol. (a) धन के बिना किसी का काम नहीं चलता है।** इसमें 'बिना' संबंध सूचक अव्यय है। वस्तुत: संबंध सूचक अव्यय संज्ञा के आगे आकर उस शब्द का संबंध किसी दूसरे शब्द से जोड़ते है।

**4.** इनमें से स्थितिवाचक अव्यय कौन-सा है? **(UPSI 16-11-2021)**

(a) वहाँ (b) यहाँ
(c) बाहर (d) जहाँ

**Sol. (c)** यहाँ, वहाँ, जहाँ- स्थानवाचक अव्यय **बाहर**, भीतर- स्थितिवाचक अव्यय

**5.** 'दो शब्दों, वाक्यांशों अथवा वाक्यों को परस्पर मिलाने वाले अव्यय को क्या कहते है? **(UPSI 16-11-2021)**

(a) संबंध बोधक अव्यय
(b) समुच्चय बोधक अव्यय
(c) विस्मयादी बोधक अव्यय
(d) इनमें से कोई नहीं

**Sol. (b) समुच्चय बोधक अव्यय**- दो शब्दों, वाक्यांशों अथवा वाक्यों को परस्पर मिलने वाले अव्ययों को समुच्चय बोधक अव्यय कहते हैं।

उदाहरण- (i) प्रियंका और रमा कैरम खेलती हैं। यहाँ "और" अव्यय दो शब्दों (प्रियंका, रमा) को जोड़ने का कार्य कर रहा है।

(ii) सक्सेना बाबू स्टेशन के लिए शीघ्र चले लेकिन ट्रेन निकल चुकी थी- यहाँ पर "लेकिन" अव्यय द्वारा दो वाक्यांशों को जोड़ा गया है।

**6.** 'अव्यय' को क्या कहा जाता है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) विकारी शब्द (b) अविकारी शब्द
(c) निपात (d) निपात

**Sol. (b)** अव्यय का शाब्दिक अर्थ है- अ + व्यय। अ का अर्थ → नहीं + व्यय अर्थात् जो व्यय न हो। अर्थात् जो शब्द लिंग, वचन, पुरुष, काल आदि में से किसी से भी प्रभावित न होकर अपने मूल रूप में बने रहते हैं, अव्यय शब्द कहलाते हैं। इन शब्दों का रूपांतरण नहीं होता है। इसलिए इनको **अविकारी शब्द** कहते हैं।

उदाहरण- धीरे-धीरे, प्रतिदिन, जल्दी, अभी, यहाँ, वहाँ, तेज इत्यादि।

**7.** इनमें से कौन-सा शब्द कालवाचक अव्यय का उदारहण है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) इधर-उधर (b) तब
(c) दूर (d) यहाँ

**Sol. (b)** काल वाचक अव्यय- जिन अव्यय शब्दों में कार्य के होने के समय का बोध होता है उसे कालवाचक अव्यय कहते हैं। उदाहरण- तब, अब, कब, आज, कभी, कल, दिनभर, प्राय: आदि। अत: दिए गए विकल्पों में **'तब'** शब्द कालवाचक अव्यय है।

**8.** अव्यय के लिए इनमें से कौन-सा कथन सही है? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) ये अविकारी होते हैं
(b) ये विकारी होते हैं
(c) ये विकारी और अविकारी दोनों होते हैं
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Sol. (a)** "अव्यय" वे शब्द जो व्यय नहीं होते अर्थात् वे शब्द जो किसी लिंग, वचन, पुरुष काल आदि के प्रभावित न होकर अपने मूल रूप में बने रहते है अव्यय कहलाते हैं। अव्यय को **अविकारी शब्द** भी कहा जाता है।

**9.** अरे! हैं! ऐ! ओह! इत्यादि। इसमें किस प्रकार के अव्यय हैं? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) प्रशंसाबोधक अव्यय
(b) शोकबोधक अव्यय
(c) हर्षबोधक अव्यय
(d) आश्चर्यबोधक अव्यव

**Sol. (d)** अरे! हैं! ऐ! ओह! **आश्चर्यबोधक अव्यय** हैं। आश्चर्य बोधक अव्यय: वे अव्यय शब्द जो विस्मय, हर्ष, प्रशंसा, संवेदना, घृणा, तिरस्कार आदि भावों को व्यक्त करते हैं, विस्मयादिबोधक अव्यय कहलाते हैं।

उदाहरण- अरे! हाय! आह! अच्छा! शाबाश! भई वाह! खाकर मजा आ गया।

**10.** मनोभावों को सूचित करने वाले शब्द किस अव्यय के बोधक होते हैं? **(UPSI 28-11-2021)**

(a) उद्देश्यबोधक (b) हेतुबोधक
(c) विस्मयादिबोधक (d) समुच्चयबोधक

**Sol. (c)** मनोभावो को सूचित करने वाले शब्द - **विस्मयादि बोधक** अव्यय के बोधक होते हैं। उदाहरणत: - अरे!, हाय!, अच्छा!, शाबाश!

# 21 अर्थबोध

**1.** विवेक और श्रुति लगभग 'एक ही उम्र' के हैं। **(उ.प्र. उपनिरीक्षक, 2001)**

(a) वयस्क (b) मित्र

(c) समवयस्क (d) अभिपूरक

**Sol. (c)** 'एक ही उम्र के' लिए सही शब्द **'समवयस्क'** है

**2.** अंग्रेजी के Romanticism के लिए हिन्दी में प्रयुक्त शब्द है? **(उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित, 2016)**

(a) प्रकृतिवाद (b) छायावाद

(c) स्वच्छन्दतावाद (d) साम्यवाद

**Sol. (c) स्वच्छन्दतावाद** शब्द 'Romanticism' का सटीक हिन्दी अनुवाद है जो साहित्य और कला में एक आंदोलन को संदर्भित करता है जो भावना, व्यक्तिवाद और प्रकृति के महिमांडन पर जोर देता है।

**3.** इनमे से कौन-से शब्द का अर्थ हिंदी और अंग्रेजी में भिन्न होता है? **(UPSI Batch - III 15 Dec-2017)**

(a) लूट (b) डूंगरी

(c) ठग (d) अवतार

**Sol. (b)** लूट (Loot) → हिन्दी और अंगेजी दोनो में चोरी 'लूटपाट'

**डूंगरी** (Dungaree) → मोटा कपड़ा और अंग्रेजी में Dangaress = overalls (बच्चों या मजदूरों के कपड़े)

ठग (Thug) → हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में धोखेबाज और Violent Criminal.

अवतार (Avatar) → हिन्दी में भगवान का अवतरण और अंग्रेजी में digital representation.

**4.** सही अर्थवाला 'शब्द युग्म' नहीं है- **(US Cons. 18/01/2019)**

(a) अनिल-अनल = हवा- आग

(b) अलि-अली = भौरा- सखी

(c) आदि- आदी = आरंभ-अभ्यस्त

(d) जलज- जलद = कमल-समुद्र

**Sol. (d)** विकल्प (d) अशुद्ध है। इसका शुद्ध युग्म होगा

**'जलज-जलद = कमल – बादल'**

**5.** इनमें से कौन-सा शब्द 'अंबर' शब्द का अर्थ नहीं है? **(UPSI 13-11-2021)**

(a) कपास (b) वस्त्र

(c) आकाश (d) अध्याय

**Sol. (d) अध्याय,** अंबर से संबंधित नहीं है। कपास, वस्त्र, आकाश इत्यादि। अंबर के अनेकार्थी हैं।

**6.** 'स्पर्शजन्य बीमारी' के लिए इनमें से उपयुक्त शब्द कौन-सा है ? **(UPSI 14-11-2021)**

(a) संक्रमित (b) संक्रांति

(c) संक्रामक (d) संक्रमणीय

**Sol. (c) 'संक्रामक'** शब्द स्पर्शजन्य बीमारी के लिए उपयुक्त है। मलेरिया, चेचक, टायफाइड आदि संक्रामक रोग हैं।

**7.** 'Notification (नोटिफिकेशन)' का हिंदी पर्याय क्या है? **(UPSI 14-11-2021)**

(a) अधिसूचना (b) जानकारी

(c) संकल्प (d) सूचना

**Sol. (a)** Notification - **अधिसूचना**

Resolution - संकल्प

Information - सूचना

**8.** इनमें से किस शब्द का एक अर्थ 'एतराज' भी है? **(UPSI 15-11-2021)**

(a) विपत्ति (b) आपत्ति

(c) आफत (d) संकट

**Sol. (b) आपत्ति** शब्द का अर्थ 'एतराज' है। जबकि आपत्ति के समानार्थी विपत्ति, आफत व संकट हैं।

**9.** 'शिखा' के लिए इनमें से कौन सा शब्द उपयुक्त है? **(UPSI 15-11-2021)**

(a) आकाश (b) बादल

(c) चोटी (d) सूर्य

**Sol. (c)** शिखा, **चोटी** का पर्याय है।

**10.** 'Order of merit (ऑर्डर ऑफ मेरिट)' का हिंदी पर्याय कौन-सा है? **(UPSI 20-11-2021)**

(a) योग्यताक्रम (b) प्राथमिकता-क्रम

(c) वरिष्ठता-क्रम (d) पूर्वता-क्रम

**Sol. (a)** Order of Merit - **योग्यताक्रम**

**11.** 'Circular' का हिंदी पर्याय क्या है? **(UPSI 21-11-2021)**

(a) अधिनियम (b) संकल्प

(c) अधिसूचना (d) परिपत्र

**Sol. (d)** Circular - **परिपत्र**

- Act - अधिनियम
- Resolution - संकल्प
- Notification - अधिसूचना

**12.** निम्न में से कौन-सा शब्द 'अज' के अर्थ को स्पष्ट कर रहा है? **(UPSI 21-11-2021)**

(a) ब्रह्मा (b) इतर

(c) लेप (d) अमर

**Sol. (a)** अज के अनेकार्थी बकरा, **ब्रह्मा**, दशरथ के पिता आदि हैं।

**13.** इनमें से कौन-सा शब्द 'अपेक्षा' शब्द का अर्थ नहीं है? **(UPSI 22-11-2021)**

(a) आशा (b) उपेक्षा

(c) आकांक्षा (d) इच्छा

**Sol. (b)** 'अपेक्षा' शब्द के पर्यायवाची शब्द है। → आशा, आकांक्षा, इच्छा। अतः **उपेक्षा** शब्द 'अपेक्षा' का अर्थ नहीं है।

**14.** 'Commissioning (कमिशनिंग)' का हिंदी पर्याय कौन-सा है? **(UPSI 22-11-2021)**

(a) घूस लेना (b) चालू करना

(c) प्रशंसा करना (d) वचनबद्ध करना

**Sol. (b)** commissioning (कमिशनिंग) का हिंदी पर्याय- **चालू करना है।**

- घूस लेना – Take bribe
- प्रशंसा करना – To Praise
- वचनबद्ध होना – To commit

**15.** 'Adjournment (एडजर्नमेंट)' शब्द का हिंदी पर्याय कौन-सा है? **(UPSI 23-11-2021)**

(a) समायोजन (b) न्यायनिर्णयन

(c) पार्श्वस्थ (d) स्थगन

**Sol. (d)** Adjournment (एडजर्नमेंट) शब्द का हिन्दी पर्याय-**स्थगन** है।

**16.** 'Administrative control (एडमिनिस्ट्रेटिव कंट्रोल)' का हिंदी पर्याय कौन-सा है? **(UPSI 23-11-2021)**

(a) प्रशासनिक कार्रवाई

(b) प्रशासनिक योग्यता

(c) प्रशासनिक सुविधा

(d) प्रशासनिक नियंत्रण

**Sol. (d)** Administrative control (एड्मिनिस्ट्रेटिव कंट्रोल) का हिन्दी पर्याय- **प्रशासनिक नियंत्रण है।**

**17.** समास का शाब्दिक अर्थ क्या है? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) संबंध
(b) सरल
(c) उदाहरण
(d) संक्षेप

**Sol. (d)** "समास"– इसका शाब्दिक अर्थ **'संक्षेप'** है। दो या दो से अधिक शब्दों को, उनके मध्य के शब्द अथवा विभक्ति का लोप करके या मिलाकर जब एक स्वतंत्र शब्द की निष्पत्ति होती है, तब उसे समास कहते हैं।

उदाहरण– दशानन– दस हैं जिसके आनन (मुख) अर्थात् रावण।

चौमासा– चार मासों (महीनों) का समूह।

**18.** 'Amendment (अमेंडमेंट)' का हिंदी पर्याय क्या है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) संकल्प
(b) संशोधन
(c) सर्वक्षमा
(d) कार्यसूची

**Sol. (b)** Amendment (अमेंडमेंट) का हिंदी पर्याय-**संशोधन** होगा।

**19.** 'Manpower requirement (मैनपावर रिक्वायरमेंट)' का हिन्दी पर्याय कौन-सा है? **(UPSI 28-11-2021)**

(a) जनशक्ति भर्ती
(b) जनशक्ति आवश्यकता
(c) जनशक्ति उपयोग
(d) जनशक्ति आयोजन

**Sol. (b)** ManPower requirement - हिंदी पर्याय - **जनशक्ति आवश्यकता**

जनशक्ति भर्ती – Manpower Recruitment

जनशक्ति उपयोग– Manpower utilization

जनशक्ति आयोजन – Manpower Organization

**20.** 'Temporary appointment (टेम्परारी अपोइंटमेंट)' का हिंदी पर्याय कौन-सा है? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) अस्थायी रिक्ति
(b) अस्थायी पद
(c) अस्थायी नियुक्ति
(d) अस्थायी व्यवस्था

**Sol. (c)** Temporary Appointment (टेम्परारी अपोंइटमेंट) का हिंदी पर्याय– **अस्थायी नियुक्ति**

**21.** 'Requisition (रेक्विज़िशन)' का हिंदी पर्याय कौन-सा है? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) मांग (b) निंदा
(c) आरक्षण (d) निराकरण

**Sol. (a)** "Requisition" (रेक्विनिशन) का हिंदी पर्याय– **मांग** है।

# 22 अपभ्रंश

**1.** शौरसेनी अपभ्रंश से विकसित भाषाओं का सही क्रम क्या है? **(UPSI 12-11-2021)**

1. राजस्थानी 2. गुजराती
3. पंजाबी 4. बांग्ला

(a) 1,2,3,4 (b) 1,2
(c) 2,4 (d) 1,2,3

**Sol. (b)** शौरसेनी अपभ्रंश से विकसित भाषाएँ पश्चिमी हिंदी, **राजस्थानी**, **गुजराती** व पहाड़ी है।

→ लहंदा तथा पंजाबी - पैशाची अपभ्रंश से विकसित

→ बिहारी, बांग्ला, उड़िया असमिया मागधी अपभ्रंश से विकसित

**2.** पूर्वी हिंदी का विकास इनमें से किस अपभ्रंश से हुआ है? **(UPSI 12-11-2021)**

(a) अर्धमागधी (b) ब्राचड़
(c) मागधी (d) खस

**Sol. (a)** पूर्वी हिंदी (अवधी, बघेली व छत्तीसगढ़ी) का विकास **अर्धमागधी** अपभ्रंश से हुआ है।

ब्राचड़ - सिंधी भाषा का विकास ब्राचड़ अपभ्रंश से माना जाता है।

मागधी - मगध क्षेत्र में प्रचलित भाषा है। बिहारी, बांग्ला, उड़िया, असमिया

खस भाषा - यह नेपाल तथा पहाड़ी क्षेत्र की भाषा है।

**3.** अपभ्रंश में कितने स्वर मौजूद थे? **(UPSI 13-11-2021)**

(a) छह (b) सात
(c) आठ (d) इनमें से कोई नहीं

**Sol. (c)** अ, आ इ, ई, उ, ऊ, ए, ओ

उपर्युक्त **8** स्वर अपभ्रंश में होते हैं।

**4.** इनमें से कौन-सी भाषा का विकास मागधी-अपभ्रंश से हुआ है? **(UPSI 13-11-2021)**

(a) अवधी (b) बघेली
(c) मगही (d) गढ़वाली

**Sol. (c)** मागधी अपभ्रंश से 'बिहारी' का विकास हुआ है इसकी उपबोलियाँ, मैथिली, **मगही** व भोजपुरी हैं।

**5.** विकास की दृष्टि से अपभ्रंश की पूर्वकालीन अवस्था का क्या नाम है? **(UPSI 13-11-2021)**

a) प्राकृत (b) संस्कृत
(c) हिंदी (d) पालि

**Sol. (a)** हिंदी भाषा का विकासक्रम निम्नवत् है संस्कृत- पालि- **प्राकृत**- अपभ्रंश- अवहट्ट- प्रारंभिक हिंदी

**6.** मागधी अपभ्रंश से संबंधित भाषा इनमें से कौन-सी है? **(UPSI 13-11-2021)**

(a) अवधी (b) बांग्ला
(c) ब्रज (d) बांगरू

**Sol. (b)** मागधी अपभ्रंश की पूर्वी शाखा से उड़िया, **बांग्ला**, असमिया जबकि बिहारी शाखा से मैथिली, मगही व भोजपुरी संबंधित है। बांगरू हरियाणा से संबंधित है।

**7.** 'पूर्वी' हिंदी का विकास निम्न में से किस अपभ्रंश से हुआ है? **(UPSI 14-11-2021)**

(a) पैशाची (b) मागधी
(c) शौरसेनी (d) अर्धमागधी

**Sol. (d)** पूर्वी हिंदी में तीन बोलियाँ अवधी, बघेली छत्तीसगढ़ी आती है। इनका विकास **अर्धमागधी** अपभ्रंश से हुआ है।

पैशाची अपभ्रंश- लहंदा पंजाबी

ब्राचड अपभ्रंश - सिंधी

शौरसेनी अपभ्रंश - पश्चिमी हिंदी, राजस्थानी, ब्रजभाषा, खड़ी बोली

**8.** इनमें से किस विद्वान ने अपभ्रंश के लिए 'पुरानी हिंदी' शब्द का प्रयोग किया? **(UPSI 14-11-2021)**

(a) धीरेन्द्र वर्मा
(b) हजारी प्रसारी द्विवेदी
(c) रामकुमार वर्मा
(d) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी

**Sol. (d)** पुरानी हिंदी शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम **पं. चंद्रधर शर्मा गुलेरी** ने 1921 में नागरी प्रचारिनी पत्रिका में किया था।

**9.** 'कीर्तिलता' किस भाषा की रचना है? **(UPSI 14-11-2021)**

(a) मैथिली (b) अपभ्रंश
(c) खड़ी बोली (d) मगही

**Sol. (b)** महाकवि विद्यापति की अधिकांश रचनाएँ संस्कृत व अवहट्ट में है। परवर्ती अपभ्रंश को ही महाकवि ने अवहट्ट नाम दिया है। 'कीर्तिलता' व 'कीर्तिपताका' इनकी **अपभ्रंश**/ अवहट्ट रचनाएँ हैं।

**10.** इनमें से किसे 'अपभ्रंश का बाल्मीकी' कहा जाता है? **(UPSI 15-11-2021)**

(a) सरहपा (b) स्वंयभू
(c) अरिष्टनेमी (d) शबरता

**Sol. (b) स्वयंभू** को 'अपभ्रंश का बाल्मीकी' कहा जाता है। हिंदी के जैन कवियों में सबसे पहला नाम स्वयंभू का आता है।

सरहपा को हिंदी का प्रथम कवि माना जाता है।

**11.** सिन्धी भाषा का विकास किस अपभ्रंश से हुआ? **(UPSI 15-11-2021)**

(a) मागधी (b) शौरसेनी
(c) पैशाची (d) ब्राचड़

**Sol. (d)** सिंधी भाषा, आर्य भाषाओं के पश्चिमोत्तर समूह व भारत-पाकिस्तान उपमहाद्वीप की एक प्रमुख साहित्यिक भाषा है। सिंधी भाषा का विकास **ब्राचड़** अपभ्रंश से हुआ है।

- **शौरसेनी अपभ्रंश**- पश्चिमी हिन्दी, ब्रजभाषा
- **पैशाची अपभ्रंश**- लहँदा, पंजाबी
- **खस अपभ्रंश**- पहाड़ी, कुमाऊनी
- **अर्द्धमागधी अपभ्रंश**- पूर्वी हिंदी, अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी
- **मागधी अपभ्रंश**- बिहारी, बंगाली, उड़िया, असमिया

**12.** पश्चिमी हिंदी का संबंध किस अपभ्रंश से माना जाता है? **(UPSI 17-11-2021)**

(a) शौरसेनी (b) अर्धमागधी
(c) मागधी (d) पैशाची

**Sol. (a)** पश्चिमी हिन्दी का विकास **शौरसेनी** अपभ्रंश से हुआ माना जाता है। इसमें खड़ी बोली, ब्रज भाषा, कन्नौजी, बुंदेली व हरियाणवी शामिल हैं।

**13.** 'सिंधी' भाषा का विकास किस अपभ्रंश से माना जाता है? **(UPSI 20-11-2021)**

(a) ब्राचड़ अपभ्रंश
(b) शैरसेनी अपभ्रंश
(c) मागधी अपभ्रंश
(d) पैशाची अपभ्रंश

**Sol. (a)** सिंधी भाषा का विकास **ब्राचड़** अपभ्रंश से माना जाता है।

**14.** मैथिली का संबंध किस अपभ्रंश से माना जाता है?

(a) शौरसेनी (b) पैशाची
(c) मागधी (d) नागर

**Sol. (c)** 'मैथिली' का विकास **मागधी** अपभ्रंश से हुआ है। मैथिली भारत के बिहार, झारखंड तथा नेपाल के तराई क्षेत्र में बोली जाती है।

- 92वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा मैथिली को संविधान की आठवीं अनुसूची में जोड़ा गया।

**15.** ब्रजभाषा का विकास किस अपभ्रंश से हुआ है? **(UPSI 21-11-2021)**

(a) अर्धमागधी (b) शौरसेनी
(c) पेशाची (d) मागधी

**Sol. (b)** ब्रजभाषा का विकास **शौरसेनी** अपभ्रंश से हुआ है। यह भक्ति काल की प्रमुख भाषा रही है। यह विशद्ध रूप से आगरा, मथुरा, मैनपुरी, भरतपुर, मुरैना के आसपास जिलों में बोली जाती है।

- शौरसेनी अपभ्रंश – पश्चिमी हिन्दी, राजस्थानी, ब्रजभाषा, खड़ी बोली।
- पैशाची अपभ्रंश– लहंदा, पंजाबी
- अर्द्धमागधी अपभ्रंश– पूर्वी हिंदी, अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी
- मागधी अपभ्रंश– बिहारी, बंगाली, उड़िया, असमियाँ

**16.** सिंधी भाषा का उद्भव किस अपभ्रंश से माना जाता है? **(UPSI 21-11-2021)**

(a) शौरसेनी (b) मागधी
(c) पैशाची (d) ब्राचड़

**Sol. (d)** सिंधी भारत के पश्चिमी हिस्से और मुख्य रूप से गुजरात एवं पाकिस्तान के सिंध प्रांत में बोली जाने वाली भाषा है। इसका संबंध आर्य भाषा परिवार के पैशाची नामक प्राकृत तथा **ब्राचड़** नामक अपभ्रंश से जोड़ा जाता है।

**17.** मागधी अपभ्रंश से विकसित बोली कौन–सी है? **(UPSI 22-11-2021)**

(a) मालवी (b) खड़ीबोली
(c) मगही (d) ब्रज

**Sol. (c)** मागधी अपभ्रंश से विकसित प्रमुख बोलियाँ बिहारी भाषाएँ (जैसे भोजपुरी, मैथिली, **मगही**) और बंगला, उड़िया असमिया है।

**18.** निम्नलिखित कथनों में से कौन–सा कथन सही नहीं है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) असमिया, उड़िया का विकास मागधी अपभ्रंश से नहीं हुआ है।
(b) अवधी और बघेली बोलियों का विकास पूर्वी हिंदी से हुआ है।
(c) हरियाणवी, ब्रजभाषा बोलियों का विकास बिहारी उपभाषा से नहीं हुआ है।
(d) पूर्वी हिंदी का विकास अर्धमागधी अपभ्रंश से हुआ है।

**Sol. (a)** मागधी अपभ्रंश से निर्मित आधुनिक भाषाएँ– बिहारी, बंगाली, उड़िया, असमिया। अतः दिए गए विकल्प में यह कहा गया है कि **असमिया, उड़िया का विकास मागधी अपभ्रंश से नहीं हुआ है**, सही नहीं है।

- पूर्वी हिंदी से विकसित बोलियाँ– अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी। तथा पूर्वी हिंदी का विकास अर्द्ध मागधी अपभ्रंश से हुआ है।
- पश्चिमी हिंदी से विकसित बोलियाँ– बुंदेली, कन्नौजी, ब्रजभाषा, खाड़ी बोली (कौरवी), बांगरू (हरियाणवी)

**19.** कौन–सी भाषा मागधी अपभ्रंश से विकसित हुई है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) मैथिली (b) पंजाबी
(c) गुजराती (d) राजस्थानी

**Sol. (a) मैथिली** का विकास मागधी अपभ्रंश से हुआ है।

मागधी अपभ्रंश से विकसित भाषाएँ (बोलियाँ)

1. भोजपुरी
2. मगही
3. मैथिली

**20.** पंजाबी भाषा का उद्भव किस अपभ्रंश से माना जाता है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) पैशाची अपभ्रंश
(b) शौरसेनी अपभ्रंश
(c) अर्धमागधी अपभ्रंश
(d) ब्राचड़ अपभ्रंश

**Sol. (a)** पंजाबी भाषा का उद्भव– **पैशाची अपभ्रंश** से हुआ है।

**21.** इनमें से कौन–सी भाषा संस्कृत भाषा की अपभ्रंश है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) ब्रजभाषा (b) पालि
(c) खड़ी बोली (d) प्राकृत

**Sol. (b) "पालि"** भाषा संस्कृत भाषा की अपभ्रंश है। भाषाओं का विकास क्रम – संस्कृत – पालि– प्राकृत– अपभ्रंश– हिंदी

CHAMPION PUBLICATION
Gagan Pratap Sir

# 23 भाषा एवं बोली

## भाषा

**1.** 'लिचू' किस भाषा का शब्द है? **(UPSI Batch - I 19 Dec-2017)**

(a) संस्कृत (b) हिन्दी
(c) उर्दू (d) चीनी

**1. (d)** 'लिचू' **चीनी** भाषा का शब्द है। चीनी भाषा के अन्य प्रचलित शब्द लीची, चाय आदि।

**2.** लौकिक संस्कृत ____ और ____ अपभ्रंश हिन्दी भाषा का उचित विकास क्रम है। रिक्त स्थान के लिए उचित विकल्प कौन-सा है? **(UPSI Batch & II 13 Dec-2017)**

(a) पालि और प्राकृत
(b) संस्कृत, प्राकृत
(c) वैदिक भाषा और पालि
(d) प्राकृत और पालि

**2. (a)** लौकिक संस्कृत, **पालि, प्राकृत** और अपभ्रंश हिन्दी भाषा का उचित विकास क्रम है:- संस्कृत → पालि → प्राकृत → अपभ्रंश → अवहट्ट → हिन्दी।

**3.** 'हिन्दुस्तानी' भाषा का रूप क्या है? **(UPSI 12-11-2021)**

(a) दक्खिनी हिंदी
(b) संस्कृतनिष्ठ
(c) ब्रज-अवधी का मिश्रित रूप
(d) हिंदी-उर्दू मिश्रित

**3. (d)** 'हिंदुस्तानी' भाषा **हिंदी व उर्दू दोनों की बोलचाल की भाषा** है। इसको देवनागरी, अरबी या फारसी किसी भी लिपि में लिखा जा सकता हैं।

**5.** इनमें से किस राज्य की मुख्य राजभाषा हिंदी नहीं है? **(UPSI 13-11-2021)**

(a) छत्तीसगढ़ (b) हिमाचल प्रदेश
(c) असम (d) झारखंड

**5. (c)** 'असमिया' **असम** राज्य की राजभाषा है।

**7.** मीराबाई के पद राजस्थानी भाषा की किस बोली में लिखे गए हैं? **(UPSI 14-11-2021)**

(a) जयपुरी (b) मारवाड़ी
(c) मालवी (d) मेवाती

**7. (b)** मीरा के पदों में राजस्थानी, ब्रज व गुजराती का मिश्रण पाया जाता है। मीराबाई के **अधिकांश** पद राजस्थान की **मारवाड़ी** भाषा में लिखे गए हैं।

**9.** ब्रजभाषा इनमें से किस रूप मे सर्वाधिक प्रसिद्ध है? **(UPSI 15-11-2021)**

(a) तकनीकी भाषा (b) काव्यभाषा
(c) राष्ट्रभाषा (d) राजभाषा

**9. (b)** ब्रजभाषा, **काव्यभाषा** के रूप में सर्वाधिक प्रसिद्ध हैं। भक्तिकाल की प्रमुख भाषा ब्रज रही है। इसका विकास शौरसेनी उपभ्रंश से हुआ है। सूरदास, रहीम, रसखान, घनानंद ब्रजभाषा के कवि है।

**11.** अपभ्रंश भाषा का काल कौन सा है? **(UPSI 16-11-2021)**

(a) 500 ई. पू. से 1 ई. पू.
(b) 500 ई. से 1000 ई.
(c) 1000 ई. से 1500 ई.
(d) 1500 ई. पू. से 500 ई. पू.

**11. (b)** अपभ्रंश, आधुनिक भाषाओं के उदय से पहले की प्रमुख भाषा है इसका काल प्राकृत व आधुनिक भाषाओं के मध्य है। अपभ्रंश भाषा का काल **500 ई. से 1000 ई.** माना जाता है।

**13.** इनमें से कौन-सी भाषा भारोपीय भाषा-परिवार की शाखा है? **(UPSI 16-11-2021)**

(a) आर्मीनी (b) द्रविड़
(c) अंडमानी (d) बुरूशस्की

**13. (a) आर्मीनी** भाषा हिन्द यूरोपीय भाषा परिवार (भारोपीय भाषा परिवार) की भाषा है जो कि मेसोपोटैमिया तथा कॉकस की मध्यवर्ती घाटियों और काले सागर के दक्षिणी पूर्वी प्रदेशों में बोली जाती है।

**15.** संस्कृत किस परिवार की भाषा है? **(UPSI 16-11-2021)**

(a) आर्य (b) सेमेटिक
(c) आग्रेय (d) द्रविड़

**15. (a)** संस्कृत एक हिन्द **आर्य** भाषा है जो हिन्द यूरोपीय भाषा परिवार की एक शाखा है। ऐतिहासिकता की दृष्टि से यह संसार की सभी भाषाओं की जननी है।

**17.** दक्षिण भारत की भाषाएँ किस परिवार की हैं? **(UPSI 16-11-2021)**

(a) द्रविड़ परिवार
(b) आर्य परिवार
(c) उपर्युक्त दोनों
(d) इनमें से कोई नहीं

**17. (a)** दक्षिण भारत की भाषाएँ तमिल, तेलगू, मलयालम, कन्नड़, **द्रविड़ भाषा परिवार** की भाषाएं हैं। इनमें से तमिल सबसे पुरानी भाषा है।

**19.** तुलसी कृत 'विनयपत्रिका' की भाषा कौन सी है? **(UPSI 17-11-2021)**

(a) अवधी (b) खड़ी बोली
(c) भोजपुरी (d) ब्रज

**19. (d)** 'विनयपत्रिका' तुलसीदास रचित एक ग्रंथ है। यह **ब्रज भाषा** में रचित है। विनय पत्रिका में विनय के पद हैं। विनय पत्रिका का एक नाम राम विनयावली भी हैं विनय पत्रिका में 21 रागों का प्रयोग हुआ है। विनय पत्रिका का प्रमुख रस शांत रस है।

**21.** प्राकृत किस परिवार की भाषा है? **(UPSI 20-11-2021)**

(a) द्रविड़ (b) आर्य
(c) सेमेटिक (d) आग्नेय

**21. (b)** प्राकृत एक इंडो **आर्यभाषा** है। जो भारतीय उपमहाद्वीप में 300 ई.पू. से 8वीं शताब्दी तक बोली जाती थी।

**23.** राजस्थान की राजभाषा कौन-सी है? **(UPSI 21-11-2021)**

(a) राजस्थानी (b) हिंदी
(c) पंजाबी (d) गुजराती

**23. (b)** राजस्थान की राजभाषा **हिन्दी** है। संविधान की आठवीं अनुसूची में दी गई 22 भाषाओं में राजस्थानी भाषा शामिल नहीं है।

- पंजाबी भाषा - पंजाब
- गुजराती भाषा - गुजरात

**25.** पालि भाषा का संबंध निम्न में से किस साहित्य से मुख्य रूप से जुड़ा हुआ है? **(UPSI 21-11-2021)**

(a) जैन साहित्य (b) इनमें से कोई नहीं
(c) सिद्ध साहित्य (d) बौद्ध साहित्य

**25. (d)** पाली प्राचीन काल में उत्तर भारत की भाषा थी। पाली ब्राह्मी लिपि में लिखी जाती थी। महात्मा बुद्ध अपने प्रवचनों में इसी भाषा का उपयोग करते थे। बहुत सारे **बौद्ध साहित्य** भी पाली में ही लिखे गए हैं।

उदाहरण- त्रिपिटक, दीपवंश

**27.** हिंदी भाषा कौन-सी लिपि में लिखते हैं? **(UPSI 02-12-2021)**

(a) सौराष्ट्री (b) ब्राह्मी
(c) गुरुमुखी (d) देवनागरी

**27.** **(d)** हिंदी भाषा को **देवनागरी लिपि** में लिखते हैं।
गुरुमुखी - पंजाबी भाषा की लिपि है।

**29.** इनमें से कौन-सी भाषा द्रविड़ भाषा है? **(UPSI 22-11-2021)**
(a) बांग्ला (b) मराठी
(c) तुलु (d) ओडिया

**29.** **(c)** द्रविड़ भाषा समूह में 5 भाषाओं को शामिल किया जाता है- ये 5 भाषाएँ इस प्रकार हैं-
1. तमिल 2. तेलगू 3. कन्नड़ 4. मलयालम 5. **तुलू**
अत: दिए गए विकल्पों में से **तुलू** द्रविड़ भाषा समूह की भाषा है।

**31.** 'पउमचरिउ' किस भाषा की रचना है? **(UPSI 23-11-2021)**
(a) मैथिली (b) खड़ीबोली
(c) मगही (d) अपभ्रंश

**31.** **(d)** "पउमचरिउ"- पउमचरिउ रामकथा पर आधारित **अपभ्रंश** का एक महाकाव्य है। इसके रचयिता जैन कवि स्वयंभू हैं। इसमें 12 हज़ार पद हैं।

**33.** इनमें से कौन-सी भाषा द्रविड़ भाषा नहीं है? **(UPSI 23-11-2021)**
(a) मलयालम (b) कुई
(c) मालवी (d) कन्नड

**33.** **(c)** द्रविड़ भाषा परिवार की भाषाएँ- तमिल, तेलुगू, कन्नड, मलयालम और तुलू आदि है। जबकि **मालवी** द्रविड़ परिवार की भाषा न होकर इस पर राजस्थानी भाषा का सर्वाधिक प्रभाव है।

**35.** 'चंदायन' किस भाषा का काव्य है? **(UPSI 23-11-2021)**
(a) राजस्थानी (b) पहाड़ी
(c) अवधी (d) मैथिली

**35.** **(c)** "चंदायन"- मुल्का दाऊद कृत हिन्दी का ज्ञात प्रथम सूफी प्रेमकाव्य है। इसमें नायक लोर/लोरिक और नायिका चंदा की प्रेमकथा वर्णित है। चंदायन **अवधी** भाषा में लिखा गया है।

**37.** भाषा की दृष्टि से हिन्दी प्रदेश के अंतर्गत निम्न में से कौन शामिल नहीं है? **(UPSI 24-11-2021)**
(a) बिहार (b) हिमाचल प्रदेश
(c) दिल्ली (d) आंध्र प्रदेश

**37.** **(d)** भाषा की दृष्टि से हिन्दी प्रदेश- जिनमें हिन्दी भाषा को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया है, उनके नाम हैं- यू.पी., बिहार, झारखंड, एम.पी., उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली।
अत: **आंध्र प्रदेश** भाषा की दृष्टि से हिन्दी प्रदेश के अंतर्गत शामिल नहीं है।

**39.** अपभ्रंश भाषा किस परिवार की भाषा है? **(UPSI 24-11-2021)**
(a) आर्य (b) सेमेटिक
(c) आग्नेय (d) द्रविड़

**39.** **(a)** अपभ्रंश भाषा- **आर्य** परिवार की भाषा है। यह भारतीय आर्यभाषा के मध्यकाल की अंतिम अवस्था है जो प्राकृत और आधुनिक भाषाओं के बीच की स्थिति है। इसका समय लगभग छठी शताब्दी से 12वीं शताब्दी के बीच है।

**41.** 'हिंदी' इनमें से किस भाषा-परिवार के अंतर्गत आती है? **(UPSI 25-11-2021)**
(a) द्रविड़ (b) भारोपीय
(c) चीनी-तिब्बती (d) ऑस्ट्रिक

**41.** **(b)** **भारोपीय** भाषा- परिवार के अंतर्गत आने वाली भाषाएँ- अंग्रेजी, रूसी, प्राचीन फारसी, हिन्दी, पंजाबी, जर्मन, नेपाली आदि है। यह समूह भाषाओं का सबसे बड़ा परिवार है।

**43.** 'भाटभाषा' इनमें से किसे कहा गया है? **(UPSI 25-11-2021)**
(a) डिंगल (b) पिंगल
(c) ब्रज (d) बुंदेली

**43.** **(a)** "भाट भाषा"- भाट शब्द संस्कृत भाषा के "भट्ट" से बना है। राजस्थान में विभिन्न जातियों की वंशावली रखने वाले लोग भाट कहलाते हैं। **डिंगल** को भाट भाषा कहा जाता है। इसकी लिपि 'नागरी लिपि' है। डिंगल का उपयोग राजस्थान, गुजरात, कच्छ, मालवा और सिंध सहित आसपास के क्षेत्रों में किया जाता था।

**45.** मराठी का संबंध किस अपभ्रंश से माना जाता है? **(UPSI 27-11-2021)**
(a) पैशाची अपभ्रंश
(b) महाराष्ट्र अपभ्रंश
(c) मागधी अपभ्रंश
(d) शौरसेनी अपभ्रंश

**45.** **(b)** मराठी का संबंध **महाराष्ट्र अपभ्रंश** से माना जाता है।

**47.** असम में सर्वाधिक बोली जानेवाली भाषा कौन-सी है? **(UPSI 28-11-2021)**
(a) काकबराक (b) बोडो
(c) असमिया (d) बांग्ला

**47.** **(c)** असम में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा- **असमिया**
पश्चिम बंगाल + बांग्लादेश - बांग्ला
असम में बोली जाने वाली भाषा - बोडो
त्रिपुरा में बोली जाने वाली भाषा- काकबराक

**49.** 'अलमारी' किस भाषा का शब्द है? **(UPSI 28-11-2021)**
(a) अरबी (b) पुर्तगाली
(c) फ्रेंच (d) फारसी

**49.** **(b)** अलमारी- पुर्तगाली भाषा का शब्द है।
**पुर्तगाली** भाषा के अन्य शब्द- अचार, गमला, इस्पात, पपीता कमरा, बोतल, बाल्टी, संतरा।

**51.** भारत में 'हिंदी' किस वर्ग के अंतर्गत शामिल है? **(UPSI 28-11-2021)**
(a) राजभाषा (b) राष्ट्रभाषा
(c) काव्यभाषा (d) तकनीकी भाषा

**51.** **(a)** भारतीय संविधान के भाग 17 में अनुच्छेद 343-351 तक संघ की राजभाषा के बारे में बताया गया है। जिसमें अनुच्छेद 343, 344 में संघ की **राजभाषा** हिंदी व लिपि देवनागरी को अपनाया गया है।

**53.** देवनागरी लिपि मूलत: क्या है? **(UPSI 28-11-2021)**
(a) वर्णनात्मक (b) चित्रात्मक
(c) प्रतीकात्मक (d) अक्षरात्मक

**53.** **(d)** देवनागरी लिपि मूलत: **अक्षरात्मक** है। इसमें कुल 48 वर्ण है। जिसमें 14 स्वर और 34 व्यंजन हैं।

**55.** इनमें से कौन-सी भाषा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं है? **(UPSI 29-11-2021)**
(a) उर्दू (b) छत्तीसगढ़ी
(c) नेपाली (d) तमिल

**55.** **(b)** भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं को मान्यता प्रदान की गई है। इसमें प्रारंभ में 14 भाषाएँ थी। जो इस प्रकार है। 1. असमिया, 2. बांग्ला, 3. गुजराती, 4. हिंदी, 5. कन्नड, 6. कश्मीरी, 7. मलयालम, 8. मराठी, 9. उड़िया, 10. पंजाबी, 11. संस्कृत, 12. तमिल, 13. तेलुगू, 14. उर्दू। बाद में 15वीं भाषा के रूप में सिंधी को 21वें संविधान संशोधन 1967 द्वारा तथा कोंकणी, मणिपुरी, नेपाली को क्रमश: 16वीं, 17वीं, 18वीं भाषा के रूप में 71वें संविधान संशोधन अधिनियम 1992 द्वारा, वोडो, डोगरी, मैथिली, संथाली को 92वाँ संविधान। 2003 द्वारा क्रमश: 19वीं, 20वीं, 21वीं, 22वीं भाषा के रूप में शामिल किया गया। **छत्तीसगढ़ी** शामिल नहीं है।

**57.** इनमें से हिन्दुस्तानी भाषा का रूप कौन-सा है? **(UPSI 30-11-2021)**
(a) संस्कृतनिष्ठ
(b) ब्रज-अवधी का मिश्रित रूप
(c) हिन्दी-उर्दू मिश्रित
(d) दक्खिनी हिन्दी

**57.** **(c)** हिंदुस्तानी भाषा का रूप- **हिंदी-उर्दू मिश्रित** रूप है।

**59.** 'पंजाबी' का विकास किससे हुआ है? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) पैशाची (b) मागधी

(c) गढ़वाली (d) राजस्थानी

**59.** **(a)** "पंजाबी" का विकास **पैशाची** से हुआ है।

**61.** इनमें से कौन-सी भाषा भारोपीय परिवार की भाषा नहीं है? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) हिंदी (b) मराठी

(c) मलयालम (d) गुजराती

**61.** **(c) मलयालम** भाषा द्रविड़- भाषा परिवार की भाषा है। जबकि अन्य दी गई भाषा- हिंदी, मराठी, गुजराती भारोपीय परिवार की भाषा है।

## बोली

**63.** इनमें से कौन-सी बोली 'उदासीन आकार' बहुला है? **(UPSI 12-11-2021)**

(a) बघेली (b) कन्नौजी

(c) ब्रज (d) बुन्देली

**63.** **(a) बघेली** बोली 'उदासीन आकार' बहुला है। इसके अंतर्गत अवधी बोली भी है। ब्रजभाषा, कन्नौजी व बुंदेली- ओकार बहुला है।

**65.** इनमें से कौन-सी बोली राजस्थानी की बोली नहीं है? **(UPSI 12-11-2021)**

(a) मालवी (b) मेवाती

(c) मारवाड़ी (d) बुन्देली

**65.** **(d) बुंदेली** बोली, बुंदेलखंड क्षेत्र में बोली जाती है जो उ. प्र. व मध्य प्रदेश सीमा के अंतर्गत आता है।

मालवी, मेवाती व मारवाड़ी राजस्थानी बोली है।

**67.** इनमें से कौन-सी बोली अर्धमागधी अपभ्रंश से निकली है? **(UPSI 13-11-2021)**

(a) कौरवी (b) भोजपुरी

(c) बघेली (d) बुन्देली

**67.** **(c) बघेली** अर्धमागधी अपभ्रंश की भाषा है।
अर्धमागधी अपभ्रंश – अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी।
शौरसेनी अपभ्रंश- कन्नौजी, बुंदेली, ब्रज, खड़ी बोली
मागधी अपभ्रंश- मगही, मैथली, भोजपुरी

**69.** खड़ी बोली या कौरवी का उद्भव शौरसेनी अपभ्रंश के निम्नलिखित में से किस रूप से हुआ है? **(UPSI 14-11-2021)**

(a) उत्तरी रूप (b) दक्षिणी रूप

(c) मध्यवर्ती रूप (d) इनमें से कोई नहीं

**69.** **(a)** खड़ी बोली या कौरवी दिल्ली, मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, बिजनौर आदि क्षेत्रों में बोली जाती है। इसमें मेरठ की खड़ी बोली आदर्श और मानक मानी जाती है। स्पष्ट है कि शौरसेनी अपभ्रंश के **उत्तरी रूप** से इसका उद्भव हुआ है क्योंकि शौरसेनी का क्षेत्र ब्रजमंडल तथा आसपास का क्षेत्र माना जाता है।

**71.** इनमें से खड़ी बोली हिन्दी के पहले कवि कौन हैं? **(UPSI 15-11-2021)**

(a) भारतेन्दु (b) स्वयंभू

(c) सरहपा (d) अमीर खुसरो

**71.** **(d) अमीर खुसरो** खड़ी बोली हिंदी के पहले कवि माने जाते हैं। खुसरो को खड़ी बोली के आविष्कार का श्रेय प्राप्त हैं। हिंदी के कवि मैथिली शरण गुप्त को भी खड़ी बोली का पहला कवि माना जाता है।

**73.** बिहारी हिंदी की बोली का नाम है- **(UPSI 15-11-2021)**

(a) मगही (b) बघेली

(c) छत्तीसगढ़ी (d) बुन्देली

**73.** **(a) मगही**, भोजपुरी, मैथिली, बिहारी हिन्दी की बोलियाँ हैं। अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी, पूर्वी हिंदी की बोलियाँ है।

**75.** 'निबट्ठा' इनमें से किसकी उप-बोली है? **(UPSI 16-11-2021)**

(a) बघेली (b) कौरवी

(c) अवधी (d) छत्तीसगढ़ी

**75.** **(a)** 'निबट्ठा' **बघेली** की उपबोली है। बघेली पूर्वी हिंदी की एक प्रमुख भाषा है। इसकी अन्य उप-बोलियाँ जुडार तथा तिरहारी है।

**77.** 'कौरवी' किस बोली को कहते हैं? **(UPSI 17-11-2021)**

(a) अवधी (b) खड़ी बोली

(c) मगही (d) छत्तीसगढ़ी

**77.** **(b)** कौरवी या **खड़ी बोली** दिल्ली व उसके आस-पास के क्षेत्रों में बोली जाने वाली हिन्दी अर्थ भाषा है। इसका विकास शौर सेनी अपभ्रंश से हुआ है।

मगही या मागधी बिहार में बोली जाती है।

**79.** मेरठ, सहारनपुर, बिजनौर किस बोली के क्षेत्र में आते हैं? **(UPSI 17-11-2021)**

(a) अवधी (b) ब्रजभाषा

(c) खड़ी बोली (d) कन्नौजी

**79.** **(c)** मेरठ, सहारनपुर, बिजनौर, दिल्ली ये **खड़ी बोली** या कौरवी बोली के क्षेत्र में आते हैं। इस बोली का विकास शौरसेनी अपभ्रंश से हुआ है।

**81.** तुलु किस राज्य में ज्यादा बोली जाती है? **(UPSI 20-11-2021)**

(a) पंजाब (b) महाराष्ट्र

(c) कर्नाटक (d) तमिलनाडु

**81.** **(c) कर्नाटक** राज्य के दक्षिण कन्नड़ और उडुपी जिलों में और केरल के कासरगोड जिले के कुछ हिस्सों में बोली जाती है।

**83.** 'काशिका' किस क्षेत्र की बोली को कहा जाता है? **(UPSI 21-11-2021)**

(a) बनारस (b) आरा-भोजपुर

(c) देहरादून (d) आगरा

**83.** **(a)** काशिका आर्य भाषा परिवार की एक भाषा है जो **वाराणसी (बनारस)** एवं उसके आसपास के क्षेत्र में बोली जाती है।

**87.** इनमें से कौन-सी बोली पहाड़ी बोली नहीं है? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) कुमाऊँनी (b) जौनसारी

(c) बुंदेली (d) गढ़वाली

**87.** **(c) 'बुंदेली'** पहाड़ी बोली नहीं है। अन्य विकल्प कुमाँऊनी, जौनसारी और गढ़वाली पहाड़ी बोलियाँ है जो मुख्य रूप से उत्तराखंड में बोली जाती है। 'बुंदेली' पश्चिमी हिन्दी की एक बोली है, जो मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में बोली जाती है।

**89.** 'खड़ी बोली' इनमें से किस अपभ्रंश से निकली है? **(UPSI 22-11-2021)**

(a) मागधी (b) शौरसेनी

(c) अर्धमागधी (d) ब्राचड़

**89.** **(b)** खड़ी बोली का विकास- शौर सेनी अपभ्रंश से हुआ है। **शौरसेनी अपभ्रंश** से विकसित अन्य बोलियाँ (1) बुंदेली (2) कन्नौजी (3) ब्रजभाषा (4) बांगरू (हरियाणवी) हैं।

**93.** मैथिली किस राज्य में ज्यादा बोली जाती है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) पंजाब (b) बिहार

(c) छत्तीसगढ़ (d) राजस्थान

**93.** **(b)** "मैथिली" इस बोली का विकास बिहारी हिन्दी से हुआ है। इसका बोले जाने का प्रमुख क्षेत्र-**बिहार** है।

**94.** इनमें से 'ढूँढाणी' को अन्य किस नाम से जाना जाता है? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) मारवाड़ी (b) जयपुरी

(c) राजस्थानी (d) मेवाती

**94.** **(b)** "ढूँढाणी" को **जयपुरी** नाम से भी जाना जाता है। यह राजस्थानी हिंदी की एक बोली है। राजस्थानी हिन्दी की अन्य बोलियाँ- मेवाड़ी, मेवाती, हडौती, मारवाड़ी है।

**97.** इनमें से कौन-सी बोली पश्चिमी हिंदी की बोली नहीं है?

(a) बघेली (b) बुंदेली

(c) कन्नौजी (d) ब्रज

**97. (a)** पश्चिमी हिन्दी की प्रमुख बोलियाँ खड़ी बोली (कौरवी), हरियाणवी (बाँगरू) ब्रजभाषा, कन्नौजी और बुंदेली हैं। **बघेली** बोली पूर्वी हिन्दी के अंतर्गत आती है, जो अर्धमागधी अपभ्रंश से विकसित हुई है, जबकि पश्चिमी हिन्दी का विकास शौरसेनी अपभ्रंश से हुआ है। इसलिए बघेली पश्चिमी हिन्दी की बोली नहीं है।

**98.** सूरीनाम, मॉरिशस, गुयाना में बोली जाने वाली कौन-सी है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) राजस्थानी (b) ब्रज

(c) भोजपुरी (d) गढ़वाली

**98. (c)** सूरीनाम, मॉरिशस, गुयाना में बोली जाने वाली बोली - **भोजपुरी** है।

**101.** 'बुन्देली' का क्षेत्र है- **(UPSI 29-11-2021)**

(a) जयपुर-अजमेर-जोधपुर

(b) झाँसी-जालौन-दतिया

(c) आगरा-मथुरा-भरतपुर

(d) पानीपत-सोनीपत-कुरुक्षेत्र

**101. (b)** "बुंदेली" पश्चिमी हिंदी की एक बोली हैं इसका बोली क्षेत्र- **झाँसी, जालौन,** ललितपुर, **दतिया**, महोबा, हमीरपुर तथा चित्रकूट बांदा के कुछ हिस्से।

**103.** मेवाती किस वर्ग की बोली है? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) बिहारी

(b) राजस्थानी

(c) पहाड़ी

(d) पश्चिमी हिन्दी

**103. (b)** "मेवाती"- राजस्थानी हिंदी की एक बोली है। **राजस्थानी** हिंदी की बोलियाँ- मेवाड़ी, मेवाती, हड़ौती, मारवाड़ी

**105.** गारो किस राज्य में बोली जाती है? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) त्रिपुरा (b) सिक्किम

(c) मेघालय (d) मणिपुर

**105. (c)**

| **राज्य** | **भाषा** |
|---|---|
| त्रिपुरा | बंगाली और त्रिपुरी भाषा |
| सिक्किम | नेपाली (प्रमुख भाषा), अन्य भाषाएँ- भूटिया लेप्चा, गुरूंग |
| **मेघालय** | गारो, खासी, अंग्रेजी (official language) |
| मणिपुर | मणिपुरी |

**107.** मगही किस राज्य में ज्यादा बोली जाती है? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) मध्य प्रदेश

(b) राजस्थान

(c) बिहार

(d) हिमाचल प्रदेश

**107. (c)** मगही- **बिहार** में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली बोली है। मगही बिहारी हिंदी की बोली है। बिहारी हिंदी की अन्य बोली- मैथिली व भोजपुरी है।

**109.** इनमें से कौन-सी बोली हिंदी भाषा के अंतर्गत नहीं आती है? **(UPSI 02-12-2021)**

(a) बांगरू (b) कन्नौजी

(c) अवधी (d) तेलुगु

**109. (d) तेलुगु**- हिंदी की नहीं बल्कि द्रविड़ भाषा परिवार की बोली है। द्रविड़ भाषा परिवार की बोली- तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालयम, तुलू। जबकि बांगरू व कन्नौजी बोलियाँ- पश्चिमी हिंदी के अंतर्गत तथा अवधी पूर्वी हिंदी के अंतर्गत आने वाली बोलियाँ हैं।

CHAMPION PUBLICATION Gagan Pratap Sir

# 24 अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

**1.** 'कलभ' शब्द के लिए उचित वाक्यांश छांटिए।
**(उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित, 2016)**
(a) भैंस का बच्चा
(b) कुत्ते का बच्चा
(c) मुर्गी का बच्चा
(d) हाथी का बच्चा

**Sol. (d)** अनेक शब्दों के लिए एक शब्द
**हाथी का बच्चा** → कलभ
मुर्गी का बच्चा → चूजा
कुत्ते का बच्चा → पिल्ला
भैंस का बच्चा → कटाह

**2.** 'अल्पहारी' शब्द के लिए उचित वाक्यांश छांटिए।
**(UPSI Batch-II 12 Dec-2017)**
(a) जो कंदमूल खाता हो।
(b) जो फल खाता हो।
(c) जो पकवान खाता हो।
(d) जो कम खाता हो।

**Sol. (d) अल्पहारी → जो कम खाता हो**
फलाहारी → जो फल खाता हो
कंदमूलभक्षी → जो कंदमूल खाता हो
पकवानभक्षी → जो पकवान खाता हो

**3.** निम्नलिखत में से कौन-सा विकल्प वाक्यांश और उनके लिए एक शब्द की सही जोड़ी नहीं है?
**(UPP Jail Warden/Fireman 20/12/2020 Shift & II)**
(a) जो बहुत बोलता हो-वाचाल
(b) जो कुछ नहीं जानता-अज्ञ
(c) जो मापा न जा सके-अपरिमेय
(d) जो अनुकरण करने योग्य हो-विश्वसनीय

**Sol. (d)** विकल्प (d) अशुद्ध है। इसके लिए सही शब्द है **: जो अनुकरण करने योग्य हो → अनुकरणीय**

**4.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्प दिए गए हैं जिनमें से उस विकल्प का चयन करें जो शब्द/वाक्य का सबसे अच्छा 'एक शब्द' विकल्प है। जो किसी भी स्थिति में टाला न जा सके -
**(UP Cons. 20/12/2020)**
(a) असंभव (b) संभव
(c) अनिवार्य (d) आजीवन

**Sol. (c)** 'जो किसी भी स्थिति में टाला न जा सके' → **अनिवार्य।**
जिसे करना संभव न हो → असंभव।

**5.** इनमें से 'पार्थिव' शब्द के लिए उपयुक्त वाक्य क्या होगा? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) जिसका संबंध ईश्वर से है।
(b) जिसका संबंध मनुष्य से है।
(c) जिसका संबंध पृथ्वी से है।
(d) जिसका संबंध प्रथा से है।

**Sol. (c) जिसका संबंध पृथ्वी से हो** उसे पार्थिव कहते हैं।

**6.** 'दोपहर के बाद का समय' इस वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द लिखिए। **(UPSI 12-11-2021)**
(a) विहान (b) पूर्वाहन
(c) मध्याहन (d) अपराहन

**Sol. (d)** दोपहर के बाद का समय - **अपराहन**
दोपहर के पूर्व का समय - पूर्वाहन
दोपहर का समय - मध्याहन
भोर का समय - विहान

**7.** 'ऐसा फूल जो पूरा खिला न हो' इसके लिए उपयुक्त शब्द क्या है? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) पुष्प (b) अधखिला
(c) कमल (d) मुकुल

**Sol. (d)** ऐसा फूल जो पूरा न खिला हो- **मुकुल**

**8.** हर्ष, दु:ख, घृणा, पीड़ा इत्यादि मनोभावों को व्यक्त करने वाले शब्दों को क्या कहा जाता है?
**(UPSI 13-11-2021)**
(a) अवयव (b) विस्मयादिबोधक
(c) समुच्चयबोधक (d) निपात

**Sol. (b) विस्मयादिबोधक** शब्दों से हर्ष, घृणा, पीड़ा, इत्यादि मनोभावों को व्यक्त किया जाता है।

**9.** 'जिनका जन्म पहले हुआ हो' के लिए इनमें से उपयुक्त शब्द कौन-सा है? **(UPSI 13-11-2021)**
(a) अग्रणी (b) अग्र
(c) अग्रज (d) इनमें से कोई नहीं

**Sol. (c) अग्रज**- जिसका जन्म पहले हुआ हो।
अग्रणी- जो आगे रहता हो।
अग्र - आगे का भाग

**10.** 'जिस पर आक्रमण न किया गया हो'- इस वाक्यांश के लिए सही शब्द कौन-सा है?
**(UPSI 14-11-2021)**
(a) अनाक्रांत (b) जीवट
(c) भयानक (d) अछूता

**Sol. (a) अनाक्रांत**- जिस पर आक्रमण न किया गया हो।
जीवट - साहस

**11.** 'किसी वस्तु को प्राप्त करने की तीव्र इच्छा के लिए उपयुक्त शब्द इनमें से कौन सा होगा?
**(UPSI 15-11-2021)**
(a) अभीप्सा (b) अरसिक
(c) अपेक्षा (d) अपेक्षित

**Sol. (a)** किसी वस्तु को प्राप्त करने की तीव्र इच्छा- **अभीप्सा**
काव्य, संगीत आदि का रस लेने में असमर्थ- अरसिक

**12.** 'सबमें व्याप्त रहने वाला' के लिए एक शब्द इनमें से कौन-सा है? **(UPSI 16-11-2021)**
(a) सर्वव्यापी (b) सर्वाव्यापी
(c) सर्वयापी (d) सरव्यापी

**Sol. (a)** सब में व्याप्त रहने वाला- **सर्वव्यापी**

**13.** 'वह व्यक्ति जो लोहे को पीटकर अपना गुजारा चलाता है'-इस वाक्यांश के लिए सही शब्द कौन-सा है? **(UPSI 16-11-2021)**
(a) गजारा (b) लोहार
(c) लोहा (d) लोहक

**Sol. (b)** लोहार, लोहे को पीटकर वस्तु बनाता है और उसे बेचकर गुजारा करता है।

**14.** 'पाप करने के बाद स्वयं दंड पाना' इस वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द लिखिए।
**(UPSI 17-11-2021)**
(a) प्रताड़ना (b) पश्चाताप
(c) प्रायश्चित (d) इनमें से कोई नहीं

**Sol. (c)** पाप करने के बाद स्वयं दंड पाना - **प्रायश्चित**
- कष्ट पहचाने या सताने की क्रिया- प्रताड़ना
- अपराध बोध से होने वाली ग्लानि- पश्चाताप

**15.** 'जो तर्क द्वारा माना जा चुका हो' इस वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द लिखिए।
**(UPSI 20-11-2021)**
(a) तर्कसिद्ध (b) तर्कसम्मत
(c) तर्कशास्त्र (d) तर्कसाध्य

**Sol. (b) तर्क सम्मत** - जो तर्क द्वारा माना जा चुका है।
- तर्क सिद्ध - जो तर्क द्वारा सिद्ध किया जा चुका हो।
- तर्कशास्त्र - अनुमान के वैध नियमों का व्यवस्थित अध्ययन

**16.** 'जिसका जन्म पहले हुआ हो'- इस वाक्यांश के लिए सही शब्द कौन-सा है? **(UPSI 20-11-2021)**

(a) अग्रज (b) अनुज
(c) अज्ञात (d) अग्रसोची

**Sol. (a)** जिसका जन्म पहले हुआ हो- **अग्रज**

- जिसका जन्म बाद में हुआ हो- अनुज
- बिना जाना हुआ- अज्ञात
- पहले से ही सोच लेने वाला- अग्रसोची

**17.** 'जो ईश्वर पर विश्वास करता हो'- इस वाक्यांश के लिए सही शब्द कौन-सा है? **(UPSI 21-11-2021)**

(a) विश्वसनीय (b) नास्तिक
(c) आस्तिक (d) ईश्वरीय

**Sol. (c)** जो ईश्वर पर विश्वास करता हो- **आस्तिक**

- जो ईश्वर पर विश्वास न करता हो- नास्तिक
- ईश्वर द्वारा प्रदत्त- ईश्वरीय

**18.** 'सबसे पहले गिना जाने वाला' के लिए इनमें से उपयुक्त शब्द क्या है? **(UPSI 21-11-2021)**

(a) अग्रगणक (b) अग्रगामी
(c) अग्रगण्य (d) अग्रहरि

**Sol. (c)** सबसे पहले गिना जाने वाला- **अग्रगण्य**

- आगे चलने वाला – अग्रगामी

**19.** 'सावधान रहने वाला व्यक्ति'- इस वाक्यांश के लिए सही शब्द कौन-सा है? **(UPSI 22-11-2021)**

(a) सतर्क (b) सुरक्षित
(c) संरक्षित (d) सावधानी

**Sol. (a)** सावधान रहने वाला व्यक्ति → **सतर्क**
जो खतरे से सुरक्षित है → सुरक्षित
जो किसी के द्वारा बचाया गया हो → संरक्षित
डर से प्रेरित सावधानी → सावधानी

**20.** 'तैरने की इच्छा' के लिए इनमें से उपयुक्त शब्द कौन-सा है? **(UPSI 22-11-2021)**

(a) तितीर्षा (b) चिकीर्षा
(c) जिघांसा (d) अचिर्षा

**Sol. (a)** तैरने की इच्छा → **तितीर्षा**
कार्य करने की इच्छा → चिकीर्षा
किसी को मारने की इच्छा → जिघांसा

**21.** 'जहाँ जाना संभव न हो'- इस वाक्यांश के लिए सही शब्द कौन-सा है? **(UPSI 22-11-2021)**

(a) अगम (b) सुगम्य
(c) अयात्र (d) अजेय

**Sol. (a)** जहाँ जाना संभव न हो – **अगम**
जहाँ आसानी से पहुँचा जा सके – सुगम्य
जिसे जीता न जा सके – अजेय

**22.** 'जो पीने योग्य नहीं हो'- इस वाक्यांश के लिए सही शब्द कौन-सा है? **(UPSI 23-11-2021)**

(a) नापेय (b) जहर
(c) अपेय (d) अमृत

**Sol. (c)** जो पीने योग्य नहीं हो – **अपेय**

**23.** 'तीनों लोकों का स्वामी'- इस वाक्यांश के लिए सही शब्द कौन-सा है? **(UPSI 23-11-2021)**

(a) त्रिभुवन (b) गोस्वामी
(c) त्रिस्वामी (d) त्रिलोकी

**Sol. (d)** तीनों लोको का स्वामी – **त्रिलोकी**
तीन लोक – त्रिभुवन
गोस्वामी – गाय का मालिक

**24.** 'जो न जाना गया हो'- इस वाक्यांश में लिए सही शब्द कौन-सा है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) अज्ञात (b) ज्ञात
(c) न जान (d) उनजान

**Sol. (a)** जो न जाना गया हो – **अज्ञात**

**25.** 'जिसकी आशा न की गई हो' के लिए इनमें से उपयुक्त शब्द कौन-सा है? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) अप्रत्याशित (b) प्रत्याशित
(c) अपेक्षित (d) इनमें से कोई नहीं

**Sol. (a)** जिसकी आशा न की गयी हो → **अप्रत्याशित**

**26.** 'जो पढ़ा न गया हो'- इस वाक्यांश के लिए सही शब्द कौन-सा है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) अपठित (b) आस्तिक
(c) जटिल (d) अपठनीय

**Sol. (a)** जो पढ़ा न गया हो → **अपठित**
जो ईश्वर में विश्वास करता हो →आस्तिक
जो पढ़ने योग्य न हो → अपठनी

**27.** 'जिसका कोई शत्रु पैदा न हुआ हो'- इस वाक्यांश के लिये सही शब्द कौन-सा है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) जाजशत्रु (b) अजातशत्रु
(c) अद्भूत (d) आजन्मशत्रु

**Sol. (b)** जिसका कोई शत्रु पैदा न हुआ हो- के लिए एक शब्द – **अजातशत्रु**

**28.** ज्ञात या कल्पित तथ्यों के आधार पर लिया गया निर्णय' के लिए इनमें से उपयुक्त शब्द क्या है? **(UPSI 28-11-2021)**

(a) अपठित (b) अनुमोदन
(c) अध्याहरण (d) परिकल्पना

**Sol. (c)** ज्ञात या कल्पित तथ्यों के आधार पर लिया गया निर्णय- **अध्याहरण**

**29.** 'जिसका जन्म कन्या के गर्भ से हुआ हो' के लिए एक शब्द कौन-सा होगा? **(UPSI 28-11-2021)**

(a) कुमारीसुत (b) कन्या पुत्र
(c) अवैध पुत्र (d) कानीन

**Sol. (d)** जिसका जन्म कन्या के गर्भ से हुआ हो- **कानीन**

**30.** 'खाद्य साम्रगी जो यात्रा के समय रास्ते में उपभोग के लिए दी जाती है' के लिए एक शब्द होगा? **(UPSI 28-11-2021)**

(a) खानाबदोश (b) पाथेय
(c) उपाहार (d) स्वल्पाहार

**Sol. (b)** खाद्य सामग्री जो यात्रा के समय रास्ते में उपभोग के लिए दी जाती है- उसके लिए एक शब्द- **पाथेय** होगा।

**31.** 'जिसके पास कुछ न हो' इस वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द लिखिए। **(UPSI 29-11-2021)**

(a) कर्जदार (b) अकिंचन
(c) निरामिष (d) उऋण

**Sol. (b)** जिसके पास कुछ न हो → वाक्यांश के लिए एक शब्द → **अकिंचन**

**32.** 'हवन में जलाने वाली लकड़ी' के लिए एक शब्द कौन-सा होगा? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) वन काष्ठ (b) शुष्क काष्ठ
(c) समिधा (d) हवन सामग्री

**Sol. (c)** हवन में जलाने वाली लकड़ी के लिए एक शब्द – **समिधा।**

**33.** 'जिस पुरुष की पत्नी साथ नहीं है' के लिए एक शब्द कौन-सा होगा? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) विधुर (b) विपत्नीक
(c) वियोगी (d) अपत्नीक

**Sol. (b)** जिस पुरुष की पत्नी साथ नहीं है- **विपत्नीक**
जिस पुरुष की पत्नी मर गई है- विधुर
जो किसी के वियोग (विरह) में हो- वियोगी

**34.** जो स्त्री सूर्य भी न देख सके के लिए एक शब्द कौन-सा होगा? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) असूर्यस्पर्शा (b) असूर्यपश्या
(c) असूर्यदर्शना (d) असूर्यदृष्टा

**Sol. (b)** जो स्त्री सूर्य भी न देख सके- **असूर्यपश्या।**

**35.** 'ईश्वर को न मानने वाला व्यक्ति' के लिए एक शब्द क्या है? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) सनाथ (b) आस्तिक
(c) पंडित (d) नास्तिक

**Sol. (d)** ईश्वर को न मानने वाला व्यक्ति के लिए एक शब्द- **नास्तिक**

ईश्वर को मानने वाला- आस्तिक

जिसके माता-पिता साथ हों- सनाथ

पढ़ा-लिखा व्यक्ति- पंडित

**36.** 'जो भविष्य की बात सोचता हो' के लिए एक शब्द कौन-सा होगा? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) भविष्यचिंतक (b) भावी चिंतक

(c) चिंताकुल (d) अग्रसोची

**Sol. (d)** जो भविष्य की बात सोचता हो- **अग्रसोची**

**37.** 'पाने की इच्छा वाला'- इस वाक्यांश के लिए सही शब्द कौन-सा है? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) प्रेमी (b) पापी

(c) धीरोदात्त (d) पिपासु

**Sol. (d)** पाने की इच्छा रखने वाला के लिए एक शब्द- **पिपासु** होगा।

**38.** "सब में व्याप्त रहने वाला" वाक्यांश के लिए इनमें से उपयुक्त शब्द कौन-सा है? **(UPSI 02-12-2021)**

(a) सर्वयापी (b) सरव्यापी

(c) सर्वाव्यापी (d) सर्वव्यापी

**Sol. (d)** सब में व्याप्त रहने वाला- के लिए एक शब्द- **सर्वव्यापी**

**39.** 'जानने की इच्छा रखने वाला' के लिए एक शब्द कौन-सा होगा? **(UPSI 02-12-2021)**

(a) तत्पर (b) जिज्ञासु

(c) उत्साही (d) जिज्ञासा

**Sol. (b)** जानने की इच्छा रखने वाला- वाक्यांश के लिए एक शब्द - **जिज्ञासु**

**40.** 'जो ईश्वर में विश्वास रखता हो' के लिए एक शब्द कौन-सा होगा? **(UPSI 02-12-2021)**

(a) नास्तिक (b) आस्तिक

(c) अविनीत (d) मेधावी

**Sol. (b)** जो ईश्वर में विश्वास रखता हो- के लिए एक शब्द - **आस्तिक** होगा।

# 25 अनेकार्थी शब्द

**1.** 'अर्क' के लिए बेमेल शब्द पहचानिए:
**(उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित, 2016)**
(a) अफवन (b) काढ़ा
(c) अंतर (d) सूर्य

**Sol. (c)** अर्क के लिए बेमेल शब्द **'अंतर'** है। अफवन, काढ़ा, तथा सूर्य 'अर्क' के अनेकार्थी शब्द है।

**2.** निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द अनेकार्थी नहीं है? **(UPSI Cons.19/06/2018)**
(a) कनक (b) अनंत
(c) महावीर (d) हत्या

**Sol. (d) 'हत्या'** अनेकार्थी शब्द नहीं है।
(i) कनक → सोना, धतूरा, गेहूँ आदि।
(ii) अनंत → आकाश, असीम, विष्णु, आदि
(iii) महावीर → हनुमान, बलवान, 24वें जैन तीर्थंकर (महावीर)

**3.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्प दिए गए हैं जिनमें एक शब्द दिए गए अनेकार्थी शब्द का अर्थ है। उस शब्द को चुनें।
"मुद्रा" **(UP Cons. 28/01/2019)**
(a) रूप (b) भाग
(c) पर्वत (d) गोद

**Sol. (a)** मुद्रा शब्द के अनेकार्थी शब्दों में से एक **रूप** है। मुद्रा के अन्य अनेकार्थी शब्दों में सिक्का, मुहर, अंगुठी, आकृति भाव, आदि शामिल है।

**4.** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प शब्द और उनके अनेकार्थक शब्दों की सही जोड़ी नहीं है? **(UPP Jail Warden/Fireman Exam Date Shift-I 2020)**
(a) अंक-चिह्न, भाग्य
(b) कोट-किला, एक प्रकार का वस्त्र
(c) बलि-उपहार, कर
(d) सर-श्रद्धेय, तालाब

**Sol. (d)** विकल्प (d) **सर-श्रद्धेय, तालाब** सही जोड़ी नहीं है। सर के अनेकार्थी शब्द तालाब और बाण होते है जबकि श्रद्धेय इसका अनेकार्थक शब्द नहीं है।

**5.** जल, प्राण, पुत्र, इनमें से किस शब्द के अनेकार्थी हैं? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) औषधि (b) जीवन
(c) तत्व (d) सार

**Sol. (b)** जल, प्राण, पुत्र, गंगा, पानी, जिंदगी आदि **जीवन** के अनेकार्थी शब्द हैं।
तत्त्व के अनेकार्थी- मूल, ब्रह्मा, पदार्थ, वस्त्र
सार के अनेकार्थी- तत्त्व, निष्कर्ष, रस, लाभ, धैर्य

**6.** कमल, मोती, पानी में उत्पन्न होने वाला- ये किस शब्द के अनेकार्थी शब्द हैं?
**(UPSI 12-11-2021)**
(a) इन्द्रधनुष (b) पयोधर
(c) जलद (d) जलज

**Sol. (d) जलज** = जल + ज (उत्पन्न होने वाला)
अत: कमल, मोती, पानी में उत्पन्न होने वाला- ये शब्द जलज शब्द के अनेकार्थी हैं।
इंद्रधनुष - ऐरावत, शक्रधनु
पयोधर - बादल, तालाब
जलद - बादल, कपूर

**7.** इनमें से 'खोज' का अनेकार्थी शब्द कौन-सा नहीं है? **(UPSI 13-11-2021)**
(a) तलाश (b) इच्छापूर्ति
(c) जिज्ञासा (d) अनुसंधान

**Sol. (b) इच्छापूर्ति** खोज का अनेकार्थी शब्द नहीं है।

**8.** इनमें से कौन-सा शब्द 'पुत्र' का अनेकार्थी शब्द है? **(UPSI 13-11-2021)**
(a) ईश्वर (b) राधा
(c) पूत (d) पुरूष

**Sol. (c) पूत,** पुत्र का अनेकार्थी/पर्यायवाची है। औरस, तनय, आत्मज इसके अन्य पर्यायवाची हैं।

**9.** विभाव के दो प्रकार कौन-से हैं?
**(UPSI 15-11-2021)**
(a) स्थायी, संचारी (b) अनुभाव, स्थायी
(c) आलंबन, संचारी (d) आलंबन, उद्दीपन

**Sol. (d)** विभाव व्यक्ति के मन के स्थायी भाव को जागृत करते हैं। विभाव के दो भेद होते हैं-
(i) **आलम्बन** (ii) **उद्दीपन**

**10.** इनमें से कौन-सा शब्द 'क्षेत्र' शब्द का अर्थ नहीं है? **(UPSI 16-11-2021)**
(a) वीर (b) शरीर
(c) प्रकृति (d) तीर्थ

**Sol. (a)** 'क्षेत्र' के अनेकार्थी शरीर, गृह, तीर्थ, प्रकृति खेल होते हैं।

**11.** 'पक्ष' शब्द किस अर्थ का वाचक नहीं है?
**(UPSI 17-11-2021)**
(a) पंख (b) पार्श्व
(c) पखेरू (d) पखवाड़ा

**Sol. (c)** पक्ष के अनेकार्थी पखवाड़ा, वर्ग, समुदाय, पंख, पार्श्व आदि हैं। जबकि **पखेरू** पक्षी/नभचर के समानार्थी है।

**12.** 'कर' शब्द का सही अनेकार्थक समूह है-
**(UPSI 17-11-2021)**
(a) कृ, क्रिया, विशेषण
(b) सुधाकर, दीवाकर, हिमर
(c) दुष्कर, पीकर, खाकर
(d) हाथ, किरण, करना

**Sol. (d)** 'कर' शब्द के अनेकार्थी **हाथ, किरण, करना**, आयकर, टैक्स, पाणि, मरीचि, रश्मि, शुंडिका आदि होते हैं।

**13.** इनमें से कौन-सा शब्द 'खग' शब्द का अर्थ नहीं है? **(UPSI 20-11-2021)**
(a) द्विज (b) पक्षी
(c) मृदुल (d) पखेरू

**Sol. (c) मृदुल** शब्द कोमल या मुलायम का पर्यायवाची है।

**14.** इनमें से कौन-सा शब्द 'ताल' शब्द का अर्थ नहीं है? **(UPSI 20-11-2021)**
(a) झील (b) चाबी
(c) ताड़ का वृक्ष (d) संगीत का ताल

**Sol. (b)** ताड़ को ताल वृक्ष भी कहा जाता है। झील, तालाब आदि ताल के पर्यायवाची है। अत: **चाबी** का संबंध ताल से नहीं है।

**15.** इनमें से कौन-सा शब्द 'आहार' शब्द का अर्थ नहीं है? **(UPSI 22-11-2021)**
(a) भक्ष्य (b) बोझ
(c) खुराक (d) भोजन

**Sol. (b)** "आहार" के अनेकार्थक शब्द- भक्ष्य, खुराक, भोजन, खाद्य-पदार्थ, भोज्य-पदार्थ इत्यादि। जबकि विकल्प में दिया गया शब्द- **बोझ** भिन्न शब्द है जिसके अनेकार्थक शब्द- भार, वजन, गठरी, ढेर, गट्ठा इत्यादि।

**16.** इनमें से कौन-सा शब्द 'अलि' शब्द का अर्थ नहीं है? **(UPSI 23-11-2021)**
(a) गले का आभूषण (b) भ्रमर
(c) सखी (d) सहेली

**Sol. (a)** "अलि" के अनेकार्थी शब्द- भ्रमर, सखी, सहेली, कोयल, मदिरा कौवा, सेतु इत्यादि है। जबकि **'गले का आभूषण'** इसका (अलि) अनेकार्थी शब्द नहीं है।

**17.** इनमें में कौन-सा शब्द 'अंक' का अर्थ नहीं बताता? **(UPSI 24-11-2021)**
(a) गोद (b) भेद
(c) संख्या (d) चिह्न

**Sol. (b)**"अंक" के अनेकार्थी शब्द- गोद, संख्या, चिह्न, गिनती, क्रोड़, पार्श्व इत्यादि।
**भेद** अंक का अनेकार्थी शब्द नहीं है। भेद के अनेकार्थी शब्द- फूट, रहस्य, छेदन, अंतर इत्यादि हैं।

**18.** इनमें से कौन-सा शब्द 'आराम' शब्द का अर्थ नहीं है? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) आहत (b) वाटिका
(c) फुलवाड़ी (d) विश्राम

**Sol. (a)**"आराम" शब्द के अनेकार्थी शब्द- वाटिका, फुलवाड़ी, विश्राम, बाग, रोग का दूर होना। अतः **आहत** आराम का अर्थ नहीं है। आहत का अर्थ- चोट खाया हुआ, घायल, जख्मी है।

**19.** इनमें से कौन-सा शब्द 'उद्योग' का अनेकार्थी शब्द है? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) कारखाना (b) रोजगार
(c) साधारण (d) सरल

**Sol. (a)** उद्योग के अनेकार्थी शब्द- **कारखाना**, परिश्रम, धंधा, उद्यम आजीविका, कारोबार, व्यवसाय वृत्ति, जीविका, काम-धंधा, शगल इत्यादि।

**20.** इनमें से कौन-सा शब्द 'परिकर' का अनेकार्थी नहीं है? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) समूह (b) कमरबंद
(c) परिवार (d) क्षत्रिय

**Sol. (d)** परिकर के अनेकार्थी शब्द- समूह, कमरबंद, परिवार, नौकर-चाकर आदि है। अतः **क्षत्रिय** परिकर का अनेकार्थी शब्द नहीं है।

**21.** इनमें से कौन-सा शब्द 'फल' शब्द का अर्थ नहीं है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) पंख (b) संतान
(c) परिणाम (d) लाभ

**Sol. (a)** फल के अनेकार्थी शब्द - संतान, परिणाम, लाभ, नतीजा, वृक्ष का फल, तीर का अगला हिस्सा, भाले की नोंक
अतः **पंख** शब्द फल का अर्थ नहीं है।

**22.** इनमें से कौन-सा शब्द 'पानी' शब्द का अर्थ नहीं है? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) इज्जत (b) कांति
(c) जल (d) हाथ

**Sol. (d)** पानी के अनेकार्थी शब्द- जल, लज्जा, चमक, इज्जत, कांति आदि है। अतः **हाथ** पानी के लिए उपयुक्त शब्द नहीं है।

**23.** इनमें से कौन-सा शब्द 'आचरण' शब्द का अर्थ नहीं है? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) व्यवहार (b) आकांक्षा
(c) आदत (d) चाल-चलन

**Sol. (b)** आचरण के अनेकार्थी शब्द- व्यवहार, आदत, चाल-चलन है जबकि **आकांक्षा**- इच्छा का समानार्थी शब्द है।

**24.** कौन-सा शब्द अर्थ की दृष्टि से 'अंक' से संबद्ध नहीं है? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) भाग्य (b) चिह्न
(c) गोद (d) शब्द

**Sol. (d)**"अंक" के अनेकार्थी शब्द- भाग्य, चिन्ह, गोद, नाटक का अंक इत्यादि जबकि **शब्द** अंक का अनेकार्थी शब्द नहीं है।

**25.** इनमें से कौन-सा शब्द 'केवट' शब्द का अर्थ नहीं है? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) निपुण (b) धीवर
(c) मांझी (d) मल्लाह

**Sol. (a)**"केवट" के अनेकार्थी शब्द- धीवर, माँझी, मल्लाह, खेवैया, जेवनहार इत्यादि हैं।
अतः **निपुण** केवट का अनेकार्थी शब्द नहीं है।

CHAMPION PUBLICATION Gagan Pratap Sir

# 26 तत्सम, तद्भव

**1.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्प दिए गए हैं जिनमें से एक शब्द दिए गए शब्द का सही तद्भव रूप है।
"मक्षिका" **(UP Cons. 28/01/2019)**
(a) मोर (b) भौंरा
(c) मेंढ़क (d) मक्खी

**Sol. (d)** मक्षिका का तद्भव रूप **मक्खी** होता है।
**तत्सम - तद्भव**
मयूर - मोर
भ्रमर - भौरा
मंडूक - मेंढक

**2.** निम्नलिखित में कौन-सा तत्सम-तद्भव जोड़ी का सही विकल्प नहीं है?
**(UPP Jailwarden/Fireman Exam- Date 20/12/2020 Shift)**
(a) सूत्र-सूत (b) हस्त-हाथ
(c) चक्र-गोला (d) ग्राहक-गाहक

**Sol. (c)** **'चक्र-गोला'** विकल्प तत्सम-तद्भव जोड़ी का सही विकल्प नहीं है। चक्र का तद्भव रूप चक्का का चाक होता है और गोला का तत्सम रूप गोलक होता है।

**3.** निम्न में से कौन-सा तत्सम शब्द नहीं है?
**(17/11/20 UPSI 17/11/2021 Shift-III)**
(a) प्रहार (b) स्पर्श
(c) पटल (d) पान

**Sol. (d)** **तत्सम - तद्भव**
स्पर्श - परस
पटल - पलड़ा
ताम्बूल - पान
प्रत्याभिज्ञान - पहचान

**4.** इनमें से 'घोटक' शब्द क्या है?
**(UPSI 12-11-2021)**
(a) तदभव (b) तत्सम
(c) विदेशज (d) देशज

**Sol. (b)** 'घोटक' घोड़े का **तत्सम** शब्द है।
इन शब्दों को संस्कृत से बिना किसी परिवर्तन के लिया जाता है। जबकि तद्भव विकृत शब्द होते है जिनमें समय के साथ परिवर्तन आ जाता है।
उदाहरणत:

| तद्भव | तत्सम |
|---|---|
| सूरज | सूर्य |
| बरस | वर्ष |
| जामुन | जम्बु |

**5.** निम्नलिखित में से कौन-सा तत्सम शब्द है?
**(UPSI 12-11-2021)**
(a) केवड़ा (b) स्थायी
(c) करेला (d) केतकी

**Sol. (d)** **केतकी** तत्सम शब्द है।

| तद्भव | तत्सम |
|---|---|
| केवडा | केतकी |
| केवड़ा | केविका |
| करेला | कारुवेल्ल |

**6.** निम्न में से कौन-सा शब्द तद्भव नहीं है?
**(UPSI 12-11-2021)**
(a) कहानी (b) काठ
(c) कार्य (d) कसौटी

**Sol. (c)**

| तद्भव | तत्सम |
|---|---|
| कहानी | कथानिका |
| काठ | काष्ठ |
| काज | **कार्य** |
| कसौटी | कष पट्टिका |

**7.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तत्सम है?
**(UPSI 13-11-2021)**
(a) खेत (b) कोर्ट
(c) दरसन (d) उद्गम

**Sol. (d)** **उद्गम** तत्सम शब्द है।
खेत तद्भव है इसका तत्सम क्षेत्र होता है। दरसन का तद्भव दर्शन है तथा कोर्ट विदेशज शब्द है।

**8.** इनमें से कौन-सा तत्सम शब्द है?
**(UPSI 13-11-2021)**
(a) अंक (b) आँत
(c) अंजली (d) आक

**Sol. (a)**

| तद्भव | तत्सम |
|---|---|
| आँक | **अंक** |
| आँत | आंत्र |
| अंजली | अंजलि |
| आक | अर्क |

**9.** इनमें से किताब शब्द क्या है? **(UPSI 15-11-2021)**
(a) देशज (b) तत्सम
(c) विदेशज (d) तदभव

**Sol. (c)** किताब, अरबी भाषा का शब्द है। यह एक **विदेशज भाषा** है।

**10.** इनमें से कौन सा शब्द तद्भव नहीं है?
**(UPSI 15-11-2021)**
(a) धान (b) धैर्य
(c) धोती (d) दाहिनी

**Sol. (b)**

| तद्भव | तत्सम |
|---|---|
| धीरज | **धैर्य** |
| धान | धान्य |
| धोती | धौत्र |
| दाहिना | दक्षिण |

**11.** इनमें से कौन-सा शब्द तत्सम है?
**(UPSI 15-11-2021)**
(a) सूरज (b) बिच्छू
(c) रूक्ष (d) सावन

**Sol. (c)**

| तद्भव | तत्सम |
|---|---|
| रुखा | **रूक्ष** |
| सूरज | सूर्य |
| बिच्छू | वृश्चिक |
| सावन | श्रावण |

**12.** इनमें से 'अँगरखा' शब्द क्या है?
**(UPSI 15-11-2021)**
(a) तत्सम (b) विदेशज
(c) तद्भव (d) देशज

**Sol. (c)** अंगरखा, अंगरक्षक का **तद्भव** रूप है।

**13.** 'निम्न में से कौनसा तद्भव शब्द नहीं है?
**(UPSI 15-11-2021)**
(a) नया (b) नाई
(c) निडर (d) निष्ठुर

**Sol. (d)**

| तद्भव | तत्सम |
|---|---|
| नया | नवीन |
| नाई | नापित |
| निडर | निर्दर |
| निठुर | **निष्ठुर** |

**14.** निम्न में से कौन-सा तत्सम शब्द नहीं है?
**(UPSI 17-11-2021)**
(a) प्रहर (b) स्पर्श
(c) पटल (d) पान

**Sol. (d)**

| तद्भव | तत्सम |
|---|---|
| **पान** | पर्ण |
| प्रहर | प्रहर |
| पलड़ा | पटल |
| परश | स्पर्श |

**15.** 'कर्तरी' शब्द का तद्भव रूप क्या है?
**(UPSI 20-11-2021)**
(a) कैंची (b) कचहरी
(c) कर्ता (d) कर्तब

**Sol. (a)** कर्तरी शब्द का तद्भव रूप **कैंची** है।
कचहरी का तत्सम कृत्यगृह होता है।

**16.** इनमें से 'ईमानदार' शब्द क्या है? **(UPSI 20-11-2021)**

(a) देशज (b) तत्सम
(c) विदेशज (d) तद्भव

**Sol. (c)** ईमानदार शब्द अरबी भाषा के 'ईमान' एवं फारसी प्रत्यय 'दार' से मिलकर बना है। अत: यह **विदेशज** शब्द है।

**17.** 'रक्षासूत' शब्द का तद्भव रूप क्या है? **(UPSI 21-11-2021)**

(a) रस्सी (b) राख
(c) राजपूत (d) राखी

**Sol. (d)**

| तद्भव | तत्सम |
|---|---|
| राजपूत | राजपुत्र |
| **राखी** | रक्षासूत |
| राख | क्षार |
| रस्सी | रश्मि |

**18.** निम्नलिखित में कौन-सा शब्द तद्भव है? **(UPSI 21-11-2021)**

(a) भिक्षा (b) बिंदु
(c) परशु (d) भौरा

**Sol. (d)**

| तद्भव | तत्सम |
|---|---|
| भीख | भिक्षा |
| बूंद | बिंदु |
| फरसा | परशु |
| **भौंरा** | भ्रमर |

**19.** इनमें से 'गवैया' शब्द क्या है? **(UPSI 22-11-2021)**

(a) तत्सम (b) देशज
(c) तद्भव (d) विदेशज

**Sol. (c)** गवैया- एक **तद्भव** शब्द है। इसका तत्सम रूप- गायक है।

**20.** 'मक्षिका' शब्द का तद्भव रूप क्या है? **(UPSI 22-11-2021)**

(a) मच्छर (b) मक्खी
(c) मस्तक (d) मक्का

**Sol. (b)**

| तद्भव | तत्सम |
|---|---|
| **मक्खी** | मक्षिका |
| मच्छर | मत्सर |
| माथा | मस्तक |

**21.** 'श्रावण' शब्द का तद्भव रूप क्या है? **(UPSI 23-11-2021)**

(a) यौवन (b) श्रवण
(c) छावनी (d) सावन

**Sol. (d)**

| तद्भव | तत्सम |
|---|---|
| **सावन** | श्रावण |
| जौवन | यौवन |
| छावनी | × |

**22.** 'सप्तशती' शब्द का तद्भव रूप क्या है? **(UPSI 23-11-2021)**

(a) सतहत्तर (b) सत्तासी
(c) सत्रह (d) सतसई

**Sol. (d)**

| तद्भव | तत्सम |
|---|---|
| **सतसई** | सप्तशती |
| सत्रह | सप्तादश |
| सतहत्तर | सप्तती |
| सत्तासी | सप्तशीति |

**23.** 'कुक्षि' शब्द का तद्भव रूप क्या है? **(UPSI 23-11-2021)**

(a) कोख (b) अक्षि
(c) आँत (d) कक्ष

**Sol. (a)**

| तद्भव | तत्सम |
|---|---|
| **कोख** | कुक्षि |
| आँख | अक्षि |
| आँत | आत्र |
| कमरा | कक्ष |

**24.** इनमें से कौन-सा शब्द तद्भव है? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) कुमार (b) कंटक
(c) खीर (d) कृष्ण

**Sol. (c)**

| तद्भव | तत्सम |
|---|---|
| काँटा | कंटक |
| **खीर** | क्षीर |
| कान्हा | कृष्णा |
| कुँवारा | कुमार |

**25.** निम्नलिखित में कौन-सा शब्द तत्सम है? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) बारात (b) वर्षा
(c) हाथी (d) आँसू

**Sol. (b)**

| तद्भव | तत्सम |
|---|---|
| बारात | बरयात्रा |
| बारिश | **वर्षा** |
| आँसू | अश्रु |
| हाथी | हस्ती |

**26.** इनमें से कौन-सा शब्द तत्सम है? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) नेवला (b) नया
(c) नैन (d) नव्य

**Sol. (d)**

| तद्भव | तत्सम |
|---|---|
| नेवला | नकुल |
| नया | **नव्य** |
| नैन | नयन |

**27.** 'भ्रमर' शब्द का तद्भव रूप कौन-सा है? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) ब्यौरा (b) भ्रामक
(c) भ्रमण (d) भौंरा

**Sol. (d)**

| तद्भव | तत्सम |
|---|---|
| **भौंरा** | भ्रमर |
| बौरा | ब्यौरा |
| भामक | भ्रामक |
| भरमण | भ्रमण |

**28.** 'विद्युत' शब्द का तद्भव रूप क्या है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) बीघा (b) बूंद
(c) बींधना (d) बिजली

**Sol. (d)**

| तद्भव | तत्सम |
|---|---|
| **बिजली** | विद्युत |
| बूंद | बिंदु |
| बींधना | वेधन |
| बीघा | विग्रह |

**29.** 'खत्री' शब्द का तत्सम रूप कौन-सा है? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) क्षत्रिय (b) क्षेत्र
(c) क्षेत्रज्ञ (d) शिष्य

**Sol. (a)**

| तद्भव | तत्सम |
|---|---|
| खत्री | **क्षत्रिय** |
| खेत | क्षेत्र |
| खिख | शिष्य |

**30.** 'सलावण्य' शब्द का तद्भव रूप कौन-सा है? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) सललित (b) लवण
(c) सलोना (d) लावण्या

**Sol. (c)** सलावण्य का तद्भव रूप-**सलोना**

**31.** तत्सम शब्द का मूल स्रोत कौन-सी भाषा है? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) अपभ्रंश (b) हिंदी
(c) प्राकृत (d) संस्कृत

**Sol. (d)** तत्सम शब्द का मूल स्रोत- **संस्कृत** भाषा है।

**32.** निम्न में से कौन-सा शब्द तद्भव नहीं है? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) गेंद (b) गोरा
(c) गेहूँ (d) एकादश

**Sol. (d)** **एकादश**- तत्सम शब्द है। इसका तद्भव रूप ग्यारह होता है। अन्य शब्द- गेंद का तत्सम रूप- कन्दुक, गोरा का तत्सम रूप- गौर, गेहूँ का तत्सम रूप- गोधूम होता है।

**33.** निम्न में से कौन-सा शब्द तद्भव नहीं है? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) चना (b) चमार
(c) चकवा (d) चंद्र

**Sol. (d)** "**चंद्र**" तत्सम शब्द है। इसका तद्भव रूप चंद्रमा है। अन्य शब्दों के तत्सम रूप-

| **तद्भव** | **तत्सम** |
|---|---|
| चना | चणक |
| चमार | चर्मकार |
| चकवा | चक्रवाक |

**34.** 'पलंग' शब्द का तत्सम कौन-सा होगा? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) प्लंग (b) प्लवंग
(c) परमंग (d) पर्यंक

**Sol. (d)** पलंग का तत्सम शब्द - **पर्यंक** होगा

**35.** 'देवर' शब्द का तत्सम रूप कौन-सा है? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) दूभर (b) द्विवर
(c) दुर्बह (d) द्वितीय वर

**Sol. (b)** देवर का तत्सम रूप - **द्विवर** होगा

**36.** इनमें से कौन-सा शब्द 'गृध्र' का तद्भव शब्द है? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) गीध (b) गीधी
(c) गीधना (d) गृध

**Sol. (a)** "गृध्र" का तद्भव रूप-**गीध** है।

**37.** इनमें से तत्सम शब्द का चयन कीजिए। **(UPSI 30-11-2021)**

(a) जीभ (b) मुख
(c) कान (d) दांत

**Sol. (b)**

| **तद्भव** | **तत्सम** |
|---|---|
| जीभ | जिहवा |
| मुँह | **मुख** |
| कान | कर्ण |
| दांत | दन्त |

**38.** 'अज्ञान' शब्द का 'तद्भव' रूप कौन-सा होगा? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) अजाना (b) अजान
(c) अंजान (d) अजाँना

**Sol. (b)** अज्ञान शब्द का तद्भव शब्द- **अजान** होगा

# 27 पर्यायवाची

1. उसकी शिकायत पूर्णतया सही थी।(UPSI 2001)
(a) प्रतिअक्षर (b) प्रक्षर
(c) अक्षरशः (d) प्रतिशब्द

**Sol. (c)** '**अक्षरशः**' शब्द 'पूर्णतया' का समानार्थी शब्द है। अतः 'पूर्णतया' के स्थान पर 'अक्षरशः' शब्द का प्रयोग होगा।

2. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द अन्य शब्दों से अलग है?
**(UPSI Batch - II 21 Dec-2017)**
(a) वारि (b) तोय
(c) वात (d) सलिल

**Sol. (c)** दिए गए शब्दों में '**वात**' शब्द भिन्न है। 'वात' शब्द वायु (हवा) का पर्याय है। जबकि शेष तीनों शब्द वारि, तोय, सलिल जल के पर्याय है।

3. 'तमस' शब्द का समानार्थी शब्द दिए गए विकल्पों में से कौन सा है?
**(UPSI Batch - II 15 Dec-2017)**
(a) तमाशा (b) प्रकाश
(c) रस्सी (d) अंधकार

**Sol. (d)** 'तमस' का समानार्थी शब्द **अंधकार** है। तमस के अन्य समानार्थी शब्द तम, तमिशा, ध्वान्त, अँधेरा, आदि है।

4. समानार्थी शब्द के आधार पर 'यमुना' शब्द के लिए उचित समूह को चुनिए।
**(UPSI Batch - I 21 Dec-2017)**
(a) तरंगिनी, तटिनी, कालिंदी
(b) अंबुद, कालिंदी, सूर्यसुता
(c) कालिंदी, कृष्णा, सूर्यसुता
(d) कृष्णा, सूर्यसुता, तटिनी

**Sol. (c)** दिए गए विकल्पों के आधार पर यमुना के समानार्थी शब्द समूह **'कालिंदी' कृष्णा, सूर्यसुता** है। तरंगिनी तथा तटिनी नदी के पर्याय है और कालिन्दी यमुना का पर्याय है, अंबुद बादल का पर्यायवाची है।

5. दिए गए विकल्पों में से कौन सा 'अतुल' का समानार्थी शब्द नहीं है?
**(UPSI Batch - I 15 Dec-2017)**
(a) अनुपम (b) अनल
(c) अनोखा (d) अपूर्व

**Sol. (b)** दिए गए विकल्पों में अतुल के समानार्थी शब्द अनुपम, अनोखा, अपूर्व है।
जबकि '**अनल**' अतुल का समानार्थी शब्द न होकर 'अग्नि' का समानार्थी शब्द है।

6. 'सरसिज' शब्द का पर्यायवाची शब्द निम्नलिखित में से कौन सा है?
**(UPSI Batch - II 12 Dec-2017)**
(a) नलिन (b) नौकर
(c) आदेश (d) दृग

**Sol. (a)** 'सरसिज' का पर्यायवाची शब्द **नलिन** है नौकर के पर्यायवाची दास, अनुचर, भृत्य आदि हैं, वहीं दृग के पर्यायवाची अक्षि, नैन, आँख, इत्यादि है।

7. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'खर' का पर्यायवाची है? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) मूर्ख (b) गधा
(c) कुंठित (d) रावण

**Sol. (b) खर, गधा** का पर्यायवाची होता है। गधे के अन्य पर्यायवाची, रारभ, बेसरा, धूसर, वैशाखनंदन, गर्दभ आदि हैं।

8. इनमें से कौन-सा शब्द 'इंद्र' का पर्यायवाची नहीं है? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) शक्र (b) पुलोमजा
(c) जीमूतवाहन (d) वासव

**Sol. (b) पुलोमजा** इंद्राणी (इंद्र की पत्नी) को कहते हैं। इंद्र के पर्यायवाची शक्र, जीमूतवाहन, वासव, सुरेश, सुरपति, पुरंदर आदि हैं।

9. इनमें से कौन-सा शब्द 'अग्नि' का पर्यायवाची नहीं है? **(UPSI 13-11-2021)**
(a) रोहिताश्व (b) अनल
(c) अमी (d) वैश्वानर

**Sol. (c) अमी,** अमृत का पर्यायवाची होता है।
अग्नि का पर्यायवाची अनल, पावक, हुताशन, धूम्रकेतु, बहन, वायुसखा आदि होते है।

10. इनमें से कौन-सा शब्द नदी का पर्यायवाची नहीं है? **(UPSI 13-11-2021)**
(a) आपदा (b) निम्नगा
(c) आपगा (d) सरिता

**Sol. (a)** निम्नगा, आपगा, सरिता, शैलजा, तनूजा आदि नदी के पर्यायवाची है।
**आपदा,** प्रलय या दुर्घटना का पर्यायवाची है।

11. इनमें से कौन-सा शब्द 'शिव' का पर्यायवाची नहीं है? **(UPSI 13-11-2021)**
(a) सोमेश्वर (b) अंतक
(c) कामारि (d) विशिख

**Sol. (d) 'विशिख'** तीर या वाण का पर्यायवाची है। शिव के पर्यायवाची महादेव, उमापति, मदनारि, चंद्रमौलि, कामारि आदि है।

12. 'कमल' का पर्यायवाची इनमें से कौन-सा है?
**(UPSI 14-11-2021)**
(a) अनल (b) पुष्प
(c) पंकज (d) पंचशर

**Sol. (c)** कमल का पर्यायवाची **पंकज** है तथा नलिन, सरोज, उत्पल, कुवलय, अ71ण्बुज इसके अन्य पर्यायवाची हैं।
अनल, अग्नि का पर्यायवाची है।
पंचशर, कामदेव का पर्यायवाची है।

13. इनमें से कौन-सा शब्द घर का पर्यायवाची नहीं है?
**(UPSI 15-11-2021)**
(a) गृह (b) निवास
(c) प्रवास (d) निलय

**Sol. (c)** निलय, आलय, गृह, निवास, निकेतन, भवन आदि घर के पर्यायवाची हैं।

14. चींटी का पर्यायवाची शब्द इनमें से कौन सा है?
**(UPSI 15-11-2021)**
(a) सीमिका (b) संदेशिका
(c) चुहंटी (d) चित्ती

**Sol. (a) सीमिका,** चींटी का पर्यायवाची हैं। पिपीलिका, कीड़ी, चिऊँटी इनके अन्य पर्यायवाची हैं।

15. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'कानन' का पर्यायवाची है? **(UPSI 15-11-2021)**
(a) वन (b) पुरुष
(c) लता (d) मधुकर

**Sol. (a)** कानन, **वन** का पर्यायवाची है। पवन के अन्य पर्यायवाची अटवी, विपिन कातार आदि हैं। मधुकर, भौंरा का पर्यायवाची है।

16. इनमें से कौन-सा शब्द 'तत्पर' का पर्यायवाची शब्द नहीं है? **(UPSI 16-11-2021)**
(a) सन्नद्ध (b) कटिबद्ध
(c) प्रबुद्ध (d) तैयार

**Sol. (c) प्रबुद्ध,** जागरूक या सचेत का पर्यायवाची है।

17. इनमें से कौन-सा शब्द 'अंधकार' का पर्यायवाची है? **(UPSI 16-11-2021)**
(a) धनञ्जय (b) अभ्र
(c) कानन (d) ध्वान्त

**Sol. (d)** अंधकार का पर्यायवाची **ध्वान्त,** तिमिर, तम आदि है।
- धनन्जय, अर्जुन का पर्यायवाची है।
- कानन, जंगल का पर्यायवाची है।
- अभ्र, अंतरिक्ष का पर्यायवाची है।

**18.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'तनय' का पर्यायवाची है? **(UPSI 16-11-2021)**
(a) पत्नी (b) सागर
(c) रात (d) पुत्र

**Sol. (d)**

| शब्द | पर्यायवाची |
|---|---|
| तनय | पुत्र, सुत, आत्मज,पूत |
| पत्नी | वामा, भार्या, वनिता, कलत्र |
| सागर | पयोधि, नदीश, सिंधु, नीरधि |
| रात | निशा, यामिनी, यामा, विभावरी |

**19.** इनमें से कौन-सा शब्द 'अनूठा' का पर्यायवाची शब्द नहीं है? **(UPSI 20-11-2021)**
(a) अद्‌भुत (b) विचित्र
(c) अनोखा (d) लक्षण

**Sol. (d)** अनूठा के पर्यायवाची अनोखा, अद्वितीय, अद्‌भुत, विचित्र, अप्रतिम आदि होते है।
अत: **'लक्षण'** अनूठा का पर्यायवाची नहीं है।

**20.** इनमें से कौन-सा शब्द 'कमल' का पर्यायवाची शब्द नहीं है? **(UPSI 20-11-2021)**
(a) लेखनी (b) नीरज
(c) जलज (d) सरोज

**Sol. (a) लेखनी** कमल का पर्यायवाची शब्द नहीं है कमल के पर्यायवाची नीरज, जलज, सरोज, अंबुज अब्ज, अरविंद, इंदीवर, उत्पल, कंज सरोरूह आदि है।

**21.** इनमें से कौन-सा शब्द 'झंडा' का पर्यायवाची है? **(UPSI 20-11-2021)**
(a) पताका (b) कृपाण
(c) प्रसाद (d) खेचर

**Sol. (a)** झंडा के पर्यायवाची शब्द
**पताका,** ध्वज, केतु, निशान, परचम आदि है।

| शब्द | पर्यायवाची |
|---|---|
| कृपाण | कटार, खंजर |
| खेचर | पक्षी, खग, विहग |

**22.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'वायु' का पर्यायवाची है? **(UPSI 21-11-2021)**
(a) अलिन्द (b) अलिनी
(c) अनिल (d) अनल

**Sol. (c) अनिल,** वायु का पर्यायवाची है जबकि अनल, अग्नि का पर्यायवाची होता है।

**23.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'नौका' का पर्यायवाची है? **(UPSI 21-11-2021)**
(a) गिरिजा (b) अर्कजा
(c) निम्नगा (d) पोत

**Sol. (d)** नौका के पर्यायवाची **पोत,** नाव, तरी, बेडा, डोंग तरणी आदि होते हैं।
- गिरिजा, पार्वती का पर्यायवाची हैं।
- अर्कजा, यमुना का जबकि निम्नगा, नदी का पर्यायवाची है।

**24.** इनमें से कौन-सा शब्द 'मोर' का पर्यायवाची नहीं है? **(UPSI 22-11-2021)**
(a) शिखी (b) कलापी
(c) केकी (d) तमचुर

**Sol. (d)** मोर के पर्यायवाची- शिखी, कलापी, केकी, मयूर, नर्तकप्रिय, नीलकंठ, सारंग, ध्वजी है। **तमचूर** मोर का पर्यायवाची नहीं है।

**25.** इनमें से कौन-सा शब्द 'अगुआ' का पर्यायवाची शब्द नहीं है? **(UPSI 23-11-2021)**
(a) सरदार (b) अग्रणी
(c) मुखिया (d) धनाढय

**Sol. (d)** "अगुआ" शब्द के पर्यायवाची- सरदार, अग्रणी, मुखिया अगाड़ी, मार्गदर्शक, नायक आदि **धनाढ्य** शब्द अगुआ का पर्यायवाची नहीं है।
इसके पर्यायवाची शब्द- धनवान, मालदार, अमीर, अयाची इत्यादि हैं।

**26.** इनमें से कौन-सा शब्द 'कमल' का पर्यायवाची नहीं है? **(UPSI 24-11-2021)**
(a) राजीव (b) नलिन
(c) उत्पल (d) रसाल

**Sol. (d)** "कमल" के पर्यायवाची शब्द- राजीव, अब्ज, कंज नलिन, उत्पल, पंकज, जलज, पुंज, केशर, सरोज, अरविंद, तामरस आदि। अत: **रसाल** कमल का पर्यायवाची नहीं है यह आम का पर्यायवाची है।

**27.** 'अर्जुन' का पर्यायवाची शब्द इनमें से कौन-सा है? **(UPSI 24-11-2021)**
(a) संजय (b) रणंजय
(c) धनंजय (d) मृत्युंजय

**Sol. (c)** अर्जुन के पर्यायवाची शब्द- **धनंजय,** पार्थ, कौतेय, गांडीवधर सब्यसाची, गुडाकेश, श्वेतवाहन, कुन्तिसुत, विजयरथ, वृहन्नला, कपिध्वज इत्यादि है।

**28.** इनमें से कौन-सा शब्द 'हनुमान' का पर्यायवाची नहीं है? **(UPSI 25-11-2021)**
(a) महावीर (b) आग्नेय
(c) हरीश (d) मारुति

**Sol. (b)** हनुमान के पर्यायवाची- अंजनिपुत्र, पवनसुत, वज्रांग, आंजनेय, हरीश, कपीश, महावीर, मारुति इत्यादि है। अत: **आग्नेय** हमानुमान का पर्यावाची नहीं है।
आग्नेय शब्द का पर्यायवाची बारूद है।

**29.** इनमें से कौन-सा शब्द 'स्त्री' का पर्यायवाची है? **(UPSI 25-11-2021)**
(a) कलत्र (b) दारा
(c) योषा (d) उपरोक्त सभी

**Sol. (d)** स्त्री के पर्यायवाची शब्द- अबला, नारी, महिला, रमणी, कान्ता कामिनी, सुंदरी, औरत, वनिता कलत्र, दारा, योषा इत्यादि हैं।

**30.** इनमें से कौन-सा शब्द 'पराक्रम' का पर्यायवाची शब्द नहीं है? **(UPSI 27-11-2021)**
(a) शक्ति (b) ताकत
(c) पुरुषार्थ (d) गरिमा

**Sol. (d)** पराक्रम के पर्यायवाची शब्द- शक्ति, ताकत, पुरुषार्थ, बल, वीरता, बहादुरी, उद्योग आदि हैं। अत: **गरिमा** पराक्रम का पर्यायवाची नहीं है।
इसका (गरिमा) का पर्यायवाची शब्द- शालीनता, महानता, आत्म सम्मान है।

**31.** इनमें से कौन-सा शब्द 'कादंबरी' का समानार्थी नहीं है? **(UPSI 28-11-2021)**
(a) मैना (b) लक्ष्मी
(c) सरस्वती (d) मदिरा

**Sol. (b)** कादम्बरी का समानार्थी - मैना, सरस्वती मदिरा है। जबकि **लक्ष्मी** कादम्बरी का समानार्थी नहीं है। लक्ष्मी के समानार्थी- रमा, कमला विष्णुप्रिया, लोकमाता हैं।

**32.** इनमें से कौन-सा शब्द 'वायु' का पर्यायवाची है? **(UPSI 28-11-2021)**
(a) पवन (b) समीर
(c) ये सभी (d) अनिल

**Sol. (c)** वायु का पर्यायवाची- पवन, समीर, अनिल, मारूल, प्रकम्पन, समीकरण पवमान इत्यादि।
अत: दिए गए सभी विकल्प वायु के पर्यायवाची है।

**33.** 'शिव' का पर्यायवाची क्या होगा? **(UPSI 28-11-2021)**
(a) मुकुंद (b) अम्बर
(c) श्रीकंठ (d) हेरम्ब

**Sol. (c)** शिव के पर्यायवाची शब्द- महेश, पशुपति, महादेव, **श्रीकंठ,** शंकर, चंद्रशेखर, भूतेश त्रिलोचन, उमापति, भोलेनाथ, शंभू इत्यादि।

**34.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'कंचन' का पर्यायवाची है? **(UPSI 29-11-2021)**
(a) कनक (b) चंद्रमा
(c) काया (d) चाँदी

**Sol. (a)** "कंचन" का पर्यायवाची- **कनक** हैं इसके अन्य पर्यायवाची- सोना, हेम, कुंदन, हिरण्य, स्वर्ण, चामीकर ....

**35.** इनमें से 'अरविंद' शब्द का पर्यायवाची कौन-सा है? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) केवड़ा (b) कचवृक्ष
(c) कमल (d) गुलाब

**Sol. (c)** अरविंद का पर्यायवाची- **कमल** है। इसके अन्य पर्यायवाची- नलिन, राजीव, पद्म, पंकज, नीरज, सरोज, जलज, शतदल आदि है।

**36.** इनमें से कौन-सा शब्द 'आग' का पर्यायवाची नहीं है? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) व्योम (b) कृशानु
(c) अनल (d) पावक

**Sol. (a)** 'आग' के पर्यायवाची शब्द- कृशानु, अनल, पावक, हुताशन, वैश्वानर आदि हैं। **व्योम** आग का पर्यायवाची नहीं है। यह आकाश का पर्यायवाची है।

**37.** इनमें से कौन-सा शब्द 'गंगा' का पर्यायवाची नहीं है? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) अमरतरंगिनी (b) विष्णुपदी
(c) त्रिपथगा (d) पुष्पधन्वा

**Sol. (d)** गंगा के पर्यायवाची शब्द- अमरतरंगिनी, विष्णुपदी, त्रिपथगा, भागीरथी, मंदाकिनी, देवपथगा आदि है। जबकि **पुष्पधन्वा** गंगा का नहीं बल्कि कामदेव का पर्यायवाची है।

**38.** 'पक्षी' का पर्यायवाची कौन-सा होगा? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) वृन्द (b) शार्दुल
(c) विहग (d) उरग

**Sol. (c)** "पक्षी" का पर्यायवाची शब्द खग, **विहग**, द्विज, अंडज, पखेरू, गगन चर, नभचर आदि।
वृन्द - समूह, झुंड, समुदाय, टोली
शार्दुल- शेर सिंह, वनराज, मृगराज
उरग - सर्प, नाग, फणी, भुजंग

**39.** 'पुत्री' का पर्यायवाची कौन-सा होगा? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) सुधा (b) इंद्रा
(c) आत्मजा (d) भानुजा

**Sol. (c)** पुत्री का पर्यायवाची- **आत्मजा** है। इसके अन्य पर्यायवाची- बेटी, सुता, तनया दुहिता नंदिनी, तनुजा आदि।

**40.** इनमें से कौन-सा शब्द 'सूर्य' का पर्यायवाची है? **(UPSI 01-11-2021)**

(a) मारुति (b) कृशानु
(c) हुताशन (d) आदित्य

**Sol. (d) "आदित्य"**- सूर्य का पर्यायवाची है। इसके अन्य पर्यायवाची- रवि, दिनकर, दिवाकर, भास्कर, भानु, दिनेश, दिनमाड़ी।
जबकि दिए गए अन्य शब्द- मारुति- हनुमान का पर्यायवाची, कृशानु व हुताशन- अग्नि के पर्यायवाची है।

**41.** इनमें से 'जल' का पर्यायवाची कौन-सा नहीं है? **(UPSI 01-11-2021)**

(a) उदक (b) रौप्य
(c) अम्बु (d) नीर

**Sol. (b) रौप्य**- जल का पर्यायवाची नहीं है। रौप्य चाँदी का पर्यायवाची है। शेष शब्द- उदक, अम्बु, नीर-जल के पर्यायवाची हैं।

**42.** इनमें से कौन-सा शब्द 'भाल' का पर्यायवाची शब्द नहीं है? **(UPSI 01-11-2021)**

(a) ललाट (b) मस्तक
(c) गेंद (d) कपाल

**Sol. (c) "गेंद"**- भाल का पर्यायवाची शब्द नहीं है। बल्कि यह तो कन्दुक का पर्यायवाची है। भाल के पर्यायवाची शब्द- ललाट, मस्तक तथा कपाल हैं।

**43.** इनमें से कौन-सा शब्द 'कदर' का पर्यायवाची शब्द नहीं है? **(UPSI 01-11-2021)**

(a) आदर (b) श्रद्धा
(c) महत्व (d) विस्मय

**Sol. (d)** "कदर" का पर्यायवाची शब्द- आदर, श्रद्धा, महत्त्व, मान, इज़्ज़त, प्रतिष्ठा, अहमियत ....
अतः **विस्मय** कदर का पर्यायवाची नहीं है।

**44.** इनमें से कौन-सा शब्द 'लक्ष्मी' का पर्यायवाची नहीं है? **(UPSI 02-11-2021)**

(a) भारती (b) चंचला
(c) अमला (d) इंदिरा

**Sol. (a)** लक्ष्मी के पर्यायवाची शब्द- कमला, रमा, पद्मा श्री, अमला, धनपति, चंचला, इंदिरा जया इत्यादि हैं। जबकि **भारती** शब्द लक्ष्मी का नहीं बल्कि सरस्वती का पर्यायवाची है।

**45.** 'किरण' का पर्यायवाची कौन-सा होगा? **(UPSI 02-11-2021)**

(a) भानुजा (b) रसिका
(c) तटिनी (d) रश्मि

**Sol. (d)** किरण का पर्यायवाची शब्द- **रश्मि** होगा। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द- चमक, ज्योति, आभा प्रकाश, प्रभा, तेजा आदि होंगे।
भानुजा का पर्यायवाची- यमुना, कृष्णा, रवितनया
रसिका का पर्यायवाची - जीभ
तटिनी का पर्यायवाची - नदी, पयस्विनी, सरिता

**46.** इनमें से 'ईर्ष्या' का पर्यायवाची कौन-सा होगा? **(UPSI 02-11-2021)**

(a) आह (b) स्पर्धा
(c) प्रतिस्पर्धा (d) डाह

**Sol. (d)** ईर्ष्या का पर्यायवाची शब्द - **डाह** होगा इसके अन्य पर्यायवाची शब्द- जलन, बैर, द्वेष, दुर्भावना, कुढ़न, दुर्भाव आदि है।

**47.** इनमें से 'कोदण्ड' का पर्यायवाची कौन-सा है? **(UPSI 02-11-2021)**

(a) भाला (b) तलवार
(c) फावड़ा (d) धनुष

**Sol. (d)** कोदण्ड का पर्यायवाची शब्द- **धनुष** होगा। इसके अन्य पर्यायवाची शब्द - पिनाक, शरासन, कमान, विशाखासन आदि।

# 28 मुहावरे एवं लोकोक्ति

## मुहावरे

**1.** योजक चिन्ह का सबसे उदाहरण कौन सा है? **(UP Cons. 27/01/2019 Shift I)**
(a) शिवाजी और शिवेश भाई-बहन है
(b) हेमा, गुनगुन, माया सहेलियाँ है
(c) रोहन ने कहा – मुझे पढ़ाई करनी है
(d) मैं घूमने जा रही हूँ

**Sol. (a)** योजक चिन्ह सामान्यत: दो शब्दों को जोड़ता है और दोनों को मिलाकर एक समस्त पद बनाता है लेकिन दोनों का स्वतंत्र अस्तित्व बना रहता है; जैसे – माता-पिता।

**2.** निम्नलिखित वाक्य में खाली स्थान के लिए सही मुहावरा चुनिए-
बूढ़ी औरत ने कपड़े माँगे और मालिक ने मना कर दिया, तभी किसी ने कहा कि ______ ।
**UPP Jail Warden/Fireman Exam Date 19/12/2020 Shift-I**
(a) इन तिलों में तेल नहीं
(b) कंगाली में आटा गीला
(c) सर सलामत तो पगड़ी हजार
(d) घर की मुर्गी दाल बराबर

**Sol. (a)** प्रश्नगत खाली स्थान में विकल्प (a) **'इन तिलों में तेल नहीं'** जिसका अर्थ होता है कंजूसो से कुछ प्राप्त नहीं हो सकता।
कंगाली में आटा गीला → गरीबी में और कष्ट आना
सर सलामत तो पगड़ी हजार → जिंदगी है तो बहुत कुछ मिलेगा
घर की मुर्गी दाल बराबर → आसानी से मिली वस्तु का महत्व न होना।

**3.** 'एक हाथ से ताली नहीं बजती' मुहावरे का क्या अर्थ है? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) अकेला आदमी झगड़ा नहीं करता।
(b) झगड़े में दोनों पक्ष दोषी होते हैं।
(c) हर बात पर ताली नहीं बजती।
(d) काम करने के लिए दोनों हाथों की जरूरत होती है।

**Sol. (b)** मुहावरा – एक हाथ से ताली नहीं बजती
अर्थ – **झगड़े में दोनों पक्षों का दोषी होना**

**4.** 'गर्दन पर सवार होना' मुहावरे का अर्थ है- **(UPSI 12-11-2021)**
(a) गर्दन दबाना
(b) गर्दन पर बैठ जाना
(c) पीछा न छोड़ना
(d) जान से मार डालना

**Sol. (c)** 'गर्दन पर सवार होना' का अर्थ **'पीछा न छोड़ना'** है।

**5.** इनमें से 'नाक का बाल होना' मुहावरे का क्या अर्थ है? **(UPSI 13-11-2021)**
(a) बहुत परेशान करना
(b) अधिक प्यारा होना
(c) क्रोध का कारण होना
(d) हमेशा परेशान करना

**Sol. (b)** मुहावरा – नाक का बाल होना
अर्थ – **बहुत अधिक प्यार होना**

**6.** जान पर खेलना मुहावरे का क्या अर्थ है? **(UPSI 15-11-2021)**
(a) बहुत बड़ा जोखिम लेना।
(b) बहुत परेशान होना।
(c) सारी ताकत खेल दिखाना
(d) जीत के लिए कुछ भी करना।

**Sol. (a)** 'जान पर खेलना' मुहावरे का अर्थ **'बहुत बड़ा जोखिम लेना'** है।

**7.** आँखें फेरना'-मुहावरे का अर्थ क्या है? **(UPSI 15-11-2021)**
(a) होश में न होना (b) प्यार करना
(c) क्रोधित होना (d) उपेक्षा करना

**Sol. (d)** आँखे फेरना- **उपेक्षा करना**

**8.** 'मक्खी पर मक्खी मारना'- मुहावरे का अर्थ क्या है? **(UPSI 20-11-2021)**
(a) अपने को बहुत बड़ा समझना
(b) हत्या करना
(c) कुछ न करना
(d) पूरी नकल करना

**Sol. (d)** 'मक्खी पर मक्खी मारना'
अर्थ- **पूरी नकल करना या हूबहू नकल करना।**

**9.** "थपड़ी बजाना" मुहावरे का अर्थ क्या है? **(UPSI 20-11-2021)**
(a) खेती का नुकसान
(b) उपहास करना
(c) अंदाज लेना
(d) उपहार देना

**Sol. (b)** थपड़ी बजाना- मुहावरे का अर्थ **उपहास करना** होता है।

**10.** 'अरण्य रोदन' – मुहावरे का अर्थ क्या है? **(UPSI 20-11-2021)**
(a) जंगल में उदासी
(b) जंगल में खो जाना
(c) रूठना
(d) व्यर्थ प्रयास

**Sol. (d)** अरण्य रोदन का अर्थ **'व्यर्थ प्रयास करना'** होता है।

**11.** 'ताक पर रहना'- मुहावरे का अर्थ क्या है? **(UPSI 23-11-2021)**
(a) पाबंदी लगाना
(b) मौका देखते रहना
(c) उपेक्षा करना
(d) खुश हो जाना

**Sol. (b) मुहावरा-** ताक पर रहना
**अर्थ- मौका देखते रहना**

**12.** 'आग पर पानी डालना'- मुहावरे का अर्थ है? **(UPSI 23-11-2021)**
(a) झगड़ा मिटाना
(b) जलते घर को बचा लेना
(c) कुछ भी जलने न देना
(d) आग बुझाना

**Sol. (a) मुहावरा-** आग पर पानी डालना
**अर्थ- झगड़ा मिटाना**

**13.** 'तार-तार करना'- मुहावरे का अर्थ क्या है? **(UPSI 23-11-2021)**
(a) खुश होना (b) धज्जियाँ उड़ाना
(c) मंत्र जपना (d) ध्यान करना

**Sol. (b)**

| **मुहावरा** | **अर्थ** |
|---|---|
| तार-तार करना | **धज्जियाँ उड़ाना** |

**14.** सिर उठाना- इसका तात्पर्य क्या है? **(UPSI 23-11-2021)**
(a) विरोध करना
(b) लज्जा का त्याग करना
(c) शुरू होना
(d) साहसी बनना

**Sol. (a)**

| **वाक्यांश** | **अर्थ** |
|---|---|
| सिर उठाना | **विरोध करना** |

**15.** छक्के छुड़ाना इस मुहावरे का अर्थ क्या है? **(UPSI 23-11-2021)**
(a) हारना (b) जीतना
(c) हराना (d) जिताना

**Sol. (c)**

| **मुहावरा** | **अर्थ** |
|---|---|
| छक्के छुड़ाना | **हराना** |

**16.** 'पंच की दुहाई'– मुहावरे का अर्थ क्या है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) झगड़ा करना

(b) क्रोधित होना

(c) सहायता की पुकार

(d) प्यार करना

**Sol. (c)** मुहावरा अर्थ

पंच की दुहाई **सहायता की पुकार**

**17.** 'पान खिलाना' मुहावरे का अर्थ क्या है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) किसी से किसी काम की प्रतीक्षा करना

(b) बिना काम का करना

(c) पान का बीड़ा तैयार करना

(d) सगाई करना

**Sol. (d)** मुहावरा– पान खिलाना

अर्थ– **सगाई करना**

**18.** 'वार खाली जाना'– मुहावरे का अर्थ क्या है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) जंगल में खो जाना

(b) युक्ति का सफल न होना

(c) आक्रमण करना

(d) रुठना

**Sol. (b)** 'वार खाली जाना'– मुहावरे का अर्थ– **युक्ति का सफल न होना।**

**19.** 'प्याला देना'– मुहावरे का अर्थ क्या हैं? **(UPSI 28-11-2021)**

(a) शराब पिलाना

(b) इच्छा की पूर्ति करना

(c) खुश हो जाना

(d) गर्भपात करना

**Sol. (a)** 'प्याला देना'– मुहावरे का अर्थ– **शराब पिलाना**

**20.** गागर में सागर भरना– इसका तात्पर्य है? **(UPSI 28-11-2021)**

(a) मटके में पानी भरना

(b) मटके के अंदर सागर का पानी भरना

(c) सीमित परिवेश में असीमित ज्ञान देना

(d) पूरे सागर के पानी से भरा हुआ मटका

**Sol. (c)** गागर में सागर भरना – **सीमित परिवेश में असीमित ज्ञान देना**

**21.** 'शहर की दाई'– मुहावरे का अर्थ क्या है? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) शक्ति संचित नारी

(b) अपराधिनी

(c) समाज सेवा करना

(d) घर-घर की खबर रखने वाली स्त्री

**Sol. (d)** "शहर की दाई"– मुहावरे का अर्थ– **घर-घर की खबर रखने वाली स्त्री।**

**22.** 'चिकना घड़ा होना' मुहावरे का अर्थ क्या है? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) समृद्ध होना (b) निर्लज्ज होना

(c) चिकना-चुपड़ा होना (d) मधुरभाषी होना

**Sol. (b)** मुहावरा– चिकना घड़ा होना।

अर्थ– **निर्लज्ज होना।**

**23.** 'अक्ल का दुश्मन होना' मुहावरे का अर्थ क्या है? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) महापंडित (b) शत्रु

(c) मित्र (d) महामूर्ख

**Sol. (d)** मुहावरा– अक्ल का दुश्मन होना

अर्थ– **महामूर्ख**

**24.** 'बाधा डालना' मुहावरे का अर्थ क्या होता है? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) पाला पड़ना (b) दांतों में जीभ होना

(c) बरस पड़ना (d) रोड़ा अटकाना

**Sol. (d)** मुहावरा – बाधा डालना

अर्थ – **रोड़ा अटकाना**

अन्य मुहावरों का अर्थ

| **मुहावरा** | **अर्थ** |
|---|---|
| बरस पड़ना | क्रोधित होना |
| पाला पड़ना | वास्ता पड़ना/काम पड़ना |
| दांतो में जीभ होना | विरोधियों या शत्रुओं से घिरे रहना। |

**25.** 'बाग-बाग होना' मुहावरे का अर्थ कौन-सा है? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) मेहनत करना

(b) असंभावित कार्य करना

(c) अति प्रसन्न होना

(d) मधुर वचन बोलना

**Sol. (c)** बाग-बाग होना– मुहावरे का अर्थ– **अति प्रसन्न होना।**

**26.** 'कलम तोड़ना' मुहावरे का क्या अर्थ है?

(a) अच्छा लिखना

(b) सही लिखना

(c) ज्यादा लिखना

(d) बेकार लिखकर प्रायश्चित करना

**Sol. (a)** मुहावरा – कलम तोड़ना

अर्थ– **अच्छा लिखना**

**27.** 'मुँह की खाना' मुहावरे का अर्थ क्या है? **(UPSI 02-12-2021)**

(a) हार जाना (b) भोजन खा लेना

(c) भाग जाना (d) गिर पड़ना

**Sol. (a)** मुहावरा – मुँह की खाना

अर्थ– **हार जाना**

## लोकोक्ति

**28.** "पैसे से ही आदमी की इज्जत है" के लिए निम्नलिखित में से उचित लोकोक्ति का चयन कीजिये – **(UPSI Batch - I 16 Dec-2017)**

(a) अपनी पगड़ी अपने हाथ

(b) होनहार बिरवान के होत चिकने पात

(c) जैसी तेरी कामरी वैसे मेरे गीत

(d) जर है तो नर नहीं तो खंडहर

**Sol. (d)** **लोकोक्ति** **अर्थ**

**जर है तो नर, नहीं तो खण्डहर** → पैसे से ही आदमी की इज्जत है।

जैसी तेरी कामरी वैसे मेरे गीत → जैसा दोगे वैसा लोगे

होनहार बिरवान के होत चिकने पात → बचपन से ही अच्छे लक्षणों का दिखाई देना

अपनी पगड़ी अपने हाथ → अपनी प्रतिष्ठा अपने हाथ

**29.** "जैसे नागनाथ वैसे ________ "-लोकोक्ति को पूर्ण कीजिए। **(UPSI Batch & III 20 Dec-2017)**

(a) साँपनाथ (b) रामनाथ

(c) श्यामनाथ (d) सोमनाथ

**Sol. (a)** जैसे नागनाथ वैसे **साँपनाथ** पूर्ण लोकोक्ति है जिसका अर्थ है सबका एक जैसा होना।

**30.** 'चिराग तले अंधेरा' इस लोकोक्ति का क्या अर्थ है? **(UPSI 16-11-2021)**

(a) दूसरों को प्रकाशित करना

(b) आत्म-प्रकाशन

(c) अपनी बुराई न देखना

(d) इसमें से काई नहीं

**Sol. (c)** 'चिराग तले अंधेरा' का अर्थ **अपनी बुराई न देखना है।**

**31.** "ऊधो का लेन न माधो का देन"– इस लोकोक्ति का अर्थ क्या है? **(UPSI 16-11-2021)**

(a) दोहरा कटुत्व

(b) अन्याय न करना

(c) किसी से काई वास्ता न रखना

(d) धोखा देना

**Sol. (c)** लोकोक्ति 'ऊधो का लेन न माधो का देन' का अर्थ **किसी से कोई वास्ता नहीं रखना है।**

**32.** 'इन तिलों में तेल नहीं'– इस लोकोक्ति का सही अर्थ है– **(UPSI 16-11-2021)**

(a) निराशा हाथ लगना

(b) तिलों से तेल की आशा न करना

(c) तिलों से तेल का न निकलना

(d) किसी प्रकार के लाभ की संभावना का न होना

**Sol. (d)** लोकोक्ति– इन तिलों में तेल नहीं

अर्थ– **किसी प्रकार के लाभ की संभावना का न होना**

**33.** 'कहने से कुम्हार गधे पर नहीं चढ़ता' इस लोकोक्ति का सही अर्थ है– **(UPSI 17-11-2021)**

(a) अपने काम के प्रति लज्जा करना
(b) किसी के कहने से गलत काम करना बुद्धिमान नहीं है।
(c) हठी मनुष्य किसी का कहना नहीं मानता
(d) जो कहो उससे विपरीत काम करने वाला

**Sol. (c)** कहावत– कहने से कुम्हार गधे पर नहीं चढ़ता।
अर्थ– **हठी मनुष्य किसी का कहना नहीं मानता।**

**34.** 'न नौ मन तेल होगा न राधा नाचेगी' इस लोकोक्ति का सही अर्थ है **(UPSI 17-11-2021)**
(a) बड़े लोगों की बातें बड़ी होती हैं।
(b) बड़े लोगों से काम कराना बहुत कठिन होता है।
(c) कार्य करने के लिए कोई असाधारण शर्त रख देना।
(d) बड़े घर की लड़कियों के नखरे भी बड़े होते हैं।

**Sol. (c)** 'न नौ मन तेल होगा न राधा नाचेगी' सही अर्थ– **"कार्य करने के लिए कोई असाधारण शर्त रख देना।"**

**35.** "आसमान से गिरा तो खजूर में अटका" – इस लोकोक्ति का अर्थ क्या है? **(UPSI 20-11-2021)**
(a) भूलोक की तृष्णा
(b) किसी से कोई वास्ता न रखना
(c) एक विपत्ति से छूटकर दूसरी में फँसना
(d) खजूर पेड़ पसंद करना

**Sol. (c)** लोकोक्ति– "आसमान से गिरा तो खजूर में अटका"
अर्थ– **एक विपत्ति से छूटकर दूसरी में फँसना**

**36.** "तू डाल-डाल, मैं पात-पात" – इस लोकोक्ति का अर्थ क्या है? **(UPSI 20-11-2021)**
(a) दुराशा का शिकार न हो जाना
(b) अपनी आमदनी के हिसाब से खर्च करना
(c) एक से बढ़कर दूसरा चालाक
(d) सावधानी और धैर्य से काम लेना

**Sol. (c)** तू डाल-डाल, मैं पात-पात लोकोक्ति का अर्थ **एक से बढ़कर दूसरा चालाक होता है।**

**37.** "गंगा गए गंगादास जमुना गए जमुनादास"– इस लोकोक्ति का अर्थ क्या है? **(UPSI 20-11-2021)**
(a) जो व्यक्ति सामने आए उसी प्रशंसा करना
(b) संक्षेप में विस्तृत बात कह देना
(c) गंगा व जमुना की यात्रा करना
(d) दास-प्रथा के लिए प्रतिबद्धता

**Sol. (a)** 'गंगा गए गंगादास जमुना गए जमुनादास' लोकोक्ति का अर्थ है जो **व्यक्ति सामने आए उसकी प्रंशसा करना।**

**38.** ''जब तक साँस तब तक आस''–इस लोकोक्ति का अर्थ क्या है? **(UPSI 20-11-2021)**
(a) साँस रहने तक जीवित रहना
(b) न पूरी होनेवाली आशा
(c) आशा जीवन पर्यंत बनी रहती है
(d) साँस रूकने की चिंता होना

**Sol. (c)** लोकोक्ति– जब तक साँस, तब तक आस
अर्थ– **आशा जीवन पर्यन्त बनी रहती है।**

**39.** ''जितने मुँह उतनी बातें''– इस लोकोक्ति का अर्थ क्या है? **(UPSI 21-11-2021)**
(a) ज्यादा बातें करना
(b) मुँह ज्यादा होना
(c) एक ही बात पर भिन्न-भिन्न कथन
(d) मुँह के अनुसार बातें

**Sol. (c)** लोकोक्ति– जितने मुँह उतनी बाते
अर्थ– **एक ही बात पर भिन्न-भिन्न कथन**

**40.** "तीन में न तेरह में"– इस लोकोक्ति का अर्थ क्या है? **(UPSI 23-11-2021)**
(a) हर काम में सफलता
(b) गणित में माहिर
(c) नगण्य
(d) हर किसी की गिनती में होना

**Sol. (c)**

| लोकोक्ति | अर्थ |
|---|---|
| तीन में न तेहर में | **नगण्य** |

**41.** इनमें से 'आगे नाथ न पीछे पगहा' लोकोक्ति का क्या अर्थ है? **(UPSI 24-11-2021)**
(a) जिम्मेदार व्यक्ति होना
(b) अत्यंत गरीब होना
(c) पशु-विहीन होना
(d) किसी तरह की जिम्मेदारी का न होना

**Sol. (d)**

| लोकोक्ति | अर्थ |
|---|---|
| आगे नाथ न पीछे पगहा | **किसी तरह की जिम्मेदारी का न होना।** |

**42.** "आई तो रोजी नहीं तो रोजा"– इस लोकोक्ति का अर्थ है? **(UPSI 24-11-2021)**
(a) धोखा देना
(b) किसी से कोई वास्ता न रखना
(c) कमाया तो खाया नहीं तो भूखे
(d) अन्याय न करना

**Sol. (c)**

| लोकोक्ति | अर्थ |
|---|---|
| आई तो रोजी नहीं तो रोजा | **कमाया तो खाया नहीं तो भूखे।** |

**43.** "कच्ची गोली खेलना"– इस लोकोक्ति का अर्थ है? **(UPSI 24-11-2021)**
(a) तमाशा करना
(b) असंभव कार्य करना
(c) अनुभवहीन होना
(d) गोली न सुखाना

**Sol. (c)**

| लोकोक्ति | अर्थ |
|---|---|
| कच्ची गोली खेलना | **अनुभवहीन होना** |

**44.** "आदमी पानी का बुलबुला है"– इस लोकोक्ति का अर्थ क्या है? **(UPSI 25-11-2021)**
(a) तमाशा करना
(b) मनुष्य जीवन नश्वर है
(c) अनुभवहीन होना
(d) मनुष्य पानी पसंद करता है

**Sol. (b)**

| लोकोक्ति | अर्थ |
|---|---|
| आदमी पानी का बुलबुला है। | **मनुष्य का जीवन नश्वर है।** |

**45.** "छटांक चून चौबरे रसोई"– इस लोकोक्ति का अर्थ क्या है? **(UPSI 29-11-2021)**
(a) संपन्नता का निशान
(b) झूठा दिखावा और शान
(c) बेईमानी के पैसे
(d) शानदार जीवन

**Sol. (b)** छटांक चून चौबारे रसोई– लोकोक्ति का अर्थ– **झूठा दिखावा और शान है।**

**46.** "लाठी टूटे न सांप मरे"– इस लोकोक्ति का अर्थ क्या है? **(UPSI 29-11-2021)**
(a) मार खाए बिना सीधे होना
(b) न पूरी होनेवाली आशा
(c) मार खाए बिना सीधे नहीं होना
(d) किसी की हानि के बिना स्वार्थ सिद्धि

**Sol. (d)** "लाठी टूटे न सांप मरे"– लोकोक्ति का अर्थ– **किसी की हानि के बिना स्वार्थ सिद्धि**

**47.** 'थका ऊँट सराय तकता है' इस लोकोक्ति का सही अर्थ है– **(UPSI 29-11-2021)**
(a) दिनभर की मेहनत के बाद घर की याद आती है।
(b) असाध्य रोग से ग्रस्त व्यक्ति मौत चाहता है
(c) विश्राम जीवन की अनिवार्यता है।
(d) गुलाम अपने मालिक के संकेत पर चलता है।

**Sol. (a)** लोकोक्ति– थका ऊँट सराय तकता है। अर्थ– **दिन भर की मेहनत के बाद घर की याद आती है।**

**48.** "नया नौ दिन पुराना सौ दिन"– इस लोकोक्ति का अर्थ क्या है? **(UPSI 01-12-2021)**
(a) पुरानी चीजें ज्यादा दिन चलती हैं
(b) न पूरी होने वाली आशा
(c) सर्वत्र विजय हासिल होना
(d) समयानुसार काम

**Sol. (a)** लोकोक्ति– नया नौ दिन पुराना सौ दिन।
अर्थ– **पुरानी चीज़े ज्यादा दिन चलती है।**

# 29 विलोम

**1.** कौन-सा शब्द 'नवीन' शब्द का विरुद्धार्थी है? **(UPSI Batch - III 22 Dec-2017)**

(a) नया (b) पुराना
(c) प्राचीन (d) पुरातन

**Sol. (c)** 'नवीन' शब्द का विरूद्धार्थी शब्द **'प्राचीन'** है।
नया → पुराना
पुरातन → अधुनातन

**2.** दिए गए विकल्पों में से "अवनि" का विरुद्धार्थी शब्द कौन सा है? **(UPSI Batch - I 22 Dec-2017)**

(a) अमन (b) चक्षु
(c) अग्नि (d) अंबर

**Sol. (d)** अवनि का विलोम शब्द **अंबर** होता है। अवनि शब्द पृथ्वी का पर्यायवाची है।

**3.** दिए गए विकल्पों में से "ऊर्ध्व" शब्द के सही विलोम का चयन कीजिए। **(UPSI Batch - I 22 Dec-2017)**

(a) अध: (b) अन्त
(c) पुष्ट (d) क्षणिक

**Sol. (a)** ऊर्ध्व शब्द का विलोम **अध:** है शेष शब्दों के विलोम है अन्त का आदि, शाश्वत का क्षणिक।

**4.** 'अधम' का विरुद्धार्थी शब्द दिए गए विकल्पों में से कौन-सा है? **(UPSI Batch - II 21 Dec-2017)**

(a) नेक (b) उत्तम
(c) बुरा (d) नारकी

**Sol. (b)** अधम का विरूद्धार्थी शब्द **'उत्तम'** होगा।
नेक → बद
बुरा → अच्छा
नारकी → स्वर्गीय

**4.** 'ध्वंस' शब्द का विलोम शब्द क्या है? **(UPSI Batch & I 21 Dec-2017)**

(a) विध्वंस (b) निर्माण
(c) तुल्य (d) प्राकृतिक

**Sol. (b)** ध्वंस का विलोम **निर्माण** होगा।
तुल्य → अतुल्य
प्राकृतिक → कृत्रिम

**5.** "छिछला" शब्द का विलोम शब्द कौन सा है? **(UPSI Batch - I 20 Dec-2017)**

(a) गहरा (b) तृप्ति
(c) उजाड़ना (d) पीठ

**Sol. (a)** छिछला का विलोम **गहरा** होता है उजाड़ना का विलोम बसाना, पीठ का विलोम पेट तथा तृप्ति का विलोम तृष्णा है।

**6.** दिए गए विकल्पों में से "ऋजु" का विरुद्धार्थी शब्द कौन सा है? **(UPSI Batch - II 12 Dec-2017)**

(a) सुर (b) वक्र
(c) सरस (d) मिथ्या

**Sol. (b)** ऋजु का विरूद्धार्थी शब्द **वक्र** है। सुर का विलोम असुर तथा सरस का विलोम नीरस है।

**7.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'उदार' का विलोम है? **(UPSI 12-11-2021)**

(a) कठोर (b) नम्र
(c) पुरुष (d) कोमल

**Sol. (a)**

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| उदार | अनुदार/**कठोर** |
| नम्र | अनम्र/धृष्ट |
| पुरुष | स्त्री |
| कोमल | कठोर |

**8.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'अथ' का विलोम है? **(UPSI 12-11-2021)**

(a) इति (b) अध:
(c) अर्थ (d) अंत

**Sol. (a)** 'अथ' का विलोम **'इति'** होता है।

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| अध: | उपरि |
| अर्थ | अनर्थ |
| अंत | अनंत |

**9.** इनमें से कौन-सा शब्द 'सौभाग्य' का विलोम है? **(UPSI 13-11-2021)**

(a) सुपरिणाम (b) सुसंगति
(c) दुर्भाग्य (d) इनमें से कोई नहीं

**Sol. (c)** सौभाग्य का विलोम **दुर्भाग्य** होता है।

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| सुपरिणाम | दुष्परिणाम |
| सुसंगति | कुसंगति |

**10.** इनमें से कौन-सा शब्द 'गौरव' का विलोम है? **(UPSI 13-11-2021)**

(a) लाघव (b) उत्साह
(c) आगत (d) आनंद

**Sol. (a)** 'गौरव' का विलोम **'लाघव'** होता है।

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| उत्साह | निरुत्साह |
| आगत | निर्गत |
| आनंद | वेदना/दुख |

**11.** इनमें से समष्टि का विलोम शब्द क्या है? **(UPSI 13-11-2021)**

(a) विशिष्ट (b) अस्ति
(c) अशिष्ट (d) व्यष्टि

**Sol. (d)** 'समष्टि' का विलोम **'व्यष्टि'** होता है।

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| अस्ति | नास्ति |
| अशिष्ट | शिष्ट |
| विशिष्ट | साधारण |

**12.** इनमें से कौन-सा शब्द 'उदय' का विलोम है? **(UPSI 14-11-2021)**

(a) परोक्ष (b) अस्त
(c) डूब (d) अप्रकट

**Sol. (b)**

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| उदय | **अस्त** |
| परोक्ष | प्रत्यक्ष |
| अप्रकट | प्रकट |

**13.** इनमें से कौन-सा शब्द 'अतिवृष्टि' का विलोम है? **(UPSI 14-11-2021)**

(a) आर्द्र (b) अनावृष्टि
(c) रेगिस्तान (d) बाढ़

**Sol. (b)** अतिवृष्टि का विलोम **अनावृष्टि** होता है।

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| आर्द्र | शुष्क |
| बाढ़ | सूखा |
| रेगिस्तान | नखलिस्तान |

**14.** 'लिखित' का विलोम शब्द क्या है? **(UPSI 14-11-2021)**

(a) संचलित (b) निरक्षर
(c) मौखिक (d) स्वलिखित

**Sol. (c)**

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| लिखित | **मौखिक** |
| निरक्षर | साक्षर |
| स्वलिखित | परलिखित |

**15.** इनमें से कौन-सा शब्द 'क्षुद्र' का विपरीतार्थक है? **(UPSI 15-11-2021)**

(a) खोटा (b) भव्य
(c) महान (d) लघु

**Sol. (c)**

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| क्षुद्र | **महान** |
| खोटा | खरा |
| भव्य | साधारण |
| लघु | दीर्घ |

**16.** इनमें से कौन-सा शब्द 'शुक्ल' का विलोम है? **(UPSI 15-11-2021)**

(a) श्याम (b) श्वेत
(c) उष्ण (d) कृष्ण

**Sol. (d)**

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| शुक्ल (पक्ष) | **कृष्ण** (पक्ष) |
| श्याम | श्वेत |
| उष्ण | शीत |

**17.** इनमें से कौन-सा शब्द 'स्तुति' का विलोम है? **(UPSI 16-11-2021)**

(a) समालोचना (b) समीक्षा
(c) निंदा (d) आलोचना

**Sol. (c)**

| **शुद्ध** | **विलोम** |
|---|---|
| स्तुति | **निंदा** |
| समालोचना/आलोचना | प्रशंसा |
| समीक्षा | लेख/रचना |

**18.** इनमें से कौन-सा शब्द 'उत्थान' का विपरीतार्थक है? **(UPSI 16-11-2021)**

(a) झुकाव (b) उदय
(c) पतन (d) नाश

**Sol. (c)** 'उत्थान' का विलोम '**पतन**' होता है। 'उदय' का विलोम 'अस्त' होता है।

**19.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'कृपण' का विलोम है? **(UPSI 16-11-2021)**

(a) दानी (b) कनिष्ठ
(c) अधम (d) कृतज्ञ

**Sol. (a)**

| **शब्द** | **विलोम** |
|---|---|
| कृपण | **दानी** |
| कनिष्ठ | वरिष्ठ |
| अधम | उत्तम |
| कृतज्ञ | कृतघ्न |

**20.** 'विधि' का विलोम शब्द है- **(UPSI 17-11-2021)**

(a) पद्धति (b) विधान
(c) प्रक्रिया (d) निषेध

**Sol. (d)** 'विधि' का विलोम '**निषेध**' होता है।

**21.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'आरोह' का विलोम है? **(UPSI 17-11-2021)**

(a) प्ररोह (b) अवरोह
(c) समारोह (d) निर्मोह

**Sol. (b)** 'आरोह' का विलोम '**अवरोह**' होता है।

**22.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'कृत्रिम' का विलोम है? **(UPSI 17-11-2021)**

(a) प्राकृतिक (b) निर्मित
(c) स्वभाविक (d) असली

**Sol. (a)**

| **शब्द** | **विलोम** |
|---|---|
| कृत्रिम | **प्राकृतिक** |
| निर्मित | अविकसित |
| स्वभाविक | बनावटी/अस्वाभाविक |
| असली | नकली |

**23.** 'बर्बर' का विलोम शब्द क्या है? **(UPSI 21-11-2021)**

(a) दुर्भर (b) निर्भर
(c) सभ्य (d) दुर्बल

**Sol. (c)**

| **शब्द** | **विलोम** |
|---|---|
| बर्बर | **सभ्य** |
| निर्भर | आत्मनिर्भर/स्वालंबी |
| दुर्बल | सबल |

**24.** इनमें से 'चिरंतन' का विलोम क्या है? **(UPSI 21-11-2021)**

(a) अनश्वर (b) नश्वर
(c) अल्पजीवी (d) क्षणिक

**Sol. (b)**

| **शब्द** | **विलोम** |
|---|---|
| चिरंतन | **नश्वर** |
| अनश्वर | नश्वर |
| अल्पजीवी | दीर्घजीवी |
| क्षणिक | शास्वत |

**25.** 'व्यष्टि' का विलोम शब्द है- **(UPSI 21-11-2021)**

(a) प्राची (b) समष्टि
(c) सृष्टि (d) व्यक्ति

**Sol. (b)**

| **शब्द** | **विलोम** |
|---|---|
| व्यष्टि | **समष्टि** |
| प्राची | प्रतीची |
| सृष्टि | प्रलय |

**26.** 'अस्त्रीकरण' का विलोम शब्द क्या है? **(UPSI 22-11-2021)**

(a) निरस्त्रीकरण (b) यंत्रीकरण
(c) वस्त्रीकरण (d) शस्त्रीकरण

**Sol. (a)**

| **शब्द** | – | **विलोम** |
|---|---|---|
| अस्त्रीकरण | – | **निरस्त्रीकरण** |
| यंत्रीकरण | – | अयंत्रीकरण |
| वस्त्रीकरण | – | नवर्त्रीकरण |
| शस्त्रीकरण | – | निरस्त्रीकरण |

**27.** 'आविर्भाव' का विलोम क्या है? **(UPSI 22-11-2021)**

(a) प्रस्थान (b) प्रभाव
(c) तिरोभाव (d) स्वभाव

**Sol. (c)**

| **शब्द** | **विलोम** |
|---|---|
| आविर्भाव | **तिरोभाव** |
| प्रस्थान | आगमन |
| प्रभाव | निष्प्रभाव |
| स्वभाव | कुस्वभाव |

**28.** इनमें से कौन-सा शब्द 'सफेद' का विलोम है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) बेदाग (b) उजला
(c) स्याह (d) काला

**Sol. (c)**

| **शब्द** | **विलोम** |
|---|---|
| बेदाग | दागदार/दागी |
| उजला | अंधकार/काला |
| सफेद | **स्याह** |

**29.** इनमें से कौन-सा शब्द 'सुकर्म' का विलोम है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) निष्कर्ष (b) कुकर्म
(c) सकर्म (d) सुपथ

**Sol. (b)**

| **शब्द** | **विलोम** |
|---|---|
| सुकर्म | **कुकर्म** |
| सकर्म | अकर्म |
| सुपथ | कुपथ |
| निष्कर्ष | शुरु करना |

**30.** 'अल्प' का विलोम शब्द क्या है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) ज्ञान (b) कल्प
(c) स्वल्प (d) अति

**Sol. (d)**

| **शब्द** | **विलोम** |
|---|---|
| ज्ञान | अज्ञान |
| स्वल्प | अत्यधिक |
| अल्प | **अति** |

**31.** 'अंधकार' का विलोम शब्द क्या है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) अधिकार (b) प्रशांति
(c) अबोध (d) प्रकाश

**Sol. (d)**

| **शब्द** | **विलोम** |
|---|---|
| अधिकार | अनधिकार |
| अबोध | बोध |
| अंधकार | **प्रकाश** |
| प्रशांति | अशांति |

**32.** 'अशक्त' का विलोम शब्द क्या है? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) विशक्त (b) नशक्त
(c) आसक्त (d) सशक्त

**Sol. (d)**

| **शब्द** | **विलोम** |
|---|---|
| अशक्त | **सशक्त** |
| आकाश | पाताल |
| आसक्त | अनासक्त |

**33.** 'सुप्त' का विलोम शब्द क्या है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) विक्षुब्ध (b) जागृत
(c) सभ्य (d) सुस्त

**Sol. (b)**

| **शब्द** | **विलोम** |
|---|---|
| सुप्त | **जागृत** |
| सभ्य | असभ्य/बर्बर |
| सुस्त | तेज |
| विक्षुब्ध | अविक्षुब्ध |

**34.** 'अग्र' का विलोम शब्द क्या है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) च्युत (b) पश्च
(c) आगे (d) उग्र

**Sol. (b)**

| **शब्द** | **विलोम** |
|---|---|
| च्युत | अच्युत |
| अग्र | **पश्च** |
| आगे | पीछे |
| उग्र | शांत |

**35.** 'आदि' का विलोम शब्द कौन-सा है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) अयादि (b) अंत
(c) व्याधि (d) आद्य

**Sol. (b)** आदि का विलोम – **अंत**
आद्य का विलोम – अन्त्य
व्याधि का विलोम – प्रशंसा

**36.** 'शुक्ल का विलोम शब्द कौन-सा है?
**(UPSI 28-11-2021)**
(a) नि:शुल्क (b) कृष्ण
(c) सशुल्क (d) सरस

**Sol. (b)** शुक्ल का विलोम - **कृष्ण**
नि:शुल्क - सशुल्क
सरस - नीरस

**37.** इनमें से कौन-सा शब्द 'तिमिर' का विलोम है?
**(UPSI 28-11-2021)**
(a) अंधकार (b) किरण
(c) उजाला (d) प्रकाश

**Sol. (d)** तिमिर का विलोम - **प्रकाश**
अंधकार का विलोम - उजाला

**38.** 'तीव्र' का विलोम शब्द है-
**(UPSI 29-11-2021)**
(a) क्षिप्र (b) तेज
(c) जलद (d) मंथर

**Sol. (d)** "तीव्र" का विलोम - **मंथर**
तेज का विलोम - मंद/हलका
क्षिप्र का विलोम - मंद

**39.** 'सापेक्ष' शब्द का विलोम कौन-सा होगा?
**(UPSI 30-11-2021)**
(a) निरपेक्ष (b) निष्पक्ष
(c) आपेक्ष (d) असापेक्ष

**Sol. (a)** सापेक्ष का विलोम- **निरपेक्ष**

**40.** 'संयोग' का विलोम कौन-सा होगा?
**(UPSI 30-11-2021)**
(a) दुर्योग (b) वियोग
(c) कुयोग (d) सहयोग

**Sol. (b)** संयोग का विलोम- **वियोग**
सहयोग का विलोम- असहयोग/अलगाव
दुर्योग का विलोम- सुयोग

**41.** 'यथार्थ' शब्द का विलोम कौन-सा होगा?
**(UPSI 30-11-2021)**
(a) कृत्रिम (b) अनुचित
(c) आदर्श (d) उचित

**Sol. (c)**

| **शब्द** | **विलोम** |
|---|---|
| कृत्रिम | प्राकृतिक |
| अनुचित | उचित |
| **आदर्श** | यथार्थ |

**42.** 'ऋजु' शब्द का विलोम कौन-सा होगा?
**(UPSI 30-11-2021)**
(a) वक्र (b) व्रक
(c) सीधा (d) विरल

**Sol. (a)** ऋजु का विलोम - **वक्र**
सीधा का विलोम - टेढा
विरल का विलोम - सघन

**43.** 'अर्पण' का विलोम कौन-सा होगा?
**(UPSI 30-11-2021)**
(a) प्राप्ति (b) तर्पण
(c) स्वीकार (d) ग्रहण

**Sol. (d)**

| **शब्द** | **विलोम** |
|---|---|
| अर्पण | **ग्रहण** |
| स्वीकार करना | अस्वीकार करना |
| प्राप्ति | अप्राप्त |
| तर्पण | अतृप्ति |

**44.** 'गरल' शब्द का विलोम कौन-सा होगा?
**(UPSI 30-11-2021)**
(a) अनिय (b) पियूष
(c) अमृत (d) सुधा

**Sol. (d)**

| **शब्द** | **विलोम** |
|---|---|
| गरल | **सुधा** |
| अमृत | विष |
| पियूष | विष |

**45.** 'शिष्ट' का विलोम कौन-सा होगा?
**(UPSI 30-11-2021)**
(a) अवशिष्ट (b) अशिष्ट
(c) निकृष्ट (d) विशिष्ट

**Sol. (b)**

| **शब्द** | **विलोम** |
|---|---|
| शिष्ट | **अशिष्ट** |
| निकृष्ट | उत्कृष्ट |
| विशिष्ट | सामान्य |
| अवशिष्ट | अशेष |

**46.** इनमें से 'तिमिर' शब्द का विलोम कौन-सा है?
**(UPSI 01-12-2021)**
(a) प्रकाश्य (b) आभास
(c) ज्योतिर्मय (d) आलोक

**Sol. (d)**

| **शब्द** | **विलोम** |
|---|---|
| तिमिर | **आलोक** |
| ज्योतिर्मय | तमोमय |

**47.** इनमें से 'तीक्ष्ण' शब्द का विलोम कौन-सा है?
**(UPSI 01-12-2021)**
(a) प्रखर (b) क्षीण
(c) कुण्ठित (d) तीव्र

**Sol. (c)**

| **शब्द** | **विलोम** |
|---|---|
| प्रखर | मूर्ख |
| क्षीण | पुष्ट |
| तीक्ष्ण | **कुण्ठित** |
| तीव्र | मंद |

CHAMPION PUBLICATION
Gagan Pratap Sir

# 30 शुद्ध-अशुद्ध

**1.** 'सँगम' शब्द में किस तरह की अशुद्धि है?
**(UPSI Batch & III 20 Dec-2001)**
(a) नुक्ता (b) रेफ
(c) अनुनासिक (d) अनुस्वार

**Sol. (c)** प्रश्नगत शब्द 'सँगम' में **अनुनासिक** ध्वनि की अशुद्धि है। अत: शुद्ध शब्द संगम होगा। अनुनासिक ध्वनियाँ मुख एवं नासिका दोनों के सहारे उच्चरित होती है जबकि अनुस्वार का उच्चारण केवल नासिका से होता है।

**2.** निम्न वाक्यों में एक वाक्य व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध है, पहचानिए। **(UPSI Batch & I 22 Dec-2001)**
(a) कई सालों से निर्मला के मन में तीर्थयात्राओं की बड़ी लालसा थी।
(b) गर्मी की उमस के बाद वर्षा शुरू हुई।
(c) विश्वनाथ अपने परिवारियों के साथ किसी महानगर में एक छोटे तंग मकान में रहता है।
(d) यदि हमने जीवन में सब कुछ प्राप्त करना है, तो पुरुषार्थ को अपने जीवन का लक्ष्य बनाना चाहिए।

**Sol. (b)** दिये गए वाक्यों में **विकल्प (b)** वाक्य व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध है।

**3.** "भारत में स्त्रीयों का सम्मान किया जाता है।" प्रस्तुत वाक्य में त्रुटिवाचक शब्द कौन-सा है?
**(UPSI Batch - I 12 Dec-2017)**
(a) किया (b) स्त्रीयों
(c) सम्मान (d) भारत

**Sol. (b) स्त्रीयों** शब्द अशुद्ध है इसका शुद्ध रूप है → स्त्रियों

**4.** जिस शब्द में त्रुटि नहीं है, उसका चयन करें।
**(UPSI Batch & I 22 Dec-2017)**
(a) छत्रोछाया (b) छत्रीछाया
(c) छतरछाया (d) छत्रच्छाया

**Sol. (d)** दिए गए विकल्पों मे '**छत्रच्छाया**' शब्द त्रुटिहीन है।

**5.** मानक भाषा की दृष्टि से अशुद्ध शब्द पहचानिए।
**UPSI Batch - III 20 Dec-2017]**
(a) हिन्दी (b) स्थाई
(c) हिन्दु (d) दायित्व

**Sol. (b)** दिए गए विकल्पों में से '**स्थाई**' मानक हिंदी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द है। इसका शुद्ध रूप 'स्थायी' है।

**6.** "हमारा समाज उन्नति के पथ में है" इस वाक्य में किस प्रकार की अशुद्धि है?
**UPSI Batch - III 21 Dec-2017**
(a) वचन (b) संज्ञा
(c) कारक (d) लिंग

**Sol. (c)** दिए गए वाक्य में कारक संबंधी अशुद्धि है। '**पथ में**' के स्थान पर 'पथ पर' आएगा।

**7.** "राजा ने चोर को मृत्यु दंड की सजा दी" वाक्य में क्या त्रुटि है?**UPSI Batch - II 21 Dec-2017**
(a) सजा दी (b) मृत्यु दंड
(c) चोर को (d) राजा ने

**Sol. (a)** दिए गए वाक्य में '**सजा दी**' त्रुटिपूर्ण अंश है क्योंकि दण्ड में सजा का भाव अंतर्निहित है शुद्ध वाक्य इस प्रकार है → 'राजा ने चोर को मृत्युदण्ड दिया'

**8.** निम्न वाक्य में कौन से हिस्से में त्रुटि रह गयी है? करवा चौथ के व्रत की पूर्ण वर्णन वामन पुराण में किया गया है।
**UPSI Batch - I 15 Dec-2017**
(a) करवा चौथ के (b) में किया गया है
(c) व्रत की पूर्ण (d) वर्णन वामन पुराण

**Sol. (c)** इस वाक्य का शुद्ध रूप है – करवाचौथ के **व्रत का पूर्ण** वर्णन वामन पुराण में किया गया है।

**9.** इनमें से शुद्ध शब्द कौन-सा है?
**(UPSI 12-11-2021)**
(a) विद्यावाचपति (b) विद्यावाचश्पति
(c) विद्यावाचस्पति (d) विद्यावाचष्पति

**Sol. (c) "विद्यावाचस्पति"** शुद्ध है।

**10.** इनमें से शुद्ध शब्द कौन-सा है?
**(UPSI 13-11-2021)**
(a) अध्ययेता (b) अध्यात
(c) अधियेता (d) अध्येता

**Sol. (d) अध्येता**

**11.** इनमें से शुद्ध कौन-सा है?
**(UPSI 13-11-2021)**
(a) इन्दर्वज्रा (b) इंदवज्रा
(c) इन्द्रवज्रा (d) इन्दवज्र

**Sol. (c) इंद्रवज्रा**

**12.** इनमें से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?
**(UPSI 13-11-2021)**
(a) लता ने दो चिठ्ठी लिखी।
(b) लता ने दो चिट्ठियाँ लिखीं।
(c) लता ने दो चिठ्ठी लिखी
(d) लता दो चिठ्ठी लिखी

**Sol. (b) "लता ने दो चिट्ठियाँ लिखीं"** शुद्ध वाक्य होगा

**13.** इनमें से कौन-सा शब्द अशुद्ध है ?
**(UPSI 14-11-2021)**
(a) पृष्टभूमि (b) ज्योत्स्ना
(c) शूर्पणखा (d) संतुष्ट

**Sol. (a)** शुद्ध वर्तनी '**पृष्ठभूमि**' है।

**14.** इनमें से किस शब्द की वर्तनी शुद्ध है?
**(UPSI 14-11-2021)**
(a) उज्जवल (b) उज्जल
(c) उज्ज्वल (d) उजज्वल

**Sol. (c)** शुद्ध वर्तनी – उज्ज्वल

**15.** इनमें से शुद्ध शब्द कौन-सा है?
**(UPSI 15-11-2021)**
(a) राष्ट्रिय (b) राष्टीय
(c) राश्ट्रीय (d) राष्ट्रीय

**Sol. (d)** शुद्ध वर्तनी **राष्ट्रीय** है।

**16.** इनमें से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?
**(UPSI 16-11-2021)**
(a) वहाँ केवल दो लोग ही थे।
(b) वहाँ केवल दो लोग थे।
(c) केवल वहाँ दो लोग थे।
(d) दो लोग केवल वहाँ थे।

**Sol. (b) 'वहाँ केवल दो लोग थे'**- वाक्य शुद्ध है।

**17.** 'हवन में जलाने वाली लकड़ी' के लिए शुद्ध शब्द इनमें से क्या है? **(UPSI 16-11-2021)**
(a) समिधा (b) शुष्ककाष्ठ
(c) अग्नि (d) वनकाष्ठ

**Sol. (a)** हवन में जलाने वाली लकड़ी को **समिधा** कहते हैं।

**18.** इनमें से शुद्ध शब्द कौन-सा है?
**(UPSI 17-11-2021)**
(a) ध्वनयालोक (b) ध्वन्यालोक
(c) धवन्यालोक (d) ध्वंयलोक

**Sol. (b) 'ध्वन्यालोक'** शुद्ध शब्द है।

**19.** सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?
**(UPSI 20-11-2021)**
(a) दवानल (b) दावानल
(c) दाबानल (d) धाबानल

**Sol. (b) दावानल** सही वर्तनी वाला शब्द है।

**20.** सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?
**(UPSI 21-11-2021)**
(a) उद्धाहरण (b) उदाहरण
(c) ऊदाहरण (d) उधाहरन

**Sol. (b)** शुद्ध वर्तनी- **उदाहरण**

**21.** सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?
**(UPSI 22-11-2021)**
(a) शब्दांश (b) शब्द्धांश
(c) शभ्दांश (d) शब्दांस

**Sol. (a)** सही वर्तनी वाला शब्द '**शब्दांश**' है।

**22.** सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है?
**(UPSI 23-11-2021)**
(a) कारलय (b) कार्यालय
(c) कार्यलय (d) कार्यलाय

**Sol. (b)** शुद्ध वर्तनी वाला शब्द- **कार्यालय**

**23.** सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है? **(UPSI 23-11-2021)**

(a) व्यावस्थ (b) व्यवस्था

(c) व्यवस्ता (d) व्याबस्ता

**Sol. (b)** शुद्ध वर्तनी शब्द- **व्यवस्था**

**24.** इनमें से शुद्ध शब्द कौन-सा है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) द्रमाषिक (b) दिमाशिक

(c) द्विमासिक (d) दूमाशिक

**Sol. (c)** शुद्ध वर्तनी वाला शब्द- **द्विमासिक**

परीक्षापयोगी अन्य महत्वपूर्ण शब्द- हिरण्यकशिपु, अक्षौहिणी, शृंगार, बुभुक्षा, व्याकरण, उज्ज्वल, प्रज्वलित इत्यादि।

**25.** निम्न में से कौन-सा शब्द सही है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) समाहार (b) सामाहर

(c) सम्म्हर (d) इनमें से कोई नहीं

**Sol. (a)** शुद्ध वर्तनी वाला शब्द- **समाहार**

परीक्षापयोग अन्य शब्द- अक्षैहिणी, प्रज्वलित, उज्ज्वल, वाङ्मय, शरच्चन्द, द्वारका आदि।

**26.** सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) तृतीय (b) त्रतीय

(c) तृत्तीय (d) तुर्तीय

**Sol. (a)** शुद्ध वर्तनी वाली शब्द- **तृतीय**

**27.** इनमें से कौन-सा शब्द शुद्ध है? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) असीरवाद (b) आसिर्वाद

(c) आर्शीवाद (d) आशीर्वाद

**Sol. (d)** शुद्ध वर्तनी वाला शब्द- **आशीर्वाद**

**28.** इनमें से शुद्ध शब्द कौन-सा है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) कवयित्रि (b) कव्यित्री

(c) कवियित्री (d) कवयित्री

**Sol. (d)** शुद्ध वर्तनी वाला शब्द- **कवयित्री**

**29.** सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) अबाव (b) अभाव

(c) अभ्भाव (d) अभाब

**Sol. (b)** सही वर्तनी – **अभाव**

**30.** सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) उपदेश (b) उप्पदेश

(c) उपदेस (d) उपदेष

**Sol. (a)** शुद्ध वर्तनी – **उपदेश**

**31.** इनमें से कौन-सा वाक्य अशुद्ध है? **(UPSI 28-11-2021)**

(a) तुम्हारा कुछ नहीं हो सकता

(b) तुम्हें मैं अब नहीं समझा सकता

(c) तुमको मैं कैसे समझाऊ

(d) तुमसे बात करना ही व्यर्थ है

**Sol. (c)** '**तुमको मैं कैसे समझाऊ**' वाक्य अशुद्ध है।

**32.** इनमें से 'शुद्ध वाक्य' कौन-सा है? **(UPSI 28-11-2021)**

(a) पत्ता गिर पड़ा पेड़ों से

(b) पेड़ से पत्ता गिरा

(c) पेड़ में से पत्ता गिरा

(d) पेड़ की पत्ता गिरी

**Sol. (b)** शुद्ध वाक्य- **पेड़ से पत्ता गिरा**। अन्य वाक्य अशुद्ध है।

**33.** इनमें से 'अशुद्ध वर्तनी' वाला शब्द कौन-सा है? **(UPSI 28-11-2021)**

(a) वत्सल (b) उल्लंघन

(c) उज्वल (d) मनोरथ

**Sol. (c)** **उज्वल** शब्द अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है इसका शुद्ध रूप- उज्ज्वल होगा बाकी अन्य शब्द- वत्सल, उल्लंघन, मनोरथ शुद्ध वर्तनी वाले शब्द है।

**34.** सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) अनोपचारिक (b) अनौपचारिक

(c) अनौपचरिक (d) अनौपचारीक

**Sol. (b)** शुद्ध वर्तनी- **अनौपचारिक**

**35.** इनमें से शुद्ध वाक्य का चयन करें। **(UPSI 30-11-2021)**

(a) भारत में अनेक बोली हैं।

(b) भारत में अनेकों बोलियाँ हैं।

(c) भारत में अनेक बोलियाँ हैं।

(d) भारत में अनेकों बोली हैं।

**Sol. (c)** शुद्ध वाक्य- **भारत में अनेक बोलियाँ है।**

**36.** इनमें से सही शब्द का चयन करें। **(UPSI 30-11-2021)**

(a) उजज्वल (b) उज्जवल

(c) उज्वल (d) उज्ज्वल

**Sol. (d)** शुद्ध वर्तनी शब्द- **"उज्ज्वल"**

**37.** इनमें से कौन-सा शब्द शुद्ध है? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) यानी (b) द्वन्द

(c) यानि (d) उज्वल

**Sol. (a)** शुद्ध वर्तनी **यानी** हैं।

| **अशुद्ध** | **शुद्ध** |
|---|---|
| यानि | यानी |
| द्वन्द | द्वन्द्व |
| उज्वल | उज्ज्वल |

**38.** इनमें से कौन-सा वाक्य शुद्ध है? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) सीमा अपने से ही चली गई

(b) सीमा खुद चली गई

(c) सीमा आपके आप चली गई

(d) सीमा अपने-आप चली गई

**Sol. (d)** शुद्ध वाक्य – **सीमा अपने-आप चली गई।**

**39.** इनमें से कौन-सा शब्द शुद्ध है? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) आगामी (b) अगमी

(c) आगमी (d) अगामी

**Sol. (a)** शुद्ध वर्तनी शब्द – **आगामी**

**40.** इनमें से कौन-सा वाक्य शुद्ध है? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) क्या दीवार बहुत ऊँची है?

(b) क्या दीवाल बहुत ऊँची है?

(c) क्या दिवार बहुत ऊँची है?

(d) क्या दिवाल बहुत ऊँची है?

**Sol. (a)** शुद्ध वाक्य – **क्या दीवार बहुत ऊँची है?**

**41.** सही वर्तनी वाला शब्द कौन-सा है? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) मांग्लाचरण (b) मंगलाचरण

(c) मंग्लाचारण (d) मंग्लाचरन

**Sol. (b)** शुद्ध वर्तनी वाला शब्द- **मंगलाचरण**

**42.** इनमें से कौन-सा वाक्य अशुद्ध है? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) रमेश धीरे-धीरे भोजन करता है

(b) रमेश धीरे-धीरे भोजन क्यों नहीं करता है

(c) तुम्हारा काम जल्दी हो जाएगा

(d) मैं खाया हूँ

**Sol. (d)** अशुद्ध वाक्य – **मैं खाया हूँ।**

शुद्ध रूप – मैं खा चुका हूँ। या मैंने खाना खा लिया है।

**43.** इनमें से शुद्ध शब्द का चयन कीजिए। **(UPSI 02-12-2021)**

(a) पुरष्कार

(b) पुरस्कर

(c) पुरस्कार

(d) पुरूस्कार

**Sol. (c)** शुद्ध वर्तनी वाला शब्द – **पुरस्कार**

**44.** इनमें से कौन-से शब्द की वर्तनी अशुद्ध है? **(UPSI 02-12-2021)**

(a) व्यंग

(b) अनंग

(c) हास्य

(d) परिहास

**Sol. (a)** अशुद्ध वर्तनी शब्द – **व्यंग**

शुद्ध वर्तनी शब्द – व्यंग्य

**45.** इनमें से शुद्ध वाक्य कौन-सा है? **(UPSI 02-12-2021)**

(a) बच्चे को काटकर अनारा खिलाओ

(b) काटकर अनार बच्चे को खिलाओ

(c) बच्चे को अनार काटकर खिलाओ

(d) अनार बच्चे को काटकर खिलाओ

**Sol. (c)** शुद्ध वाक्य – **बच्चे को अनार काटकर खिलाओ।**

# 31 समानार्थी शब्द

**1.** इनमें से कौन-सा शब्द 'नाग' का समानार्थी है? **(UPSI 22-11-2021)**

(a) मोक्ष
(b) रथ
(c) हाथी
(d) पारा

**Sol. (c)** नाग के अनेकार्थी शब्द साँप, पर्वत, **हाथी**, बादल आदि होते है।

**2.** इनमें से 'कौमुदी' का समानार्थी शब्द कौन-सा है? **(UPSI 22-11-2021)**

(a) टीका
(b) व्याख्या
(c) दिवाली
(d) सभी

**Sol. (d)** कौमुदी के समानार्थी शब्द- टीका, व्याख्या, दिवाली, चाँदनी, चंद्रप्रथा, मालती, ज्योत्स्ना इत्यादि **अतः सभी** दिए हुए शब्द कौमुदी के समानार्थी है।

**3.** इनमें से कौन-सा शब्द 'चैत्र' का समानार्थी नहीं है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) युद्धभूमि
(b) बौद्ध भिक्षु
(c) यज्ञभूमि
(d) संवत का प्रथम मास

**Sol. (a)** चैत्र के समानार्थी शब्द- बौद्ध भिक्षु, यज्ञ भूमि, संवत का प्रथम मास, दैवालय, मंदिर, सात वर्षा पर्वतों में से एक आदि। अतः दिए गए विकल्पों में से **"युद्धभूमि"** शब्द चैत्र का समानार्थी शब्द नहीं है। इसके समानार्थी शब्द- रण क्षेत्र, रण भूमि, समर भूमि, संग्राम भूमि, युद्ध स्थल आदि है।

**4.** इनमें से कौन-सा शब्द 'स्नेह' का समानार्थी शब्द नहीं है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) तेल
(b) चिकनाहट
(c) गोद
(d) प्रेम

**Sol. (c)** "स्नेह" शब्द के समानार्थी शब्द- अनुरक्ति, प्रेम, अनुराग, प्रणय इत्यादि हैं। **गोद** शब्द स्नेह का समानार्थी नहीं है गोद के समानार्थी शब्द- पार्श्व, अंक और उत्संग आदि होंगे।

**5.** इनमें से कौन-सा 'खर' शब्द का समानार्थी नहीं है? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) एक राक्षस का नाम
(b) तिनका
(c) एकमात्र
(d) गधा

**Sol. (c)** 'खर' के समानार्थी शब्द- एक राक्षस का नाम, तिनका, गधा, गर्दभ, खोता, रासभ, अतः **एकमात्र** खर का समानार्थी नहीं है।

1. ______ 'मैथिली' के सुप्रसिद्ध कवि हैं। **(UPSI Batch & I 19 Dec-2017)**
(a) विद्यापति (b) रामधारी सिंह दिनकर
(c) नागार्जुन (d) भिखारी ठाकुर

**Sol. (a)** मैथिली के प्रसिद्ध **कवि विद्यापति** हैं। विद्यापति ने पदावली की रचना मैथिली भाषा में किया है, जिसके कारण इन्हे 'मैथिल कोकिल' भी कहा जाता है।

2. हिन्दी गद्य का सर्वप्रथम युग किसे माना जाता है? **UPSI Batch - I 20 Dec-2017**
(a) भारतेन्दु युग (b) द्विवेदी युग
(c) शुक्ल युग (d) प्रेमचंद युग

**Sol. (a)** हिन्दी गद्य का सर्वप्रथम युग **भारतेंदु युग** (1850 ई – 1900 ई) को माना जाता है। द्विवेदी युग की सीमा 1900 से 1918 ई तक मानी जाती है। ध्यातव्य है कि शुक्ल युग आलोचना एवं निबंध लेखन के लिए तथा प्रेमचन्द युग उपन्यास लेखन के लिए प्रसिद्ध है।

3. हिंदी में रिपोर्ताज विधा का जनक किसे माना जाता है? **UPSI Batch - III 15 Dec-2017**
(a) रामकुमार वर्मा
(b) रामविलास शर्मा
(c) शिवदान सिंह चौहान
(d) नंद दुलारे वाजपेयी

**Sol. (c)** हिन्दी में रिपोर्ताज विधा का जनक **'शिवदान सिंह'** चौहान को माना जाता है। रूपाभ पत्रिका के दिसम्बर, 1938 में प्रकाशित 'लक्ष्मीपुरा' को हिन्दी का प्रथम रिपोर्ताज माना जाता है।

4. माखनलाल चतुर्वेदी को उनकी किस रचना पर साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला है? **UPSI Batch - III 20 Dec-2017**
(a) साहित्य देवता (b) हिमकिरीटनी
(c) हिमतरंगिणी (d) युग चरण

**Sol. (c)** माखनलाल चतुर्वेदी को 1955 ई. में उनकी कृति **'हिमतरंगिणी'** पर साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला था। यह एक काव्य कृति है। यह प्रथम साहित्य अकादमी पुरस्कार भी है।

5. साहित्य अकादमी द्वारा 2016 में नासिरा शर्मा को किस उपन्यास के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया? **UPSI Batch - I 16 Dec-2017**
(a) कागज की नाव (b) अक्षय वट
(c) अजनबी जजीरा (d) पारिजात

**Sol. (d)** सन् 2016 में नासिरा शर्मा को उनके उपन्यास **पारिजात** के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया। इनके अन्य उपन्यास – शाल्मली, जिन्दा मुहावरे, सात नदियाँ एक समन्दर आदि है।

6. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से उस सही विकल्प का चयन करें जो बताता है कि– पृथ्वीराज रासो किस लेखक की रचना है? **UP Cons. 27-01-2019 Shift -I**
(a) चन्दबरदाई (b) कल्हण
(c) वाल्मीकि (d) हर्ष वर्धन

**Sol. (a)** दिए गए विकल्पों में 'पृथ्वीराज रासो' के लेखक **'चन्दबरदाई'** है। चंदबरदाई कृत पृथ्वीराज रासों एक महत्वपूर्ण रासों काव्य है जिसमें चौहान वंश के शासक पृथ्वी राज चौहान की वीरता का वर्णन है।

7. 'मैं भंगी हूँ' आत्मकथा के लेखक है? **UPP Jail warden/Fireman Exam- Date 20/12/2020 Shift-I**
(a) सूरजपाल चौहान (b) मोहनदास नैमिशराय
(c) भगवान दास (d) ओमप्रकाश वाल्मीकि

**Sol. (c)** 'मै भंगी हूँ' आत्मकथा के लेखक **भगवानदास** (1918 ई) है। यह हिन्दी की पहली दलित आत्मकथा मानी जाती है।

8. इनमें से 'मधुशाला' के लेखक कौन हैं? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) भगवतीचरण वर्मा
(b) महादेवी वर्मा
(c) जयशंकर प्रसाद
(d) हरिवंशराय बच्चन

**Sol. (d)** मधुशाला (1935) के लेखक **हरिवंशराय बच्चन** हैं। इनके अन्य काव्य मधुबाला (1936), मधुकलश (1937), निशा निमंत्रण (1938) हैं।

9. 'विखंडनवाद' का सिद्धांत निम्नलिखित में से किसने दिया है? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) भारतेन्दु हरिश्चंद्र (b) रामचंद्र शुक्ल
(c) प्लेटो (d) देरिदा

**Sol. (d)** विखंडनवाद का सिद्धांत **देरिदा** (फ्राँसिसी दार्शनिक) ने दिया है।

10. 'जाके प्रिय न राम वैदेहि, ताजिये ताहि कोटि बैरी सम जदपि परम सनेही।' यह किसकी प्रसिद्ध उक्ति है? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) नामदेव (b) कबीर
(c) सूरदास (d) तुलसीदास

**Sol. (d)** जाके प्रिय ---------
यह गोस्वामी **तुलसीदास** की प्रसिद्ध उक्ति है।

11. 'रानी केतकी की कहानी' किसकी प्रसिद्ध कहानी है? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) माधव सप्रे (b) सदासुखलाल
(c) लल्लूलाल (d) इंशा अल्ला खां

**Sol. (d)** 'रानी केतकी की कहानी' **इंशा अल्ला खाँ** की प्रसिद्ध कहानी है।
सदासुख लाल – सुख सागर, मुंतखब्बुत वारीख
लल्लू लाल – प्रेम सागर, सिंहासन बेताल पच्चीसी बत्तीसी

12. इनमें से वारकरी सांप्रदाय के प्रवर्तक कौन हैं? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) देवनाम (b) एकनाथ
(c) कबीरदास (d) ज्ञानेश्वर

**Sol. (d)** संत **ज्ञानेश्वर** वारकरी संप्रदाय के प्रवर्तक थे।

13. 'मलबे का मालिक' कहानी के रचनाकार इनमें से कौन हैं? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) दूधनाथ सिंह (b) मोहन राकेश
(c) ज्ञानरंजन (d) राजेन्द्र यादव

**Sol. (b)** 'मलबे का मालिक' कहानी के रचनाकार **मोहन राकेश** हैं।

14. महावीर प्रसाद द्विवेदी 'सरस्वती' पत्रिका के संपादक कब बने? **(UPSI 13-11-2021)**
(a) 1906 ई. (b) 1904 ई..
(c) 1905 ई. (d) 1903 ई.

**Sol. (d)** आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने सरस्वती पत्रिका का **1903** से 1920 तक संपादन किया। इससे पूर्व श्याम सुंदर दास इसके संपादक थे।

15. इनमें से वीर रस के कवि कौन हैं? **(UPSI 13-11-2021)**
(a) हरिवंश राय 'बच्चन'
(b) रामधारी सिंह दिनकर
(c) जयशंकर प्रसाद
(d) सियाराम शरण गुप्त

**Sol. (b)** **रामधारी सिंह दिनकर** वीर रस के कवि हैं। उनके प्रमुख काव्य रश्मिरथी, उर्वशी, कुरुक्षेत्र रेणुका आदि हैं।
सुभद्रा कमारी चौहान, श्याम नारायण पांडे, माखनलाल चतुर्वेदी आदि वीर रस के अन्य कवि हैं।

16. इनमें से किस रचना की पृष्ठभूमि में सांप्रदायिकता की त्रासदी है? **(UPSI 13-11-2021)**
(a) कर्मभूमि
(b) तमस
(c) शेखरः एक जीवनी
(d) राग दरबारी

**Sol.** **(b)** '**तमस**' भीष्म साहसी का सबसे प्रसिद्ध उपन्यास है। इसका प्रकाशन 1973 में हुआ था। इसमें विभाजन से जुड़े हर पहर को दर्शाया गया है।

कर्मभूमि – प्रेमचंद

शेखर: एक जीवनी – सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय

राग दरबारी – श्रीलाल शुक्ल

**17.** 'चंदायन' इनमें से किस लोक-कथा पर आधारित है? **(UPSI 13-11-2021)**

(a) शीरी-फरहाद (b) चनैनी

(c) युसूफ-जुलेखा (d) लैला-मजनूं

**Sol.** **(b)** 'चंदायन' (1379) मुल्ला दाऊद की रचना है। इससे सूफी काव्य का प्रारंभ माना जाता है। चंदायान चनैनी लोक कथा पर आधारित है। **चनैनी** को लोरिकी या लोरिकायन भी कहा जाता है। यह तीनों नाम एक ही लोक महाकाव्य के हैं।

**18.** इनमें से किस उपन्यास की पृष्ठभूमि आंचलिक है? **(UPSI 13-11-2021)**

(a) कर्मभूमि (b) मैला आँचल

(c) मित्रो मरजानी (d) कुरू कुरू स्वाहा

**Sol.** **(b)** '**मैला आँचल**' फणीश्वरनाथ 'रेणु' का प्रतिनिधि उपन्यास है। यह हिंदी का श्रेष्ठ आचलिक उपन्यास है। इसमें बिहार के एक पिछड़े ग्रामीण आंचल को पृष्ठभूमि बनाकार चित्रण किया है।

**19.** 'कविता का अर्थात्' किस विधा की रचना है? **(UPSI 13-11-2021)**

(a) आलोचना (b) काव्य

(c) संस्मरण (d) निबंध

**Sol.** **(a)** 'कविता का अर्थात्' परमानंद श्रीवास्तव द्वारा रचित **आलोचना** विधा की रचना है। उन्हें इस पुस्तक के लिए 'व्यास सम्मान' प्रदान किया गया था।

**20.** इनमें से 'अपेक्षा' के संपादक कौन थे? **(UPSI 13-11-2021)**

(a) एन. सिंह

(b) तेज सिंह

(c) श्योराज सिंह बेचैन

(d) राजेंद्र यादव

**Sol.** **(b)** अपेक्षा के संपादक **डॉ. तेज सिंह** थे।

**21.** इनमें से किस एक पत्रिका का संपादन प्रेमचंद ने नहीं किया? **(UPSI 13-11-2021)**

(a) माधुरी (b) सुधा

(c) जागरण (d) मर्यादा

**Sol.** **(b)** '**सुधा**'/कविवचन सुधा के संपादक भारतेंदु हरीशचंद्र थे।

**22.** उदय प्रकाश इनमें से किस विधा के चर्चित लेखक हैं? **(UPSI 14-11-2021)**

(a) निबंधकार (b) नाटककार

(c) कहानी (d) महाकाव्य

**Sol.** **(c)** उदय प्रकाश '**कहानी**' विधा के चर्चित लेखक हैं। 2010-11 में कृति 'मोहनदास' के लिए उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया था।

**23.** इनमें से घुमक्कड़ के रूप में प्रसिद्ध लेखक कौन हैं? **(UPSI 14-11-2021)**

(a) कुंवर नारायण

(b) राम नारायण

(c) राहुल सांकृत्यायन

(d) निर्मल वर्मा

**Sol.** **(c)** घुमक्कड़ के रूप में प्रसिद्ध लेखक **राहुल सांकृत्यायन** है। 'अथातो घुमक्कड़ जिज्ञासा' इनका यात्रा वृत्तांत है।

**24.** रामचन्द्र शुक्ल ने 'हिंदी साहित्य का प्रथम महाकाव्य' इनमें से किसे माना है ? **(UPSI 14-11-2021)**

(a) पृथ्वीराज विजय (b) बीसलदेव रासो

(c) रामचरितमानस (d) पृथ्वीराज रासो

**Sol.** **(d)** रामचंद्र शुक्ल ने हिंदी साहित्य का प्रथम महाकाव्य चंद्रबरदाई द्वारा रचित **पृथ्वीराज रासो** को माना है। चंद्रबरदाई हिंदी के प्रथम महाकवि माने जाते हैं।

**25.** इनमें से किसे 'कवियों में राजकुमार' के रूप में जाना जाता है? **(UPSI 14-11-2021)**

(a) विद्यापति (b) अमीर खुसरो

(c) जगनिक (d) जयदेव

**Sol.** **(b)** **अमीर खुसरो** को 'कवियों में राजकुमार', 'तोता-ए-हिंद' कहा जाता है।

**26.** ''मैंने आहुति बनकर देखा, यह प्रेम यज्ञ की ज्वाला है।'' – यह उक्ति किस रचनाकार की है? **(UPSI 14-11-2021)**

(a) जयशंकर प्रसाद

(b) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

(c) अज्ञेय

(d) महादेवी वर्मा

**Sol.** **(c)** सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन '**अज्ञेय**' की कविता "मैंने आहुति बनकर देखा' में उक्त पंक्तियों को लिखा गया है।

**27.** निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक विजय तेंदुलकर की रचना नहीं है? **(UPSI 15-11-2021)**

(a) घसीराम कोतवाल

(b) खामोश ! अदालत जारी है

(c) नेफ़ की एक शाम

(d) कमला

**Sol.** **(c)** '**नेफ की एक शाम**' ज्ञानदेव अग्निहोत्री की रचना है। विजय तेंदुलकर की प्रमुख रचनाएँ घासीराम कोतवाल, गिद्धे-गिद्ध, खामोश! अदालत जारी है; कमला, कन्यादान आदि हैं।

**28.** 'पृथ्वीराज रासो' के रचियता कौन हैं? **(UPSI 15-11-2021)**

(a) परपति नाल्ह (b) चंदबरदाई

(c) दलपति विजय (d) जगनिक

**Sol.** **(b)** 'पृथ्वी राज रासो', **चंदबरदाई** की रचना है। इस रचना को हिंदी की पहली रचना होने का सम्मान प्राप्त है। चंदबरदाई को हिंदी का पहला कवि माना जाता है।

**29.** 'मेरे समय के शब्द' किस विधा की रचना है? **(UPSI 15-11-2021)**

(a) काव्य (b) निबंध

(c) चम्पू काव्य (d) आलोचना

**Sol.** **(d)** 'मेरे समय के शब्द' केदारनाथ सिंह की **आलोचना** है। उनकी अन्य गद्य कृतियाँ, कल्पना एवं छायावाद, आधुनिक हिंदी कविता में विधिविधान आदि हैं।

**30.** 'बिहारी' का नामकरण किस विद्वान ने किया है? **(UPSI 15-11-2021)**

(a) ग्रियर्सन (b) कोलब्रुक

(c) रेमण्ड (d) बाँकीदास

**Sol.** **(a)** **ग्रियर्सन** ने पहली बार अपने सर्वे में उत्तरी बिहार व दक्षिण पश्चिम उत्तर प्रदेश में बोली जाने वाली भाषाओं को 'बिहारी' नाम दिया था।

**31.** निम्न में से कौन सी रचना प्रेमचंद की नहीं है? **(UPSI 15-11-2021)**

(a) सेवासदन

(b) टेढ़े-मेढ़े रास्ते

(c) गबन

(d) शतरंज के खिलाड़ी

**Sol.** **(b)** '**टेढ़े-मेढ़े रास्ते**' भगवती चरण वर्मा की रचना है।

**32.** ''गोरी सोवै सेज पर मुख पर डारे केस'' यह किसका प्रसिद्ध कथन है? **(UPSI 15-11-2021)**

(a) चंदबरदाई (b) विद्यापति

(c) अमीर खुसरो (d) जगनिक

**Sol.** **(c)** दिया गया प्रसिद्ध कथन **अमीर खुसरो** का है। यह कथन हज़रत निज़ामुद्दीन औलिया की मृत्यु पर खुसरो द्वारा कहे गए थे।

**33.** इनमें से 'चीफ़ की दावत' कहानी के रचनाकार कौन हैं? **(UPSI 16-11-2021)**

(a) राजेन्द्र यादव (b) दूधनाथ यादव

(c) भीष्म साहनी (d) ज्ञानरंजन

**Sol.** **(c)** 'चीफ की दावत' कहानी के रचनाकार **भीष्म साहनी** हैं। यह कहानी माँ के त्याग तथा बेटे की उपेक्षा पर आधारित है।

**34.** 'परीक्षा', 'शतरंज के खिलाड़ी', 'सवा सेर गेहूँ', 'कफन'- कहानियों के लेखक कौन हैं? **(UPSI 16-11-2021)**

(a) जयशंकर प्रसाद (b) जैनेंद्र

(c) प्रेमचंद (d) सुदर्शन

**Sol. (c)** दी गई कहानियाँ 'परीक्षा', 'शतरंज के खिलाड़ी', 'सवा सेर गेंहूँ', 'कफन' आदि **प्रेमचंद** द्वारा लिखी गई है। गोदान, निर्मला, गबन प्रेमचंद के महत्वपूर्ण उपन्यास है।

**35.** ''ज्ञान राशि के संचित कोश का नाम साहित्य है।'' यह किसकी प्रसिद्ध उक्ति है? **(UPSI 16-11-2021)**

(a) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(b) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(c) रामविलास शर्मा
(d) मैथिलीशरण गुप्त

**Sol. (a)** आचार्य **महावीर प्रसाद द्विवेदी** का मानना था कि ज्ञान राशि के संचित कोश का नाम साहित्य है। उनका मानना था कि यदि कोई भाषा अपना निज का साहित्य नहीं रखती तो वह रूपवती भिखारिनी की तरह कदापि आदरणीय नहीं हो सकती।

**36.** हिंदी में तुलनात्मक आलोचना का प्रारम्भ किसने किया? **(UPSI 16-11-2021)**

(a) पद्मसिंह शर्मा
(b) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(c) लाला भगवान दीन
(d) मिश्र बंधु

**Sol. (a)** **पं. पद्म सिंह शर्मा** ने हिंदी में तुलनात्मक आलोचना का प्रारंभ किया। उन्होंने बिहारी सतसई एवं सादी की तुलना कर 1907 ई. में इसका आरंभ किया।

**37.** मंगलेश डबराल को किस कृति पर साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ? **(UPSI 17-11-2021)**

(a) हम जो देखते हैं (b) नये युग में शत्रु
(c) घर का रास्ता (d) पहाड़ पर

**Sol. (a)** मंगलेश डबराल को वर्ष 2000 में **"हम जो देखते हैं"** काव्य के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया था।

- उनके पाँच काव्य संग्रह हैं- पहाड़ पर लालटेन, घर का रास्ता, हम जो देखते हैं, आवाज भी एक जगह है, नए युग में शत्रु।

**38.** मुक्तछंद के सर्वाधिक समर्थक छायावादी कवि कौन हैं? **(UPSI 17-11-2021)**

(a) महादेवी वर्मा (b) निराला
(c) जयशंकर प्रसाद (d) सुमित्रानंदन पंत

**Sol. (b)** मुक्तछंद कविता का वह रूप है जो छन्दविशेष के अनुसार नहीं रची जाती और न ही तुकान्त होती है। मुक्त छंद कविता सहज भाषण जैसी प्रतीत होती है। हिन्दी में मुक्तछंद की परंपरा **सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'** ने आरंभ की।

**39.** 'बाणभट्ट की आत्मकथा' किसका प्रसिद्ध उपन्यास है? **(UPSI 17-11-2021)**

(a) जैनेन्द्र (b) नागार्जुन
(c) अमृतलाल नागर (d) हजारी प्रसाद द्विवेदी

**Sol. (d)** बाणभट्ट की आत्मकथा **आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी** द्वारा रचित हिन्दी उपन्यास है। इसका प्रकाशन 1946 में हुआ था।

**40.** प्रयोगवादी काव्यधारा का प्रवर्तन किसने किया? **(UPSI 17-11-2021)**

(a) निराला (b) धूमिल
(c) अज्ञेय (d) जयशंकर प्रसाद

**Sol. (c)** प्रयोगवाद के अगुवा कवि सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन **'अज्ञेय'** को "प्रयोगवाद का प्रवर्तक" माना जाता है। प्रयोगवाद का तात्पर्य आधुनिक विचारधारा से है। इसमें नए प्रतीकों, नए उपमानों का प्रयोग किया गया। प्रयोगवाद, प्रगतिवाद की प्रतिक्रिया स्वरूप उभरा था।

**41.** 'कहानी नई कहानी' किसकी प्रसिद्ध कृति है? **(UPSI 17-11-2021)**

(a) मधुरेश (b) बच्चन सिंह
(c) डॉ. रघुवंश (d) नामवर सिंह

**Sol. (d)** **नामवर सिंह** की कुछ महत्वपूर्ण कृति:- कहानी नयी कहानी (1964), बकलम खुद (1951), दूसरी परम्परा की खोज (1982) आदि हैं।

**42.** 'एक भारतीय आत्मा' के नाम से कविता की रचना किसने की? **(UPSI 17-11-2021)**

(a) सोहनलाल द्विवेदी
(b) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'
(c) माखनलाल चतुर्वेदी
(d) मैथिलीशरण गुप्त

**Sol. (c)** **माखनलाल चतुर्वेदी** की कविताएँ राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत रहती हैं। वह ओजपूर्ण भावनाओं के अनूठे हिन्दी रचनाकार थे। इसीलिए उन्हें "एक भारतीय आत्मा" कहा जाता है।

**43.** कुँवर नारायण की किस कृति पर व्यास सम्मान प्राप्त हुआ? **(UPSI 17-11-2021)**

(a) कोई दूसरा नहीं
(b) आकार के आसपास
(c) कविता के बहाने
(d) चक्रव्यूह

**Sol. (a)** कुंवर नारायण को वर्ष 1995 में **'कोई दूसरा नहीं'** काव्य संग्रह के लिए व्यास सम्मान प्रदान किया गया था।

**44.** 'रसिकप्रिया' किसकी प्रसिद्ध रचना है? **(UPSI 17-11-2021)**

(a) पद्माकर (b) देव
(c) केशव (d) चिंतामणि

**Sol. (c)** 'रसिक प्रिया' आचार्य **केशव** की प्रसिद्ध रचना है।

**45.** गोविंद मिश्र कृत 'कोहरे में कैद रंग' उपन्यास के लिए कौन-सा पुरस्कार प्राप्त हुआ? **(UPSI 17-11-2021)**

(a) साहित्य अकादमी पुरस्कार
(b) ज्ञानपीठ पुरस्कार
(c) मूर्तिदेवी पुरस्कार
(d) व्यास सम्मान

**Sol. (a)** गोविंद मिश्र कृत 'कोहरे में कैद रंग' उपन्यास को साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ। इनके अन्य उपन्यास जैसे लाल पीली जमीन को ऑथर्स गिल्ड ऑफ इण्डिया द्वारा, हुजूर दरबार को प्रेमचंद पुरस्कार द्वारा, धीरे समीरे को भारतीय भाषा परिषद द्वारा पुरस्कारों द्वारा नवाज़ा गया है।

**46.** निराला किस पत्रिका के संपादक थे? **(UPSI 20-11-2021)**

(a) चाँद (b) इंदु
(c) मतवाला (d) भारत मित्र

**Sol. (c)** निराला **मतवाला** पत्रिका के संपादक थे।

**47.** इनमें अष्टछाप के कवि कौन नहीं हैं? **(UPSI 20-11-2021)**

(a) नंददास (b) कृष्णदास
(c) सूरदास (d) नाभादास

**Sol. (d)** वल्लभाचार्य द्वारा संस्थापित पुष्टिमार्ग में दीक्षित होकर आठ कवियों की मण्डली ने अत्यंत महत्वपूर्ण साहित्य की रचना की थी। इन्हें अष्टछाप कवि के नाम से जाना जाता है।

1. कुम्भनदास 2. सूरदास
3. परमानंद दास 4. कृष्णदास
5. गोविंदस्वामी 6. नंददास
7. **छीतस्वामी** 8. **चतुर्भुजदास**

**नाभादास** अष्टछाप के कवि नहीं है।

**48.** 'करुणालय' के रचनाकार कौन हैं? **(UPSI 20-11-2021)**

(a) अज्ञेय
(b) जयशंकर प्रसाद
(c) सूर्यकांत त्रिपाठी
(d) भारतेंदु हरीशचंद्र

**Sol. (b)** छायावाद के जनक **जयशंकर प्रसाद** द्वारा रचित 'करुणालय' एक नाटक है। प्रसाद छायावादी युग के चार प्रमुख स्तंभों में से एक हैं। स्कंदगुप्त, चंद्रगुप्त, जन्मेजय का नागयज्ञ, ध्रुवस्वामिनी उनके प्रसिद्ध नाटक हैं।

**49.** किस कृति के लिए मनोहर श्याम जोशी को साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ? **(UPSI 21-11-2021)**

(a) क्याप (b) वधस्थल
(c) कौन हूँ मैं (d) कपीश जी

**Sol. (a)** मनोहर श्याम जोशी प्रसिद्ध गद्यकार, व्यंग्यकार, धारावाहिक लेखक व संपादक थे। उन्हें वर्ष 2005 में उपन्यास **'क्याप'** के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया था। वह प्रसिद्ध धारावाहिक 'मुंगेरी लाल के हंसी सपने' के कारण घर-घर में प्रसिद्ध हो गए थे।

**50.** ''दु:ख ही जीवन की कथा रही, क्या कहूँ आज जो कही नहीं''- यह उक्ति किस रचनाकार का है? **(UPSI 21-11-2021)**

(a) महादेवी वर्मा
(b) अज्ञेय
(c) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
(d) जयशंकर प्रसाद

**Sol. (c)** प्रश्न में दी गई पंक्तियाँ **सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'** के कविता संग्रह "अनामिका" से ली गई हैं। इसे उन्होंने अपनी पुत्री 'सरोज' की मृत्यु के उपरांत लिखा था।

**51.** 'मूर्ति देवी पुरस्कार' किस संस्था द्वारा प्रदान किया जाता है? **(UPSI 21-11-2021)**

(a) साहित्य अकादमी
(b) उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान
(c) भारतीय ज्ञानपीठ
(d) दिल्ली हिंदी अकादमी

**Sol. (c)** मूर्ति देवी पुरस्कार **भारतीय ज्ञानपीठ** समिति द्वारा दिया जाता है। पुरस्कार में चार लाख रुपए, प्रशस्ति पत्र व वाग्देवी की प्रतिमा प्रदान की जाती है। इस पुरस्कार की स्थापना 1944 में की गई थी।

**52.** भक्ति आंदोलन को इनमे से किस विद्वान ने 'इस्लामी आक्रमण की प्रतिक्रिया' कहा है? **(UPSI 21-11-2021)**

(a) रामचंद्र शुक्ल
(b) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
(c) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(d) महावीर प्रसाद द्विवेदी

**Sol. (a)** भक्ति आंदोलन की अत्यंत महत्वपूर्ण व्याख्या आचार्य **रामचंद्र शुक्ल** ने की है। उनके अनुसार भक्ति आंदोलन 'इस्लामी आक्रमण की प्रतिक्रिया' है।

**53.** "दु:ख ही जीवन की कथा रही, क्या कहूँ आज जो कही नहीं।" यह किसकी प्रसिद्ध उक्ति है? **(UPSI 21-11-2021)**

(a) सुमित्रानंदन पंत (b) जयशंकर प्रसाद
(c) निराला (d) महादेवी वर्मा

**Sol. (c)** दी गई पंक्तियाँ **सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'** द्वारा लिखी गई हैं।

**54.** मैथिलीशरण गुप्त ने इतिहास के उपेक्षित नारी पात्र इनमें से किस पुस्तक में प्रतिष्ठित किए? **(UPSI 21-11-2021)**

(a) द्वापर (b) रंग में भंग
(c) साकेत (d) भारत भारती

**Sol. (c)** **'साकेत'** मैथिलीशरण गुप्त द्वारा रचित महाकाव्य है। रामकथा पर आधारित 'साकेत' का राष्ट्रीय आंदोलन के परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत किया गया है। इसमें 'उर्मिला' एक पात्र है जो रामकथाओं में उपेक्षित पात्र की तरह चित्रित हुई है।

**55.** हिंदी साहित्येतिहास का प्रथम लेखक किसे माना जाता है? **(UPSI 21-11-2021)**

(a) गार्सा-द-तासी
(b) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(c) ग्रियर्सन
(d) श्यामसुंदर दास

**Sol. (a)** हिन्दी साहित्येतिहास का प्रथम लेखक **'गार्सा द तासी'** को माना जाता है। उन्होंने 1839 में 'इस्त्वार द ल लितरेत्यूर ऐन्दूई ऐन्दूस्तानी' नामक ग्रंथ लिखा, जिसमें हिन्दी और उर्दू साहित्य का परिचय दिया गया था।

**56.** 'चन्द्रगुप्त' किसका प्रसिद्ध नाटक है? **(UPSI 21-11-2021)**

(a) धर्मवीर भारती
(b) जयशंकर प्रसाद
(c) लक्ष्मीनारायण लाल
(d) भारतेन्द्र

**Sol. (b)** 'चंद्रगुप्त' **जयशंकर प्रसाद** द्वारा लिखित महत्त्वपूर्ण नाटक है।
कामायनी, स्कंदगुप्त, जन्मेजय का नाम यज्ञ, करूणालय आदि अन्य प्रमुख रचनाएँ हैं।

**57.** अज्ञेय कृत 'कितनी नावों में कितनी बार' के लिए कौन-सा पुरस्कार प्राप्त हुआ? **(UPSI 22-11-2021)**

(a) मूर्तिदेवी पुरस्कार
(b) व्यास सम्मान
(c) ज्ञानपीठ पुरस्कार
(d) साहित्य अकादमी पुरस्कार

**Sol. (c)** अज्ञेय की रचना 'कितनी नावों में कितनी बार' के लिए 1978 में भारतीय **ज्ञानपीठ पुरस्कार** प्राप्त हुआ था।

**58.** "दु:ख की पिछली रजनी बीच, विकसता सुख का नवल प्रभात"- यह उक्ति किस रचनाकार की है? **(UPSI 22-11-2021)**

(a) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
(b) जयशंकर प्रसाद
(c) सुमित्रानंदन पंत
(d) महादेवी वर्मा

**Sol. (b)** "दु:ख की पिछली रजनी बीच, विकसता सुख का नवल प्रभात" यह उक्ति **जयशंकर प्रसाद** की है। यह पंक्ति उनकी प्रसिद्ध रचना "कामायनी" के 'श्रद्धा सर्ग' से ली गई है।

**59.** 'संवेदनात्मक ज्ञान' और 'ज्ञानात्मक संवेदन' सूत्र के प्रयोक्ता हैं- **(UPSI 22-11-2021)**

(a) मनोहर श्याम जोशी
(b) केदार नाथ सिंह
(c) मुक्तिबोध
(d) रमेश कुन्तल मेघ

**Sol. (c)** संवेदनात्मक ज्ञान और ज्ञानात्मक संवेदन सूत्र के प्रणेता गजानन माधव **'मुक्ति बोध'** हैं।

◆ केदारनाथ सिंह प्रसिद्ध आलोचक, निबंध कार व कवि थे। उन्हें उनके कविता संग्रह- "अकाल में सारस" के लिए 2013 में हिंदी भाषा में ज्ञान पीठ पुरस्कार, 1989 में साहित्य अकादमी पुरस्कार दिया गया।

**60.** 'जितने लोग उतने प्रेम' रचना के लिए किन्हें व्यास सम्मान प्राप्त हुआ? **(UPSI 22-11-2021)**

(a) लीलाधर जगूड़ी
(b) राजेश जोशी
(c) मंगलेश डबराल
(d) अरुण कमल

**Sol. (a)** **लीलाधर जगूड़ी** को के. के. विडला फाउंडेशन द्वारा वर्ष 2018 में उनके काव्य संग्रह 'जितने लोग उतने प्रेम' (2013) को व्यास सम्मान से सम्मानित किया।

**61.** "मैं रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ, लेकिन मुझे फेंको मत।"- यह उक्ति किस रचनाकार की है? **(UPSI 23-11-2021)**

(a) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
(b) महादेवी वर्मा
(c) धर्मवीर भारती
(d) अज्ञेय

**Sol. (c)** "मैं रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ, लेकिन मुझे फेंको मत"- यह उक्ति प्रसिद्ध कवि **धर्मवीर भारती** की कविता- शीर्षक- "टूटा हुआ पहिया" से ली गई है। उनका प्रसिद्ध उपन्यास "गुनाहों का देवता" है।

**62.** रामचंद्र शुक्ल ने इनमें से किसे हिंदी की प्रथम मौलिक कहानी माना है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) ग्यारह वर्ष का समय
(b) इंदुमती
(c) दुलाई वाली
(d) एक टोकरी भर मिट्टी

**Sol. (b)** रामचंद्र शुक्ल ने **"इंदुमती"** को हिंदी की प्रथम मौलिक कहानी माना है। इंदुमती कहानी के लेखक किशोरीलाल गोस्वामी जी हैं।

**63.** इनमें से कौन-सा कवि 'फूल बाबू' के नाम से भी जाना जाता है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) सुमित्रानंदन पंत (b) केदारनाथ अग्रवाल
(c) केदारनाथ सिंह (d) राजकमल चौधरी

**Sol. (d)** **राजकमल चौधरी** हिन्दी और मैथिली के प्रसिद्ध कवि और कहानीकार थे। मैथिली में उनके कविता संग्रह- स्वगंधा, कविता राजकमलक आदि और कहानी संग्रह एकटा चंपाकली, एकटा विषधर आदि हैं। स्नेह से लोग उन्हें फूलबाबू कहते थे।

**64.** 'छंदानुशासन' के रचयिता इनमें से कौन हैं? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) क्षेमेन्द्र (b) भट्टकेदार
(c) सायंण (d) हेमचंद्र

**Sol. (d)** "छंदानुशासन" के रचयिता **हेमचंद्राचार्य** जी थे। इनकी अन्य रचनाएँ व्याकरण ग्रंथ (शब्दानुशासन) हैं।

**65.** 'त्रिधारा' नामक ग्रंथ के रचनाकार कौन हैं? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) रामधारी सिंह दिनकर
(b) महादेवी वर्मा
(c) सुभद्राकुमारी चौहान
(d) सुमित्रानंदन पंत

**Sol. (c)** "त्रिधारा" नामक ग्रंथ के रचनाकार- **सुभद्रा कुमारी चौहान** है। इनकी अन्य रचना- बिखरे मोती, गौरी, संपूर्ण कहानियाँ, सोने की कंठी, वैश्या की लड़की, अंगूठी की खोज आदि।

रामधारी सिंह दिनकर की प्रमुख रचनाएँ- रश्मिरथी, उर्वशी, कुरूक्षेत्र, हुंकार, संस्कृति के चार अध्याय, परशुराम की प्रतीक्षा आदि।

महादेवी वर्मा की प्रमुख रचनाएँ- नीहार, नीरजा, दीपशिखा, रश्मि, अग्निरेखा

सुमित्रानंदन पंत की प्रमुख रचनाएँ- पल्लव, ग्राम्य, चिदंबरा, युगपथ, स्वर्ण-धूलि

**66.** इनमें से कौन ज्ञानपीठ से सम्मानित रचनाकार नहीं हैं? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) रघुवीर चौधरी (b) राजेंद्र शाह
(c) मृदुला गर्ग (d) पन्नालाल पटेल

**Sol. (c)** मृदुला गर्ग को ज्ञानपीठ पुरस्कार नहीं मिला है।
रघुवीर चौधरी- 2015 में ज्ञानपीठ पुरसकर मिला।
राजेंद्र शाह- 2001 में ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला।
पन्ना लाल पटेल- 1985 में ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला।

**67.** "छोड़ो मत यह सुख का कण है"- यह उक्ति किस रचनाकार की है? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) महादेवी वर्मा
(b) जयशंकर प्रसाद
(c) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
(d) अज्ञेय

**Sol. (b)** "छोड़ो मत यह सुख का कण है"- यह उक्ति **जयशंकर प्रसाद** जी की है।

जयशंकर प्रसाद- कवि, नाटककार, कहानीकार, उपन्यासकार तथा निबंध लेखक थे। वे हिन्दी के छायावादी युग के 4 प्रमुख स्तंभों में से एक हैं। इनकी प्रमुख रचनाएँ- कामायनी (1936), ध्रुवस्वामिनी (1933), स्कन्दगुप्त (2007) इत्यादि।

**68.** 'पंच परमेश्वर'- कहानी के लेखक कौन हैं? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) जैनेंद्र (b) जयशंकर प्रसाद
(c) प्रेमचंद (d) सुदर्शन

**Sol. (c)** "पंच परमेश्वर"- कहानी के लेखक मुंशी **प्रेमचंद** हैं। प्रेमचंद्र की अन्य कहानियाँ- पूस की रात, ईदगाह, बड़े घर की बेटी शतरंज की बाजी, नमक का दरोगा, बूढ़ी काकी आदि प्रमुख हैं।

**69.** 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' इनमें से किस कवि की रचना है? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) महादेवी वर्मा (b) मुक्तिबोध
(c) अज्ञेय (d) निराला

**Sol. (b)** "चाँद का मुँह टेढ़ा है।" यह रचना **मुक्तिबोध** जी की है। इनकी अन्य रचनाएँ- अंधेरे में, एक साहित्यिक की डायरी, विपात्र, मैं तुम लोंगों से दूर हूँ, ब्रह्मराक्षस।

**70.** हिंदी साहित्य के आदिकाल को इनमें से किसने 'सिद्ध-सामंत काल' नाम दिया है? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) राहुल सांकृत्यायन
(b) डॉ. रामकुमार वर्मा
(c) डॉ. श्यामसुंदर दास
(d) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

**Sol. (a)** हिन्दी साहित्य के आदिकाल को **राहुल सांकृत्यायन** ने "सिद्ध-सामंत काल" का नाम दिया है।

आदिकाल के अन्य नाम-
(i) वीर गाथा काल - आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(ii) चारण काल - डॉ. ग्रियर्सन, रामकुमार वर्मा
(iii) वीर काल - विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
(iv) बीजवपन काल - महावीर प्रसाद द्विवेदी
(v) आदिकाल - हजारी प्रसाद द्विवेदी

**71.** इनमें से 'सरस्वती' पत्रिका के संपादक कौन थे? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(b) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(c) भारतेंदु हरिशचंद्र
(d) राजा शिव प्र. सि. हिन्द

**Sol. (b)** सरस्वती पत्रिका का प्रकाशन इंडियन प्रेस द्वारा सन् 1900 में शुरु किया गया था। इस पत्रिका के प्रकाशन की शुरुआत प्रयागराज से हुई थी। इसके प्रथम संपादक श्याम सुंदर दास थे। इसके दूसरे संपादक **महावीर प्रसाद द्विवेदी** थे जिन्होंने 1903 में इसके संपादन का कार्यभार संभाला था।

**72.** इनमें से 'संदेश रासक' के रचयिता कौन हैं? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) धनपाल (b) अब्दुर्रहमान
(c) हेमचंद्र (d) मेरुतुंग

**Sol. (b)** "संदेश रासक" इसके रचयिता **अब्दुर्रहमान** हैं। इनकी केवल यहीं एक मात्र रचना है और इसकी भाषा ग्राम्य अपभ्रंश है।

**73.** "भावों की मुक्ति छंदो की भी मुक्ति चाहती है ..."- यह उक्ति किस रचनाकार की है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) जयशंकर प्रसाद
(b) महादेवी वर्मा
(c) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
(d) अज्ञेय

**Sol. (c)** "भावों की मुक्ति छंदो की भी मुक्ति चाहती है।"- यह उक्ति **सूर्यकांत त्रिपाठी निराला** की है। इनकी रचनाएँ- राम की शक्ति पूजा (2014), परिमल, कुकुरमुत्ता इत्यादि हैं।

**74.** "देसिल बअना सब जन मिट्ठा। ते तैसन जंपओं अवहट्ठा..."- यह उक्ति किस रचनाकार की है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) विद्यापति (b) कबीरदास
(c) सूरदास (d) नानकदेव

**Sol. (a)** "देसिल बअना सब जन मिट्ठा।
ते तैसन जंपओ अवहट्ठा ...

यह उक्ति **विद्यापति** की है। विद्यापति को "मैथिल कवि कोकिल" के नाम से भी जाना जाता है। तथा इनको "बंगाली साहित्य का जनक" कहा जाता है। इनकी रचनाएँ- पदावली और कीर्तिलता हैं।

**75.** पुष्टि मार्ग के प्रवर्तक कौन हैं? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) श्री कृष्णदास (b) श्री वल्लभाचार्य
(c) श्री रामानुजाचार्य (d) श्री सूरदास

**Sol. (b)** पुष्टिमार्ग के प्रवर्त्तक - इस संप्रदाय के प्रवर्त्तक महाप्रभु श्री **वल्ल्भाचार्य** जी महाराज थे। इसकी स्थापना श्री वल्लभाचार्य जी ने 1500 ई. में की थी। यह वैष्णव संप्रदाय है।

**76.** 'झरना' के रचनाकार कौन हैं? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
(b) अज्ञेय
(c) जयशंकर प्रसाद
(d) भारतेंदु हरिशचंद्र

**Sol. (c)** 'झरना' - के रचनाकार - **जयशंकर प्रसाद जी** है।

**77.** जयशंकर प्रसाद की प्रथम कहानी कौन-सी है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) ग्राम (b) आँधी
(c) आकाशदीप (d) प्रतिध्वनि

**Sol. (a)** जयशंकर प्रसाद की प्रथम कहानी - **ग्राम** थी
आँधी- यह भी जयशंकर प्रसाद जी द्वारा लिखित उनका चौथा कहानी संग्रह है।
इसमें 11 कहानियों का संग्रह है। इसका प्रकाशन 1931 में हुआ था।

**78.** "आह! वेदना मिली विदाई।"- यह उक्ति किस रचनाकार की है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
(b) महादेवी वर्मा
(c) जयशंकर प्रसाद
(d) अज्ञेय

**Sol. (c)**"आह! वेदना मिली विदाई"– यह उक्ति **जयशंकर प्रसाद** की है।

**79.** 'हिन्दी का प्रहरी' इनमें से किसे कहा जाता है? **(UPSI 27-11-2021)**
(a) मदनमोहन मालवीय
(b) पुरुषोत्तम दास टंडन
(c) महात्मा गाँधी
(d) काका कालेलकर

**Sol. (b)**'हिन्दी का प्रहरी' – **पुरुषोत्तम दास टंडन** को हिन्दी का प्रहरी कहा जाता है।

**80.** 'नीहार' किसकी रचना है? **(UPSI 28-11-2021)**
(a) नागार्जुन (b) महादेवी वर्मा
(c) दिनकर (d) प्रेमचंद्र

**Sol. (b)**'नीहार'– **महादेवी वर्मा** की रचना है।
- नागार्जुन की प्रमुख रचनाएँ– युगधारा, प्यासी पथराई आँखे
- रामधारी सिंह दिनकर की रचनाएँ – रेणुका, हुंकार, कुरुक्षेत्र, रश्मिरथी
- मुंशी प्रेमचन्द की रचनाएँ– सेवासदन, गोदान रूठी रानी, रंगभूमि, गबन

**81.** 'हिम किरीटिनी' किसकी रचना है? **(UPSI 28-11-2021)**
(a) माखनलाल चतुर्वेदी
(b) राहुल सांकृत्यायन
(c) निराला
(d) महादेवी वर्मा

**Sol. (a)**"हिम किरीटिनी" – **माखन लाल चतुर्वेदी** की कृति है। इनकी अन्य प्रमुख रचनाएँ– हिम-तरंगिनी, युग-चरण, साहित्य के देवता, माता आदि।

**82.** 'सुजान भगत', 'अलग्योझा', 'गृहदाह', 'नशा', 'माता का हृदय'– ये सब किस विधा की रचनाएँ हैं? **(UPSI 29-11-2021)**
(a) कहानी (b) काव्य
(c) उपन्यास (d) नाटक

**Sol. (a)**सुजान भगत, अलग्योझा, गृहदाह, नशा, माता का हृदय– ये सब **कहानियाँ** है।
सुजान भगत की कहानी, नशा, माता का हृदय, अलग्योझा– मुंशी प्रेमचंद की रचनाएँ हैं।

**83.** 'शेखर : एक जीवनी' किस विधा की रचना है? **(UPSI 29-11-2021)**
(a) जीवनी (b) रेखा चित्र
(c) आत्मकथा (d) उपन्यास

**Sol. (d)**शेखर: एक जीवनी– यह एक **उपन्यास** है जिसकी रचना हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय द्वारा की गई। यह एक मनो विश्लेषणात्मक उपन्यास है।

**84.** शंकराचार्य किस वाद के प्रवर्तक आचार्य माने जाते हैं? **(UPSI 29-11-2021)**
(a) अद्वैतवाद (b) विशिष्टाद्वैतवाद
(c) द्वैतवाद (d) द्वैताद्वैतवाद

**Sol. (a)**

| सिद्धांत | प्रवर्तक |
|---|---|
| **अद्वैतवाद** | शंकराचार्य |
| विशिष्टा द्वैतवाद | रामानुजाचार्य |
| द्वैतवाद | माध्वाचार्य |
| द्वैता द्वैतवाद | निम्बकाचार्य |

**85.** "निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल।" यह किसकी प्रसिद्ध उक्ति है? **(UPSI 29-11-2021)**
(a) प्रतापनारायण मिश्र
(b) भारतेन्दु
(c) सदल मिश्र
(d) बालकृष्ण भट्ट

**Sol. (b)**"निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल"– यह उक्ति **भारतेंदु हरिश्चंद्र जी** की है।

**86.** "साहित्य जनता की चित्तवृत्ति का संचित प्रतिबिंब होता है।" यह किसका प्रसिद्ध कथन है? **(UPSI 29-11-2021)**
(a) रामचंद्र शुक्ल (b) बाबू गुलाबराय
(c) रामकुमार वर्मा (d) गणपतिचंद्र गुप्त

**Sol. (a)**"साहित्य जनता की चित्तवृत्ति का संचित प्रतिबिंब होता है"– यह कथन **रामचंद्र शुक्ल** जी का है।

**87.** 'झरना' ग्रंथ के रचनाकार कौन हैं? **(UPSI 30-11-2021)**
(a) निरला (b) जयशंकर प्रसाद
(c) महादेवी वर्मा (d) सुमित्रानंदन पंत

**Sol. (b)**"झरना"– रचना **जयशंकर प्रसाद** की है। इनकी अन्य रचना– उर्वशी, वन मिलन, करूणालय, प्रेम पथिक, कानन, कुसुम आदि है।

**88.** 'जयद्रथ वध' ग्रंथ के रचनाकार कौन हैं? **(UPSI 30-11-2021)**
(a) मैथिलीशरण गुप्त
(b) सुमित्रानंदन पंत
(c) रामनरेश त्रिपाठी
(d) निराला

**Sol. (a)**"जयद्रथ वध"– रचनाकार **मैथिलीशरण गुप्त** हैं। इनकी अन्य रचनाएँ– साकेत, भारती-भारती, पंचवटी इत्यादि है।

**89.** 'हरडेबानी' किसकी रचना है? **(UPSI 30-11-2021)**
(a) सुन्दरदास (b) धरमदास
(c) दादू दयाल (d) नानक देव

**Sol. (c)**हरडेबानी– **दादू दयाल** की रचना है। जो कि भक्तिकाल में ज्ञानाश्रयी शाखा के प्रमुख संत कवि थे। इनकी अन्य रचना– साखी, पद्य, अंगवधू है।

**90.** 'मेरी तेरी उसकी बात' उपन्यास के रचनाकार कौन हैं? **(UPSI 30-11-2021)**
(a) अमृत राय (b) रघुवीर सहाय
(c) त्रिलोचन (d) यशपाल

**Sol. (d)**"मेरी तेरी उसकी बात" – उपन्यास के रचनाकार– **यशपाल** है। इनकी अन्य रचनाएँ– दिव्या, देशद्रोही, दादा कामरेड, झूठ सच आदि है।

**91.** 'एक कहानी यह भी' आत्मकथा के रचनाकार कौन हैं? **(UPSI 30-11-2021)**
(a) मन्नू भंडारी (b) मृदुला गर्ग
(c) कृष्णा सोबती (d) महादेवी वर्मा

**Sol. (a)**"एक कहानी यह भी" – आत्मकथा के रचनाकार **मन्नू भंडारी** हैं। इनकी अन्य रचना– महाभोज, आपका बंटी, स्वामी, एक इंच मुस्कान और कलवा।

**92.** इनमें से कौन-सी रचना जयशंकर प्रसाद की नहीं है? **(UPSI 01-12-2021)**
(a) प्रेम सरोवर (b) कामायनी
(c) प्रेमराज्य (d) प्रेम-पथिक

**Sol. (a)प्रेम सरोवर** – रचना जयशंकर प्रसाद की नहीं है बल्कि यह रचना भारतेंदु हरिश्चंद्र की है। शेष दी गई रचनाएँ– कामायनी, प्रेमराज्य, प्रेम-पथिक– जयशंकर प्रसाद जी की है।

**93.** 'करुणालय' के रचनाकार कौन हैं? **(UPSI 01-12-2021)**
(a) भारतेंदु हरिश्चंद्र
(b) अज्ञेय
(c) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
(d) जयशंकर प्रसाद

**Sol. (d)**"करूणालय" रचना– **जयशंकर प्रसाद** जी की है। इनकी अन्य रचना– झरना, आँसू, लहर, कामायनी, प्रेम पथिक इत्यादि हैं।

**94.** "हेत प्रीति से जो मिले, तासो मिलिए धाय"– यह उक्ति किस संत कवि की है? **(UPSI 01-12-2021)**
(a) रैदास (b) दादू दयाल
(c) नानकदेव (d) कबीर दास

**Sol. (d)**हेत प्रीति से जो मिले, तासो मिलिए धाय– यह उक्ति **कबीरदास** जी की है।

**95.** 'कोर्ट मार्शल' किस विधा की रचना है? **(UPSI 02-12-2021)**
(a) कहानी (b) नाटक
(c) उपन्यास (d) आत्मकथा

**Sol. (b)**कोर्ट मार्शल– एक **नाटक** है जिसे स्वदेश दीपक द्वारा लिखा गया है।

**96.** इनमें से 'हानूश' नाटक के लेखक कौन हैं? **(UPSI 02-12-2021)**
(a) स्वदेश दीपक (b) धर्मवीर भारती
(c) भीष्म साहनी (d) सुरेंद्र वर्मा

**Sol. (c)**हानूश नाटक– इसकी रचना वर्ष 1977 में **भीष्म साहनी** द्वारा की गई थी।

**97.** किस रचना के बारे में प्रसिद्ध है कि इसे पढ़ने के लिए बहुत से लोगों ने हिंदी सीखी? **(UPSI 02-12-2021)**
(a) परीक्षागुरू (b) चंद्रकांता
(c) गोदान (d) अद्भुत लाश

# गद्यांश

**निर्देश ( 01 - 03 ):गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

विज्ञापन आज के औद्योगिक युग में बहुत महत्व रखते हैं। व्यापारी के नजरिए से भी और आम जनता के दृष्टिकोण से भी। विज्ञापन व्यापारी को लाभ देने के प्रयत्न हेतु तैयार किये जाते हैं। जबकि विज्ञापनों पर होने वाला संपूर्ण खर्च उपभोक्ताओं पर ही परोक्ष रूप से पड़ता है। वस्तु की लागत बढ़ जाने से उसके मूल्य में भी वृद्धि हो जाती है।

**1.** किसके द्वारा उपभोक्ताओं का परोक्ष रूप से शोषण किया जा रहा है? **(UPSI Batch - III 21 Dec-2017)**

(a) विज्ञापन (b) वस्तु
(c) कर्ज (d) व्यापारी

**Sol. (a)** गद्यांशनुसार **विज्ञापन** द्वारा अपभोक्ताओं का परोक्ष रूप से शोषण किया जा रहा है।

**2.** विज्ञापन किसके लिए लाभदायक है? **(UPSI Batch - III 21 Dec-2017)**

(a) बाजार (b) व्यापारी
(c) आर्थिक लाभ (d) उपभोक्ता

**Sol. (b)** गंद्याश के अनुसार विज्ञापन **व्यापारी** के लिए लाभदायक है।

**3.** आज के औद्योगिक युग में किसका महत्व बढ़ता जा रहा है? **(UPSI Batch - III 21 Dec-2017)**

(a) विज्ञापनों के प्रचार प्रसार का
(b) वस्तुओं की गुणवत्ता का
(c) वस्तुओं की लागत का
(d) वस्तुओं के मूल्य का

**Sol. (a)** आज के औद्योगिक युग में **विज्ञापनों के प्रचार-प्रसार** का महत्व बढ़ता जा रहा है।

**निर्देश ( 04-06 ): अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए प्रश्नों का सही उत्तर चुनिए:-**

भारत जैसे देश के लिए सहकारिता की पद्धति को अपनाना विशेष रूप से आवश्यक है। इसका कारण यह है कि भारत में छोटे किसानों तथा व्यापारियों की संख्या ही अधिक है। ये लोग निर्धनता तथा विवशता के चक्र में बुरी तरह फंसे हुए हैं। सहकारिता ही इनकी शक्तियों को एक सूत्र में पिरोकर उनका उद्धार कर सकती है। कृषि के क्षेत्र में तो सहकारिता की पद्धति विशेष रूप से उपयोगी है। इसकी सहायता से खेतों को बड़ा किया जा सकता है तथा क्रय-विक्रय का समुचित प्रबन्ध हो सकता है। गृह उद्योगों के विकास के लिए भी सहकारिता की पद्धति बहुत लाभकारी है। बैंक, व्यापार तथा यातायात के क्षेत्र में भी सहकारिता के आधार पर संगठन किया जा सकता है। सहकारिता के सिद्धांतों की इन विशिष्टताओं को दृष्टि में रखकर ही हमारी पंचवर्षीय योजनाओं में सहकारिता को बहुत ऊँचा स्थान दिया गया है। योजना आयोग का यह विचार कि अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में सहकारिता का अधिकाधिक उपयोग किया जाना चाहिए।

**4.** योजना आयोग के अनुसार सहकारिता का अधिकाधिक उपयोग किया जाना चाहिए- **(UPSI 12-11-2021)**

(a) योजना के विभिन्न क्षेत्रों में
(b) अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में
(c) विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में
(d) कृषकों की दशा सुधारने में

**Sol. (b)** योजना आयोग के अनुसार सहकारिता का अधिकाधिक उपयोग **अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में** किया जाना चाहिए।

**5.** सहकारिता का मुख्य उद्देश्य है- **(UPSI 12-11-2021)**

(a) छोटे कृषकों और व्यापारियों के आर्थिक स्तर को उठाना
(b) निर्धनों की शाक्तियों को एकजुट करना
(c) धन का समान वितरण
(d) पंचवर्षीय योजनाओं को सफल बनाना

**Sol. (a)** गद्यांश के अनुसार सहकारिता का मुख्य उद्देश्य **छोटे कृषकों और व्यापारियों के आर्थिक स्तर को उठाना है।**

**6.** सहकारिता निर्धन किसानों का उद्धार कर सकती है- **(UPSI 12-11-2021)**

(a) उन्हें कृषि-संबंधी सुविधाएं दिलाकर
(b) उनकी शाक्तियों से अवगत होकर
(c) उन्हें एक सूत्र में पिरोकर तथा उनका आर्थिक स्तर विकसित कर
(d) उनकी वास्तविक दशा का परिचय देकर

**Sol. (c)** गद्यांश के अनुसार सहकारिता निर्धन किसानों को **एक सूत्र में पिरोकर तथा उनका आर्थिक स्तर विकसित कर** उद्धार कर सकती है।

**निर्देश ( 7-9 ): अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए प्रश्नों का सही उत्तर चुनिए:-**

"तुलसी-जैसा कवि काव्य की विशुद्ध, मनोमयी, कल्पना-प्रवण तथा श्रृंगारात्मक भावभूमियों के प्रति उत्साही नहीं हो सकता। उनका संत-हृदय परम कारूणिक राम के प्रति ही उन्मुख हो सकता है जो जीवन के धर्ममय सौन्दर्य, मर्यादापूर्ण शील और आत्मिक शौर्य के प्रतीक हैं। विजय-रथ के रूपक में उन्होंने संत-जीवन की रूपरेखा उभारी है और अपनी रामकथा को इसी संतत्व की चरितार्थता बना दिया है। उनका काव्य भारतीय जीवन की सबसे बड़ी आकांक्षा, मर्यादित जीवन-चर्या अथवा 'संत-रहनि', को वाणी देता है। धर्ममय जीवन की आकांक्षा भारतीय संस्कृति का वैशिष्ट्य है। तुलसी के काव्य में धर्म का अनाविल, अनावरित और अक्षुण्ण रूप ही प्रकट हुआ है। मध्ययुग की आध्यात्मिक्ता का प्रतिनिधित्व करते हुए भी उनका काव्य भारतीय आत्मा के चिरंतर सौन्दर्य की प्रतिनिधि है जो सत्य, तप, करूणा और मैत्री में ही आरोहण के देवधर्मी मूल्यों को अनावरत करता है। उनके काव्य मे हमें श्रेष्ठ कवित्व ही नहीं मिलता, उसके आधार पर हम संत-कवित्व की रूपरेखा भी निर्धारित कर सकते हैं। भक्ति उनके संतत्व की आंतरिक भाव-साधना है। इस भाव-साधना की वाणी को अप्रतिम क्षमता देकर उन्होंने निष्कम्य दीपशिखा की भाँति अपनी काव्य कला को नि:संग और निर्वैयक्तिक दीप्ति से भरा है।"

**7.** उपरोक्त गद्यांश के अनुसार तुलसी के राम किसके प्रतीक हैं? **(UPSI 13-11-2021)**

(a) संतत्व, करूणा और शील के
(b) मर्यादा, भक्ति और सौन्दर्य के
(c) शील, शौर्य और सौन्दर्य के
(d) धर्म, करूणा और शील के

**Sol. (c)** गद्यांश के अनुसार तुलसी के राम जीवन के धर्ममय **सौंदर्य, मर्यादापूर्ण शील और आत्मिक शौर्य** के प्रतीक हैं।

**8.** उपरोक्त गद्यांश के आधार पर तुलसी के काव्य में भारतीय जीवन की सबसे बड़ी कौन-सी अभिलाषा व्यक्त हुई है? **(UPSI 13-11-2021)**

(a) मर्यादित श्रृंगारिकता की
(b) रामकथा श्रवण की
(c) राम के प्रति उन्मुखता की
(d) संतों की-सी जीवनचर्या की

**Sol. (d)** गद्यांश के अनुसार तुलसी के काव्य में भारतीय जीवन की सबसे बड़ी आकांक्षा मर्यादित जीवन-चर्या अथवा संत-रहनि ( **संतों की सी जीवन-चर्चा** ) को वाणी देता है।

**9.** कवि का संत-हृदय परम कारूणिक किसके प्रति उन्मुख हो सकता है? **(UPSI 13-11-2021)**

(a) प्रजा के प्रति (b) समाज के प्रति
(c) राम के प्रति (d) संतो के प्रति

**Sol. (c)** गद्यांश के अनुसार कवि संत हृदय परम कारूणिक **राम के प्रति** उन्मुख हो सकता है।

**निर्देश ( 10-14 ): अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए प्रश्नों का सही उत्तर चुनिए:-**

'वास्तव में हृदय वही है जो कोमल भावों और स्वदेश प्रेम से ओतप्रोत हो। प्रत्येक देशवासी को अपने वतन से प्रेम होता है, चाहे उसका देश सूखा, गर्म या दलदलों से युक्त हो। देश-प्रेम के लिये किसी आकर्षण की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि वह तो अपनी भूमि के प्रति मनुष्य मात्र की स्वाभाविक ममता है। मानव ही नहीं पशु-पक्षियों तक को अपना देश प्यारा होता है। संध्या समय पक्षी अपने नीड़ की ओर उड़ चले जाते

हैं। देश-प्रेम का अंकुर सभी में विद्यमान होता है। कुछ लोग समझते हैं कि मातृभूमि के नारे लगाने से ही देश-प्रेम व्यक्त होता है। दिन-भर वे त्याग, बलिदान और वीरता की कथा सुनाते नहीं थकते, लेकिन परीक्षा की घड़ी आने पर भाग खड़े होते हैं। ऐसे लोग स्वार्थ त्यागकर, जान जोखिम में डालकर देश की सेवा क्या करेंगे? आज ऐसे लोगों की आवश्यकता नहीं है।'

**10.** उपरोक्त गद्यांश के अनुसार देश-प्रेम का अंकुर किसमें विद्यमान है? **(UPSI 13-11-2021)**
(a) सभी पक्षियों में।
(b) सभी पशुओं में।
(c) सभी प्राणियों में।
(d) सभी मानवों में।

**Sol. (c)** गद्यांश के अनुसार देशप्रेम का अंकुर **सभी प्राणियों में** विद्यमान है।

**11.** उपरोक्त गद्यांश के अनुसार सच्चा देश-प्रेमी क्या करता है? **(UPSI 13-11-2021)**
(a) वीर सपूतों की कहानियाँ सुनाता है।
(b) मातृभूमि का जयघोष करता है।
(c) परीक्षा की कसौटी पर खरा उतरता है।
(d) अपनी भूमि देश के लिये दान कर देता है।

**Sol. (c)** गद्यांश के अनुसार मातृभूमि के बारे में गाने से देशप्रेम व्यक्त नहीं होता बल्कि **परीक्षा की कसौटी पर खरा उतरना** देशप्रेम है।

**12.** उपरोक्त गद्यांश के अनुसार देश-प्रेम से क्या अभिप्राय है? **(UPSI 13-11-2021)**
(a) देश के प्रति कोमल भावों का उदय
(b) देश के प्रति व्यक्ति का स्वाभाविक ममत्व
(c) अनथक प्रयत्न करके देश का निर्माण करना
(d) देशहित के लिये शत्रु से संघर्ष करना

**Sol. (b)** देश प्रेम के लिए किसी आकर्षण की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि वह तो **देश के प्रति व्यक्ति का स्वाभाविक ममत्व है।**

**13.** उपरोक्त गद्यांश के अनुसार यदि नवीन साहित्य संसार में प्रचलित नहीं हुआ तो मनुष्य पर क्या प्रभाव पड़ेगा? **(UPSI 14-11-2021)**
(a) वह नवीन कला-कौशलपूर्ण संगीत से वंचित रह जाएगा।
(b) वह भौतिकता के आधिक्य के कारण भावहीन हो जाएगा।
(c) वह भविष्य में कभी साहित्यिक प्रगति न कर पाएगा।
(d) वह मशीनों का गुलाम बनकर रह जाएगा।

**Sol. (d)** गद्यांश के अनुसार यदि नवीन साहित्य संसार में प्रचलित नहीं हुआ तो मनुष्य मशीनों के पहियों के नीचे दबकर मर जाएगा अर्थात् **वह मशीनों का गुलाम बनकर रह जाएगा।**

**14.** मनुष्यों की चिन्तन-शक्ति क्यों थक गई? **(UPSI 14-11-2021)**
(a) बहुत ज्यादा सोचकर
(b) निकम्मे रहकर
(c) अत्यधिक कार्य करके
(d) इनमें से कोई नहीं

**Sol. (b)** गद्यांश के अनुसार **निकम्मे रहकर** मनुष्य की चिंतन शक्ति थक गई है।

**निर्देश (15-17): अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए प्रश्नों का सही उत्तर चुनिए:-**

देश-प्रेम, प्रेम का वह अंश है जिसका आलंबन है सारा देश-उसमे व्याप्त प्रत्येक कण अर्थात् मनुष्य, पशु, पक्षी, नदी, नाले, वन पर्वत इत्यादि। यह एक साहचर्यगत प्रेम है अर्थात् जिसके सानिध्य का हमें अभ्यास पड़ जाता है उनके प्रति लोभ या राग हो जाता है। कोई भी व्यक्ति सच्चा देश-प्रेमी कहला सकने का सामर्थ्य तभी रखेगा जब वह देश के प्रत्येक मनुष्य, पशु, पक्षी, लता, गुल्म, पेड़, पत्ते, पर्वत, नदी, निर्झर आदि सभी को अपनत्व की भावना से देखेगा। इन सबकी सुधि करके विदेश में भी आँसू बहायेगा। जो व्यकि राष्ट्र के मूलभूत जीवन को भी नहीं जानता और उसके बाद भी देश-प्रेमी होने का दावा करे तो यह उसकी भूल है। जब तुम किसी के सुख-दुख के भागीदार ही नहीं बने तो उसे सुखी देखने के स्वप्न की तुम कैसे कल्पना करोगे? उससे अलग रहकर अपनी बोली में तुम उसके हित की बात करो पर उसमें प्रेम के माधुर्य जैसे भाव नहीं होंगे। प्रेम को तराजू में तोला नहीं जा सकता। ये भाव तो मनुष्य के अंत: करण से जुड़े हुए हैं। परिचय से प्रेम की उत्पत्ति होती है। यदि आप समझते हैं कि आपके अंत: करण में राष्ट्र-प्रेम के भाव उजागर हों तो आप राष्ट्र के स्वरूप से परिचित हो जाइए और अपने को उसके स्वरूप में समा जाने दीजिए। तभी आपके अंतरतम में इस इच्छा का सचमुच उदय होगा कि वह हमसे कभी न छूटे। उसके धनधान्य की वृद्धि हो। सब सुखी हों।

**15.** उक्त गद्यांश के अनुसार देश-प्रेम का आलंबन क्या है? **(UPSI 14-11-2021)**
(a) देश के लोग
(b) देश के जंगल
(c) देश के पशु-पक्षी
(d) सारा देश

**Sol. (d)** गद्यांश के अनुसार- देश प्रेम, प्रेम का वह अंश है जिसका आलम्बन **सारा देश** है।

**16.** उपरोक्त गद्यांश के अनुसार "साहचर्यगत प्रेम" का क्या अर्थ है? **(UPSI 14-11-2021)**
(a) साथ-साथ रहकर विकसित हुआ प्रेम
(b) जब पहाड़ों को अपना समझेगा
(c) सभी मुनष्यों से प्रेम करना
(d) आश्चर्य के साथ प्रेम करना

**Sol. (a)** गद्यांश के अनुसार साहचर्यगत प्रेम का अर्थ **साथ-साथ रहकर विकसित हुआ प्रेम है।**

**17.** उपरोक्त गद्यांश के अनुसार प्रेम को कैसे मापा जाता है? **(UPSI 14-11-2021)**
(a) तराजू से
(b) परिचय से
(c) कल्पना से
(d) अंत: करण के सच्चे भावों से

**Sol. (d)** गद्यांश के अनुसार प्रेम को तराजू में नहीं तोला जा सकता। ये भाव मनुष्य के **अंत: करण से जुड़े हुए हैं।**

**निर्देश (18-20): अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए प्रश्नों का सही उत्तर चुनिए:-**

अंत मे मैने कहा-भाइयों हम अपनी प्राथमिक पाठशाला में इससे भी काम कर सकते हैं। इतना काम कर सकते हैं कि वर्तमान प्राथमिक शिक्षा का रूप ही बदल जाए, कायापलट ही हो जाए। लेकिन बात यह है कि इसके लिए काम करने वालों की जरूरत है। दुनिया की जो सूरत आज है, वह पहले नहीं थी- सूरत बदलने का यह काम मनुष्यों ने ही तो किया है न। आवश्यकता है लगन की, प्रखर आत्मविश्वास की, अखंड एक निष्ठा की। यह जरूरी नहीं है कि अंग्रेजी पढ़े- लिखे लोग ही अच्छे प्रयोग कर सकें। यह तो थोथी बात है। जब आदमी कुछ करना नहीं चाहता है, तब ऐसे ही बहाने बनाता है। सच्ची चीज तो दिल की लगन है। वह लगन, जो किसी चीज के लिए तड़पने वाली हमारी आत्मा से हमे प्राप्त होती है और चंपकलाल जी! परिणाम की चिंता तो प्रयोग करने वाले को जितनी होती है, उतनी दूसरों को कभी हो ही नहीं सकती। आप वेतन वृद्धि की इच्छा परिणाम की चेष्टा करते हैं और मैं प्रयोग के लिए करता हूँ जिससे मेरा उदेश्य सिद्ध हो और कार्य क्षेत्र व्यापक बने। मुझे चिंता रहती है कि कहीं मेरी निष्फलता मेरे बाद के प्रयोग करने वालों के लिए बाधक न बन जाए।

**18.** उपरोक्त गद्यांश में लेखक क्या कहना चाहता है? **(UPSI 15-11-2021)**
(a) लोग प्रयोग करें
(b) बाधाओं को समाप्त करना
(c) स्थितियों में बदलाव करना
(d) लोग काम करें

**Sol. (d)** गद्यांश के अनुसार लेखक चाहता है कि **लोग काम करें।**

**19.** उपरोक्त गद्यांश के अनुसार किसी भी स्थिति को बदलने के लिए कैसे लोगों की जरूरत होती है? **(UPSI 15-11-2021)**
(a) जो अंग्रेजी भाषा जानते हैं
(b) जिनके दिल में लगन होती है
(c) जो परिश्रम करते हैं
(d) जो निष्ठापूर्वक हर काम करते हैं

**Sol. (b)** किसी भी स्थिति को बदलने के लिए ऐसे लोगों की जरूरत होती है **जिनके दिल में लगन होती है।**

**20.** अंग्रजी पढ़े- लिखे लोग ही अच्छे प्रयोग कर सकते हैं। इस वाक्य से क्या ध्वनित होता है? **(UPSI 15-11-2021)**
(a) अंग्रजी की महत्ता को दर्शाता
(b) सही हो सकता है।
(c) भाषिक पूर्वाग्रहों से ग्रसित है।
(d) सही है।

**Sol. (c)** गद्यांश में बताया गया है कि कुछ करने या बदलने के लिए अंग्रेज़ी भाषा की आवश्यकता थोथी बात है। भाषा का परिवर्तन से संबंध नहीं है। अत: दिया गया वाक्य **भाषिक पूर्वाग्रहों से ग्रसित है।**

**निर्देश (21-23): अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए प्रश्नों का सही उत्तर चुनिए:-**

''जिंदगी के असली मजे उनके लिये नहीं है जो फलों की छाँह के नीचे खेलते और सोते हैं, बल्कि फूलों की छाँह के नीचे अगर जीवन का कोई स्वाद छिपा है, तो वह भी उन्ही के दूर रेगिस्तान से आ रहे हैं। जिनका कंठ सूखा हुआ है, ओठ फटे हुए और सारा बदन पसीने से तर हैं। पानी में जो अमृत वाला तत्व है, उसे वह जानता है, जो धूप में खूब सूख चुकाना नहीं जो रेगिस्तान में कभी पड़ा ही नहीं है।''

**21.** उपरोक्त गद्यांश में 'अमृत वाला तत्व' का क्या तात्पर्य है? **(UPSI 15-11-2021)**

(a) जीवन का रहस्य
(b) अमृत
(c) समुद्र से निकला हुआ अमृत
(d) जीवन का सार

**Sol. (d)** गद्यांश के अनुसार, 'अमृतवाला तत्व' का तात्पर्य **जीवन का सार** है।

**22.** उपर्युक्त गद्यांश में किस बात के महत्व को बताया गया है? **(UPSI 15-11-2021)**

(a) भाग्य (b) जीवन
(c) श्रम (d) प्रकृति

**Sol. (c)** गद्यांश में **श्रम** के महत्व को बताया गया है।

**23.** उपरोक्त गद्यांश के अनुसार 'जो धूप में खूब सूख चुका है' वाक्य से क्या अभिप्राय है? **(UPSI 15-11-2021)**

(a) बीमार होना
(b) रेगिस्तान में रहना
(c) धूप सेंकना
(d) कड़ा परिश्रम करना

**Sol. (d)** 'धूप में खूब सूख चुका' का अर्थ **कड़ा परिश्रम करने** से है।

**निर्देश (24-26): अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए प्रश्नों का सही उत्तर चुनिए:-**

''जिंदगी के असली मजे उनके लिये नहीं हैं जो फूलों की छांह के नीचे खेलते और सोते हैं, बल्कि फूलों की छाँह के नीचे अगर काई स्वाद छिपा है, तो वह भी उन्हीं के लिए है जो दूर रेगिस्तान से आ रहे हैं। जिनका कंठ सूखा हुआ है, ओठ फटे हुए और सारा बदन पसीने से तर है। पानी में जो अमृतवाला तत्व है, उसे वह जानता है, जो धूप में खूब सूख चुका है। वह नहीं जो रेगिस्तान में कभी पड़ा ही नहीं है।''

**24.** उपरोक्त गद्यांश के अनुसार ज़िंदगी के असली मजे किनके लिये हैं? **(UPSI 16-11-2021)**

(a) जो शहर में रहते हैं
(b) जो पैसे वाले हैं
(c) जो आराम से रहते हैं
(d) जो परिश्रम करते हैं

**Sol. (d)** गद्यांश के अनुसार जिंदगी के असली मजे **परिश्रम करने वाले** करते हैं।

**25.** उपर्युक्त गद्यांश में किस बात के महत्व को बताया गया है? **(UPSI 16-11-2021)**

(a) भाग्य (b) जीवन
(c) श्रम (d) प्रकृति

**Sol. (c)** गद्यांश में **श्रम** के महत्त्व को बताया गया है।

**26.** उपरोक्त गद्यांश के अनुसार 'जो धूप में खूब सूख चुका है' वाक्य से क्या अभिप्राय है? **(UPSI 16-11-2021)**

(a) बीमार होना (b) रेगिस्तान में रहना
(c) धूप सेंकना (d) कड़ा परिश्रम करना

**Sol. (d)** गद्यांश के अनुसार 'जो धूप में खूब सूख चुका है' का अभिप्राय है कि उस व्यक्ति ने **कड़ा परिश्रम** किया है।

**निर्देश (27-29): अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए प्रश्नों का सही उत्तर चुनिए:-**

पर्वतराज हिमालय कुदरत का अद्‌भुत सौंदर्य है। दुनिया का विशाल पर्वत हमारे देश के उत्तर में एक सजग प्रहरी बनकर लाखों वर्षो से हरे-भरे पेड़ों और पाँच पावन नदियों को अपनी गोद में लिए मुस्कुराते हुए खड़ा है। सिंधु, गंगा, सतलुज, यमुना और ब्रह्मपुत्र नदियाँ इसी महान पर्वत के सीने को चीरती हुई अलग-अलग दिशाओं में बहती हैं। इस पर्वत का विस्तार असम की पूर्वी सीमा से लेकर कश्मीर की पश्चिमी सीमा तक तकरीबन 2000 मील तक है। इसकी चौड़ाई 186 मील तक है। इसकी चोटियों की ऊँचाई 8200 से 9992 फीट तक है।

**27.** हिमालय से कितनी नदियाँ बहती हैं? **(UPSI 16-11-2021)**

(a) 3 (b) 4
(c) 2 (d) 5

**Sol. (d)** गद्यांश के अनुसार हिमालय से **पांच** (5) नदियाँ बहती हैं।

**28.** कौन-सी नदी हिमालय से बहने वाली नदियों में शामिल नहीं है? **(UPSI 16-11-2021)**

(a) सिंधु (b) ब्रह्मापुत्र
(c) गोदावरी (d) गंगा

**Sol. (c)** हिमालय से बहने वाली नदियाँ $\rightarrow$ ब्रह्मपुत्र, सिंधु, गंगा, सतलुज और यमुना हैं। हिमालय से बहने वाली नदियों में **गोदावरी** नहीं है।

**29.** हिमालय का विस्तार लगभग कितने मील है? **(UPSI 16-11-2021)**

(a) 8200 (b) 186
(c) 2000 (d) 9992

**Sol. (c)** हिमालय का विस्तार पूर्वी सीमा से लेकर पश्चिमी सीमा तकरीबन **2000** मील तक है।

**निर्देश (30-32): अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए प्रश्नों का सही उत्तर चुनिए:-**

अनुशासन का अर्थ है- नियमों-विधियों का पालन करना। अनुशासन की कसौटी है स्वशासन अर्थात् बिना किसी दबाव या भय के स्वयं सहज रूप में नियमों का पालन करना। प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में अनुशासन का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है। अनुशासन के बिना मनुष्य का जीवन सुचारू रूप से नहीं चल सकता। अत: एक सामाजिक प्राणी होने के नाते मनुष्य को समाज में रहने के लिए अनुशासन की आवश्यकता होती है। जो व्यक्ति, परिवार, समाज या देश अनुशासित होता है वह प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता रहता है। अनुशासित व्यक्ति अपने आचरण से मूल्यों को व्यवहार में ढाल कर आदर्श प्रस्तुत करता है। वह आत्म-संयम से यह समझता है कि क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए। अनुशासन एक प्रकार का भाव है जो लोकमंगल की ओर प्रवृत्त रहता है। समाज और राजनियमों का, स्वास्थ्य और सदाचार के नियमों का अनुशासित व्यक्ति स्वेच्छा से पालन करता है। फलत: अनुशासन उसके स्वभाव का अंग बन जाता है। अनुशासन ही लक्ष्य प्राप्ति और राष्ट्र के विकास में सहायक होता है।

**30.** अनुशासन मनुष्य को प्रेरित करता है- **(UPSI 17-11-2021)**

(a) अधिकाधिक संग्रहण की प्रवृति की ओर
(b) स्वार्थभाव की ओर
(c) आत्मकेंद्रित प्रवृत्ति की ओर
(d) लोकमंगल की ओर

**Sol. (d)** गद्यांश के अनुसार अनुशासन एक प्रकार का भाव है जो **लोक मंगल की ओर** प्रवृत्त रहता है।

**31.** अनुशासन का वास्तविक अर्थ है- **(UPSI 17-11-2021)**

(a) बिना किसी बाहरी दबाव के स्वयं नियमों का पालन करना
(b) पंक्तिबद्ध खड़े रहना
(c) दंड के भय से नियमों का पालन
(d) शिष्टाचार का पालन

**Sol. (a)** गद्यांश के अनुसार, अनुशासन का वास्तविक अर्थ **बिना किसी बाहरी दबाव के स्वयं नियमों का पालन करना** है।

**32.** वही देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता है- **(UPSI 17-11-2021)**

(a) जिसके पास अधिक सैन्य बल हो
(b) जहाँ व्यक्ति, परिवार व समाज अनुशासित हो
(c) जहाँ लोकतंत्र हो
(d) जिसके पास प्राकृतिक संसाधन हो

**Sol. (b)** गद्यांश के अनुसार, वही देश प्रगति कर सकता है **जहाँ व्यक्ति, परिवार व समाज अनुशासित हो।**

**निर्देश (33-35): अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए प्रश्नों का सही उत्तर चुनिए:-**

रवीन्द्रनाथ उच्चकोटि के कवि थे। उनके द्वारा प्रतिपादित मान्यताओं एवं विचारों को भारत में ही सराहा नहीं गया वरन विश्व में भी उनके विचार लोकप्रिय हैं। एक महान कवि होने के साथ-साथ वे भारतीय सांस्कृतिक परंपरा के अग्रदूत के रूप में भी जाने जाते हैं। रवींद्रनाथ सांस्कृतिक स्वर के रूप में पूर्व और पश्चिम के समन्वय पर बल देते हैं, परंतु पश्चिमी विज्ञान को स्वीकार करते हुए भी उन्होंने उसके भौतिक प्रगतिशीलता के आदर्श को नहीं अपनाया है। वे समन्वय साधना का उत्कृष्टतम रूप भारतवर्ष की राष्ट्रीयता में देखते हैं। यह राष्ट्रीयता काल-प्रवाह में बहकर आई असंख्य जातियों-प्रजातियों के हार्दिक आदान-प्रदान, सहयोग और समन्वय के रूप में प्रतिफलित है। उनकी राष्ट्रीयता की कल्पना पश्चिम की शोषणशील, एकांगी राष्ट्र-चेतना से भिन्न है, जो उपनिवेशों का निर्माण कर राष्ट्रीय जीवन-मान की अभिवृद्धि को ही एकमात्र सत्य जानती है। वस्तुतः भारतवर्ष की राष्ट्रीयता मानवीयता ही है और इसलिए अंतरराष्ट्रीय चेतना से उसका किंचित मात्र भी विरोध नहीं है। भारत का राष्ट्रधर्म मानवता की पुकार बनकर ही अपने आत्मधर्म को चरितार्थ कर सकता है।

**33.** 'भारतीय राष्ट्रीयता' को पर्याय कहा जा सकता है- **(UPSI 17-11-2021)**

(a) भौतिकवाद का (b) अध्यात्मवाद का
(c) प्रगतिशील का (d) मानवीयता का

**Sol. (d)** गद्यांश के अनुसार भारतीय राष्ट्रीयता को **मानवीयता का** पर्याय कहा जा सकता है।

**34.** पश्चिमी राष्ट्रचेतना को इसलिए एकांगी कहा गया है क्योंकि वह- **(UPSI 17-11-2021)**

(a) राष्ट्रीय जीवन-मान की वृद्धि पर बल देती है
(b) उपनिवेशवाद को बढ़ावा देती है
(c) शोषण में विश्वास रखती है
(d) पारस्परिक आदान-प्रदान को महत्त्व देती है

**Sol. (a)** पश्चिमी राष्ट्र चेतना को इसलिए एकांगी कहा गया है क्योंकि वह **राष्ट्रीय जीवन मान की वृद्धि पर बल देती है।**

**35.** भारतीय राष्ट्रीयता, अंतर्राष्ट्रीय चेतना की अविरोधी है क्योंकि वह- **(UPSI 17-11-2021)**

(a) सहयोग और सौहार्द पर आधारित है
(b) मानवयीता की समानार्थी है
(c) पश्चिमी विज्ञान को स्वीकृति देती है
(d) सांस्कृतिक तत्वों पर बल देती है

**Sol. (b)** गद्यांश के अनुसार, भारतीय राष्ट्रीयता, अंतर्राष्ट्रीय चेतना की अवरोधी है क्योंकि वह **मानवीयता की समानार्थी है।**

**निर्देश (36-38): अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए प्रश्नों का सही उत्तर चुनिए:-**

छायावाद हिंदी साहित्य के आधुनिक युग की वह काव्यधारा है जो लगभग 1916 से 1936 (उच्छवास से युगांत) तक की प्रमुख युगवाणी रही, जिसमें प्रसाद, निराला, पंत, महादेवी आदि प्रमुख कवि हुए और स्वच्छंदता जिसकी मूल प्रवृत्ति है। छायावाद की प्रवृत्तियों का दर्शन 1916-17 ई. के आस-पास दिखलायी देने लगता है और छायावाद नाम का प्रचलन 1920 ई. के आस-पास हो चुका था। मुकुटधर पांडेय ने 1920 ई. में जबलपुर की श्री शारदा पत्रिका में हिंदी में छायावाद शीर्षक चार निबंधों की एक लेखमाला प्रकाशित करवाई थी। संभवतः छायावाद नाम का पहला प्रयोग था। सरस्वती में छायावाद का प्रथम उल्लेख जून, 1921 ई. के अंक में मिलता है। छायावाद क्या है प्रश्न का उत्तर देते हुए मुकुटधर पांडेय ने लिखा है कि अंग्रेज़ी या किसी पाश्चत्य साहित्य अथवा बंग साहित्य की वर्तमान स्थिति की कुछ भी जानकारी रखने वाले तो सुनते ही समझ जाएंगे कि यह शब्द मिस्टिसिज्म के लिए आया है। छायावाद के लिए मिस्टिसिज्म शब्द के आते ही रहस्यवाद शब्द की बुनियाद पड़ गई। सुकवि-किंकर छद्मनाम-धारी आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी के निबंध आजकल के हिंदी कवि और कविता (सरस्वती 6 मई, 1927) से पता चलता है कि जिन कविताओं को और लोग छायावाद कहते थे उन्हीं को वे रहस्यवाद कहना चाहते थे, लेकिन मुकुटधर पांडेय जहाँ उनमें आध्यात्मिकता देखते थे वहाँ आचार्य द्विवेदी के लिए वे अन्योक्ति पद्धति से अधिक न थी।

**36.** छायावादी कवियों की मूल प्रवृत्ति क्या है? **(UPSI 20-11-2021)**

(a) छद्मनाम धारण (b) सौंदर्योपासन
(c) आध्यात्मिकता (d) स्वच्छंदता

**Sol. (d)** गद्यांश के अनुसार छायावादी कवियों की मूल प्रवृत्ति **'स्वछन्दता'** रही है।

**37.** उक्त अनुच्छेद के अनुसार कौन-सा कथन सही नहीं है? **(UPSI 20-11-2021)**

(a) छायावाद की प्रवृत्तियों को दर्शन 1916-17 ई. के आस-पास दिखलायी देने लगता है और छायावाद नाम का प्रचलन 1920 ई. के आस-पास हो चुका था।
(b) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी के निबंध आजकल के हिंदी कवि और कविता से पता चलता है कि जिन कविताओं को और लोग छायावाद कहते थे उन्हीं को वे रहस्यवाद कहना चाहते थे।
(c) मुकुटधर पांडेय ने 1920 ई. में जबलपुर की श्री शारदा पत्रिका में हिंदी में छायावाद शीर्षक चार निबंधों की एक लेखमाला प्रकाशित करवाई थी।
(d) अंग्रेजी या किसी पाश्चात्य साहित्य अथवा बंग साहित्य की वर्तमान स्थिति की कुछ भी जानकारी रखने वाले तो सुनते ही समझ जाएंगे कि यह शब्द मिस्टिसिज्म के लिए नहीं आया है।

**Sol. (d)** विकल्प (d) सही नहीं है।

**38.** छायावाद नाम का पहला प्रयोग किन्होंने किया था? **(UPSI 20-11-2021)**

(a) निराला
(b) मुकुटधर पांडेय
(c) जयशंकर प्रसाद
(d) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी

**Sol. (b) मुकुटधर पांडेय** ने 1920 ई. में जबलपुर की श्री शारदा पत्रिका में हिंदी में छायावाद शीर्षक चार निबंधों की एक लेखमाला प्रकाशित करवाई थी।

**निर्देश (39-41): अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए प्रश्नों का सही उत्तर चुनिए:-**

चाबहार ईरान का तटीय शहर है जो दक्षिण-पूर्व में मौजूद दूसरे सबसे बड़े प्रांत सिस्तान और बलूचिस्तान में ओमान की खाड़ी से सटा है। इस बंदरगाह के विकास के लिए भारत और ईरान के बीच 2003 में सहमति बनी थी लेकिन फिर परमाणु कार्यक्रम के बारे में ईरान पर अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों के कारण इस परियोजना में रुकावटें पैदा होती रही है। भारत को सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी जाहेदान तक रेलमार्ग बनाने के लिए भी निमंत्रण दिया गया गया था। अब ईरान ने इस पाँच सौ किलोमीटर लंबी रेल परियोजना से भारत को अलग कर दिया लेकिन चाबहार बंदरगाह के टर्मिनल का संचालन भारत के पास है। पर ईरान को अमेरिका के साथ भारत की मैत्री रास नहीं आ रही तो धीरे-धीरे चीन के पाले में जा रहा है।

**39.** चाबहार बंदरगाह के विकास के लिए भारत और ईरान के बीच सहमति कब बनी थी? **(UPSI 20-11-2021)**

(a) 2001 (b) 2020
(c) 2013 (d) 2003

**Sol. (d)** गद्यांश के अनुसार चाबहार बंदरगाह के विकास के लिए भारत और ईरान में वर्ष **2003** में सहमति बनी थी।

**40.** चाबहार किस देश के तट पर स्थित है? **(UPSI 20-11-2021)**

(a) ईरान (b) बलूचिस्तान
(c) भारत (d) सिस्तान

**Sol. (a)** चाबहार **ईरान** के तट पर बसा शहर है।

**41.** सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी जाहेदान तक रेलमार्ग बनाने के लिए निमंत्रण पहले किस देश को दिया गया था? **(UPSI 20-11-2021)**

(a) चीन को (b) ईरान को
(c) अमरिका को (d) भारत को

**Sol. (d)** गद्यांश के अनुसार, सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी जाहेदान तक रेलमार्ग बनाने का निमंत्रण सर्वप्रथम **भारत को** दिया गया था।

**निर्देश (42-44): अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए प्रश्नों का सही उत्तर चुनिए:-**

श्रम का महत्त्व सर्वविदित है। इसके माध्यम से मानव विशाल बाढ़ को नियंत्रित करता है। गरजते तथा उफनते सागर की लहरों को चीरकर जलपोत चलाकर आगे बढ़ता है। विशाल पर्वतों के मध्य से राह खोजता है। दुरूह समस्याओं को पलक झपकते ही हल करता है। उद्योगी मानव को ही लक्ष्मी वरण करती है। श्रम जीवन में उत्थान की कुंजी है। श्रम लक्ष्य की ओर बढ़ने तथा उसे प्राप्त कराने में सहायक है। श्रमजीवी मानव राष्ट्र का आभूषण है। आदर्श जीवन का प्रतीक है। किसी कवि के शब्दों में, 'गति का नाम अमर जीवन है। निष्क्रियता ही घोर मरण है'। जीवन के क्षेत्र में श्रम अनिवार्य है। श्रम किये बिना किसी भी व्यक्ति को रोटी खाने का अधिकार नहीं है। ईश्वर ने हमें दो हाथ-पैर दिए हैं, वे परिश्रम करने के लिए ही हैं। राष्ट्रीय उत्थान और आत्मोन्नति के लिए श्रम तथा सतत उद्यमशीलता परम आवश्यक है। अत: जो आदमी एक क्षण भी व्यर्थ गँवाता है, वह ईश्वर का अपमान करता है। अपने राष्ट्र का अहित करता है। आज देश में जो भयानक गरीबी और बेकारी है उसे देखकर अत्यंत दुख होता है। शरीर श्रम करने में जो गौरव है, उसे हम नहीं जानते। भारत का मनुष्य अपने व्यवसाय से हटकर कार्य में अपमान समझता है यदि सब श्रम करें तो धनी-गरीब ऊँच-नीच का भेदभाव समाप्त हो जायेगा। आज जो जनसंख्या वृद्धि हो रही है, उसके मूल में श्रम न करना है। महात्मा गाँधी जी ने कहा था, यदि सब लोग अपने परिश्रम की कमाई खाएँ तो दुनिया में अन्न की कमी न रहे, और सबको अवकाश का समय भी मिले।

**42.** श्रम के बिना व्यक्ति को क्या खाने का अधिकार नहीं है? **(UPSI 21-11-2021)**

(a) सब्जी (b) मिठाई
(c) रोटी (d) पैसा

**Sol. (c)** गद्यांश के अनुसार श्रम किए बिना किसी भी व्यक्ति को **रोटी** खाने का अधिकार नहीं है।

**43.** राष्ट्र का आभूषण किसको कहा गया है? **(UPSI 21-11-2021)**

(a) श्रमजीवी मानव (b) संतोषी मानव
(c) आलसी मानव (d) बुद्धिजीवी

**Sol. (a)** गद्यांश में **श्रमजीवी मानव** को राष्ट्र का आभूषण कहा गया है।

**44.** महात्मा गाँधी जी लोगों को किसकी कमाई खाने के लिए कहा है? **(UPSI 21-11-2021)**

(a) खेती (b) दुकान
(c) ईमानदारी (d) परिश्रम

**Sol. (d)** गद्यांश के अनुसार महात्मा गाँधी ने सभी को **परिश्रम** की कमाई खाने के लिए कहा है।

**निर्देश (45-47): अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए प्रश्नों का सही उत्तर चुनिए:-**

साहित्य-जगत की प्रचलित दो अवधारणाएं 'कला जीवन के लिए' तथा 'कला कला के लिए' वस्तुत: कला के मूल्यवादी और सौंदर्यवादी दृष्टिकोणों का प्रतिफलन हैं। कला के मूल्यवादी दृष्टिकोण अथवा 'कला जीवन के लिए' सिद्धांतानुसार काव्य का मूल प्रयोजन, नैतिकता की स्थापना एवं शिक्षा माना जाता है। इस सिद्धांत के मानने वाले साहित्यकार कला को सामाजिक परिवर्तन एवं सुधार को महत्वपूर्ण अस्त्र मानते हैं। कला उनके लिए उनके वांछित सिद्धांतों के प्रचार का प्रमुख साधन होती है। दूसरी ओर कलावादी कला को मात्र सौंदर्यानुभूति एवं आनंदानुभूति की अभिव्यक्ति एवं आस्वादन का साधन मानते हैं। उनके लिए कलाकार समाज के प्रति उत्तरदायी नहीं होता है। कलावादी मानते हैं कि कलाकार की उपलब्धि मात्र कलागत सौंदर्य के स्वतंत्र एवं निरपेक्ष महत्व की प्रतिष्ठा में है। इसके साथ ही, कलावादी दृष्टिकोण के अनुसार कला स्वत: पूर्ण एवं आत्मनिर्भर मानी जाती है, जिसका प्रयोजन किसी भी बाह्य उद्देश्य की पूर्ति नहीं होता और न जिसका सौंदर्यपरक प्रतिमानों से इतर किसी भी प्रकार के नैतिक, सामाजिक अथवा राजनैतिक मानदंडों से मूल्यांकन ही किया जा सकता है। कालक्रम की दृष्टि से 'कला जीवन के लिए का सिद्धांत अधिक प्राचीन है।

**45.** साहित्य के कलावादी दृष्टिकोण के अनुसार कौन-सा कथन सही है? **(UPSI 22-11-2021)**

(a) कला का नैतिक मानदंडों से मूल्यांकन किया जा सकता है।
(b) कला का सौंदर्यपरक प्रतिमानों से मूल्यांकन किया जा सकता है।
(c) कला का राजनैतिक मानदंडों से मूल्यांकन किया जा सकता है।
(d) कला का सामाजिक मानदंडों से मूल्यांकन किया जा सकता है।

**Sol. (b)** साहित्य के कलावादी दृष्टिकोण के अनुसार **'कला का सौंदर्यपरक प्रतिमानों से मूल्यांकन किया जा सकता है'** यह कथन सही है।

**46.** कला का मूल्यवादी दृष्टिकोण अथवा काव्य का मूल प्रयोजन इनमें से क्या माना जाता है? **(UPSI 22-11-2021)**

(a) काव्य का मूल प्रयोजन आनंदानुभूति है।
(b) काव्य का मूल प्रयोजन नैतिकता की स्थापना है।
(c) काव्य का मूल प्रयोजन आस्वादन है।
(d) काव्य का मूल प्रयोजन सौंदर्यानुभूति है।

**Sol. (b)** कला का मूल्यवादी दृष्टिकोण अथवा काव्य का मूल प्रयोजन **नैतिकता की स्थापना माना जाता है।**

**47.** किस सिद्धांत को मानने वाले साहित्यकार कला को सामाजिक परिवर्तन एवं सुधार का महत्वपूर्ण अस्त्र मानते हैं? **(UPSI 22-11-2021)**

(a) मूल्यवादी
(b) कलावादी
(c) मूल्यवादी तथा कलावादी
(d) कोई भी नहीं

**Sol. (a) 'मूल्यवादी'** सिद्धांत को मानने वाले साहित्यकार कला को सामाजिक परिवर्तन एवं सुधार का महत्वपूर्ण अस्त्र मानते हैं।

**निर्देश (48-50): अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए प्रश्नों का सही उत्तर चुनिए:-**

जैविक खेती फलोत्पादन की वह विधि है जिसमें रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर परंपरागत खादों जैसे हरी खाद, वर्मी कंपोस्ट (केंचुआ कंपोस्ट) और अन्य कंपोस्ट का प्रयोग किया जाता है। उपयुक्त फसल चक्र को अपनाया जाता है। प्राकृतिक कृषि सिद्धांतों का पालन कर रोगों और कीटों से फसल सुरक्षा की जाती है। इन सब क्रियाओं का उद्देश्य यही होता है कि पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण हो और भूमि की उर्वरा शक्ति को सुरक्षित रखते हुए ऐसे फसल उत्पाद प्राप्त किए जाएँ जो मानव स्वास्थ्य की दृष्टि से सर्वोत्तम हों। जैविक खेती से जल, भूमि और खाद्य पदार्थों के माध्यम से होने वाले प्रदूषण की समस्या से काफी हद तक छुटकारा पाया जा सकता है। इससे ऊर्जा के संसाधनों और जैव-विविधता का संरक्षण होता है। मृदा के भौतिक, रासायनिक और जैविक गुणों में सुधार होता है जिससे उसकी उत्पादकता बढ़ती है। मिट्टी में खेती के लिए लाभकारी जीवों और सूक्ष्मजीवों की संख्या में वृद्धि होती है।

**48.** पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के उद्देश्य से की जाने वाली क्रियाओं में कौन-सी क्रिया सही नहीं है? **(UPSI 22-11-2021)**

(a) हरी खाद, वर्मी कंपोस्ट और अन्य कंपोस्ट का प्रयोग करना।
(b) रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग करना।
(c) जैविक खेती को अपनाना।
(d) उपयुक्त फसल-चक्र को अपनाना।

**Sol. (b) रासायनिक उर्वरको का प्रयोग करना**- पर्यावरण व प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षणों के उद्देश्य से की जाने वाली क्रियाओं में सही क्रिया नहीं है।

**49.** ऊर्जा के संसाधनों और जैव-विविधता का संरक्षण किससे होता है? **(UPSI 22-11-2021)**

(a) जैविक खेती से जल, भूमि और खाद्य पदार्थों के माध्यम से होने वाले प्रदूषण की समस्या से छुटकारा पाने से।
(b) रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग करने से।
(c) कीटों का नाश करने से।
(d) रासायनिक और जैविक गुणों में सुधार न होने से।

**Sol. (a) जैविक खेती से जल, भूमि और खाद्य पदार्थों के माध्यम से होने वाले प्रदूषण** की **समस्या से छुटकारा पाने से** ऊर्जा के संसाधनों और जैव-विविधता का संरक्षण होता है।

**50.** जैविक खेती अपनाने से मृदा के गुणों में सुधार की दृष्टि से कौन-सा सही नहीं है? **(UPSI 22-11-2021)**

(a) मृदा के रासायनिक गुणों में सुधार होता है।

(b) मृदा के जैविक गुणों में सुधार होता है।

(c) मृदा के भौतिक गुणों में सुधार होता है।

(d) मृदा के भौतिक, रासायनिक और जैविक गुणों में सुधार नहीं होता है।

**Sol. (d) मृदा के भौतिक, रासायनिक और जैविक गुणों में सुधार नहीं होता** है- यह कथन सही नहीं है।

**निर्देश (51-53): अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए प्रश्नों का सही उत्तर चुनिए:-**

वस्तुत: पूंजीवादी व्यवस्था में दो मुख्य वर्ग होते हैं बुर्जुआ और सर्वहारा। लेकिन इनके बीच एक अन्य वर्ग भी होता है जिसे मध्य वर्ग कहते हैं। इस वर्ग को समाज की सत्ता संरचना में कोई स्थान नहीं मिलता, परंतु इसके कुछ फायदे उसे अवश्य मिलते हैं। इसके विपरीत सर्वहारा वर्ग को इस समाज में कोई फायदा नहीं मिलता। ध्यान रखने की बात है, इन फायदों के कारण मध्य वर्ग अपने हितों को सर्वहारा वर्ग से संबद्ध होने में नहीं पहचान पाता। इन परिस्थितियों में सर्वहारा वर्ग की शक्ति कमजोर होती है और सत्ता में बुर्जुआ वर्ग की स्थिति मजबूत बनी रहती है। ऐतिहासिक विकास क्रम में 19वीं सदी के दौरान जब औद्योगिक क्रांति के साथ बुर्जुआ व सर्वहारा वर्ग उत्पन्न हुए तो उन्हीं के साथ मध्य वर्ग अस्तित्व में आया। इसके पूर्व मध्य वर्ग का कोई इतिहास नहीं मिलता। आधुनिक पूंजीवादी समाज में मध्यमवर्ग में निम्न समूह सम्मिलित किये जा सकते हैं। पहला, छोटे व्यापारी, जिन्हें पेट्टी बुर्जुआ भी कहते हैं। ये सर्वहारा के समान ही होते हैं लेकिन संभावना रहती है कि ये अपने कार्य हेतु मजदूरी पर श्रमिकों को रख लें। इस तरह इनके हित बुर्जुआ समाज से जुड़ते हैं।

**51.** उक्त अनुच्छेद में किन-किन वर्गों का उल्लेख है? **(UPSI 23-11-2021)**

(a) केवल बुर्जुआ का

(b) केवल सर्वहारा का

(c) केवल मध्य वर्ग का

(d) बुर्जुआ, सर्वहारा, मध्य वर्ग तथा पेट्टी बुर्जुआ का

**Sol. (d)** गद्यांश में **बुर्जुआ, सर्वहारा, मध्य वर्ग** तथा **पेट्टी बुर्जुआ** का उल्लेख किया गया है।

**52.** किस वर्ग का इतिहास 19वीं सदी से पूर्व नहीं मिलता है? **(UPSI 23-11-2021)**

(a) बुर्जुआ वर्ग का

(b) सर्वहारा वर्ग का

(c) मध्य वर्ग का

(d) बुर्जुआ तथा सर्वहारा वर्ग का

**Sol. (c) मध्य वर्ग** का इतिहास 19वीं सदी से पूर्व नहीं मिलता है।

**53.** छोटे व्यापारी किनके समान होते हैं? **(UPSI 23-11-2021)**

(a) बुर्जुआ वर्ग के

(b) सर्वहारा वर्ग के

(c) मध्य वर्ग के

(d) किन्हीं के समान नहीं

**Sol. (b)** छोटे व्यापारी-**सर्वहारा वर्ग** के समान होते हैं।

**निर्देश (54-56): अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए प्रश्नों का सही उत्तर चुनिए:-**

जल एक ऐसा प्राकृतिक संसाधन है जिसका निर्माण संभव नहीं। जल के बगैर जीवन संभव नहीं है। पृथ्वी का 71 प्रतिशत भाग पानी से ढ़का हुआ है। पृथ्वी पर उपलब्ध जल का 97 प्रतिशत भाग खारा है, जो सागरों-महानगरों में विद्यमान है। शेष 3 प्रतिशत जल ही पीने योग्य है, जिसमें से 2.4 ग्लेशियर और उत्तरी व दक्षिणी ध्रुव पर जमा हुआ है, मात्र 0.6 प्रतिशत पानी ही नदियों, झीलों और तालाबों में है, जिसे इस्तेमाल किया जा सकता है। एक अनुमान के अनुसार पृथ्वी पर कुल 32 करोड़ 60 लाख खरब गैलन पानी है। पृथ्वी के स्वच्छ जल का 70 प्रतिशत भाग प्रदूषित हो चुका है, जिसका 30 प्रतिशत भाग विषाक्त हो चुका है। आज पृथ्वी पर मीठे जल की उपलब्धता का संकट विश्व के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। हाल ही में जारी वाटरएड्स की रिपोर्ट 'स्टेट ऑफ द वर्ल्डस वाटर 2018: द वाटर गैप' में कहा गया कि भारत ने अपने नागरिकों की पहुँच स्वच्छ जल तक बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है, लेकिन अभी भी वह उन शीर्ष देशों में है जहाँ आबादी के एक बड़े हिस्से के पास स्वच्छ जल उपलब्ध नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया है कि युगांडा, नाइजर, मोजांबिक, भारत और पाकिस्तान उन देशों में शामिल हैं, जहाँ आधे घंटे की आने-जाने की दूरी के दायरे में सबसे अधिक लोगों को स्वच्छ जल प्राप्त नहीं है। आज भारत में 16.3 करोड़ लोगों तक स्वच्छ जल की पहुँच नहीं है।

**54.** उक्त अनुच्छेद के अनुसार कौन-सा कथन सही है? **(UPSI 23-11-2021)**

(a) जल एक ऐसा गैर-प्राकृतिक संसाधन है जिसका निर्माण संभव नहीं।

(b) जल एक ऐसा प्राकृतिक संसाधन है जिसका निर्माण संभव नहीं

(c) जल एक ऐसा प्राकृतिक संसाधन है जिसका निर्माण संभव है।

(d) जल एक ऐसा गैर-प्राकृतिक संसाधन है जिसका निर्माण संभव है।

**Sol. (b)** जल **एक ऐसा प्राकृतिक संसाधन है जिसका निर्माण संभव नहीं** है- कथन सत्य है।

**55.** उक्त अनुच्छेद के अनुसार कौन-सा कथन सही नहीं है? **(UPSI 23-11-2021)**

(a) पृथ्वी पर उपलब्ध जल का 97 प्रतिशत भाग खारा है।

(b) एक अनुमान के अनुसार पृथ्वी पर कुल 32 करोड़ 60 लाख खरब गैलन पानी है।

(c) पृथ्वी का 79 प्रतिशत भाग पानी से ढका हुआ है।

(d) आज पृथ्वी पर मीठे जल की उपलब्धता का संकट विश्व के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

**Sol. (c) पृथ्वी का 79% भाग पानी से ढका हुआ है**- उक्त कथन सत्य नहीं है।

**56.** आज भारत में कितने लोगों तक स्वच्छ जल की पहुँच नहीं है? **(UPSI 23-11-2021)**

(a) 97 प्रतिशत (b) 32 करोड़

(c) 16.3 करोड़ (d) 71 प्रतिशत

**Sol. (c)** गद्यांश के अनुसार- आज भारत में **16.3 करोड़** लोगों तक स्वच्छ जल की पहुँच नहीं है।

**निर्देश (57-59): अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए प्रश्नों का सही उत्तर चुनिए:-**

"समाज सेवा का क्षेत्र अनंत है। समाज सेवा का कोई बाधित क्षेत्र नहीं होता। समाज सेवा शहरों के अलावा छोटे-छोटे गाँवों, कस्बों में भी की जा सकती है। शहरों में समाज सेवा कई प्रकार से की जा सकती है। असहायों को सड़क पार करवाना, दुर्घटना के समय चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध करवाना, अस्पतालों में रोगियों को फल, दवाई, पौष्टिक चीजें वितरित करना, गरीबों को भोजन देना, बेसहारों के लिये आवास की व्यवस्था करना आदि विभिन्न प्रकार से समाज सेवा की जा सकती है। इसके अलावा छोटे-छोटे बच्चों को सड़क पार करवाना, पर्यावरण की सुरक्षा के लिये वृक्षों को उगाना, पीने के पानी की व्यवस्था करवाना, बाहर से आये मुसाफिरों के लिये रहने की व्यवस्था करना, अनाथों की सहायता करना आदि। हमारे यहाँ के गाँवों की स्थिति काफी चिंताजनक है। आधुनिक और आवश्यक शिक्षा के अभाव में ग्रामीण रहन-सहन खराब है। चिकित्सा सुविधाओं के अभाववश ग्रामवासी अपनी बीमारियों के उपचार हेतु झाड़-फूंक का सहारा लेते हैं। पढ़े-लिखे न होने के कारण महाजन उनका शोषण करते हैं। अत: ग्रामों में समाज सेवा के लिये विद्यालय खोलना, प्रौढ़ शिक्षा का प्रबंध करना, किसानों को खेती संबंधी जानकारी उपलब्ध कराना, आवश्यकता पड़ने पर खेत-खलिहान में लगी आग को बुझाने के तरीके बताना, रहन-सहन के तरीकों से अवगत कराना, चिकित्सा की सुविधाएँ उपलब्ध कराना आदि कदम उठाए जा सकते हैं।"

**57.** उपरोक्त गद्यांश के अनुसार समाज सेवा का क्षेत्र कैसा होता है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) शहरी (b) बंधित

(c) सीमित (d) अनंत

**Sol. (d)** गद्यांश के अनुसार समाज सेवा का क्षेत्र **अनंत** होता है।

**58.** उपरोक्त गद्यांश के अनुसार प्रौढ़ शिक्षा क्या होती है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) स्त्रियों की शिक्षा
(b) युवकों की शिक्षा
(c) अधेड़ आयु के लोगों की शिक्षा
(d) बच्चों की शिक्षा

**Sol. (c)** गद्यांश के अनुसार प्रौढ़ शिक्षा- **अधेड़ आयु के लोगों की शिक्षा** होती है।

**59.** उपरोक्त गद्यांश के अनुसार गाँवों की दशा क्यों खराब है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) शिक्षा का अभाव
(b) महाजनों के शोषण के कारण
(c) चिकित्सा सुविधाओं की कमी के कारण
(d) उपर्युक्त सभी कारणाों से

**Sol. (d)** गद्यांश के अनुसार गाँवों की दिशा खराब होने के कारण निम्न हैं जैसे- **शिक्षा का अभाव, महाजनों का शोषण तथा चिकित्सा सुविधाओं की कमी** आदि।

**निर्देश (60-62): अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए प्रश्नों का सही उत्तर चुनिए:-**

भारतीय साहित्य शास्त्र पर आनंदवाद का गहरा असर है। काव्यानंद को 'ब्रह्मानंद सहोदर' कहा गया है। रसात्मक वाक्य को ही काव्य कहा गया है। और संस्कृत साहित्य की समीक्षा के प्रचलित सभी मानदंडों रस, रीति, अलंकार, वक्रोक्ति और ध्वनि में से भारतीय मनीषा ने रस को ही सर्वाधिक ऊंचा स्थान दिया है। आनंदवाद शैव दर्शन का शब्द है। इसका मूल रूप उपनिषदों में दिखायी देता है। तैत्तिरीयोपनिषद में लिखा है कि, "रसो वै स: रस ह्येवायं लब्ध्वानंदी भवति। एष ह्येवानंदति।" अर्थात् रस ही ब्रह्मा है। इस रस को पाकर पुरुष आनंदित हो जाता है। यह रस सबको आनंदित करता है। बृहदारण्यक उपनिषद में कहा गया है कि इस आनंद के अंश मात्र के आश्रय से ही सभी प्राणी जीवित रहते हैं। शंकराचार्य ने भी 'सौंदर्य-लहरी' में "चिदानंदकारं शिव युवदि भावेन विभृषे" कहकर शिव को चिदानंद रूप बताया है।

**60.** 'ब्रह्मानंद सहोदर' किसे कहा गया है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) काव्यानंद को (b) अलंकार को
(c) रीति को (d) उपनिषदों को

**Sol. (a)** ब्रह्मानंद सहोदर **काव्यानंद** को कहा गया है।

**61.** संस्कृत साहित्य की समीक्षा के प्रचलित मानदंडो में भारतीय मनीषा ने किस सर्वाधिक ऊंचा स्थान दिया है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) अलंकार को (b) रीति को
(c) रस को (d) वक्रोक्ति को

**Sol. (c)** संस्कृत साहित्य की समीक्षा के प्रचलित मानदंडों में भारतीय मनीषा ने **'रस'** को सर्वाधिक ऊँचा स्थान दिया है।

**62.** 'रस ही ब्रह्म' होने के अर्थ में कथन किसमें मिलता है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) बृहदारण्यक उपनिषद में
(b) तंत्रलोक में
(c) तैत्तिरीयोपनिषद में
(d) सौंदर्य लहरी में

**Sol. (c)** "रस ही ब्रह्म" यह कथन **तैत्तिरियोपनिषद में** मिलता है।

**निर्देश (63-65): अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए प्रश्नों का सही उत्तर चुनिए:-**

संयुक्त राष्ट्र विश्व जल विकास रिपोर्ट 2018 के अनुसार जलवायु परिवर्तन से पानी के वैश्विक चक्र पर भी असर पड़ेगा। इससे बारिश वाले इलाकों में ज्यादा पानी बरसेगा व सूखाग्रस्त इलाकों में और सूखा पड़ेगा। जलाशय, नहर, ट्रीटमेंट प्लांट नई चुनौतियों का मुकाबला नहीं कर पाएंगे। ज्यादा कीमत, जगह न मिलने, गाद की समस्या और पाबंदियों के चलते नए जलाशय का निर्माण भी मुश्किल है। इस रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि पानी के बेहतर प्रबंधन के लिए प्रकृति पर आधारित उपायों पर जोर देना चाहिए, जैसे- पानी संग्रहण, भूमि की नमी बढ़ाना, झीलों और भू-जल स्तर में वृद्धि के प्रयास। बांध बनाने की अपेक्षा ये बेहतर विकल्प हैं। शोधकर्ताओं के मुताबिक ये प्राकृतिक विकल्प पानी को साफ भी करेंगे और उसकी आपूर्ति भी करेंगे। अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में पानी की समस्या से निपटने के लिए जलाशय की रक्षा, वन संरक्षण और वातावरण के अनुकूल खेती पर जोर दिया जा रहा है।

**63.** संयुक्त राष्ट्र विश्व जल विकास रिपोर्ट 2018 के अनुसार पानी के वैश्विक चक्र पर किसका असर पड़ेगा? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) बारिश का
(b) सूखे का
(c) जलवायु परिवर्तन का
(d) जल आपूर्ति का

**Sol. (c)** संयुक्त राष्ट्र की विश्व जल रिपोर्ट 2018 के अनुसार पानी के वैश्विक चक्र पर **जलवायु परिवर्तन का** असर पड़ेगा।

**64.** रिपोर्ट में दिए गए सुझावों के अनुसार पानी के बेहतर प्रबंधन के लिए किन उपायों पर ज़ोर देना चाहिए? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) पानी संग्रहण
(b) भूमि की नमी बढ़ाना
(c) झीलों और भू-जल स्तर में वृद्धि के प्रयास
(d) ये सभी (1, 2 और 3)

**Sol. (d)** रिपोर्ट में दिए गए सुझावों के अनुसार पानी के बेहतर प्रबंधन के लिए- **पानी संग्रहण, भूमि की नमी बढ़ाना, झीलों और भू-जल स्तर में वृद्धि के प्रयास** आदि उपायो पर जोर देना चाहिए।

**65.** अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में पानी की समस्या से निपटने के लिए किन पर जोर दिया जा रहा है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) जलाशय की रक्षा
(b) वन संरक्षण
(c) वातावरण के अनुकूल खेती पर जोर
(d) ये सभी (1, 2 और 3)

**Sol. (d)** अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में पानी की समस्या से निपटने के लिए- **जलाशय की रक्षा, वन संरक्षण, वातावरण के अनुकूल खेती पर** जोर आदि प्रयासों पर जोर दिया जा रहा है।

**निर्देश (66-68): अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए प्रश्नों का सही उत्तर चुनिए:-**

मंदाकिनी का 98 प्रतिशत भाग तारों से बना है। शेष 2 प्रतिशत में अंतर-नक्षत्रीय या खगोलीय गैस और बहुत ही अधिक घने रूप में छायी धूल है। तारों के बीच का सामान्य गैस-घनत्व प्रति घन सेंटीमीटर हाइड्रोजन अणु का लगभग दसवां हिस्सा है। तारे गुच्छों का निर्माण करते हैं। खगोल में ऐसे तारे अपवाद हैं जो अलग-थगल अकेले पड़े हों। ऐसे तारों की संख्या 25 प्रतिशत से अधिक नहीं है। युग्म तारे (तारों के जोड़े) लगभग 33 प्रतिशत हैं। शेष सभी तारे बहुसंख्यक हैं। हमारे नेत्रों से जो तारे एक दिखलाई पड़ते हैं वे दूरबीन से देखने पर युग्म तारे नजर आते हैं। ये युग्म नक्षत्र गुरुत्वाकर्षण के एक ही उभयनिष्ठ केंद्र के चारों ओर घूमते हैं। ये एक-दूसरे की परिभ्रमण कक्षा में एक साल से लेकर हजारों साल की लंबी अवधि तक पाए जाते हैं। जब नक्षत्र में हाइड्रोजन कम हो जाती है तो इसका बाहरी क्षेत्र फूलने लगता है। और वह लाल हो जाता है। यह तारों की आयु की पहली निशानी है। ऐसे तारों को 'रक्त दानव कहते हैं। हमारा तारा, सूर्य, आगामी 5 अरब वर्षों में ऐसा ही रक्त दानव बन जाएगा- ऐसी संभावना है। प्रकाश की चमक की मात्रा में कम-ज्यादा होने वाले तारों को चिरकांति तारे कहते हैं।

**66.** मंदाकिनी का कितना प्रतिशत भाग तारों से बना है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) 100 (b) 20
(c) 2 (d) 98

**Sol. (d)** मंदाकिनी का **98%** भाग तारों से बना है।

**67.** प्रकाश की चमक की मात्रा में कम-ज्यादा होने वाले तारों को क्या कहते हैं? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) अभिनव तारे (b) चिरकांति तारे
(c) मंदाकिनी (d) रक्त दानव

**Sol. (b)** प्रकाश की चमक की मात्रा में कम-ज्यादा होने वाले तारों को **चिरकांति तारे** कहते है।

**68.** खगोल में अलग-थलग अकेले पड़े तारों का कितना प्रतिशत है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) 98 प्रतिशत (b) 2 प्रतिशत

(c) 25 प्रतिशत (d) 50 प्रतिशत

**Sol. (c)** खगोल में अलग-थलग अकेले पड़े तारों का प्रतिशत **25%** से कम है।

**निर्देश (69-71): अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए प्रश्नों का सही उत्तर चुनिए:-**

रेडियोकार्बन की खोज के लिए विलर एफ लिब्बी को 1960 में नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ था। रेडियोकार्बन का उपयोग तो वनस्पति विज्ञान में ट्रेसर की तरह भी होता है, लेकिन सर्वाधिक लाभ उन क्षेत्रों में हुआ, जहाँ समय-मापन महत्त्वपूर्ण है। जैसे झील या सागर की तलहटी में मिट्टी की पर्त जमा होने का समय पता लगाना। यही नहीं पुरातत्ववेत्ता प्राचीन सभ्यताओं एवं संस्कृतियों का काल-निर्धारण करना चाहते हैं। समय के उल्लेख के बिना ऐतिहासिक घटनाओं को सही क्रम में नहीं रखा जा सकता। कुछ उदाहरण इस विधि के उपयोग को समझने में सहायक होंगे। आज भी बहुत लोगों की धारणा है कि भारत में 16वीं शताब्दी में पुर्तगाली लोगों के प्रवेश से पूर्व यहाँ शरीफा (एनोना स्क्वैमोसा एल) पैदा नहीं होता था। शरीफा उष्ण कटिबंधीय अमेरिका तथा वेस्ट इंडीज में मिलने वाला फल है। इसकी कुछ प्रजातियाँ अफ्रीका में भी पाई जाती हैं। एक भारतीय पुरावनस्पतिविज्ञानी ने 4 दशाब्दी से पूर्व ही मध्य प्रदेश के सतना ज़िले के भरहुत में स्तूपों में शरीफे के बना होने का उल्लेख किया था। यह संरचना ईसा से लगभग एक शताब्दी से अधिक पुरानी है।

**69.** किसकी खोज के लिए विलर एफ़ लिब्बी को 1960 में नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ था? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) मिट्टी की पर्त (b) रेडियोकार्बन

(c) स्तूप संरचना (d) एनोना स्क्वैमोसा एल

**Sol. (b)** **रेडियो कार्बन** की खोज के लिए विलर एफ लिब्बी को 1960 में नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ।

**70.** उक्त अनुच्छेद के अनुसार कौन-सा कथन सही नहीं है? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) रेडियोकार्बन का उपयोग वनस्पति विज्ञान में ट्रेसर की तरह भी होता है।

(b) पुरातत्ववेत्ता प्राचीन सभ्यताओं एवं संस्कृतियों का काल-निर्धारण करना नहीं चाहते हैं।

(c) बहुत लोगों की धारणा है कि भारत में 16वीं शताब्दी में पुर्तगाली लोगों के प्रवेश में पूर्व यहाँ शरीफा (एनोना स्क्वैमोसा एल) पैदा नहीं होता था।

(d) एक भारतीय पुरावनस्पति विज्ञानी ने 4 दशाब्दी से पूर्व ही मध्य प्रदेश के सतना ज़िले के भरहुत में स्तूपों में शरीफे के बना होने का उल्लेख किया था।

**Sol. (b)** **पुरातत्ववेत्ता प्राचीन सभ्यताओं एवं संस्कृतियों का काल-निर्धारण करना नहीं चाहते** है- कथन सही नहीं है।

**71.** उक्त अनुच्छेद के अनुसार कौन-सा कथन सही है? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) शरीफा की प्रजातियाँ अफ्रीका में नहीं पाई जाती हैं।

(b) रेडियोकार्बन की खोज के लिए विलर् एफ़ लिब्बी को 1980 में नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ था।

(c) रेडियोकार्बन का सर्वाधिक लाभ उन क्षेत्रों में हुआ, जहाँ समय-मापन महत्त्वपूर्ण है।

(d) समय के उल्लेख के बिना ऐतिहासिक घटनाओं को सही क्रम में रखा जा सकता।

**Sol. (c)** **रेडियो कार्बन का सर्वाधिक लाभ उन** क्षेत्रों में **हुआ, जहाँ समय-मापन महत्त्वपूर्ण** है-कथन सही है।

**निर्देश (72-74): अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए प्रश्नों का सही उत्तर चुनिए:-**

अहिंसात्मक अभ्यास का मार्ग ही अलग है। फौज में प्रतिदिन कवायद, कसरत, क्रूरतापूर्ण शिकार इत्यादि कराए जाते हैं। अहिंसात्मक अभ्यास इससे बिल्कुल भिन्न है। उसका साधन, यदि एक शब्द में कहना चाहें, तो बस, संयम है। यहाँ संयम व्यापक अर्थ में उन तमाम नियमों के लिए व्यक्त किया गया है, जिनका जिक्र हिन्दुओं के तथा दूसरे धर्मों के धर्मग्रंथों में पाया जाता है। यह साधारण सदाचार के नियम सख्ती से पालन करके सीखे जाते हैं। इन सब नियमों का झुकाव अहिंसा और सत्य की ओर ही होता है। गांधी जी ने बार-बार लिखा है कि ईश्वर पर विश्वास इसका एक बहुत बड़ा सहायक होता है। यदि इस अहिंसात्मक प्रवृत्ति को जागृत और पुष्ट करने में समय लगाया जाए, बचपन से ही अभ्यास कराया जाए और इस पर पूरा ध्यान दिया जाए तो निर्भयता इत्यादि जो इसके मुख्य बाह्य रूप देखने में आते हैं, अवश्य ही प्राप्त किए जा सकते हैं। यह कहना कि यह मनुष्य के लिए संभव नहीं, बे-बुनियाद बात है।

**72.** उपर्युक्त गद्यांश में फौजी की गतिविधियों का इसलिए उल्लेख किया गया है- **(UPSI 29-11-2021)**

(a) फौजी का महत्व निरूपित किया जाए।

(b) अहिंसात्मक अभ्यास का विवेचन किया जा सके।

(c) सैनिक शिक्षा की अनिवार्यता संकेतिक की जाए।

(d) अहिंसात्मक अभ्यास की उससे पृथकता प्रतिपादित की जा सके।

**Sol. (d)** गद्यांश के अनुसार फौजी की गतिविधियों का लेखक द्वारा इसलिए उल्लेख किया गया है कि **अहिंसात्मक अभ्यास की उससे पृथकता प्रतिपादित की जा सके।**

**73.** धर्मग्रंथ में सर्वाधिक बल दिया गया है- **(UPSI 29-11-2021)**

(a) सदाचार के नियमों पर

(b) धर्म-पालन पर

(c) सहिष्णुता पर

(d) भक्ति और ज्ञान पर

**Sol. (a)** गद्यांश के अनुसार धर्मग्रंथ में सर्वाधिक बल **सदाचार के नियमों पर** दिया गया है।

**74.** निर्भयता आदि गुणों को सीखने के लिए आवश्यक है- **(UPSI 29-11-2021)**

(a) युवावस्था में सत्य का आचरण

(b) बचपन से ही अहिंसात्मक प्रवृत्ति का अभ्यास

(c) प्रत्येक अवस्था में निडर रहना

(d) बचपन में सैनिक शिक्षा का अभ्यास

**Sol. (b)** गद्यांश के अनुसार निर्भयता आदि गुणों को सीखने के लिए- **बचपन से ही अहिंसात्मक प्रवृत्ति का अभ्यास** आवश्यक है।

**निर्देश (75-77): अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए प्रश्नों का सही उत्तर चुनिए:-**

नहीं झुका करते जो दुनिया से
करने को समझौता,
ऊँचे से ऊँचे सपनों को
देते रहते जो न्योता,
दूर देखती जिनकी पैनी
आँख भविष्यत का तम चीर,
मैं हूँ उनके साथ खड़ी
जो सीधी रखते अपनी रीढ़।

**75.** 'तम' शब्द का यहाँ कौन-सा अभिप्राय है? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) निशा (b) यामिनी

(c) अंधकार (d) रात्रि

**Sol. (c)** "तम" शब्द का अर्थ- **अंधकार** है। निशा, यामिनी तथा रात्रि-रजनी के पर्यायवाची हैं।

**76.** 'सीधी रीढ़' का यहाँ कौन-सा अर्थ है? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) स्वाभिमानी ओर स्वावलंबी होना

(b) आत्मनिर्भर होना

(c) अभिमानी होना

(d) सीधी बात कहना

**Sol. (a)** "सीधी रीढ" - अर्थ- **"स्वाभिमानी और स्वावलंबी होना"।**

**77.** कविता की पंक्तियों के अनुसार कविता किसके पक्ष में खड़ी है? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) जो उजाला फैलाते हैं

(b) जो केवल सपनों में खोए रहते हैं

(c) जो समझौता करके शांति फैलाते हैं।

(d) जो स्वाभिमानी, साहसी और निर्भीक हैं।

**Sol. (d)** कविता की पंक्तियों के अनुसार कविता जो **स्वाभिमानी, साहसी और निर्भीक** है, के पक्ष में खड़ी हैं।

**निर्देश (78-80): अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए प्रश्नों का सही उत्तर चुनिए:-**

दैनिक जीवन में हम अनेक लोगों से मिलते हैं जो विभिन्न प्रकार के कार्य करते हैं। सड़क पर ठेला लगाने वाला दूधवाला, नगर-निगम का सफाईकर्मी, बस कंडक्टर, स्कूल-अध्यापक, हमारा सहपाठी और ऐसे ही कई अन्य लोग। शिक्षा, वेतन, परंपरागत चलन और व्यवसाय के स्तर पर कुछ लोग निम्न स्तर पर कार्य करते हैं तो कुछ उच्च स्तर पर। एक माली के कार्य को सरकारी कार्यालय के किसी सचिव के कार्य से अति निम्न स्तर का माना जाता है। किंतु यदि यही अपने कार्य को कुशलतापूर्वक करता है और उत्कृष्ट सेवाएँ प्रदान करता है तो उसका कार्य उस सचिव के कार्य से कहीं बेहतर है जो अपने काम में ढिलाई बरतता है तथा अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाह नहीं करता। क्या आप ऐसे सचिव को एक आदर्श अधि कारी कह सकते हैं? वास्तव में पद महत्त्वपूर्ण नहीं है, बल्कि महत्त्वपूर्ण होता है कार्य के प्रति समर्पण भाव और कार्य प्रणाली में पारदर्शिता।

**78.** 'बेहतर' के लिए हिंदी में कौन-सा अर्थ होगा? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) अच्छा (b) उत्कृष्टतम
(c) उत्कृष्टतर (d) उत्कृष्ट

**Sol. (a)** गद्यांश के अनुसार बेहतर के लिए हिंदी में अर्थ होगा- **अच्छा।**

**79.** दैनिक जीवन में किस स्तर पर कार्य करने वालों से हम मिलते हैं? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) उच्च स्तर (b) उच्च एवं निम्न स्तर
(c) निम्न स्तर (d) इनमें से कोई नहीं

**Sol. (b)** गद्यांश के अनुसार - दैनिक जीवन में **उच्च एवं निम्न स्तर** पर कार्य करने वालों से हम मिलते है।

**80.** उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक कौन-सा होगा? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) स्तर-भेद (b) कर्मनिष्ठा की महिमा
(c) काम की महिमा (d) ऊँच-नीच

**Sol. (b)** उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक होगा- **कर्मनिष्ठ की महिमा**

**निर्देश (81-83): अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए प्रश्नों का सही उत्तर चुनिए:-**

हम लोग जब हिन्दी की 'सेवा' करने की बात सोचते हैं, तो प्राय: भूल जाते हैं कि यह लाक्षणिक प्रयोग है। हिंदी की सेवा का अर्थ है उस मानव समाज की सेवा, जिसके विचारों के आदान-प्रदान का माध्यम हिंदी है। मनुष्य ही बड़ी चीज है, भाषा उसी की सेवा के लिए है। साहित्य-दृष्टि का भी यही अर्थ है जो साहित्य अपने-आप के लिए लिखा जाता है उसकी क्या कीमत है, मैं नहीं कह सकता, परंतु जो साहित्य मनुष्य समाज को रोग-शोक, दारिद्र्य, अज्ञान तथा परमुखापेक्षिता से बचाकर उसमें आत्मबल का संचार करता है, वह निश्चय ही अक्षय निधि है।

**81.** 'अक्षय निधि' का अर्थ कौन-सा है? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) किसी का नाम
(b) कभी खत्म न होने वाली संपत्ति
(c) बिना क्षय रोग
(d) रोग-रहित निधि

**Sol. (b)** गद्यांश के अनुसार- अक्षय निधि का अर्थ- **कभी न खत्म होने वाली संपत्ति है।**

**82.** 'परमुखापेक्षिता' से तात्पर्य क्या है? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) दूसरों से आशा रखना
(b) पराए सुख की अपेक्षा करना
(c) ईश्वर का सुख
(d) पराया सुख अच्छा लगना

**Sol. (a)** परमुखा पेक्षिता का तात्पर्य- **दूसरों से आशा रखना है।**

**83.** इनमें से कौन-सा शब्द 'स्त्रीलिंग' नहीं है? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) हिंदी (b) प्रयोग
(c) सेवा (d) भाषा

**Sol. (b) "प्रयोग"** शब्द पुल्लिंग है बाकी शब्द हिंदी, सेवा, भाषा स्त्रीलिंग है।

**निर्देश (84-86): अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए प्रश्नों का सही उत्तर चुनिए:-**

मनुष्य की 70-80 प्रतिशत लंबाई जींस द्वारा निर्धारित होती हैं बाकी 20-30 प्रतिशत के लिए अनेक कारक उत्तरदाई होते हैं। पहला पोषण, जिसमें आहार में प्रोटीन की कुल मात्रा, खनिज खासकर विटामिन प्रमुख योगदान देते हैं। दूसरे हॉर्मोन, जिनमें मानव-वृद्धि हॉर्मोन (ग्रोथ हॉर्मोन), यौन हॉर्मोन, एंड्रोजन व ईस्ट्रोजन तथा थायरॉइड हॉर्मोन प्रमुख हैं। इनमें मानव-वृद्धि हॉर्मोन का सबसे बड़ा योगदान रहता है। किसी व्यक्ति के शरीर में मानव-वृद्धि हॉर्मोन किस मात्रा में बनता है, इस प्रक्रिया को भी बहुत से कारक प्रभावित करते हैं। व्यक्ति कितनी शारीरिक कसरत करता है, उसे रात में पूरी नींद मिल पाती है या नहीं; ये दो कारक मानव-वृद्धि हॉर्मोन के नैसर्गिक उत्पादन में मुख्य भूमिका निभाते हैं। स्वास्थ्य का भी लंबे होने की क्षमता पर प्रभाव पड़ता है, जो बच्चे बार-बार बीमार पड़ते हैं या जिन्हें कोई दीर्घकालिक रोग हो जाता है, उनकी लंबाई अपेक्षानुसार नहीं बढ़ पाती।

**84.** मनुष्य की कितनी प्रतिशत लंबाई जींस द्वारा निर्धारित होती है? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) 50 (b) 70-80
(c) 100 (d) 20-30

**Sol. (b)** मनुष्य की **70-80%** लंबाई जीन्स द्वारा निर्धारित होती है।

**85.** मानव-वृद्धि हॉर्मोन के नैसर्गिक उत्पादन में कौन-से कारक मुख्य भूमिका निभाते हैं? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) खनिज
(b) पोषण
(c) व्यक्ति कितनी शारीरिक कसरत करता है, उसे रात में पूरी नींद मिल पाती है या नहीं;
(d) आहार में प्रोटीन की मात्रा

**Sol. (c)** मानव-वृद्धि हार्मोन के नैसर्गिक उत्पादन में मुख्य भूमिका निभाने वाले कारक हैं- **व्यक्ति कितनी शारीरिक कसरत करता है, उसे रात में पूरी नींद मिल पाती है या नहीं।**

**86.** लंबाई निधारित करने में किस हॉर्मोन का सबसे बड़ा योगदान रहता है? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) ईस्ट्रोजन (b) यौन हॉर्मोन
(c) थायरॉइड हॉर्मोन (d) मानव-वृद्धि हॉर्मोन

**Sol. (d) मानव-वृद्धि हार्मोन शरीर** की लंबाई निर्धारित करने सबसे बड़ा योगदान करता है।

**निर्देश (87-89): अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए प्रश्नों का सही उत्तर चुनिए:-**

"आवश्यकता इस बात की है कि हमारी शिक्षा का माध्यम भारतीय भाषा हो, जिसमें राष्ट्र के हृदय-मन-प्राण के सूक्ष्मतम और गम्भीरतम संवेदन मुखरित हों और हमारा पाठ्यक्रम यूरोप तथा अमेरिका के पाठ्यक्रम आधारित न होकर हमारी अपनी सांस्कृतिक परंपराओं एवं आवश्यकताओं का प्रतिनिधित्व करे। भारतीय भाषाओं, भारतीय इतिहास, भारतीय दर्शन, भारतीय धर्म और भारतीय समाजशास्त्र को हम सर्वोपरि स्थान दें। उन्हें अपने शिक्षाक्रम में गौण स्थान देकर या शिक्षित जन को उनसे वंचित रखकर हमने राष्ट्रीय संस्कृति में एक महान रिक्ति को जन्म दिया है, जो नयी पीढ़ी को भीतर से खोखला कर रहा है। हम राष्ट्रीय परंपरा से ही नहीं, सामयिक जीवन प्रवाह से भी दूर जा पड़े हैं। विदेशी पश्चिमी चश्मों के भीतर से देखने पर अपने घर के प्राणी भी बे-पहचाने और अजीब से लगने लगे हैं। शिक्षित जन और सामान्य जनता के बीच खाई बढ़ती गई और विश्व संस्कृति के दावेदार होने का दम्भ करते हुए भी हम घर में वामन ही बने रह गए हैं। इस स्थिति को हास्यास्पद ही कहा जा सकता है।"

**87.** उपरोक्त गद्यांश का इनमें से सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक क्या है? **(UPSI 02-12-2021)**

(a) हमारा शिक्षा माध्यम और पाठ्यक्रम
(b) शिक्षा का माध्यम
(c) हमारी सांस्कृतिक परंपरा
(d) शिक्षित जन और सामान्य जनता

**Sol. (a)** उपर्युक्त शीर्षक- **हमारा शिक्षा माध्यम और पाठ्यक्रम**

**88.** उपरोक्त गद्यांश के अनुसार हमारी शिक्षा का माध्यम किस भाषा में होना चाहिए? **(UPSI 02-12-2021)**

(a) अंग्रेजी-हिंदी दोनों में
(b) मिश्रित भाषा में
(c) विदेशी भाषाओं में
(d) भारतीय भाषा में

**Sol. (d)** गद्यांश के अनुसार- हमारी शिक्षा का माध्यम- **भारतीय भाषा** में होना चाहिए

**89.** उपरोक्त गद्यांश के अनुसार हम किस तरह के जीवन-प्रवाह से दूर होते जा रहे हैं? **(UPSI 02-12-2021)**

(a) खुशहाल जीवन प्रवाह से
(b) हम राष्ट्रीय परंपरा से ही नहीं, सामयिक जीवन प्रवाह से भी दूर जा पड़े हैं।
(c) सांस्कृतिक एवं सामाजिक जीवन से
(d) इनमें से कोई भी नहीं

**Sol. (b)** गद्यांश के अनुसार- **हम राष्ट्रीय परंपरा से ही नहीं, सामयिक जीवन प्रवाह से भी दूर होते जा रहे हैं।**

**निर्देश (90-92): अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए प्रश्नों का सही उत्तर चुनिए:-**

'देहदान' शब्द सुनते या पढ़ते ही सबसे पहला विचार जो दिमाग में आता है, वह है- 'मृत्यु' अवश्यम्भावी है। आज नहीं तो कल, कोई पहले तो कोई बाद में मृत्यु को प्राप्त करता है। मृत्यु के नाम से ही मन में भय का संचार होने लगता है। मानव-शरीर-धारी भगवान राम और कृष्ण को भी समय आने पर यह शरीर त्यागना पड़ा था। जो जन्म के साथ ही निर्धारित है, उससे भय कैसा? इससे बचने का कोई उपाय नहीं है, चाहे कोई कितना ही बलवान, धनवान या तपस्वी हो, इससे बच नहीं पाया। सारे संसार के पुराण इतिहास इस बात के गवाह हैं। प्राचीन या वर्तमान विज्ञान कितना ही उन्नत हो गया हो, लेकिन मृत्यु पर विजय हासिल करना एक सपना ही है। फिर इस क्षण-भंगुर और अंत में राख के ढेर में बदलने वाले शरीर या उसके अंगों को किसी जरूरतमंद के लिए समर्पित कर देने में क्या हर्ज है? और फिर इसे पाने के लिए आपने स्वयं कोई प्रयास नहीं किया है या धन भी खर्च नहीं किया है।

**90.** 'देहदान' सुनते ही सबसे बड़ा विचार कौन-सा आता है? **(UPSI 02-12-2021)**

(a) मृत्यु सत्य है।
(b) मृत्यु अवश्यम्भावी है।
(c) जीवन सुरक्षित नहीं है।
(d) मृत्यु नहीं होगी।

**Sol. (b)** गद्यांश के अनुसार- देहदान सुनते ही सबसे बड़ा विचार आता है कि **मृत्यु अवश्यम्भावी** है।

**91.** पुराण और इतिहास किस बात के गवाह हैं? **(UPSI 02-12-2021)**

(a) मृत्यु पर विजय प्राप्त की जा सकती है।
(b) मृत्यु से कोई बच नहीं पाया
(c) मृत्यु किसी के वश में नहीं
(d) मृत्यु को कुछ समय तक टाला जा सकता है।

**Sol. (b)** पुराण और इतिहास इस बात के गवाह हैं कि **मृत्यु से कोई बच नहीं पाया।**

**92.** 'क्षणभंगुर' शब्द का अर्थ क्या है? **(UPSI 02-12-2021)**

(a) क्षण में भंग होने वाली
(b) सदा अमर रहने वाली
(c) समाप्त होने वाली
(d) कभी समाप्त न होने वाली

**Sol. (a)** क्षणभंगुर का अर्थ- **क्षण में भंग होने वाली/वाला है।**

**निर्देश (93-95): अनुच्छेद पढ़कर, दिए गए प्रश्नों का सही उत्तर चुनिए:-**

बातचीत करते समय हमें शब्दों के चयन पर विशेष ध्यान देना चाहिए क्योंकि सम्मान जनक शब्द उदात्त और महान बनाते हैं। बातचीत को सुगम एवं प्रभावशाली बनाने के लिए सदैव प्रचलित भाषा का ही प्रयोग करना चाहिए। अत्यंत साहित्यिक एवं क्लिष्ट भाष के प्रयोग से कही ऐसा न हो कि हमारा व्यक्तित्व चोट खा जाए। बातचीत में केवल विचारों का ही आदान-प्रदान नहीं होता बल्कि व्यक्तित्व का भी आदान-प्रदान होता है। अतः शिक्षक वर्ग को शब्दों का चयन सोच-समझकर करना चाहिए। शिक्षक वास्तव में एक अच्छा अभिनेता भी होता है। जो अपने व्यक्तित्व, शैली, बोलचाल और हावभाव से विद्यार्थियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करता है और उन पर अपनी छाप छोड़ता है।

**93.** शिक्षक वर्ग को कैसे बोलना चाहिए? **(UPSI 02-12-2021)**

(a) बिना सोचे-समझे (b) तुरंत
(c) ज्यादा (d) सोच-समझकर

**Sol. (d)** गद्यांश के अनुसार शिक्षक वर्ग को **सोच-समझकर** बोलना चाहिए।

**94.** उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक क्या होना चाहिए? **(UPSI 02-12-2021)**

(a) साहित्यिक भाषा
(b) बातचीत की कला
(c) शब्दों का चयन
(d) व्यक्तित्व का प्रभाव

**Sol. (c)** उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक- **"शब्दों का चयन"** होगा।

**95.** बातचीत में किसका आदान-प्रदान होता है? **(UPSI 02-12-2021)**

(a) विचारों एवं व्यक्तित्व का
(b) भाषा का
(c) विचारों का
(d) व्यक्तित्व का

**Sol. (a)** गद्यांश के अनुसार- बातचीत में **विचारों एवं व्यक्तित्व का** आदान-प्रदान होता है।

**1.** रिपोर्ताज का सम्बन्ध किससे है?
**(उ.प्र. उपनिरीक्षक मृतक आश्रित, 2016)**
(a) पत्रकारिता (b) नाटक
(c) राजनीति (d) परंपरा

**Sol. (a)** रिपोर्ताज का संबंध **पत्रकारिता** से है। रिपोर्ताज गद्य लेखन की एक विधा है। रिपोर्ताज फ्रांसीसी भाषा का शब्द है तथा रिपोर्ट अंग्रेजी भाषा का शब्द है।

**2.** हिंदी की पहली सवाक (बोलती) फिल्म "आलम आरा" किस वर्ष में रिलीज हुई थी?
**(UPSI Batch - II 21 Dec-2017)**
(a) 1930 (b) 1947
(c) 1931 (d) 1990

**Sol. (c)** आलम आरा फिल्म **1931** में रिलीज हुई थी, जो हिन्दी की पहली सवाक (बोलती) फिल्म थी। इसके निर्माता आर्देशिर ईरानी है। इसका प्रथम प्रदर्शन मुंबई के मैजेस्टिक सिनेमा में 14 मार्च 1931 को हुआ।

**3.** किस वर्ष में लॉर्ड विलियम बेंटिंक ने "अंग्रेजी शिक्षा एक्ट" को लागू करवाया था?
**(UPSI Batch - I 22 Dec-2017)**
(a) 1839 (b) 1835
(c) 1841 (d) 1855

**Sol. (b)** दिये गए विकल्पों के आधार पर लॉर्ड विलियम बेंटिक ने 'अंग्रेजी शिक्षा एक्ट' **1835** में लागू करवाया था।

**4.** अनुच्छेद के निम्नलिखित वाक्यों को सही क्रम में लगाएं

(A) इसका सबूत जिले के विभिन्न स्थानों पर पाए जाने वाले शिलालेख, सिक्के, (दुर्गा मंदिर) व अन्य वस्तुएं हैं जिनका संबंध समुद्रगुप्त, चन्द्रगुप्त और स्कन्दगुप्त के शासन काल से था।

(B) सिंग्रामपुर में मिले पौराणिक काल के पाषाण हथियार इस बात का साक्ष्य हैं कि यह स्थान करोड़ों वर्ष पहले से मानव सभ्यता का पालना रहा है।

(C) 5वीं शताब्दी में यह पाटलिपुत्र के भव्य एवं शक्तिशाली गुप्त साम्राज्य का हिस्सा था।

(D) दमोह का इतिहास बहुत प्राचीन है।
**(UPSI Batch - I 13 Dec-2017)**
(a) BADC (b) DBCA
(c) DCAB (d) ADCB

**Sol. (b)** पहले (D) दामोह के प्राचीन इतिहास का परिचय देता है। फिर (B) सबसे पुराने साक्ष्य (पाषाण हथियार) बताता है। उसके बाद (C) गुप्त साम्राज्य काल का जिक्र आता है। अंत में (A) उस काल से जुड़े शिलालेख सिक्के आदि प्रमाण दिए गए हैं इसलिए सही क्रम **DBCA** है।

**5.** आधुनिक भारतीय आर्यभाषा का काल कब से कब तक का है?
**(UPSI Batch - I 13 Dec-2017)**
(a) 1 ई. से 500 ई. तक
(b) 500 ई. से 1000 ई. तक
(c) 1000 ई. से अब तक
(d) 1500 ई. पूर्व से 800 ई. पूर्व तक

**Sol. (c)** आधुनिक भारतीय आर्यभाषा का काल **1000 ई. से अब तक** हैं भारतीय आर्यभाषा को तीन कालों में बाँटा गया है:
(1) प्राचीन भारतीय आर्यभाषा [1500 ई.पू से 500 ई.पू तक]
(2) मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषा [500 ई.पू से 1000 ई.पू तक]
(3) आधुनिक भारतीय आर्यभाषा [1000 ई.पू से अब तक]

**6.** निम्न में से 'पुष्टिमार्गीय भक्ति-संप्रदाय' की स्थापना किसने किया? **(UPP Jail Warden/ Fireman Exam Date 19/12/2020 Shift & II)**
(a) रामानुजाचार्य (b) विट्ठलनाथ
(c) सूरदास (d) वल्लभाचार्य

**Sol. (d)** रामानुजाचार्य → विशिष्टाद्वैतवाद सिद्धान्त
विट्ठलनाथ → अष्टछाप के संस्थापक
सूरदास → सगुण (कृष्णभक्ति शाखा) के कवि
**वल्लभाचार्य** → पुष्टिमार्गी भक्ति

**7.** कृष्णा सोबती को साहित्य अकादमी पुरस्कार उनकी किस कृति पर दिया गया?
**(UPSI 12-11-2021)**
(a) सूरजमुखी अंधेरे में-1958 ई.
(b) समय सरगम 2000 ई.
(c) दिलोदानिश 1993 ई.
(d) जिंदगीनामा-1979 ई.

**Sol. (d)** कृष्णा सोबती को वर्ष 1980 में उनके उपन्यास **'जिंदगीनामा - 1979'** के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार दिया गया था। कृष्णा सोबती के अन्य उपन्यास ऐ लड़की, मित्रो मरजानी आदि हैं।

**8.** इनमें से 'अभिनवगुप्त' का प्रमुख दार्शनिक मत क्या है? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) शैव (b) सांख्य
(c) मीमांसा (d) वेदान्त

**Sol. (a)** अभिनव गुप्त का दार्शनिक मत **'शैव'** है।
भारतीय दर्शन के प्रकार हैं-
योग – पतंजलि
न्याय – गौतम
सांख्य – कपिल
वैशेषिक – कणाद
पूर्व मीमांसा – जैमिनी
उत्तर मीमांसा – बादरायण (वेदांत)

**9.** केदारनाथ अग्रवाल को किस कृति पर साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) अपूर्वा (b) नींद के बादल
(c) गुलमेहंदी (d) फूल नही रंग बोलते हैं

**Sol. (a)** केदारनाथ अग्रवाल को वर्ष 1986 में **'अपूर्वा'** के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ था। उनकी प्रमुख कृतियाँ फूल नहीं रंग बोलते हैं, गुलमेंहदी, 'नींद के बादल' आदि है।

**10.** विद्यापति द्वारा रचित कितने ग्रंथ अवहट्ट में है?
**(UPSI 12-11-2021)**
(a) 4 (b) 2
(c) 3 (d) इनमें से कोई नहीं

**Sol. (b)** कीर्तिलता तथा कीर्तिपताका विद्यापति द्वारा रचित **दो** ग्रंथ अवहट्ट में है।

**11.** देरिदा का जन्म कहाँ हुआ था?
**(UPSI 12-11-2021)**
(a) अल्जीरिया (b) फ्रांस
(c) अमेरिका (d) जर्मनी

**Sol. (a)** 'देरिदा' फ्रांसिसी दार्शनिक थे जिनका जन्म **अल्जीरिया** (अफ्रीका) में हुआ था।

**12.** भारत में संवैधानिक रूप से हिन्दी का क्या स्वरूप है? **(UPSI 12-11-2021)**
(a) मातृभाषा (b) राजभाषा
(c) राष्ट्रभाषा (d) विश्वभाषा

**Sol. (b)** भारत में संविधान के अनुच्छेद 343 के अनुसार हिंदी भारत की **राजभाषा** है।

**13.** इनमें से किस पुस्तक को व्यास सम्मान प्राप्त हुआ था? **(UPSI 13-11-2021)**
(a) गोदान (b) गुनाहों का देवता
(c) आत्मजयी (d) कामायनी

**Sol. (c)** कुँवर नारायण सिंह की रचना **'आत्मजयी'** को वर्ष 1995 में 'व्यास सम्मान' दिया गया था। फैजाबाद में जन्में कुँवरनारायण का दर्शन गाँधीवादी-लोहियावादी था।

धर्मवीर भारती- गुनाहों का देवता, सूरज का सातवाँ घोड़ा

प्रेमचंद- गोदान, कफन, गबन

जयशंकर प्रसाद - कामायनी, अजातशत्रु

**14.** भारत में भाषा के आधार पर सर्वप्रथम किस राज्य का गठन हुआ? **(UPSI 13-11-2021)**

(a) जम्मू-कश्मीर (b) बिहार

(c) पंजाब (d) आंध्र प्रदेश

**Sol. (d)** भाषा के आधार पर गठित पहला **राज्य आंध्र प्रदेश** था। इसका गठन 1 अक्टूबर 1953 को हुआ था।

**15.** पहला ज्ञानपीठ पुरस्कार किस भाषा के लेखक को मिला था? **(UPSI 13-11-2021)**

(a) कन्नड़ (b) हिंदी

(c) मलयालम (d) मराठी

**Sol. (c)** प्रथम ज्ञानपीठ पुरस्कार 1965 में **मलयालम** लेखक जी. शंकर कुरूप को मिला था। यह पुरस्कार भारतीय ज्ञानपीठ न्यास द्वारा भारतीय साहित्य के लिए दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार है।

**16.** इनमें से कौन-सा नाम मिश्रबन्धुओं में सम्मिलित नहीं है? **(UPSI 13-11-2021)**

(a) गणेश बिहारी (b) कृष्ण बिहारी

(c) शुकदेव बिहारी (d) श्याम बिहारी

**Sol. (b)** गणेश बिहारी, श्याम बिहारी व शुकदेव बिहारी को मिश्र बंधुओं में सम्मिलित किया जाता है। **कृष्ण बिहारी** सम्मिलित नहीं है।

**17.** 'रश्मिरथी' इनमें से किसके जीवन पर केन्द्रित कृति है? **(UPSI 14-11-2021)**

(a) कृष्ण (b) राम

(c) कर्ण (d) अर्जुन

**Sol. (c)** 'रश्मिरथी' रामधारी सिंह दिनकर द्वारा 1952 में रचित प्रसिद्ध खंडकाव्य है। इसमें 7 सर्ग है जिसमें **कर्ण** के चरित्र के सभी पक्षों का सजीव चित्रण है। कर्ण को रश्मिरथी कहा गया है अर्थात् "सूर्य किरण रूपी रथ का सवार"।

**18.** इनमें से किस पुस्तक को व्यास सम्मान प्राप्त हुआ था? **(UPSI 14-11-2021)**

(a) मधुशाला (b) अनामदास का पोथा

(c) व्योमकेश दरवेश (d) कामायनी

**Sol. (c)** डॉ. विश्वनाथ त्रिपाठी को उनकी रचना **'व्योमकेश दरवेश'** के लिए वर्ष 2013 में व्यास सम्मान दिया गया था।

मधुशाला- हरिवंशराय बच्चन

अनामदास का पोथा- हज़ारी प्रसाद द्विवेदी

कामायनी - जयशंकर प्रसाद

गोदान (1936) - प्रेमंचद

**19.** इनमें से किस साप्ताहिक का संपादन महात्मा गाँधी ने किया था? **(UPSI 14-11-2021)**

(a) हंस (b) भारत

(c) देश (d) हिंदी नवजीवन

**Sol. (d)** **हिंदी नवजीवन**- महात्मा गांधी

हंस - प्रेमचंद

देश - राजेंद्र प्रसाद

**20.** 'खुदाबख्श' पुस्तकालय कहाँ स्थित है? **(UPSI 14-11-2021)**

(a) अलीगढ़ (b) जयपुर

(c) आगरा (d) पटना

**Sol. (d)** **पटना** (बिहार) में स्थित खुदाबख्श ओरिएंटल लाइब्रेरी भारत के राष्ट्रीय पुस्तकालयों में से एक है। इसे 1891 में खानबहादुर खुदा बख्श द्वारा जनता के लिए खोला गया था।

**21.** केंद्रीय हिंदी निदेशालय की पत्रिका का नाम क्या है? **(UPSI 14-11-2021)**

(a) गगनांचल (b) भारतीय साहित्य

(c) भाषा (d) बहुवचन

**Sol. (c)** **भाषा** पत्रिका का संचालन केंद्रीय हिंदी निदेशालय (दिल्ली) द्वारा किया जाता है। वर्ष 1961 से नियमित प्रकाशित की जा रही है। वर्तमान में इसका प्रकाशन द्विमासिक आधार पर होता है।

गगनांचल (त्रैसामिक) - भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् (दिल्ली)

बहुवचन- महात्मा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय (महाराष्ट्र)

**22.** हिंदी साहित्य के लिए प्रथम व्यास सम्मान किन्हें प्राप्त हुआ? **(UPSI 14-11-2021)**

(a) रामचंद्र शुक्ल (b) रामविलास शर्मा

(c) धर्मवीर भारती (d) शिवप्रसाद सिंह

**Sol. (b)** पहला व्यास सम्मान 1991 में हिंदी साहित्यकार **रामविलास शर्मा** को दिया गया था। चित्रा मुदगल पहली महिला थी जिन्हें उपन्यास 'आवा' के लिए वर्ष 2003 में व्यास सम्मान दिया गया।

**23.** चित्रा मुदग्ल को उनकी किस कृति के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया? **(UPSI 15-11-2021)**

(a) आँवाँ

(b) गिलगडु

(c) एक जमीन अपनी

(d) पोस्ट बॉक्स नंबर 203- नालासोपारा

**Sol. (d)** चित्रा मुदग्ल को वर्ष 2018 में उनकी कृति **"पोस्ट बॉक्स नंबर 203 नालासोपारा"** के लिए हिंदी भाषा का साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया था। उन्हें वर्ष 2003 में 'आंवा' उपन्यास के लिए व्यास सम्मान प्रदान किया गया था।

**24.** कालिदास त्रिवेदी किसके दरबारी कवि थे? **(UPSI 15-11-2021)**

(a) औरंगजेब

(b) मोहम्मद शाह रंगीले

(c) बहादुरशाह जफर

(d) शाहजहाँ

**Sol. (a)** कालिदास त्रिवेदी, मुगल कालीन कवि है। 1745 में गोलकुंडा की चढ़ाई में ये साथ गए थे। ये रीतिकाल के कवि है।

**25.** 'यह काम उसने ही किया होगा' इस वाक्य में 'ही' क्या है? **(UPSI 15-11-2021)**

(a) निपात

(b) विस्मय

(c) क्रियाविशेषण

(d) कालवाचक क्रियाविशेषण

**Sol. (a)** दिए गए वाक्य में **'ही' निपात का** उदाहरण है। निपात वाक्य के अर्थ को अतिरिक्त भाव प्रदान करता है। उदाहरण ही, तो, तक, केवल आदि।

**26.** हिन्दी दिवस कब मनाया जाता है? **(UPSI 15-11-2021)**

(a) 26 जनवरी को (b) 14 सितंबर को

(c) 14 नवंबर को (d) 14 दिसंबर

**Sol. (b)** हिंदी दिवस - **14 सितंबर**

विश्व हिंदी दिवस - 10 जनवरी

बाल दिवस - 14 नवंबर

**27.** आदिकाल का संभावित समयारंभ कौन-सा माना जाता है? **(UPSI 15-11-2021)**

(a) 1050 वि. सं. (b) 1900 वि. सं.

(c) 1700 वि. सं. (d) 1375 वि. सं.

**Sol. (a)** आदिकाल हिन्दी साहित्य के इतिहास का प्रारंभिक चरण है। इसका आरंभ 10वीं शताब्दी **(1050 ई.)** से माना जाता है।

इस युग को यह नाम आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने दिया है।

**28.** आलवार भक्तों की संख्या कितनी मानी जाती है? **(UPSI 16-11-2021)**

(a) बारह (b) दस

(c) आठ (d) ग्यारह

**Sol. (a)** आलवार संतों की संख्या 12 जबकि नयनार संतो की संख्या 63 मानी गई है। अलवार विष्णु के जबकि नयनार शिव के अनुयायी है।

**29.** भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद की पत्रिका का नाम क्या है? **(UPSI 16-11-2021)**

(a) वागर्थ (b) बहुवचन

(c) गगनांचल (d) भारतीय साहित्य

**Sol. (c)** भारतीय सांस्कृति संबंध परिषद् भारत सरकार का स्वतंत्र संगठन है। इसकी स्थापना 1950 ई. में हुई थी। यह हिन्दी पत्रिका **'गगनांचल'** के प्रकाशन के साथ ही विदेशों में भारत महोत्सव का आयोजन करती है।

**30.** आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने तुलसी के प्रमाणित ग्रंथों की संख्या कितनी मानी? **(UPSI 17-11-2021)**

(a) ग्यारह (b) आठ
(c) बारह (d) दस

**Sol. (c)** आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने तुलसी के प्रमाणिक ग्रंथों की संख्या **12 मानी** है।

1. रामललानहछू 2. वैराग्य संदीपनी
3. रामाज्ञ प्रश्न 4. जानकी मंगल
5. रामचरितमानस 6. पार्वती मंगल
7. गीतावली 8. कृष्ण गीतावली
9. बरवै रामायण 10. दोहावली
11. कवितावली 12. विनय पत्रिका

**31.** रसोत्पत्ति में आश्रय की चेष्टाएँ क्या कही जाती हैं? **(UPSI 17-11-2021)**

(a) स्थायी भाव (b) विभाव
(c) अनुभाव (d) संचारी भाव

**Sol. (c)** आलंबन की चेष्टा को उद्दीपन और आश्रय की चेष्टा को अनुभाव कहा जाता है। रसोत्पत्ति में आश्रम की चेष्टाएँ **अनुभाव** कही जाती है।

**32.** भारत का प्रथम समाचार-पत्र किस भाषा में प्रकाशित हुआ? **(UPSI 17-11-2021)**

(a) उर्दू (b) हिंदी
(c) अंग्रेजी (d) बांग्ला

**Sol. (c)** सर्वप्रथम जेम्स हिक्की ने बंगालगजट का प्रकाशन किया। यह अखबार अंग्रेजी भाषा का समाचार पत्र था।

**33.** हिंदी भाषा का आरंभ कब से हुआ? **(UPSI 17-11-2021)**

(a) 1500 ई. (b) 1800 ई.
(c) 1000 ई. (d) 500 ई.

**Sol. (c)** हिन्दी भाषा का आरंभ लगभग **1000 ई.** से माना गया है।

**34.** चौथा विश्व हिंदी सम्मेलन किस वर्ष संपन्न हुआ था? **(UPSI 20-11-2021)**

(a) 1993 (b) 1996
(c) 1999 (d) 2003

**Sol. (a)** चौथा विश्व हिंदी सम्मेलन 2 से 4 दिसंबर **1993** के बीच मॉरीशस की राजधानी पोर्ट लुई में आयोजित किया गया था।

**35.** आलंबन तथा उद्दीपन के द्वारा आश्रय के हृदय में स्थायी भाव जागृत या उद्दीप्त होने पर आश्रय में जो चेष्टाएँ होती हैं, उन्हें क्या संज्ञा दी जाती है? **(UPSI 20-11-2021)**

(a) अनुभाव (b) विभाव
(c) स्थायीभाव (d) संचारी भाव

**Sol. (a)** आलम्बन तथा उददीपन के द्वारा आश्रय के हृदय में स्थायी भाव जागृत होने पर आश्रय में जो चेष्टाएँ होती है उन्हें **'अनुभाव'** कहते हैं।

**विभाव**- रस उत्पत्ति एवं उद्दीपन के कारणों को विभाव कहते हैं। विभाव का अर्थ कारण होता है। अर्थात वे कारण जो हृदय में स्थायी भाव उत्पन्न करते हैं, उन्हें विभाव कहते हैं।

**36.** केंद्र सरकारी कर्मचारियों के हिंदी प्रशिक्षण हेतु संचालित होने वाले पाठ्यक्रमों में इनमें से कौन-सा शामिल नहीं है? **(UPSI 20-11-2021)**

(a) प्रबोध (b) प्रवीण
(c) पारंगत (d) निष्णात

**Sol. (d)** केंद्र सरकार के कर्मचारियों के हिंदी प्रशिक्षण हेतु संचालित होने वाले पाठ्यक्रमों में पांच प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल हैं-

○ प्रबोध, प्रवीण, पारंगत, हिंदी टकंण व हिंदी आशुलिपी। **निष्णात** नहीं है।

**37.** 'संस्कृति' पत्रिका का प्रकाशक कौन है? **(UPSI 20-11-2021)**

(a) भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद
(b) प्रकाशन विभाग
(c) संस्कृति मंत्रालय
(d) राष्ट्रीय पुस्तक न्यास-भारत

**Sol. (c)** **संस्कृति** पत्रिका हिंदी की प्रसिद्ध अर्द्धवार्षिक पत्रिका है। इसका प्रकाशन संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान वर्ष 1959 में लेखक डॉ. राजेन्द्र द्विवेदी के कुशल संपादन में प्रारंभ हुआ।

**38.** कौन-सी भाषा भारतीय संविधान की अष्टम अनुसूची में शामिल नहीं है? **(UPSI 20-11-2021)**

(a) तुलु (b) तेलुगु
(c) हिंदी (d) ओड़िया

**Sol. (a)** **तुलू** भाषा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं है।

आठवीं अनुसूची में शामिल भाषा- 22 हैं- असमिया, बांग्ला, बोडो, डोगरी, गुजराती, हिन्दी, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मैथिली, मलयालम, मणिपुरी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, संथाली, सिंधी, तमिल, तेलुगू तथा उर्दू।

**39.** नौवाँ विश्व हिंदी सम्मेलन कहाँ संपन्न हुआ था? **(UPSI 20-11-2021)**

(a) नई दिल्ली (भारत)
(b) जोहांसबर्ग (दक्षिण अफ़्रीका)
(c) पोर्ट लुइस (मॉरिशस)
(d) पोर्ट ऑफ़ स्पेन (त्रिनिदाद)

**Sol. (b)** विश्व हिन्दी महासम्मेलन की शुरूआत, 1975 में हुई थी। पहली बार यह सम्मेलन नागपुर में आयोजित हुआ था।

नौवां सम्मेलन - **जोहांसबर्ग (दक्षिण अफ्रीका)**

12वां विश्व हिन्दी सम्मेलन (2023) नाडी (फिजी) में आयोजित किया गया।

**40.** विश्व हिंदी सचिवालय का मुख्यालय कहाँ है? **(UPSI 20-11-2021)**

(a) मॉरिशस में (b) ब्रिटेन में
(c) अमेरिका में (d) भारत में

**Sol. (a)** विश्व हिन्दी सचिवालय का मुख्यालय **मॉरीशस** में है। इसे वर्ष 2018 में स्थापित किया गया था।

**41.** आठवाँ विश्व हिंदी सम्मेलन कहाँ संपन्न हुआ था? **(UPSI 20-11-2021)**

(a) न्यू यॉर्क (अमेरिका)
(b) नई दिल्ली (भारत)
(c) पोर्ट ऑफ़ स्पेन (त्रिनिदाद)
(d) पोर्ट लुई (मॉरिशस)

**Sol. (a)** आठवाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन 13-15 जुलाई 2007 को **न्यूयॉर्क** में किया गया था।

**42.** 'चूँकि' के साथ आने वाला उपवाक्य इनमें से किससे शुरू होता है? **(UPSI 21-11-2021)**

(a) क्यूंकि (b) जबकि
(c) इसलिए (d) प्रायः

**Sol. (c)** वाक्य में 'चूँकि' के साथ **इसलिए** आता है। यद्यपि-तथापि, जैसे-वैसे, यदि-तो आदि इसके अन्य उदाहरण है।

चूँकि उसने नियमित कर भुगतान नहीं किया इसलिए उसे जेल जाना पड़ा।

**43.** साहित्य अकादमी की स्थापना कब हुई थी? **(UPSI 21-11-2021)**

(a) 4 मार्च 1955 (b) 10 मई 1957
(c) 12 मार्च 1954 (d) 10 मार्च 1956

**Sol. (c)** भारत की साहित्य अकादमी भारतीय साहित्य के विकास के लिए सक्रिय कार्य करने वाली राष्ट्रीय संस्था है। इसका गठन **12 मार्च 1954** को भारत सरकार द्वारा किया गया था।

**44.** 'वोल्गा से गंगा' इनमें से किस विधा की रचना है? **(UPSI 22-11-2021)**

(a) उपन्यास (b) संस्मरण
(c) यात्रा वृतांत (d) कहानी-संग्रह

**Sol. (d)** "वोल्गा से गंगा" - राहुल सांकृत्यायन द्वारा लिखा हुआ एक **"कहानी संग्रह"** है, इसमें 20 कहानियों का संकलन किया गया है, जो हमारे सभ्य समाज के शुरुआती युग को मातृसत्तात्मक करार देता है। यह संग्रह स्त्री के वर्चस्व की बेजोड़ रचना है।

**45.** 'हिंदी प्रदीप' किस प्रकार का समाचार पत्र था? **(UPSI 22-11-2021)**

(a) साप्ताहिक (b) पाक्षिक
(c) मासिक (d) दैनिक

**Sol. (c)** हिन्दी प्रदीप – हिन्दी प्रदीप एक **मासिक पत्रिका** थी। इसका प्रथम अंक 1877 ई. में प्रकाशित हुआ। इसके संपादक बालकृष्ण भट्ट थे तथा यह पत्रिका प्रयागराज से निकलती थी।

**46.** भारतीय संविधान के किस भाग में राजभाषा का प्रावधान है? **(UPSI 22-11-2021)**
(a) भाग 8 (b) भाग 18
(c) भाग 17 (d) भाग 7

**Sol. (c)** भारतीय संविधान के **भाग 17** में आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं को अपनाया गया है। इसमें से हिन्दी को 14 सितंबर 1949 को राजभाषा के रूप में अपनाया गया।

**47.** महावीर प्रसाद द्विवेदी 'सरस्वती' के संपादक किस वर्ष बने? **(UPSI 22-11-2021)**
(a) 1901 (b) 1902
(c) 1903 (d) 1904

**Sol. (c)** आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी "द्विवेदी युग" के श्रेष्ठ कवि, लेखक थे। उन्होंने "सरस्वती" नामक श्रेष्ठ पत्रिका का संपादन किया। वे सरस्वती पत्रिका के संपादक **1903** में बने तथा इसके संपादन का कार्य 1920 तक किया। यह समय इस पत्रिका का स्वर्णिम काल था।

**48.** इनमें से कौन-सी भाषा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं है? **(UPSI 22-11-2021)**
(a) नेपाली (b) सिंधी
(c) मिजो (d) कन्नड़

**Sol. (c)** भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची मे 22 भाषाओं को शामिल किया गया है। जिसमें से **"मिजो"** इन 22 भाषाओं में शामिल नहीं है। शेष विकल्प में दी गई तीनों भाषाएँ– नेपाली, सिंधी, कन्नड़ शामिल है।

**49.** दूसरा विश्व हिंदी सम्मेलन किस वर्ष संपन्न हुआ था? **(UPSI 22-11-2021)**
(a) 1983 (b) 1993
(c) 1976 (d) 1975

**Sol. (c)** द्वितीय विश्व हिंदी सम्मेलन 28-30 अगस्त **1976** में पोर्ट लुई मॉरीशस में संपन्न हुआ था।

**50.** छठा विश्व हिंदी सम्मेलन कहाँ संपन्न हुआ था? **(UPSI 23-11-2021)**
(a) लंदन (ब्रिटेन)
(b) नई दिल्ली
(c) पोर्ट ऑफ स्पेन (त्रिनिदाद)
(d) पोर्ट लुई (मॉरिशस)

**Sol. (a)** छठा विश्व हिन्दी सम्मेलन 14–18 सितंबर 1999 में **लंदन (U.K.)** में हुआ था जबकि प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन 10–12 जनवरी 1975 ई. को नागपुर (महाराष्ट्र) में हुआ था।

**51.** 'अमृत और विष' कृति के लिए किन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ? **(UPSI 23-11-2021)**
(a) नरेश मेहता को
(b) शमशेर बहादुर सिंह को
(c) धर्मवीर भारती को
(d) अमृतलाल नागर को

**Sol. (d)** "अमृत और विष (1946)" **अमृतलाल नागर** द्वारा रचित एक उपन्यास है जिसके लिए 1967 में उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**52.** हिंदी अनुवादकों, हिंदी अधिकारियों को प्रशिक्षित करने तथा सरकारी दस्तावेजों के अनुवाद कार्य में संलग्न केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो किस विभाग के तहत कार्यरत है? **(UPSI 23-11-2021)**
(a) राजभाषा विभाग (b) उच्चतर शिक्षा विभाग
(c) विधायी विभाग (d) साहित्य अकादमी

**Sol. (a)** हिन्दी अनुवादकों, हिन्दी अधिकारियों को प्रशिक्षित करने तथा सरकारी दस्तावेज़ों के अनुवाद कार्य में संलग्न केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो– **"राजभाषा विभाग"** के तहत कार्यरत है।

**53.** भारत में हिंदी के विकास के लिए गठित केंद्रीय हिंदी समिति की अध्यक्षता कौन करते हैं? **(UPSI 23-11-2021)**
(a) भारत के राष्ट्रपति
(b) भारत के उपराष्ट्रपति
(c) भारत के गृह मंत्री
(d) भारत के प्रधानमंत्री

**Sol. (d)** भारत में हिन्दी के विकास के लिए गठित केंद्रीय हिन्दी समिति की अध्यक्षता **भारत के प्रधानमंत्री** जी करते हैं।

**54.** तीसरा विश्व हिंदी सम्मेलन कहाँ पन्न हुआ था? **(UPSI 23-11-2021)**
(a) पोर्ट ऑफ स्पेन (त्रिनिदाद)
(b) पोर्ट लुई (मॉरिशस)
(c) लंदन (ब्रिटेन)
(d) नई दिल्ली (भारत)

**Sol. (d)** तीसरा विश्व हिन्दी सम्मेलन– 28–30 अक्टूबर 1983 को **नई दिल्ली भारत** में हुआ था। पहला विश्व हिन्दी सम्मेलन भी 10–20 जनवरी 1975 नागपुर (महाराष्ट्र) भारत में हुआ था।

**55.** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में उल्लेख मिलता है कि राजभाषा हिंदी के लिए भारतीय अंकों के अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप का प्रयोग किया जाएगा? **(UPSI 23-11-2021)**
(a) 344 (b) 350
(c) 351 (d) 343

**Sol. (d)** भारतीय संविधान के भाग 17 में अनुच्छेद **343** से अनुच्छेद 351 तक राजा भाषा हिन्दी के बारे में उल्लेख किया गया है। अनुच्छेद 343 में उल्लेख मिलता है कि राजभाषा हिन्दी के लिए भारतीय अंकों के अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप का प्रयोग किया जाएगा।

**56.** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के तहत कौन-सा विभाग है? **(UPSI 23-11-2021)**
(a) साहित्य अकादमी
(b) विधायी विभाग
(c) उच्चतर शिक्षा विभाग
(d) राजभाषा विभाग

**Sol. (d)** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के तहत– **राजभाषा विभाग** है। भारतीय साहित्य अकादमी– इसका गठन 12 मार्च 1954 को भारत सरकार द्वारा किया गा। इसका उद्देश्य उच्च साहित्यिक मानदण्ड स्थापित करना, भारतीय भाषाओं और भारत में होने वाली साहित्यिक गतिविधियों का पोषण और समन्वय करना है। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है।

**57.** 'गणेशशंकर विद्यार्थी पुरस्कार' किस क्षेत्र में कार्य करने वालों को दिया जाता है? **(UPSI 23-11-2021)**
(a) विज्ञान (b) शिक्षा
(c) समाज-सेवा (d) पत्रकारिता

**Sol. (d)** "गणेश शंकर विद्यार्थी पुरस्कार" – **पत्रकारिता** के क्षेत्र में कार्य करने वालों को दिया है। यह भारत मे राष्ट्रपति द्वारा दिया जाता है। इसे पहली बार 1989 में प्रदान किया गया था। इस पुरस्कार को देने वाली संस्था– केंद्रीय हिन्दी संस्थान आगरा है।

**58.** 'अनुभव के आकाश में चाँद' काव्य कृति के लिए लीलाधर जगूड़ी को कौन-सा पुरस्कार प्राप्त हुआ? **(UPSI 23-11-2021)**
(a) व्यास सम्मान
(b) ज्ञानपीठ पुरस्कार
(c) मूर्तिदेवी पुरस्कार
(d) साहित्य अकादमी पुरस्कार

**Sol. (d)** 'अनुभव के आकाश में चाँद'– काव्य कृति के लिए लीलाधर जगूडी को **साहित्य अकादमी पुरस्कार** प्राप्त हुआ था।

**59.** कामायनी में 'श्रद्धा' किसका प्रतीक है? **(UPSI 24-11-2021)**
(a) हृदय का (b) बुद्धि का
(c) मन का (d) इनमें से कोई नहीं

**Sol. (a)** कामायनी में प्रयुक्त 'श्रद्धा' शब्द **हृदय** का प्रतीक है। कामायनी हिंदी भाषा का एक महाकाव्य है। इसके रचयिता जयशंकर प्रसाद हैं। यह छायावादी युग का सर्वोत्तम और प्रतिनिधि हिंदी महाकाव्य है।

**60.** केदारनाथ सिंह को उनकी किस पुस्तक पर 'साहित्य अकादमी पुरस्कार' प्राप्त हुआ? **(UPSI 24-11-2021)**
(a) ताल्स्ताय ओर साइकिल
(b) अकाल में सारस
(c) जमीन पक रही है
(d) यहाँ से देखो

**Sol. (b)** केदारनाथ सिंह को **'अकाल में सारस'** नामक पुस्तक के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसके लिए उन्हें 1989 में साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ।

| पुस्तक | लेखक |
|---|---|
| जमीन पक रही है | केदारनाथ सिंह |
| यहाँ से देखो | केदारनाथ सिंह |
| ताल्स्ताय और साइकिल | केदारनाथ सिंह (कविता संग्रह) |

**61.** ग्रंथ के बचे हुए अंश, जो प्राय: अंत में जोड़े जाते हैं' के लिए प्रयुक्त शब्द इनमें से क्या है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) परिशिष्ट (b) संदर्भ सूची
(c) अनुक्रमणिका (d) परिशिष्टों

**Sol. (a) परिशिष्ट** - ग्रंथ में बचे हुए अंश, जो प्राय: ग्रंथ के अंत में जोड़े जाते हैं उन्हें परिशिष्ट में रखा जाता है।

संदर्भ सूची: यह एक ऐसी सूची होती है जिससे पता चलता है कि लेखक ने अपने लेखन कार्य में किन साधनों का प्रयोग किया है।

अनुक्रमणिका - किसी ग्रंथ या पुस्तक में आए हुए प्रमुख शब्दों को वर्णक्रम में या किसी अन्य क्रम में सजाकर निर्मित सूची को अनुक्रमणिका कहते हैं।

**62.** 'क ख ग' पत्रिका का प्रकाशन कहाँ से होता था? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) दिल्ली (b) वाराणसी
(c) कानपुर (d) इलाहाबाद

**Sol. (d)** 'क ख ग' पत्रिका का प्रकाशन **इलाहाबाद** (प्रयागराज) से होता था। इस पत्रिका का प्रकाशन वर्ष 1963 है।

**63.** खड्ग विलास प्रेस इनमें से किस स्थान से संबंधित है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) दिल्ली
(b) वाराणसी
(c) प्रयागराज (इलाहाबाद)
(d) पटना

**Sol. (d)** खड्ग विलास प्रेस- उत्तर प्रदेश के बलिया महाराज कुमार रामदीन सिंह ने 1880 ई. में **पटना** के बांकीपुर में खड्ग विलास प्रेस की स्थापना की थी। भारतेंदु हरिश्चंद्र द्वारा रचित नाटक "सत्य हरिश्चंद्र" इसी प्रेस में छपा था।

**64.** केंद्रीय हिंदी निदेशालय का मुख्यालय कहाँ है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) हैदराबाद (b) नई दिल्ली
(c) आगरा (d) गुवाहाटी

**Sol. (b)** केंद्रीय हिन्दी निदेशालय का मुख्यालय- **नई दिल्ली** में है। इसकी स्थापना 1 मार्च 1960 को शिक्षा मंत्रालय (वर्तमान में उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय) के अधीन हुई। हिन्दी को अखिल भारतीय स्वरूप प्रदान करने, हिन्दी के माध्यम से जन-जन को जोड़ने और हिन्दी को वैश्विक धरातल पर प्रतिष्ठित करने के लिए निरंतर प्रयासरत यह हिन्दी की शीर्षस्थ संस्था है।

**65.** 'वागर्थ' पत्रिका के प्रकाशक कौन हैं? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) भारतीय भाषा परिषद
(b) केंद्रीय हिंदी संस्थान
(c) साहित्य अकादमी
(d) भारतीय सांस्कृति संबंध परिषद

**Sol. (a)** "वागर्थ" पत्रिका को प्रकाशित करने का श्रेय 'भारतीय भाषा परिषद' को जाता है। **भारतीय भाषा परिषद** का मुख्यालय कोलकाता में है। केंद्रीय हिंदी संस्थान का मुख्यालय- नई दिल्ली। साहित्य अकादमी का मुख्यालय- रवींद्र भवन, दिल्ली। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद का मुख्यालय- आजाद भवन, दिल्ली

**66.** केंद्र सरकारी कर्मचारियों के हिंदी प्रशिक्षण हेतु गठित केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान किस विभाग के तहत कार्यरत है? **(UPSI 24-11-2021)**

(a) विधायी विभाग
(b) राजभाषा विभाग
(c) साहित्य अकादमी
(d) उच्चतर शिक्षा विभाग

**Sol. (b)** केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के हिन्दी प्रशिक्षण हेतु गठित केंद्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान नई दिल्ली **राजभाषा विभाग** के तहत कार्यरत है।

**67.** 'कथा सतीसर' उपन्यास के लिए किन्हें व्यास सम्मान प्राप्त हुआ? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) मैत्रेयी पुष्पा (b) मृदुला गर्ग
(c) मन्नू भंडारी (d) चंद्रकांता

**Sol. (d)** "कथा सरित्सागर" उपन्यास के लिए व्यास सम्मान 2005 में **चंद्रकाता** को दिया गया था। यह व्यास सम्मान के.के. बिड़ला फाउण्डेशन द्वारा 1991 से दिया जा रहा है।

**68.** 'भाषा सम्मान' और 'बाल साहित्य सम्मान' किस संस्थान द्वारा प्रदान किया जाता है? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) मध्य प्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी
(b) राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी
(c) साहित्य अकादमी
(d) भारतीय ज्ञानपीठ

**Sol. (c)** 'भाषा सम्मान' और 'बाल साहित्य सम्मान'- **साहित्य अकादमी** द्वारा प्रदान किया जाता है। भाषा सम्मान प्रत्येक वर्ष प्रदान किया जाने वाला एक भारतीय साहित्यिक पुरस्कार है जो 1996 से दिया जा रहा है। यह 24 भारतीय भाषाओं में प्रदान किया जाता है। बाल साहित्य सम्मान भी प्रति वर्ष 2010 से दिया जा रहा है। यह भी 24 भाषाओं में प्रदान किया जाता है।

**69.** इनमें से कौन-सा उपन्यास 'अमीर खुसरो' के जीवन पर केंद्रित है? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) खुसरो रैन सुहाग की
(b) हिंद की तूती
(c) चल खुसरो घर आपने
(d) आईनासाज

**Sol. (d) "आईना साज"**- यह उपन्यास अमीर खुसरों के जीवन पर केंद्रित है। जबकि खुसरो द्वारा लिखे गए अन्य उपन्यास-खुसरो रैन सुहाग की, हिन्द की तूती और चल खुसरो घर आपने आदि है।

**70.** इनमें से किस पुस्तक को व्यास सम्मान प्राप्त नहीं हुआ है? **(UPSI 25-11-2021)**

(a) अल्मा कबूतरी
(b) कठगुलाब
(c) आलोचना का पक्ष
(d) पहला गिरमिटिया

**Sol. (a)** उपर्युक्त पुस्तकों में से **अल्मा कबूतरी** को व्यास सम्मान नहीं प्राप्त हुआ बाकी अन्य पुस्तकों को व्यास सम्मान प्राप्त हुआ है जो इस प्रकार है-

| कृति | वर्ष | लेखक |
|---|---|---|
| कठ गुलाब | 2004 | मृदुला गर्ग |
| आलोचन का पक्ष | 2001 | रमेश चंद्र शाह |
| पहला गिरमिटिया (उपन्यास) | 2000 | गिरिराज किशोर |

**71.** 'गगनांचल' हिंदी पत्रिका के प्रकाशक कौन हैं? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) भारतीय भाषा परिषद
(b) प्रकाश विभाग
(c) केंद्रीय हिंदी संस्थान
(d) भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद

**Sol. (d)** "गगनांचल" हिन्दी पत्रिका का प्रकाशन- **भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद्** द्वारा किया जाता है। यह हिन्दी की त्रैमासिक पत्रिका है।

**72.** 'आत्मजयी' काव्य के लिए किन्हें व्यास सम्मान प्राप्त हुआ? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) केदारनाथ सिंह (b) गिरिजा कुमार माथुर
(c) धर्मवीर भारती (d) कुँवरनारायण

**Sol. (d)** 'आत्मजयी' काव्य **कुँवर नारायण** की कृति है। आत्मजयी का मूल कथासूत्र कठोपनिषद् में नचिकेता के प्रसंग पर आधारित है। इसके लिए कुँवर नारायण को वर्ष 1995 में व्यास सम्मान दिया गया।

**73.** विश्व हिंदी सचिवालय कहाँ है? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) अमेरिका (b) लंदन
(c) भारत (d) मॉरिशस

**Sol. (d)** विश्व हिन्दी सचिवालय **मॉरीशस** के मोका गाँव में स्थित है। यह सचिवालय 11 फरवरी 2008 से कार्यरत है। हिन्दी का एक अंतर्राष्ट्रीय भाषा के रूप में संवर्द्धन करने और विश्व हिन्दी सम्मेलनों के आयोजन को संस्थागत व्यवस्था प्रदान करने के उद्देश्य से विश्व हिन्दी सचिवालय की स्थापना का निर्णय लिया गया।

**74.** नौवाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन कहाँ संपन्न हुआ था? **(UPSI 27-11-2021)**

(a) पोर्ट ऑफ स्पेन (त्रिनिदाद)
(b) नई दिल्ली (भारत)
(c) पोर्ट लुई (मॉरिशस)
(d) जोहान्सबर्ग (दक्षिण अफ्रीका)

**Sol. (d)** 9वां विश्व हिंदी सम्मेलन 22–24 सितंबर 2012 को **दक्षिण अफ्रीका के जोहांसवर्ग** में हुआ था।

**75.** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में उल्लेख मिलता है कि हिन्दी का विकास करना भारत सरकार का दायित्व है? **(UPSI 28-11-2021)**

(a) 350 (b) 344
(c) 343 (d) 351

**Sol. (d)** भारतीय संविधान के भाग 17वें अनुच्छेद (343-351) में राजभाषा के बारे में बताया गया है।

अनुच्छेद-343(1) - संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी

अनुच्छेद-344 - राजभाषा के संबंध में आयोग और संसद की समिति

अनुच्छेद-350 - व्यथा के निवारण के लिए अभ्यावेदन में प्रयोग की जानी भाषा

**अनुच्छेद-351** - हिंदी भाषा के विकास के लिए भारत सरकार के दायित्व के लिए निदेश दिए गए हैं।

**76.** इनमें से किस पुस्तक में सूरदास के दृष्टकूट पदों का संग्रह है? **(UPSI 28-11-2021)**

(a) सूरसागर
(b) साहित्य लहरी
(c) सूरसंसार
(d) इनमें से कोई नहीं

**Sol. (b) साहित्य लहरी**– इसमें सूरदास जी के दृष्टकूट पदों का संग्रह है।

सूरदास की अन्य रचनाएँ - सूरसागर- यह 12 स्कन्धों में से लिया गया कृष्ण भक्ति काव्य है, सूरसूरावली

**77.** साहित्य अकादमी द्वारा पुरस्कृत रचना 'ताप के ताए हुए दिन' किसकी है? **(UPSI 28-11-2021)**

(a) केदारनाथ अग्रवाल
(b) शमशेर बहादुर सिंह
(c) त्रिलोचन
(d) नागार्जुन

**Sol. (c)** "ताप के ताए हुए दिन"– ताप के ताए हुए दिन हिंदी के विख्यात साहित्यकार **त्रिलोचन** द्वारा रचित एक "कविता संग्रह" है जिसके लिए उन्हें सन् 1981 में साहित्य अकादमी पुरस्ककार से सम्मानित किया गया।

**78.** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में 'हिन्दी भाषा के प्रसार और विकास' की बात उल्लिखित है? **(UPSI 28-11-2021)**

(a) अनुच्छेद 351
(b) अनुच्छेद 343
(c) अनुच्छेद 347
(d) अनुच्छेद 345

**Sol. (a) अनुच्छेद 351** में हिंदी भाषा के विकास और प्रसार की बात कही गई है।

**79.** हिंदी में दूसरा 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' पाने वाले साहित्यकार कौन हैं? **(UPSI 28-11-2021)**

(a) सुमित्रानंदन पंत
(b) रामधारी सिंह दिनकर
(c) अज्ञेय
(d) अमृतराय

**Sol. (b)** हिंदी में दूसरा ज्ञानपीठ पुरस्कार 1972 में श्री **रामधारी सिंह दिनकर** को दिया गया था। वह पुरस्कार उनकी रचना 'उर्वशी' के लिए दिया गया था। जबकि हिंदी के लिए प्रथम ज्ञानपीठ पुरस्कार पाने वाले सुमित्रानंदन पंत थे।

**80.** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों की कार्यवाहियों में प्रयुक्त भाषा के संबंध में उल्लेख हैं? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) 344 (b) 351
(c) 343 (d) 348

**Sol. (d) अनुच्छेद 348** में उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों की कार्यवाही में प्रयुक्त भाषा के संबंध में उल्लेख किया गया है। इसमें कहा गया है कि जब तक संसद विधि द्वारा यह स्थापित न करे, तब तक उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालयों की कार्यवाही की भाषा अंग्रेजी होगी।

**81.** अरुण कमल को किस कृति के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) अपनी केवल धार
(b) सबूत
(c) पुतली में संसार
(d) नये इलाके में

**Sol. (d)** अरूण कमल को उनकी रचना– **"नए इलाके में"** के लिए 1996 में साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ।

**82.** ग्यारवाँ विश्व हिंदी सम्मेलन किस वर्ष संपन्न हुआ था? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) 2018 (b) 2012
(c) 2019 (d) 2015

**Sol. (a)** 11वाँ विश्व हिंदी सम्मेलन 18-20 अगस्त **2018** को पोर्टलुईस मॉरीशस में हुआ था जबकि प्रथम हिंदी सम्मेलन 10-12 जनवरी 1975 नागपुर भारत में हुआ।

**83.** केंद्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा की पत्रिका कौन-सी है? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) आजकल (b) गवेषणा
(c) गगनांचल (d) भाषा

**Sol. (b) गवेषणा**– केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा की पत्रिका है। इसका प्रकाशन संस्थान द्वारा 1962-63 के दौरान प्रारंभ किया गया था।

**84.** मैथिलीशरण गुप्त को किस कृति पर मंगला प्रसाद पारितोषिक प्राप्त हुआ? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) भारत भारती (b) साकेत
(c) पंचवती (d) यशोधरा

**Sol. (b)** मैथिलीशरण गुप्त को– **"साकेत"** के लिए मंगला प्रसाद पारितोषिक 1936 में प्राप्त हुआ था। इनकी अन्य रचनाएँ– भारत-भारती, पंचवटी, यशोधरा, जयद्रथ वध

**85.** हिन्दी में वैज्ञानिक आलोचना का सूत्रपात किसने किया? **(UPSI 29-11-2021)**

(a) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(b) रमास्वरूप चतुर्वेदी
(c) रामविलास शर्मा
(d) रामचंद्र शुक्ल

**Sol. (d)** हिंदी में वैज्ञानिक आलोचना का सूत्रपात– **आचार्य रामचंद्र शुक्ल जी** ने किया।

**86.** सन् 2014 का 'साहित्य अकादमी' पुरस्कार किसे मिला? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) रमेशचंद्र शाह (b) राजेश जोशी
(c) केदारनाथ सिंह (d) अमरकांत

**Sol. (a)** साहित्य अकादमी पुरस्कार पहली बार 1955 में दिया गया था। यह पुरस्कार भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल 22 भाषाओं के अतिरिक्त– राजस्थानी एवं अंग्रेज़ी सहित कुल 24 भाषाओं में प्रकाशित सर्वोत्कृष्ट साहित्यिक कृति को प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता हैं। सन् 2014 का साहित्य अकादमी पुरस्कार **रमेश चंद्र शाह** को दिया गया।

**87.** 'दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा' का मुख्यालय किस शहर में है? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) मैसूर (b) बैंगलोर
(c) हैदराबाद (d) चेन्नई

**Sol. (d)** दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा का मुख्यालय **चेन्नई** में है।

**88.** हिन्दी भाषा के मानकीकरण का सचेष्ट प्रयास किस पत्रिका में किया गया है? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) सुदर्शन (b) हिंदी प्रदीप
(c) आनंद (d) आनन्द कादम्बिनी

**Sol. (c)** हिंदी भाषा के मानकीकरण का सचेष्ट प्रयास "आनंद" में किया गया है।

**89.** 'ज्ञानपीठ पुरस्कार-2017' से सम्मानित हिंदी साहित्यकार इनमें से कौन है? **(UPSI 30-11-2021)**

(a) मन्नू भंडारी (b) कृष्णा सोबती
(c) केदारनाथ सिंह (d) ममता कालिया

**Sol. (b)** **कृष्णा सोबती** को वर्ष 2017 में भारतीय साहित्य के सर्वोच्च सम्मान- "ज्ञान पीठ पुरस्कार" से सम्मानित किया गया।

**90.** देवनागरी लिपि के स्थान पर रोमन स्वीकार करने का सुझाव किसने दिया था? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) जवाहर लाल नेहरू
(b) सुनीति कुमार चटर्जी
(c) काका कालेलकर
(d) भीमराव अम्बेडकर

**Sol. (b)** देवनागरी लिपि के स्थान पर रोमन लिपि स्वीकार करने का सुझाव-**सुनीति कुमार चटर्जी** ने दिया था।

**91.** द्वैताद्वैतवाद के प्रवर्तक आचार्य कौन माने जाते हैं? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) निंबार्क (b) शंकराचार्य
(c) मध्वाचार्य (d) रामानुजाचार्य

**Sol. (a)**

| **सिद्धांत** | **प्रवर्तक** |
|---|---|
| अद्वैतवाद | शंकराचार्य |
| विशिष्टाद्वैतवाद | रामानुजाचार्य |
| द्वैतवाद | मध्वाचार्य |
| द्वैताद्वैतवाद | **निम्बार्काचार्य** |

**92.** 'गवेषणा' पत्रिका का प्रकाशक कौन है? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा
(b) प्रकाशन विभाग, नई दिल्ली
(c) भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद्, नई दिल्ली
(d) केंद्रीय हिंदी निदेशालय, नई दिल्ली

**Sol. (a)** गवेषणा पत्रिका **केंद्रीय हिंदी संस्थान आगरा** द्वारा प्रकाशित की जाती है।

**93.** महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय की पत्रिका का नाम क्या है? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) गगनांचल (b) बहुवचन
(c) भाषा (d) गर्भनाल

**Sol. (b)** महात्मा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय की पत्रिका का नाम- **"बहुवचन"** है।

**94.** अज्ञेय कृत 'आँगन के पार द्वार' के लिए कौन-सा पुरस्कार प्राप्त हुआ? **(UPSI 01-12-2021)**

(a) ज्ञानपीठ पुरस्कार
(b) साहित्य अकादमी पुरस्कार
(c) व्यास सम्मान
(d) मूर्तिदेवी पुरस्कार

**Sol. (b)** अज्ञेय कृत- "आँगन के पार द्वार" के लिए **साहित्य अकादमी** पुरस्कार दिया गया था।

**95.** कुंवरनारायण को ज्ञानपीठ पुरस्कार किस वर्ष मिला था? **(UPSI 02-12-2021)**

(a) 2004 ई. (b) 2017 ई.
(c) 2006 ई. (d) 2005 ई.

**Sol. (d)** कुंवर नारायण को ज्ञानपीठ पुरस्कार **2005** में दिया गया था। कुवर नारायण को 41वाँ ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया गया था।

CHAMPION PUBLICATION Gagan Pratap Sir



Gagan Pratap Sir

## About Gagan Sir

An enthusiastic and dynamic teacher with an experience over 7 year and counting. Aced SSC CGL Mains twice with top score. His unique way of teaching in simplified way makes maths fun and easy.

Gagan Pratap Sir
pratapgagan123@gmail.com

Share your feedback with us on:
Facebook, Twitter,
YouTube, Telegram and Instagram

CHAMPION PUBLICATION
championpublication1@gmail.com




Available on amazon Flipkart

In case of any error or correction detected in the article, let us know the concern on WhatsApp 7351553388 with page number

ISBN- 978-81-987055-9-4
9788198705594

CHAMPION PUBLICATION
Add: 2nd Floor, Jaina Ext. Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-09

*For Suggestions Whatsapp*
7351553388

₹ 140/-